एक्की. स्त्री० (एका) एक (स्त्री) One (woman). निसी० चू० १;

एग स० (एक) (१) सदृश; तुल्य. The same. (२) अद्वितीय. Peerless; Matchless. कुमा० —णासा. स्त्री० (नासा) एक दिक्कुमारी; देवी विशेष. Name of a Dikkumari. आव० १;

एगंतिय. न० (एकान्तिक) मिथ्यात्व का एक भेद. A variety of wrong-belief. संबोध० ५२;

एगंतिय. त्रि० (ऐकान्तिक) (१) अद्वितीय. Peerless; Matchless. स० ५२६; (२) जैनेतर दर्शन. Non-Jainism. सम्म० १२० (३) अवश्यंभावी. Destined to take place; Inevitable. विशे०

एगचूड. पुं० (एकचूड) विद्याधर वंश का एक

राजा. Name of a king of the Vidyadhar family. पउम० ५,४५;

एजणया. स्त्री० (एजना) कम्प; कॅंापना. Trembling; Shaking. सूयनि० १६६;

एज्जण. न० (आयन) आगमन. Approach; Arrival. वव० ३;

एडक्क. पुं० (एडक) मेष; भेड़. A goat, A ram. उप० पृ० २३४;

एडया. स्त्री० (एडका) भेड़ी. An ewe. पड्०

एण. पुं० (एण) कृष्ण मृग, हरिण. A kind of black antelope. कप्पू० —णाहि. स्त्री० (णाभि) कस्तूरी. Musk. कप्पू०

एणंक. पुं० (एणाङ्क) चन्द्र; चन्द्रमा. The Moon. कप्पू०

एणिस. पुं० (एणिस) वृक्ष विशेष. A kind of tree. उप० १०३१ टी;

एण्हं-एण्हिं. अ० (इदानीम्) अधुना; संप्रति. Now-a-days. महा० हे० २, १३४;

एदंपज्ज. न० (ऐदंपर्य) तात्पर्य; भावार्थ. Substance, Purport. उप० ८५६ टी०

एरावय.पुं०(ऐरावत)(१) हद विशेष. Name of a basin. राज० (२) छंद शास्त्र-प्रसिद्ध एक प्रकार का संकेत. A particular mark in prosody. पिंग० (३) लकुच वृक्ष. A kind of tree. (४) सरल और लम्बा इन्द्र-धनुष.A straight and long rain-bow. (५) इरावती नदी का समीपवर्ती देश. Name of a country near the river Iravati. (६) इन्द्र का हाथी. An elephant of Indra. हे० १, २६८;

एलगच्छ. न० (एलकाक्ष) स्वनाम ख्यात नगर विशेष. Name of a city. उप० २११ टी;

एलालुय. पुं० न० (एलालुक) आलू की एक जाति; कन्द विशेष. Name of a particular bulbous root; A kind of potatoes. अणुत्त० ६;

एलिया. स्त्री० (एलिका) (१) एक जात की मृगी. A kind of deer. (२) भेड़ि. An ewe. हे० ३, ३२;

एलु. पुं० (एलु) वृक्ष विशेष. A kind of tree. उप० १०३१ टी;

एव. अ० (एव) (१) सादृश्य, तुल्यता. Like; As (showing similarity). (२) निग्रह. Restraint. (३) परिभव. Defeat. (४) अल्प; थोड़ा. A little. हे० २, २१७;

एवंहास.पुं०(एवंहास) इतिहास. A history. गउड० ८०२;

एव्वारु.पुं०(एर्वारु) ककडी. A cucumber. कुमा०

ओ. पुं० (ओ) स्वर वर्ण विशेष. A particular vowel. हे० १, १; प्रामा०

ओ. अ० (ओ) (१) सूचना. Hint; Suggestion. (२) पश्चाताप; अनुताप. Repentance. कुमा० प्राम० हे० २, २०३; पड्० (३) संबोधन; आमंत्रण. Addressing. नाट०चैत्य० ३४; (४) वितर्क. A guess or conjecture. (५) प्रकोप. Wrath. (६) विस्मय; आश्चर्य. Wonder. प्राकृ० ७८; (७) पादपूर्ति मे प्रयुक्त किया जाता अव्यय. An expletive particle. विशे०२०२४;

ओअअ. त्रि० (अपगत) अपगत. Gone away. पि० १६५;

ओअणण. त्रि० (अवनत) नमा हुआ; नीचे की तरफ मुड़ा हुआ. Bent down. से० ११, ११८;

ओअत्त. त्रि० (अपवृत्त) ऊँधा किया हुआ, उलटा किया हुआ. Made downward. गा० ६५४;

ओअत्तअ. त्रि० (अपवर्त्तितव्य) (१) अपवर्तन योग्य. Fit to be removed. (२) त्यागने योग्य ; छोड़ने लायक. Proper to

be abandoned. से० ३, ४८;

ओअरअ. पुं० (अपवरक) कमरा; कोठरी. A small room. सु० च० ४१५;

ओअरण. न० (उपकरण) साधन; सामग्री. A means, An implement. गा० ६८१;

ओअरण. न० (अवतरण) उतरना; नीचे आना. Descending. गउड०

ओअरिअ. त्रि० (अवतीर्ण) उतरा हुआ. Descended; Came down. पाअ०

ओअरिअ. त्रि० (औदरिक) पेट भरा; स्वार्थी. Selfish. ओघ० नि० ११८;

ओअरिया. स्त्री० (अपवरिका) कोठरी; छोटा कमरा. A small room सु० च० ४१५;

ओआर. पुं० (अपकार) अनिष्ट, हानि. Harm; Injury. कुमा०

ओआर पुं० (अवतार) (१) अवतार; देहान्तर-धारण. Incarnation. पड्० (२) उत्पत्ति; जन्म. Birth. स० १३१; (३) प्रवेश. Enterance. विशे० १०४०;

ओआरिअ. त्रि० (अवतारित) उतरा हुआ. Caused to descend. से० ११, ६३; उप० ५६७ टी;

ओआहिअ. त्रि० (अवगाहित) जिसका अवगाहन किया गया हो वह. Immersed. से० १, ४; ८, १००;

ओइएण. त्रि० (अवतीर्ण) उतरा हुआ. Descended. पाअ० गा० ६३;

ओउंठण. न० (अवगुण्ठन) स्त्री के मुँह पर का वस्त्र; घूंघट. A veil (for the face.) अभि० १६८;

ओऊल. न० (अवचूल) लटकता हुआ वस्त्राञ्चल; प्रालम्ब. The pendent cloth. पाअ० पउम० ८, २८३;

ओं. अ० (ओम्) प्रणव; मुख्य मन्त्राक्षर. The sacred syllable om. पडि०

ओंवालिअ. त्रि०(छादित) ढका हुआ. Covered or concealed. कुमा०

ओंवालिअ. त्रि० (प्लावित) (१) डुबाया हुआ. Caused to plunge. (२) व्याप्त. Spread through; Pervaded. कुमा०

ओकरग. पुं० (अवकरक) विष्टा. Excrement. मन० ३०;

ओक्खमाण. त्रि० (भविष्यत्) भविष्य में होने वाला; भावी. Being in future. प्राकृ० ६६;

ओक्खित्त. त्रि० (अवक्षिप्त) फेंका हुआ. Thrown. कस०

ओगलण. न०(अपकसन) ह्रास. Lessening; Detraction. राज०

ओगलिअ. त्रि० (अवगलित) खिसका हुआ. Slipped, Fallen down. गा० २०५;

ओगाहणा. स्त्री० (अवगाहना) अवस्थान; अवस्थिति. Residence; Abode. विशे०

ओगुंडिय. त्रि० (अवगुण्डित) लिप्त. Besmeared. वृह० १;

ओगुट्टि. स्त्री० (अपकृष्टि) अपकर्ष; हलकाइ; तुच्छता. Dishonour; Degradation. पउम० ५६, १५०;

ओग्गर. पुं० (ओगर) धान्य-विशेप; व्रीहि विशेप. A kind of corn. पिंग०

ओग्गारण. न० (उद्गारण) उद्गार. Repeating; Narration. चारु०७;

ओच्चिया. स्त्री० (अपचायिका) तोड़ कर (फूलोंको) इकट्ठा करना. Gathering (such as flowers etc.) गा० ७६७;

ओच्छायण. न० (अवच्छादन) ढांकना; पिधान. A cover or lid. स० ५५७;

ओच्छुण्ण. त्रि० (आक्रान्त) (१) दबाया हुआ. Overcome. (२) उल्लंघित. Transgressed. से० १३, ६३; १५, १३;

ओज्झर. पुं० (अवझर) झरना; पर्वत से निकलता जल-प्रवाह; A flow of water; A spring. गा० ६४०; हे० १, ९८; कुमा०

महा०

ओट्टिय. त्रि० (औष्ट्रिक) उष्ट्र-संबन्धी, उष्ट्र के बालों से बना हुआ. Relating to, or produced from a camel. कस० स० ५८६;

ओड्ड. पुं० (ओड्र) (१) उत्कल देश. Name of a country called Utkala. (२) उत्कल देश का निवासी; उडिया. An inhabitant of this country. पिंग०

ओड्डिअ. त्रि० (ओड्रीय) उत्कल-देशीय. Relating to Utkala Country. पिंग०

ओणविय. त्रि० (अवनमित) नमाया हुआ; अवनत किया हुआ. Caused to bend down. गा० ६२५;

ओणामणी. स्त्री० (अवनामनी) एक विद्या, जिसके प्रभाव से वृक्ष वगैरह स्वयं फलादि देने के लिये अवनत होते हैं. A particular kind of magical skill. निसी० चू०१,

ओणामिय-ओणाविय त्रि० (अवनमित) अवनत किया हुआ. Bent down. से ५, ३६; ६, ४; गा० १०३; भवि०

ओणिअत्त. त्रि (अपनिवृत्त) पीछे हटा हुआ. Caused to recede. से० ५, ५८;

ओणिमिल्ल. त्रि० (अवनिमीलित) मुद्रित; मूँदा हुआ. Closed; Sealed up. से०६, ८७; १३, ८२;

ओणेज्ज. त्रि० (उपनेय) सांचे में ढाल कर बनाया हुआ फूल आदि; सांचे से बनता मोम का पूतला. A flower prepared by founding; A putla of wax prepared by founding. दसनि० २, १७;

ओणिद्द. न० (औन्निद्रय) निद्रा का अभाव. Sleeplessness; Wakefulness. काप्र० ८५;

ओत्थअ. त्रि० (अवस्तृत) (१) फैला हुआ; प्रसृत. Spread. से० २, ३; (२) आच्छादित. पिहित. Covered; Concealed. आवम० स० ७७, ३७६;

ओत्थरण. न० (अवस्तरण) बिछौना. A bed. पउम० ४६, ८४;

ओत्थरिअ, त्रि० (अवस्तृत) (१) बिछाया हुआ. Spread out. (२) व्याप्त. Full of; Pervaded. से० ७, ४७;

ओत्थाडिय. त्रि० (अवस्तृत) बिछाया हुआ Spread out. भवि०

ओदच्च. न० (औदात्य) उदात्तता; श्रेष्ठता. Excellence; Greatness. प्राकृ०

ओदज्ज. न० (औदार्य) उदारता. Generosity; Nobility. प्राकृ०

ओदरिय. त्रि० (औदरिक) पेट भरा; पेट भरने के लिए जो साधु हुआ हो वह. Voracious; Gluttonous. निसी० चू० १;

ओदहण. न० (अवदहन) तप्त किए हुए लोहे के कोश वगैरः से दागना राज०

ओदारिय. न० (औदार्य) उदारता. Generosity; Magnanimity. प्राकृ०

ओद्द. त्रि० (आर्द्र) गीला. Wet. प्राकृ० २०;

ओधूअ. त्रि० (अवधूत) कम्पित. Trembled, Shaken. नाट०

ओधूसरिअ. त्रि० (अवधूसरित) धूसर रंग वाला, हलका पीला रंग वाला. Greyish. से०१०, २१;

ओनडिय. त्रि० (अवनटित) अवगणित, तिरस्कृत. Contempted, Disregarded. सम्मत्त० २१४;

ओप्पिअ. त्रि० (अर्पित) समर्पित. Given; Bestowed; Offered. हे० १, ६३;

ओभग्ग. त्रि० (अवभग्न) भग्न, नष्ट. Destroyed; Broken. से० ३, ६३; १०, २६;

ओभासण. न० (अवभाषण) याचना; प्रार्थना. A request; An entreaty; A peti-

tion. वव० ८;

ओभेडिय. त्रि० (अवमुक्त) छुड़ाया हुआ; रहित किया हुआ. Caused to release or liberate. महा०

ओमइल्ल. त्रि० (अवमलिन) मलिन; मैला. Dirty. से० २, २४;

ओमज्जण. न० (अवमज्जन) स्नान-क्रिया. Bathing. उप० ६४८ टी;

ओमज्जिअ. त्रि० (अवमार्जित) जिसको स्पर्श कराया गया हो वह; स्पर्शित. Touched. स० ४६७;

ओमट्ठ. त्रि० (अवमृष्ट) स्पृष्ट, छुआ हुआ. Touched. से० ४, २१;

ओमल्ल. न० (अवमाल्य) निर्माल्य; देवोच्छिष्ट द्रव्य. The remains of an offering to a deity. षड्०

ओमालिअ. त्रि० (उपमालित) (१) शोभित. Beautiful. (२) पूजित; अर्चित. Worshipped. भवि०

ओमास. पुं० (अवमर्श) स्पर्श. A Touch. से० ६, ६७;

ओमीस. त्रि० (अवमिश्र) (१) मिश्रित. Mixed, Mingled. (२) समीपस्थ. Stood near. (३) न० सामीप्य. Proximity; Vicinity. "कायमणियओमीसे" ओघ० नि० ७७२;

ओमुक्क. त्रि० (अवमुक्त) परित्यक्त. Abandoned; Quitted. सम्मत्त० १४६;

ओमुच्छिअ. त्रि० (अवमुर्च्छित) महा-मूर्छा को प्राप्त. Fainted; Swooning. पउम० ७, १४८;

ओमोयरिय. न० (अवमोदरिक) (१) न्यून-भोजन; तप विशेष. A kind of religious austerity. (२) दुर्भिक्ष; अकाल. Dearth; Famine. ओघ० ७;

ओम्माय. पुं० (उन्माद) उन्मत्तता. Madness. संबोध० २१;

ओय. न० (ओकस्) गृह; घर. A house. वव० ४;

ओयट्टण. न० (अपवर्त्तन) पीछे हटना; वापिस लौटना. Receding; Falling back. उप० ७६०,

ओयत्त. त्रि० (अववृत्त) अवनत; अधोमुख. Bent down. पाअ०

ओयत्तण. न० (अपवर्तन) खिसकाना; हटाना. Removing; Transferring from one place to another. पिंड० ४६३;

ओयार. पुं० (अवतार) घाट; तीर्थ. A sacred bathing place. चेइय० ४१८;

ओरसिअ. त्रि० (अपतीर्ण) उतरा हुआ. Descended; Alighted. कुमा.

ओरालियणाम. न० (औदारिकनामन्) औदारिक शरीर का हेतुभूत कर्म. क० गं० १;

ओरिंकिय. न० (अवरिङ्कित) भैंस की आवाज. A voice of a she-buffalo. पउम० ६४, ४३;

ओरुंभिअ. त्रि० (उपरुद्ध) आवृत्त; आच्छादित. Covered; Concealed. गा० ६१४;

ओरुण्ण. त्रि० (अवरुदित) रोया हुआ. Wept. गा० ४३८;

ओरुद्ध. त्रि० (अवरुद्ध) रुका हुआ; बंद किया हुआ. Obstructed; Impeded. गा० ८००;

ओरोह. पुं० (अवरोध) संघात; समूह. A multitude or heap. राज०

ओलंब. पुं० (अवलम्ब) नीचे लटकना. Hanging down. स्वप्न० ७३;

ओलक्खिअ. त्रि० (उपलक्षित) पहिचाना हुआ. Recognized. सु० च० २२४;

ओलग्ग. त्रि० (अवलग्न) पीछे लगा हुआ; अनुलग्न. Clinging or adhering to. महा०

ओलग्गि. त्रि० (अवलागिन्) सेवा करने वाला. One who serves. रंभा०

ओलग्गिअ. त्रि०(अवलग्न) सेवित. Served, Attended. वज्जा० ३२;

ओलिंदअ. पुं० (अलिन्दक) बाहर के दरवाजे का प्रकोष्ठ. A terrace before a house door. गा० २४४;

ओली. स्त्री० (आली) पंक्ति, श्रेणी. A row, range or continuous line. कुमा०

ओलुंडिर. त्रि० (विरेचयितृ) झरने वाला. Oozing. कुमा०

ओलुंप. पुं०(अवलोप) मसलना; मर्दन करना. Smearing; Anointing. गउड०

ओलोयण. न० (अवलोकन) (१) देखना. Looking at; Beholding. (२) दृष्टि; नजर. A look; A glance. उप०पृ०१२७; (३) गवाक्ष. An air-hole, A round window. सुख० २, ६;

ओलोयणा. स्त्री० (अवलोकना) (१) देखना. Looking at; Beholding. (२) गवेषणा; खोज. Searching after; Seeking for. वव० ४;

ओल्लट्टण. पुं० (अवलटन) एक नरक स्थान. A particular hell-abode. देवेन्द्र०२८;

ओल्लण. न०(आर्द्रयण) गीला करना; भिजाना. Wetting; Moistening. पि० १११;

ओल्लिअ. त्रि० (आर्द्रित) आर्द्र किया हुआ. Wetted; Moistened. गा०३३०;सण०

ओवइय. त्रि० (औपचयिक) उपचित; परिपुष्ट. Nourished; Brought up. राज०

ओवगारिय. त्रि० (औपकारिक) उपकार के निमित्त का; उपकारार्थक. Relating to obligation. देवेन्द्र० ३०६;

ओवट्ट. पुं० (अपवर्त्त) (१) ह्रास; हानि. Diminution; Loss. (२) भागाकार. (Math) The (common) divisor which is applied to both or either of the quantities of an equation. विशे० २०६२;

ओवट्टण. न०(अपवर्तन) ह्रास; कमी. Diminution; Reduction. श्रावक० २१६,

ओवट्टणा. स्त्री० (अपवर्त्तना) भागाकार; भागहरण. Division. (Math). राज०

ओवट्ठ. त्रि० (अववृष्ट) वरसा हुआ; जिसने वृष्टि की हो वह. Rained.से० ६, ३४;

ओवट्ठ. पुं० (अववर्ष) (१) वृष्टि; वारिस. Raining. से० ६, २५,

ओवट्ठिइअ. त्रि० (औपस्थितिक) उपस्थिति के योग्य; नौकर. A servant. प्रयौ० ११;

ओवडण. न० (अवपतन) (१) अधःपात. A down-ward fall. (२) झम्पा-पात. A sudden fall. से० २, ३२;

ओवण. न० (उपवन) वगीचा; आराम. A garden. कुमा०

ओवत्त. त्रि० (अपवृत्त) फिराया हुआ. Turned. से० ६, ६१;

ओवयारिय. त्रि० (औपचारिक) उपचार संवन्धी. Metaphorical, Figurative. पंचा० ६; पुप्फ० ४०६;

ओवहारिअ. त्रि० (औपहारिक) उपहार संवन्धी. Relating to offering. विक० ७५,

ओवारिअ. त्रि० (अपवारित) आच्छादित; ढका हुआ. Covered, Concealed. मै० ६१;

ओवास. पुं० (अवकाश) अवकाश; खाली जगह. Place; Space; Room. पाअ० प्राप्र० से० १, ५४;

ओवाहिअ. त्रि० (अपवाहित) (१) नीचे गिराया हुआ. Fallen down. से०६, १६; १३, ७२; (२) घुमा कर नीचे डाला हुआ. से० ७, ५५;

ओविद्ध. त्रि० (अपविद्ध) प्रेरित; आहत. Instigated. से० ७, १२; (२) नीचे गिराया हुआ. Cast or thrown off. से० १२, २६;

ओवेहा. स्त्री० (उपेक्षा) (१) उपदर्शन; देखना. Looking at, Beholding. (२) अवधीरण. Disrespect; Repulse. "वावारओवेहा" ओव० नि० १७१;

ओऽवत्त. (अपवृत्त) (१) पिछे फिरा हुआ. Returned. (२) नमा हुआ. अवनत. Bent down. से० ८, ८४;

ओसक्क. त्रि० (अवष्वष्कित) अपसृत, पीछे हटा हुआ. Receded; Fallen back. पाश्र०

ओसक्कण. न० (अवष्वष्कण) (१) अपसरण. Retreating. स० ६३; (२) उत्तेजन. Encouragement. वृह० २;

ओसढ. न० (औषध) दवा; इलाज; A medicine. हे० १, २२७;

ओसढिअ. त्रि० (औषधिक) वैद्य; चिकित्सक. A physician or doctor. कुमा०

ओसण्ण. त्रि० (अपसन्न) खिन्न. Depressed; Afflicted, Distressed, Drooping. गा० ३८२; सं० १३, ३०;

ओसण्ण. त्रि० (अपसन्न) शिथिल; ढीला. Loose, Slackened. पच० ३;

ओसन्न. त्रि० (अवसन्न) निमग्न Plunged; Immersed; Sunk. दस चू० १, १८;

ओसर. पुं० (अवसर) (१) अवसर; समय. Occasion; Time. (२) अन्तर. A distance. राज०

ओसरण. न० (अपसरण) (१) हटना; दूर होना. Retreating. (२) दूर करने वाला. One that removes. कुमा० १

ओसरिअ. त्रि० (अपसृत) (१) पीछे हटा हुआ. Retreated. पउम० १६, २३; पाश्र० गा० ३२१; (२) अपसरण. Going back. से० २, ८;

ओसरिअ. त्रि० (अवसृत) आगत; पधारा हुआ. Came. उप० ७२८ टी;

ओसरिअ. त्रि० (उपसृत) संमुखागत; सामने आया हुआ. Came before. पाश्र०

ओसव. पुं० (उत्सव) उत्सव; आनन्द क्षण. A festival. प्राप्र०

ओसविय. त्रि० (उच्छ्रयित) ऊँचा किया हुआ. Raised; Lifted up. पउम ८, २६६;

ओसहिअ. त्रि० (आवसथिक) चन्द्रार्घदानादि व्रत को करने वाला. One who fasts till the moon rises. गा० ३४६;

ओसाअ. पुं० (अवश्याय) हिम; ओस. Frost; Dew. से० १३, ४२;

ओसाय. पुं० (अवश्याय) ओस; निशा-जल. Hoar-frost. जीवस० ३१;

ओसायण. न० (अवसादन) परिशाटन, नाश. Destruction; Ruin. विशे०

ओसार. पुं० (अपसार) अपसरण. Retreating. से० १३, १४;

ओसार. पुं० (अवसार) वख्तर, An armour. से० १२, ४६;

ओसिय. त्रि० (अवसित) (१) पर्यवसित. Finished; Ended. (२) उपशान्त. Pacified. (३) जित; पराभूत. Defeated; Conquered. विशे०

ओसुअ. त्रि० (उत्सुक) उत्कंठित. Anxious, Desirous; Eager. प्राप्र०

ओसुक्क. त्रि० (अवशुष्क) सूखा हुआ. Dried. पउम० ४३, ७६; ४, १४;

ओस्सक्क. पुं० (अवष्वष्क) अपसर्पण; पीछे हटना. Retreating; going back. प्रव० २;

ओस्साड. पुं० (अवशाट) नाश; विनाश. Destruction; Ruin. सण०

ओहट्ट त्रि० (अवघृष्ट) घिसा हुआ. Rubbed; पराहम० ३७, ३;

ओहत्थिअ. त्रि० (अपहस्तित) परित्यक्त, दूर किया हुआ. Shunned; Avoided. मै० ३५;

ओहरण. न०(अपहरण) उठा ले जाना; अपहार Taking or carrying away, Stealing. उप० ६७६;

ओहलिय. त्रि० (अवखलित) निस्तेज किया हुआ; मलिन किया हुआ. Made dirty or foul. सुर० १, १८६; सण०

ओहसिअ. त्रि० (उपहसित) जिसका उपहास किया गया हो वह. Ridiculed; Derided. गा० ६०; स० ४४८;

ओहाडण. न० (अवघाटन) (१) ढकना. A cover; A lid. वव० १; (२) प्रायश्चित विशेष. A kind of atonement or expiation. वव०१;

ओहाण. न० (उपधान) स्थगन; ढकना. Concealment. वव० ४;

ओहाण. न० (अवधावन) अवक्रमण, पीछे हटना. Retreating. निसी० चू० १६;

ओहावण. न० (अवधावन) (१) अवसर्पण; पलायन. Running away. वव०१; (२) दीक्षा से भागना; दीक्षा को छोड देना. वव० ३,

ओहावणा स्त्री० (अपभावना) तिरस्कार; अनादर. Disregard, Disrespect. उप० १२६ टी; स० ४१०;

ओहावणा. स्त्री० (अपहापना) लाघव; लघुता. Smallness; Littleness. जय० २८,

ओहाविअ. त्रि० (अवधावित) पलायित; अपसृत. Run away; Escaped. दस० चू० १, २;

ओहाविअ. त्रि० (अवभावित) (१) तिरस्कृत. Disdained; Disrespected. सु० च० २२४; (२) ग्लान; ग्लानि-प्राप्त. Weary; Languid. वव० ८;

ओहास. पुं० (उपहास) हांसी; हास्य. Ridiculed, Derision. प्राप्र० मै० ४३;

ओहासण. न० (अवभाषण) याचना; माँग; विशिष्ट भिक्षा. Begging. आव० ४;

ओहिअ. त्रि० (अवतीर्ण) उतरा हुआ. Descended, Alighted. कुमा०

ओहिण्ण. त्रि० (अपभिन्न) रोका हुआ; अटकाया हुआ. Impeded; Obstructed. से० १३, २४;

ओहीअंत. त्रि० (अवहीयमान) क्रमशः कम होता हुआ. Gradually lessening. से० १२, ४२;

ओहीण. त्रि० (अवहीन) पीछे रहा हुआ. Remained back. अभि० ५६; (२) अपगत, गुजरा हुआ. Passed. से०१२,६७;

ओहूय. त्रि० (अवधूत) उल्लंघित. Transgressed. बृह० १;

क

क. पुं० (क) (१) प्राकृत वर्ण माला का प्रथम व्यञ्जनाक्षर. The first consonant-letter of the Prakrita alphabets. प्राप० प्रामा० (२) न० किए हुए पाप का स्वीकार. Confession (of sins) आचम० (३) पानी; जल. Water. स० ६११; (४) सुख. Happiness. सुर० १६, ५५;

कइ. अ० (कदा) कब; किस समय. When; At what time. गा० ८०३;

कइ. अ० (क्वचित्) कहीं ; किसी जगह में. In some places. दस० चू० २, १४;

कइ. पुं०(कपि) बन्दर; वानर. A monkey. पाअ०

कइआ. अ०(कदा) कब; किस समय. When;

At what time. गा० १३८; कुमा०

कइंद. पुं० (कवीन्द्र) श्रेष्ठ कवि. A great poet. गउड०

कइकच्छु. स्त्री० (कपिकच्छु) वृक्ष-विशेष; केवांच. Name of a plant. गा०५३२;

कइगई. स्त्री० (कैकयी) राजा दशरथ की एक रानी. One of the three wives of king Dasaratha. पउम० ६५, २१;

कइत्थ. पुं० (कपित्थ) (१) वृक्ष विशेष, कैथका पेड. The wood-apple tree. (२) फल विशेष; कैथ. The fruit of the above tree. गा० ६४१;

कइद्दीव. पुं०(कविद्वीप) द्वीप विशेष. Name of an island. पउम० ५५, १६;

कइद्धय. पुं० (कपिध्वज) (१) वानर-द्वीप के एक राजा का नाम. Name of a king of Vanar dvip. पउम० ६, ८३; (२) अर्जुन. Name of Arjuna. हे० २, ६०;

कइम त्रि० (कतम) वहुत में से कौनसा ? Who or which of many ? हे० १, ४८; गा० ११६;

कइरव. न० (कैरव) कमल; कुमुद. The white lotus opening at moon-rise. हे० १, १५२;

कइरविणी. स्त्री०(कैरविणी) कुमुदिनी; कमलिनी. A lotus plant bearing white lotuses. कुमा०

कइलासस्य. पुं० (कैलाशशाय) महादेव; शिव. An epithet of Mahadeo. कुमा०

कइलासा. स्त्री० (कैलाशा) देव-विशेष की एक राजधानी. A capital of a particular god. जीव० ३;

कईस. पुं० (कवीश) श्रेष्ठ कवि; उत्तम कवि. A great poet. पिंग०

कईसर. पुं० (कवीश्वर) उत्तम कवि. A great poet. पिंग०

कउ. पुं० (क्रतु) यज्ञ. A sacrifice. कप्पू०

कउच्छेअय. पुं० (कौक्षेयक) पेट पर बंधी हुई तलवार. A sword; A scimetar. हे० १, १६२; पड्०

कउरअ-व. पुं० (कौरव) (१) कुरु देश का राजा. A ruler of the Kurus. (२) पुं० स्त्री० कुरु वंश में उत्पन्न. Born in the Kuru family. (३) कुरु (देश या वंश) से संबन्ध रखने वाला. Relating to the Kurus. (४) कुरु देश में उत्पन्न. Born in Kuru county. प्राप्र० नाट० हे० १, १६२;

कउल. न० (कौल) (१) तान्त्रिक मत का प्रवर्तक ग्रन्थ, कोलोपनिषद् वगैर: The doctrine of Tantras; Kaulopnishad etc. (२) शक्तिका उपासक. A worshipper of. शक्ति. (३) तान्त्रिक मत को जानने वाला. Well-versed in Tantra doctrines. (४) तान्त्रिक मत का अनुयायी. A follower of this doctrine. (५) देवता-विशेष. A kind of gods. गउड०

कउसल. न० (कौशल) कुशलता; दक्षता; होशियारी. Skilfulness; Cleverness. हे० १, १६२; प्राप्र०

कउह. पुं० न० (ककुद) (१) सफेद छत्र वगैरः राज चिह्न. Any ensign or symbol of royalty. (२) पर्वत का अग्रभाग; टोंच. A summit or peak. हे० १, २२५;

कउहा. स्त्री०(ककुभ्) (१) दिशा. A direction. कुमा० (२) शोभा; कान्ति. Splendour; Beauty. (३) चम्पा के पुष्पों की माला. A wreath of Champaka flowers. (४) इस नाम की एक रागिणी. A kind of music. (५) शास्त्र. A sacred treatise or Sastra. (६) विकीर्ण केश. Scattered hair. हे० १, २१;

कए-कएण-णं. अ० (कृते) वास्ते; निमित्त; लिए. For; For the sake of. कुम्मा० १५; कुमा० गा० ४७३, ५२५;

कएल्ल. त्रि० (कृत) किया हुआ. Done. सुख० २, १५;

कओण्ह. त्रि० (कदुष्ण) थोडा गरम. Tepid; Lukewarm. धर्मवि० ११२;

कं. अ० (कम्) उदक, जल. Water. तंदु० ५३;

कंकइ. पुं० (कङ्कति) वृक्ष-विशेष; नागवला नामक औषधि. Name of a medical plant. उप० १०३१ टी;

कंकडुअ. पुं० (काङ्कटुक) दुर्भेद्य माष; उरद की एक जाति, जो कभी पकता ही नहीं, "कंकडुओ विवमासो" वव० ३;

कंकति. पुं० (कङ्कति) ग्राम-विशेष. Name of a village. राज०

कंकतिज्ज. पुं० स्त्री० (काङ्कतीय) माघराज वंश मे उत्पन्न, Born in the Magharaj family. राज०

कंकलास. पुं० (कृकलास) कर्कोट, सांप की एक जाति, A lizard; A chameleon. पाअ०

कंकलोह. पुं० न० (कङ्कलोह) एक प्रकार का लोहा. A kind of iron. सु० च० २०७;

कंकाल. न० (कङ्काल) चमडी और मांस रहित अस्थि-पञ्जर. A skeleton. आ० १६; वज्जा० २०;

कंकोड. न० (कर्कोट) (१) वनस्पति-विशेष; ककरैल. A kind of vegetable. पाअ० (२) पुं० एक नागराज. Name of the principal cobra. सांप की एक जाति. A kind of serpent. हे० १, २६; षड्०

कंखिर. त्रि० (काङ्क्षितृ) चाहने वाला; अभिलाषी. Desirous, wishing for. गा० ५५; सु० च० ५३७;

कंचण. पुं० न० (काञ्चन) (१) एक देव-विमान. Name of a celestial car. देवेन्द्र० १३१; सोने का, सुवर्ण का. Golden. वज्जा० १५८, —पह. न० (प्रभ) (१) रत्न विशेष. A kind of jewel. (२) त्रि० रत्न विशेष का बना हुआ. Made of jewels. देवेन्द्र० २६६;

कंचणार. पुं० (कञ्चनार) वृक्ष विशेष. The kovidara tree. पउम; ५३, ७६; कुमा०

कंचि-ची. स्त्री० (काञ्चि-ञ्ची) (१) स्वनाम ख्यात एक देश. Name of a country. कुमा० कटि-मेखला; कमर का आभूषण. A waistband or girdle. पाअ० एक नगर विशेष. Name of an ancient city. सुपा० ४०६;

कंचीरय. न० (काञ्चीरत) सुरत-विशेष. A kind of sexual-union. वज्जा० १०८,

कंचुअ. पुं० (कञ्चुक) (१) वृक्ष विशेष. A kind of tree. हे० १, २५-३०, (२) वस्त्र, कपडा. A garment. पउम० ३४, १५;

कंचुइ. पुं० (कञ्चुकिन्) (१) यव; जव. Barley. (२) चणक, चना. Gram. (३) जुआरि. A gambler. (४) जिसने कवच धारण किया हो वह. Furnished with armour or mail. हे० ४, २६३;

कंचुइज्जंत. त्रि० (कञ्चुकायमान) कञ्चुक की तरह आचरण करना. सुपा० १८१,

कंचुलिआ. स्त्री० (कञ्चुलिका) कंचली; चोली. A bodice. कप्पू०

कंजिअ. न० (काञ्जिक) काञ्जिक. Sour Gruel. सुर० ३, १३३; कप्पू०

कंटअंत. त्रि० (कण्टकायमान) कण्टक जैसा; कण्टक की तरह आचरता. Like a thorn. से० ६, २४; (२) पुलकित होता. अचु० ५८;

कंटइअ. त्रि० (कण्टकित) (१) कण्टक वाला. Thorny. सं० १, ३२; (२) रोमाञ्चित; पुलकित. Having the hair of the

body erect. कुमा० पाश्र०

कंटग-य. पुं० (कण्टक) (१) रोमाञ्च; पुलक. Horripilation; Erection of hair. गा० ६७; (२) ज्योतिष शास्त्र प्रसिद्ध एक कुयोग. (In astro.) Name of an inauspicious conjunction (of planets.) गण० १६;

कंटिय. त्रि० (कण्टिक) (१) कण्टक वाला; कण्टकयुक्त. Thorny. (२) पुं० वृक्ष-विशेष. A kind of tree. उप० १०३१ टी;

कंटिया. स्त्री० (कण्टिका) वनस्पति-विशेष. A kind of vegetation. वृह० १; आयाचू० १;

कंठ. त्रि० (कण्ठ्य) (१) कण्ठ से उत्पन्न. Being of the throat. सरस; सुगम. Easy. निसी० चू० १५;

कंठमाल. पुं० स्त्री० (कण्ठमाल) रोग-विशेष. A kind of disease. कुप्र० ४७१;

कंठय. पुं० (कण्ठक) स्वनाम-ख्यात एक चोर नायक. Name of a leader of thieves. महा०

कंठाल. त्रि० (कण्ठवत्) बड़ा गला वाला. Having a big throat. धर्मवि० १०१;

कंठीरव. पुं० (कण्ठीरव) सिंह; शार्दूल. A lion. प्रयौ० २१;

कंड. पुं० न० (काण्ड) (१) दण्ड; लाठी. A stick; A staff. (२) निन्दित समुदाय. A censured multitude. (३) पानी; जल. Water. (४) पर्व. Any division of a work such as a chapter of a book. (५) वृक्षका स्कन्ध. The trunk or stem of a tree. (६) वृक्ष की शाखा. A branch of a tree. (७) गुच्छ, स्तवक. A cluster; A bunch. (८) अश्व; घोडा A horse. (९) पृष्ट भाग की लम्बी हड्डी. A spinal cord. (१०) खुशामद. Flattery. (११) श्लाघा; प्रशंसा. Praise. (१२) गुप्तता; प्रच्छन्नता. Concealment. (१३) एकान्त. A solitary place. (१४) निर्जन. A desert or solitude. हे० १, ३०; (१५) अवसर, प्रस्ताव. Opportunity; Occasion. गा० ६६३; (१६) अंगुल का असंख्यातवां भाग. A kind of measure. प्रव० २६० टी;

कंडच्छारिय. पुं० (काण्डाच्छारिक) (१) इस नाम का एक ग्राम. Name of a village. (२) एक ग्राम नायक. A chief of a village. वव० ७;

कंडण. न० (कण्डन) व्रीहि वगैरः को साफ करना; तुष-पृथक्करण. Threshing, Separating the chaff from the grain. आ० २०;

कंडलि-कंडलिआ. स्त्री० (कन्दरिका) कन्दरा; गुफा. A cave; A hollow. पि० ३३३;

कंडुअ. पुं० (कन्दुक) गेंद. A ball. राज०

कंडुज्जुय. त्रि० (काण्डर्जु) बाण की तरह सीधा. Straight like an arrow. स० ३१७; गा० ३५२;

कंडुय. पुं० (कान्दविक) हलवाई; मिठाई बेचने वाला. A confectioner, A baker. "कओ कंडुयस्स" आवम०

कंडुरु. पुं० (कण्डुरु) स्वनाम ख्यात एक राजा, जिसने रामचन्द्र के भाई भरत के साथ जैनी दीक्षा ली थी. Name of King who was initiated with Rama's brother Bharat. पउम० ८५, ५;

कंडूल. त्रि० (कण्डूल) खाज वाला; कण्डू-युक्त. Having an itchy sensation; Itchy. कुमा०

कंत. पुं० (कान्त) पति; स्वामी. A husband. पाश्र०

कंत. त्रि० (क्रान्त) गत; गुजरा हुआ.

Passed; Gone. प्राप०

कंता. स्त्री० (कान्ता) (१) रावण की एक पत्नी का नाम. Name of Ravan's wife. पउम० ७४, ११; (२) एक योग दृष्टि. राज०

कंतार. त्रि० (कान्तार) (१) दुष्ट; दूषित. Wicked; Vicious. (२) निराश्रय. Without shelter or refuge. (३) पागल. Mad. कप्पू०

कंति. स्त्री० (कान्ति) (१) इस नाम की रावण की एक पत्नी. Name of Ravan's queen. पउम० ७४, ११; (२) इच्छा. Desire, Wish. (३) चन्द्र की एक कला. One of the sixteen digits of the moon. राज० विक० १०७;

कंति. स्त्री० (क्रान्ति) (१) परिवर्तन; फेरफार. Change. (२) गमन; गति. Young, Proceeding. नाट; विक्र० ६०;

कंथा. स्त्री० (कन्था) कथडी; गुदडी. A patched garment, A wallet. हे० १, १८७,

कंथार. पुं० (कन्थार) वृक्ष विशेष. Name of a tree. उप० २२० टी;

कंथारिया-कंथारी. स्त्री० (कन्थारिका री) वृक्ष विशेष. A kind of tree. उप० १०-३१ टी;

कंथेर. पुं० (कन्थेर) वृक्ष विशेष. Name of a tree, राज०

कंथेरी. स्त्री० (कन्थेरी) कण्टकमय वृक्ष विशेष. A kind of thorny tree. उर० ३, २,

कंद. पुं० (कन्द) (१) मूल जड. A root. गउड० (२) छन्द-विशेष Name of a metre. पिंग०

कंद. पुं० (स्कन्द) स्वामी कार्तिकेय; षडानन. Name of Kartikeya कुमा० हे० २, ५; पड्०

कंदप्पि. त्रि० (कन्दर्पिन्) कामोद्दीपक; कन्दर्प का उत्तेजक. Exciting or stimulating desire of sensual enjoyment वव० १,

कंदलिअ-कंदलिल्ल. त्रि० (कन्दलित) अंकुरित. Sprouted. कुमा० पि० ५९५,

कंदविय. पुं० (कान्दविक) हलवाई; मिठाई बेचनेवाला. A confectioner; A baker. उप० २११ टी,

कंदिर. त्रि० (क्रन्दिन्) कॉंदने वाला. Weeping; Sheding tears भवि०

कंदुअ. पुं० (कन्दुक) गेंद. A ball. पाअ० स्वप्न० ३६; मै० ६१;

कंधरा. स्त्री० (कन्धरा) ग्रीवा, गरदन The neck. पाअ० सुर० ४, १६६; गण० ६;

कंपि. त्रि० (कम्पिन्) कांपने वाला. Trembling; Shaking कप्पू०

कंपिअ. त्रि० (कम्पित) कांपा हुआ. Trembled, Shaken. कुमा०

कंपिर. त्रि० (कम्पितृ) कॉंपने वाला. Trembling. सु० च०१५८,

कंपिल्ल. त्रि० (कम्पवत्) कांपने वाला. Shaking. उप० ६ टी;

कंब. त्रि० (कम्र) (१) कामुक, कामी Lustful; Libidinous (२) सुन्दर, मनोहर. Lovely; Beautiful. पि० २९५,

कंबा. स्त्री० (कम्बा) यष्टि; लकडी. A stick, A staff. सु० च० ३६६;

कंबि-बी. स्त्री० (कम्बि-म्बी) (१) दर्वी; कडछी. A ladle or spoon. (२) लीला यष्टि; छड़ी; शोख से हाथ में रखी जाती लकडी. A stick. उप० पृ० २३७;

कंबु. पुं० (कम्बु) (१) इस नाम का एक द्वीप. Name of an island. पउम० ४५, ३२; (२) पर्वत विशेष. Name of a mountain. पउम० ४५, ३२;

कंभार. पुं॰ व॰ (कश्मीर) इस नाम का एक प्रसिद्ध देश. Name of a country. हे॰ २,६८;पड्॰ —जम्म. न॰ (जन्मन) कुङ्कुम; केसर. Saffron. कुमा॰

कंस. न॰(कांस्य) (१) वाद्य-विशेष. A kind of musical instrument. (२) परिमाण-विशेष. A kind of measure. (३) जल पीने का पात्र; प्याला. A drinking vessel (of brass) हे॰ १, २६;७०;

कंसाल,पुं॰(कांस्याल) वाद्य विशेष. A kind of musical instrument. हे॰ २,६२; सु॰ च॰ ५०;

कंसालिया. स्त्री॰ (कांस्यतालिका) एक प्रकार का वाद्य. A cymbal. सु॰ च॰ २४२;

कंसिअ. पुं॰ (कांस्यिक) कसेरा; कंसारी;कांस्यकार. A brazier; A worker in bell-metal. से॰ १, ७०,

कक्कंधु. स्त्री॰ (कर्कन्धु) बेर का वृक्ष. The jujube tree. पाअ॰

कक्कड. न॰ (कर्कट) जल जन्तु-विशेष, कुलीर. A water-insect. पाअ॰

कक्कडच्छ. पुं॰(कर्कटाक्ष) ककटी. A sort of cucumber. कप॰

कक्कराइय. न॰ (कर्करायित) (१) कर्कर की तरह आचरित. (२) दोषोच्चारण, दोष प्रकटन. आव॰ ४,

कक्कसेण. पुं॰ (कर्कसेन) अतीत उत्सर्पिणी काल में उत्पन्न एक स्वनाम ख्यात कुलकर पुरुष. Name of a Kulkar born in the last Utsarpini. राज॰

कक्कारुआ. स्त्री॰ (कर्कारुका) कुष्माण्ड-वल्ली, कोहला का गाछ. A creeper of the pumpkin gourd मृच्छ॰ ५६;

कक्कि. पुं॰ (कल्किन्) भविष्य में होने वाला पाटलीपुत्र का एक राजा. Name of a king of Patliputra in future. ती॰

कक्केरअ. पुं॰ (कर्केरक) मणि विशेष की एक जाति. A kind of precious stone. मृच्छ॰ २०२;

कच्च. न॰ (काच) काच; शीशा. Glass; Crystal. कपू॰

कच्चाइणी.स्त्री॰(कात्यायनी) देवी-विशेष; चण्डी. Name of Parvati. स॰ ४३७;

कच्चायणी. स्त्री॰ (कात्यायनी) पार्वती; गौरी. Name of Parvati. पाअ॰

कच्चि. अ॰ (कच्चित्) (१) प्रश्न. Interrogation. (२) मंगल. Auspiciousness. (३) अभिलाष. Desire. (४) हर्ष. Joy. पि॰ २७१; हे॰ २, २१७; २१८;

कच्चूर. पुं॰ (कर्चूर) वनस्पति-विशेष; कचूर; काली हलदी. A kind of fragrant tree. आ॰ २०;

कच्छ. पुं॰ (कक्ष) (१) तृण ; घास. Grass. (२) वल्ली; लता. A creeper. (३) शुष्क काष्ठों वाला जंगल. A forest of dead trees; A drywood. (४) जनानखाना. The harem of a king. (५) हाथी को बाँधने की डोर. An elephant's rope. (६) पार्श्व; बाजु. The side of flank. (७) ग्रह-भ्रमण. Moving of planets. (८) कक्षा;श्रेणी. A line. (६) द्वार,दरवाजा. A door. (१०) वनस्पति विशेष; गूगल. A kind of vegetation. (११) बिभीतक वृक्ष. A kind of tree. (१२) घर की भींत. A wall of a house. (१३) स्पर्धा का स्थान. Emulation or rivalry. (१४) जल-प्राय देश.A marshy ground. हे॰ २, १७;

कच्छ. पुं॰व॰(कच्छ) (१) कच्छ नाम का देश Name of a country. पउम॰६८,६४; (२) छन्द विशेष; दोधक छंद का एक भेद. Name of a metre. पिंग॰ (३) इक्षु

वगैरह की वाटिका. A forest of sugar-canes. (४) भगवान ऋषभदेव का एक पुत्र. Name of a son of Lord Rishabhadeo. आवम० (५) कच्छ विजय का एक राजा. Name of a king of Kachchha Vijaya.

कच्छा. स्त्री० (कक्षा) (१) विभाग; अंश. A part or portion. पउम० १६,७०; (२) कमर पर बांधने का वस्त्र. A cloth girt round the loins. गा० ६८४; (३) शंशय-कोटि. Suspician; A doubt. (४) स्पर्धा स्थान. Emulation or rivalry (५) घर की भींत. A wall of a house. (६) प्रकोष्ट. The room near the gate of a palace. हे० २, १७,

कच्छा. स्त्री० (कच्छा) कटि-मेखला; कमर का आभूषण. An ornament of the waist. पाअ०

कच्छु. स्त्री० (कच्छू) (१) खुजली; खाज; रोग-विशेष Scab, Itch. प्रासू० २८;

कच्छुरिअ. त्रि० (कच्छुरित) व्याप्त, खचित. Fixed; Blended. कुम्मा० ६ टी,

कज्जलइअ. त्रि० (कज्जलित) (१) काजल वाला. Lamp-blackened (२) श्याम; काला. Dark, Black. पाअ०

कज्जला. स्त्री० (कज्जला) इस नाम की एक पुष्करिणी. Name of a well. इक०

कज्जिय. त्रि० (कार्यिक) कार्यार्थी; प्रयोजनार्थी. Seeking to gain one's object or purpose. वव० ३;

कट्ट. त्रि० (कृत्त) काटा हुआ; छिन्न. Cut; Rent. उप० १८०;

कट्टिअ. त्रि० (कर्त्तित) काटा हुआ; छेदित. Cut, Rent. पिंग०

कट्टु. त्रि० (कर्तृ) कर्त्ता, करने वाला. A doer, One who makes or performs. षड्०

कट्ठ. न० (कष्ट) (१) पाप. A sin. (२) त्रि० कष्ट-दायक; पीडा कारक. Troublesome. हे० २, ३४; ९०;

कट्ठ. पुं० (काष्ठ) राजगृह नगर का निवासी एक स्वनाम ख्यात श्रेष्ठी Name of a prominent person of the city Rajagriha. आवम० —करण. न० (करण) श्यामक नामक गृहस्थ के एक खेत का नाम. Name of a field of a landlord called Shyamaka. कप्प०

कट्ठण. न० (कर्षण) आकर्षण; खींचाव. Attraction. गउड०

कट्ठा. स्त्री० (काष्ठा) (१) हद; सीमा. Boundary, Limit आ० १६; (२) प्रकर्ष. Excellence; Eminence.

कड. त्रि०(कट) यष्टि, लकड़ी. A stick. वसु०

कडइअ. त्रि० (कटकित) वलय की तरह स्थित. Round like a bracelet. से०१२,४१;

कडकडा. स्त्री० (कडकडा) अनुकरण शब्द विशेष; कडकड आवाज. A sound like kud kud. स० २५७; पि० ५५८; नाट–मालती० ५६;

कडकडिअ. त्रि० (कडकडित) जिसने कड-कड आवाज किया हो वह; जीर्ण. Worn out. सुर० ३, १६३;

कडकडित्तार. त्रि० (कडकडायितृ) कड कड आवाज करने वाला Sounding like kud kud. सण०

कडक्किय. न० (कडक्कित) कडकड़ आवाज. A sound like kud kud. सिरि०६६२;

कडक्खण. न० (कटाक्षण) कटाक्ष करना. Looking-side long. भवि०

कडग. पुं० (कटक) यवनिका; परदा. A curtain. उप० १६६ टी;

कडण. न० (कदन) मार डालना; हिंसा

Killing कुमा० (२) मर्दन. Pressing; kneading. (३) नाश करना. Destruction; Havoc. (४) पाप. Sin. (५) युद्ध. War. (६) विह्वलता, आकुलता. Bewilderment. हे०१, २१७;

कडण. न० (कटन) (१) घर की छत. A roof of a house (२) घर पर छत डालना. Roofing a house. गच्छा० १;

कडणी. स्त्री० (कटनी) मेखला. A belt; A girdle. "सुरगिरिकडणि" सु० च० ६१५;

कडयड. पुं० (कडकड) कड-कड आवाज. A sound like kud kud. पउम०६४,४४;

कडसार. न० (कटसार) मुनि का एक उपकरण; आसन. A seat of a saint विचार०१२८;

कडह. पुं० (कटभू) वृत्त-विशेष. Name of a tree. वृह० १;

कडार. पुं० (कडार) (१) वर्ण विशेष; तामडा वर्ण; भूरा रंग. The tawny colour. (२) त्रि० कपिल वर्ण वाला; भूरा रंग का; मटमैला रंग का. Tawny. सु०च०२३, ६२;

कडाह. पुं० (कटाह) वृत्त विशेष. A kind of tree. पउम० १३, ७६;

कडि-वट्टी. स्त्री० (कटिपट्टी) कमर का पट्टा. A waist-band, A belt. सु० च० ३३१;

कडु-कडुअ. पुं० (कटुक) (१) परुष; निष्ठुर. Bitter; Caustic. नाट-रत्ना० ६६; (२) वनस्पति-विशेष; कुटकी. A kind of vegetable. हे० २, १५५;

कडुइअ. त्रि० (कटुकित) (१) कडुआ किया हुआ. Made pungent. (२) दूषित. Bad. गउड०

कडेवर. न० (कलेवर) शरीर; देह. A body. हे० ४, ३६५;

कड्ढणया. स्त्री० (कर्षणता) आकर्षण. Attraction. उप० पृ० २७७;

कड्ढाविय. त्रि० (कर्षित) खिंचवाया हुआ; बाहर निकलवाया हुआ. Drawn or pulled out. भवि०

कड्ढिय. त्रि० (कृष्ट) पठित; उच्चारित. Uttered. स० १८२;

कढोर. त्रि० (कठोर) (१) कठिन; परुष; निष्ठुर. Harsh; Hard-hearted. (२) पुं० इस नाम का एक राजा. Name of a king. पउम० ३२, २३;

कण. पुं०(कण)(१) एक म्लेच्छ देश. Name of a Mlechha country. राज० (२) बिन्दु. A drop. पाअ०

कण. पुं० (क्वण) शब्द; आवाज. A sound. उप० पृ० १०३;

कणइअ. त्रि० (कणावत्) बिन्दु वाला. Having drops. पाअ०

कणइकेउ. पुं० (कनकिकेतु) इस नाम का एक राजा. Name of a king. दंस०

कणइपुर. न० (कनकिपुर) नगर विशेष, जो महाराजा जनक के भाई कनक की राजधानी थी. A capital of king Kanak brother of king Janak. ती०

कणकण. पुं०(कणकण) कण कण आवाज. A sound like kan kan. आवम०

कणकणिअ. त्रि० (क्वणक्वणित) कण-कण आवाज वाला. Having a sound like 'Kan Kan'. कप्पू०

कणग. पुं० (कनक) (१) बिन्दु. A drop. (२) शलाका; सलाई. A small stick, pin, piece (of any thing) राज० (३) बिल्व वृत्त; बेल का पेड. A species of tree. उत्तर०

कणगुत्तम. पुं० (कनकोत्तम) इस नाम का एक देव. Name of a god. दीव०

कणभक्ख. पुं० (कणभत्त) वैशेषिक मत का प्रवर्त्तक एक ऋषि. A nickname given to the philosopher who pro-

pounded the Vaiseshika system of philosophy. राज०

कणय. पुं० (कनक) (१) राजा जनक के एक भाई का नाम. Name of a brother of king Janak. पउम० २८, १३२; (२) रावण का इस नाम का एक सुभट. Name of a warrior of Ravan. पउम० ५६, ३२; (३) वृक्ष विशेष; धतूरा. The Dhattura tree. से० ६, ४८; (४) न० छन्द विशेष. Name of a metre. पिंग० (५) एक देव विमान. Name of a celestial car. देवेन्द्र० १४४;

कणाद. पुं० (कणाद) वैशेषिक मत का प्रवर्तक ऋषि. A nickname given to the philosopher who propounded the Vaiseshika system of philosoply. विशे० २१६४;

कणिय. न० (कणित) (१) आर्तस्वर. Lamentation. (२) आवाज; ध्वनि. A sound. आव० ४;

कणिल्ल. न० (कनिल्य) नक्षत्र-विशेष का गोत्र Name of a lineage. इक०

कणिस. न० (कणिश) सस्य-शीर्षक, धान्य का अग्रभाग. An ear of corn. दे० २, ६,

कणीणिगा. स्त्री० (कनीनिका) (१) आँख का तारा. The pupil of the eye. (२) छोटी उंगली. The little finger. राज०

कण्ण. पुं० (कण्व) इस नाम का एक परिव्राजक; ऋषि विशेष. Name of a sage. अभि० २६२;

कण्ण. पुं० (कर्ण) (१) कोटि-भाग; अग्रांश. The handle or ear of a vessel. (२) एक म्लेच्छ जाति. Name of the Mlechchha tribe. मृच्छ० १५२;

कण्णउज्ज. पुं० (कान्यकुब्ज) (१) देश विशेष; दोआब, गंगा और यमुना नदी के बीचका देश. Name of a country situated on a tributary of the Ganges. (२) न० उस देश का प्रधान नगर, कनौज The capital of this country now called Kanoja. ती० कप्पू०

कण्णा. स्त्री०(कन्या) ज्योतिष-शास्त्र-प्रसिद्ध एक राशि. The sixth sign of the zodiac *i. e.* Virgo, (In Astro). पउम० १७, ६१; कप्पू० पि० २८२;

कण्णाड. पुं० (कर्णाट) (१) देश-विशेष, जो आजकल कर्णाटक नाम से प्रसिद्ध है. Name of a country. (२) त्रि० उस देश में उत्पन्न. Born in that country. कप्पू०

कण्णाणय. न० (कन्यानय) चोल देश का एक प्रधान नगर. The capital of the Chol country. ती०

कण्णि. पुं०(कर्णि) एक नरक-स्थान. Name of a hell-abode. देवेन्द्र० २६ ;

कण्णिलायण. न० (कर्णिलायन) इस नाम का एक गोत्र. Name of a lineage इक०

कण्णुप्पल. न० (कर्णोत्पल) कान का आभूषण विशेष. An ear-ornament. कप्पू०

कण्णोवगणिआ. स्त्री० (कर्णोपकर्णिका) कर्णाकर्णी, कानाकानी. Rumour (lit, from ear to ear) दे० २, ६१;

कण्ह. पुं० (कृष्ण) (१) देशावकाशिक व्रत को अतिचरित करने वाला एक उपासक. One who fastsDeshavkarik.सु०च०५६२; (२) विक्रम की तृतीय शताब्दी का एक प्रसिद्ध जैनाचार्य, दिगम्बर जैन मत के प्रवर्तक शिवभूति मुनि के गुरु. Name of a celebrated JainAcharya in the third century of Vikram, precepter of Shivbhuti, propounder of the Digambar school. विशे० २५५३;

कत्त. त्रि० (क्लृप्त) निर्मित. Made; Per-

formed. संचि० ४०;

कत्तरिअ. त्रि० (कर्तित) कतरा हुआ; काटा हुआ. Cut. सु० च० ४४६;

कत्तरी. स्त्री० (कर्तरी) कतरनी; कैंची. Scissors कप्प०

कत्तव्व.त्रि०(कर्तव्य) (१) करने योग्य. What is fit or ought to be done. स०१७२; (२) न० कार्य; काज; काम. A work; A duty. आ० ६;

कत्तिकेअ. पुं० (कार्तिकेय) महादेव का एक पुत्र; षडानन. Name of Mahadeo's son. दे० २, ५;

कत्तिम. त्रि० (कृत्रिम) बनावटी, कृत्रिम. Artificial; Fictitious. सु०च० ८३;

कत्थ. अ० (कुतः) कहां से. From where; Whence. पद्०

कत्थ. त्रि० (कथ्य) वनस्पति विशेष. A kind of vegetation. राज०

कत्थूरी. स्त्री० (कस्तुरी) हरिण के नाभि में उत्पन्न होने वाली सुगन्धित वस्तु. Musk. सु० च० २२७;

कदुसण. त्रि०(कदुष्ण) थोड़ा गरम. Tepid; Lukewarm. प्राकृ० १०२;

कद्दमाल. त्रि० (कर्दमाल) कीचड़ वाला. Muddy; Dirty. सूयनि० १६१;

कद्दमिअ. त्रि० (कर्दमित) पङ्क युक्त; कीच वाला. Turbid; Muddy. से०७,२०;गउड०

कनस. त्रि० (कनीयस्) कनिष्ट ; जघन्य. Smaller; Less. प्रव० १२७;

कन्हसह. न० (कर्णसह) जैन साधुओं के एक कुल का नाम. Name of a group of Jain saints. कप्प०

कप्प.त्रि० (कल्प्य) ग्रहण योग्य. Worthy to be taken or accepted. पंचा० १२;

कप्प. पुं०(कल्प) (१) काल-विशेष; देवों के दो हजार युग परिमित समय. A particular measure of time. अच्चु० १८; कुमा० (२) शस्त्र विशेष A kind of weapon. पउम० ८, ७३; (३) अधिवास; स्थान. A place. वृह० १; (४) राजा नन्द का एक मंत्री. Name of a minister of king Nandaraja. राज० (५) प्रक्षालन. Washing; Cleansing (with water). पिंड० २६६; २७१;३०५. गच्छ० २, ३२; —धर. त्रि० (धर) कल्प तथा व्यवहार सूत्र का जानकार. Wellversed in Kalpa Sutra and Vyavahar Sutra. वव० १;

कप्पंत. पुं० (कल्पान्त) प्रलय काल; संहार समय. End of the world; Universal destruction. कप्पू०

कप्पट्ठिया. स्त्री० (कल्पस्थिका) लड़की; बालिका A girl. वव० ४;

कप्पट्ठी. स्त्री० (कल्पस्था) (१) बालिका; लड़की A girl; वव० ६; (२) कुलाङ्गना; कुलवधू. A respectable or high-born (chaste) woman. वव० ३;

कप्पणा. स्त्री (कल्पना) (१) रचना; निर्माण. Making, Forming. (२) प्ररूपण; निरूपण. निसी० चू० १;

कप्पर. पुं० (कर्पर) खप्पर; कपाल; सिर की खोपड़ी. The skull. वृह० ४; नाट०

कप्पसुत्त. न० (कल्पसूत्र) श्री भद्रबाहु स्वामी विरचित एक जैन ग्रन्थ. Name of a volume of Jainism composed by Shree Bhdrabahu Swami. कप्प०

कप्पिय. त्रि० (कल्पिक) (१) योग्य, उचित. Fit; Proper. वव० ८; (२) गीतार्थ; ज्ञानी साधु. A learned saint. "किं वा अकप्पिएणं" वव० १;

कप्फल. न० (कट्फल) इस नाम की एक वनस्पति; कायफल. Name of a vege-

tation. हे० २, ७७;

कफ. पुं० (कफ) कफ, शरीर स्थित धातु विशेष. Phlegm, one of the three humours of the body. राज०

कवरी. स्त्री० (कवरी) केश-पाश; धम्मिल्ल. A braid or fillet of hair. कुमा० वेणी० १८३;

कव्बुर-कव्बुरय. त्रि० (कर्बुर) कबरा; चित-कबरा, चितला. Variegated; Spotted. गउड० अच्चु० ६;

कव्बुरिअ. त्रि० (कर्बुरित) अनेक वर्ण वाला; चितकबरा किया हुआ. Variegated. "कव्बुरियजम्मगिहं" सु० च० ५४; कुम्मा० ६; पउम० ८२, ११;

कम. पुं० (क्रम) (१) परम्परा. Regular course, order or succession. सुर० ३, २८; (२) न्याय; फैसला. Judgement. स्वप्न० २१,

कम. पुं० (क्लम) श्रम; थकावट; क्लान्ति. Fatigue; Languor; Exhaustion. हे० २, १०६, कुमा०

कमंध. पुं० न० (कवन्ध) रुंड; मस्तक-हीन शरीर. A headless trunk (especially when it retains life. हे० १, २३९; प्राप्र० कुमा०

कमढ-कमढग-य. पुं० (कमठ-क) (१) तापस विशेष, जिसको भगवान् पार्श्वनाथ ने वाद में जीता था और जो मर कर दैत्य हुआ था. Name of an ascetic, defeated by Lord Parshvanath and became a demon in the next birth गमि० २२; (२) कूर्म; कच्छप. A tortoise. पाअ० (३) वंश; बांस. A bamboo. (४) शल्ल का वृक्ष. Name of a tree. हे० १, १९९; (५) मैल; मल- Dirt; Filth. निसी० चू० ३ (६) साध्विओं के पहनने का एक वस्त्र. A kind of cloth for a nun. ओघ० नि० ६७५;

कमण. न० (क्रमण) (१) गति; चाल. Movement; Proceeding (२) प्रवृत्ति. Continuous advance. आया० चू० ४;

कमणिया. स्त्री (क्रमणिका) उपानत्; जूता. A shoe. वृह० ३;

कमणिल्ल. त्रि० (क्रमणीवत्) जूता वाला; जूता पहना हुआ. Having shoes वृह ३;

कमणी. स्त्री० (क्रमणी) जूता; उपानत् A sandal or shoe. वृह० ३;

कमणीय. त्रि० (कमनीय) सुन्दर; मनोहर. Beautiful, Handsome; Lovely. सु० च० ३४, २६२;

कमल. न० (कमल) (१) कमलाख्य इन्द्राणी का सिंहासन. A throne of Indrani called Kamala. (२) संख्या विशेष. A particular number. जो० २; (३) श्रेष्ठि विशेष, Name of a wealthy man. सु० च० २७५; (४) एक देव विमान. Name of a celestial car. देवेन्द्र १४२; (५) छंद विशेष. Name of a metre. पिंग० (६) एक जात का चावल; कलम. A kind of rice. पाम०—जोणि. (योनि) पुं० ब्रह्मा, विधाता. An epithet of Brahma. पाअ०—णअण. पुं० (नयन) विष्णु; नारायण. An epithet of Vishnu. समु० १५२; —वंधु. पुं० (बन्धु) (१) सूर्य; रवि. The sun. पउम० ७०,६२; (२) इस नाम का एक राजा. Name of a king. पउम० २२, ६८;

कमलंग. न० (कमलाङ्ग) संख्या विशेष; चौरासी लाख महापद की संख्या. A particular number. जो० २;

कमलक्ख. पुं० (कमलाक्ष) इस नाम का

एक यक्ष. Name of a demi-god. सम॰

कमलजय. न॰ (कमलजय) विद्याधरों का एक नगर. Name of a city of Vidyadhars. इक॰

कमलपुर. न॰ (कमलपुर) विद्याधरों का एक नगर. Name of Vidyadhars' city. इक॰

कमलमाला. स्त्री॰ (कमलमाला) पोतनपुर नगर के राजा आनन्द की एक रानी; भगवान् अजितनाथ की मातामही-दादी. Name a queen of king Ananda of Patanpur city and grand-mother of Lord Ajitnatha. पउम॰ ५, ५२;

कमलसेणा. स्त्री॰ (कमलसेना) एक राज पुत्री. Name of a princess. महा॰

कमला. स्त्री॰ (कमला) (१) रावण की एक पत्नी. Name of Ravan's wife. पउम॰ ७४, ६; (२) लक्ष्मी. An epithet of Lakshmi. सु॰ च॰ २७५; (३) छन्द विशेष. Name of a metre. पिंग॰ —अर. पुं॰ (कर) धनाढ्य; धनी. A wealthy man. को॰ १, २६;

कमलासण. पुं॰ (कमलासन) ब्रह्मा; विधाता. An epithet of Brahma. पाअ॰ दे॰ ७; ६२;

कमलिणी. स्त्री॰ (कमलिनी) पद्मिनी; कमल का गाछ. A lotus-plant. पाअ॰

कमलुब्भव. पुं॰ (कमलोद्भव) ब्रह्मा. An epithet of Brahma. त्रि॰ ८२;

कमेलग-य. पुं॰ स्त्री॰ (क्रमेलक) उष्ट्र; ऊंट. A camel. पाअ॰ टप॰ १०३१ टी;

कम्म—पुं॰ न॰ (कर्मन्) व्याकरण प्रसिद्ध कारक विशेष. (In gram.) The object of an action. विशे॰ २०६६; ३४२०;

कम्मंत. त्रि॰ (कुर्वत्) हजामत करता हुआ. Shaving. (२) हजाम; नापित; नाई. A barbar. कुमा॰

कम्मंतसाला. स्त्री॰ (कुर्वच्छाला) जहां पर अस्तुरा आदि सजाया जाता हो वह स्थान. A place of sharpening a razor etc. निसी॰ चू॰ ८;

कम्मण. न॰ (भोजन) भोजन. A diet; A meal, कुमा॰

कम्मस. त्रि॰ (कल्मष) (१) मलिन. Dirty; Filthy. (२) न॰ पाप. A sin. पाअ॰ दे॰ २, ७६; प्रामा॰

कम्मसिद्ध. पुं॰ (कर्मसिद्ध) कारीगर; शिल्पी. An artist; A mechanic. आव॰

कम्मारिया. स्त्री॰ (कर्मकारिका) स्त्री नौकर; दासी. A maid-servant. सु॰ च॰ ६३०;

कम्मि. त्रि॰ (कर्मिन्) कर्म करने वाला; अभ्यासी. A worker; A doer. गा॰ ६६४;

कम्हल. न॰ (कल्मल) १५, पाप. A sin. राज॰

कयउण्ण. त्रि॰ (कृतपुण्य) पुण्यशाली; भाग्यशाली. Fortunate; Lucky. सु॰ च॰ ६०६;

कयं. अ॰ (कृतम्) अलम्; बस. Enough. उवर॰ १४४;

कयंत. पुं॰ (कृतान्त) (१) शास्त्र; सिद्धान्त. A scripture. सु॰ च॰ ११६; (२) रावण का एक सुभट. Name of Ravan's warrior. पउम॰ ५६, ३१;

कयंतमुह. पुं॰ (कृतान्तमुख) रामचन्द्र के एक सेनापति का नाम. Name of Rama's general. पउम॰ ६४, ६२;

कयंब. पुं॰ (कदम्ब) समूह A collection or multitude. संबोध॰ ७०;

कयंबिय. त्रि॰ (कदम्बित) अलंकृत; विभूषित. Decorated; Ornamented. कप्प॰

कयग. पुं० (कतक) (१) वृक्ष विशेष; निर्मली. The clearing nut-plant. (२) न० कतक फल; निर्मली फल; पायपसारी The nut of this tree. "जह कयगमंजणाई" विशे० ५३६;

कयग्घ. त्रि० (कृतघ्न) उपकार न मानने वाला; कृतघ्न. Ungrateful. सु० च० ५८८,

कयज्ज. त्रि० (कदर्य) कंजूस; कृपण. Miserly; Stingy. राज०

कयड्डि. पुं० (कपर्दिन्) इस नाम का एक यक्ष देवता. Name of a demi-god. सुपा० ५४२;

कयण. न० (कदन) हिंसा, मार डालना. Killing. हे० १, २१७;

कयत्थण. न० (कदर्थन) हैरान; पीडन. Oppressing;Formenting. सु० च० १८०;

कयत्थिय. त्रि० (कदर्थित) हैरान किया हुआ; पीडित. Harassed; Tormented. सु० च० २२७;

कयन्न. त्रि० (कदन्न) खराब अन्न. Bad food. धर्मवि० १३६ ,

कयपञ्जलि. त्रि० (कृतप्राञ्जलि) कृताञ्जलि ; नमस्कार के लिए जिसने हाथ ऊँचा किया हो वह. Folding the hands in supplication. आव०

कयम. त्रि० (कतम) वहुत मे से कौन. Who or which of many ? स० ४०२ ;

कयमंगला. स्त्री० (कृतमङ्गला) इस नामकी एक नगरी. Name of a city. संत्था०

कयर. पुं० (ककर) (१) वृक्ष विशेष, करीर. A kind of tree स० २५६; (२) न० करीर का फल. A fruit of this tree पभा० १४;

कयल. पुं० (कदल) (१) कदली-वृक्ष; केला का गाछ. The plantain tree. (२) न० कदली-फल; केला. The plantain fruit. हे० १, १६७,

कयवाउ. पुं० (कृकवाकु) कुक्कुट, कुकडा, मुर्गा. A cock. गउड०

कयवाय. पुं० (कृकवाक) कुक्कट; कुकडा; मुर्गा. A cock पाश्र०

कयसण. न० (कदशन) खराब भोजन. Bad food. विवे० १३६;

कर. पुं० (कर) करका; ओला. Hails; A hail stone. पउम० ६६, १५;

करश्रा. स्त्री० (करका) करका; ओला. Hail stones. अचु० ६४;

करंक. पुं० न० (करङ्क) (१) अस्थि-पञ्जर; हाड-पञ्जर. A skeleton. उप० ७२८ टी, (२) पानदान, पान वगैरः रखने की छोटी पेटी. A betel-leaf-box. कप्पू० (३) हड्डिओं का ढेर A heap of bones. सुर० ६,२०३; (४) हड्डी; हाड. A bone. "करंकचयभीसणे" सु० च० १७५;

करंजिअ. त्रि० (भग्न) तोडा हुआ. Broken; Cut. कुमा०

करंडी. स्त्री०(करण्डी) (१) डिब्बा; पेटिका A small box. श्रा० १४;(२) कुंडी,पात्र-विशेष. A particular vessel. उप० ५६३,

करंविय. त्रि० (करम्बित) व्याप्त, खचित. Mixed, Intermingled. सु० च० ३४;

करग्गह. पुं० (करग्रह) (१) हाथ से ग्रहण करना. Taking by hands गा० ५४४; (२) पाणि-ग्रहण; शादी. Marriage. राज०

करड. पुं० (करट) (१) काक, कौआ. A crow. उर० १, १४; (२) कुसुम्भ वृक्ष. Name of a tree. (३) गिरगिट; सरट. A kind of animal. (४) हाथी का गण्डस्थल. An elephants cheek. सु० च० १३६;

करडि. पुं०(करटिन्) हाथी. An elephant. सु० च० ५०; १३६;

करण. न० (करण) आसन; पद्मासन वगैरह. A particular posture or mode of sitting. (२) न्यायालय; न्याय-स्थल. A Court of justice. उप० पृ० ११७; (३) जेल; कैदखाना. A prison; A jail. भवि० (४) उपधि; उपकरण. ओघ० नि० ६६६;

करणसाला. स्त्री० (करणशाला) न्याय-मन्दिर. A court of justice. दस० ३; १ टी;

करभी. स्त्री० (करभी) (१) उष्ट्री. A female camel. पिंड० धान्य भरने का एक बडा पात्र. A large jar for grains. वृह० २; कस०

करमंद. पुं० (करमन्द) फल वाला वृक्ष-विशेष. A particular fruitful tree. गउड०

करय. पुं० (करज) नख. A nail. हे० १, ३४;

कररुद्द. पुं० (कररुद्र) छन्द विशेष. A kind of metre. पिंग०

करलाघव. न० (करलाघव) कला विशेष; हस्त लाघव. A kind of art. कप्प०

करलि-ली. स्त्री० (कदलि-ली) (१) पताका. A flag or banner. (२) हरिण की एक जाति. A kind of deer. (३) हाथी का एक आभरण. An ornament of elephant. हे० १, २२०; कुमा०

करवंदी. स्त्री० (करमन्दी) लता विशेष; एक जात का पेड. Name of a creeper. दे० ८, ३५;

करवत्तिआ. स्त्री० (करपत्रिका) जल पात्र-विशेष. A particular drinking vessel. आ० १२;

करवाल. पुं० (करवाल) खड्ग; तलवार. A sword. सु० च० ६०;

करवीर. पु० (करवीर) वृक्ष विशेष, कनेर का गाछ. A kind of tree. गउड०

करह. पुं० (करभ) सुगंधी द्रव्य विशेष. A kind of perfume. गउड० ६६८;

करहंच. न० (करहञ्च) छंद विशेष. A particular metre. पिंग०

करहाड. पुं० (करहाट) वृक्ष विशेष; करहार; मैनफल. A kind of tree. गउड०

करादल्ल. पुं० (करादल्ल) स्वनाम ख्यात एक राजा. Name of a king. ती० ३७;

कराल. त्रि० (कराल) (१) भयानक; भयंकर. Dreadful; Formidable. कप्पू० (२) फाड़ने वाला. Gaping. (३) विकसित. Blown; Fully opened. से० १०, ४१; (४) व्यवहित. Separate by anything intervening. से ११, ६६; (५) पुं० इस नाम का विदेह देश का राजा. Name of a king of Videha country. धर्म० १;

करालिअ. त्रि० (करालित) (१) दन्तुरित; लम्बा और वहिर्निर्गत दांत वाला. Having long or projected teeth. से० १२. १०; (२) व्यवहित किया हुआ; अन्तराल वाला वनाया हुआ. Separated. से० ११, ६६; (३) भयंकर वनाया हुआ. Made terrible. कप्पू०

करावण. न० (कारण) करवाना; वनवाना. Causing to do or make. सु० च० २३२;

कराविय. त्रि० (कारित) कराया हुआ. Caused to do. स० ५६४, महा०

करिण. पु० (करिन्) हाथी; हस्ती. An elephant. उप० ६ टी;

करिणी. स्त्री० (करिणी) हस्तिनी; हथिनी. A female elephant. सु० च० ४;

करिनाह. पु० (करिनाथ) (१) एरावण; इन्द्र का हाथी. A lordly elephant. (२)

उत्तम हाथी. A noble elephant. सु० च० १०६;

करिस. पुं० (कर्ष) (१) आकर्षण; खींचाव Attracting. (२) विलेखन, रेखा करण. Furrowing. (३) मान विशेष, पल का चौथा हिस्सा. A particular weight. जो० १;

करिसग. त्रि० (कर्षक) खेती करने वाला; कृषीवल. A cultivator, आवम०

करुणाइय. त्रि० (करुणायित) जिस पर करुणा की गई हो वह. Pitied. गउड०

करुणि. त्रि० (करुणिन्) करुणा करने वाला, दयालु. Tender-hearted; kind. सण०

करोडि. स्त्री (करोटि) सिर की हड्डी. The skull सुख० २, २६;

कल. त्रि० (कल) मधुर, मनोहर. Sweet. पाश्र० —कंठी. स्त्री० (कण्ठी) कोकिला, कोयल. The cuckoo. कप्पू०

कलंक. पुं० (कलङ्क) लाञ्छन; चिन्ह. A mark, A spot कुमा० गउड०

कलंकण. न० (कलङ्कन) कलंकित करना. Stained; Defamed. प्रव० ८;

कलंकल. त्रि० (कलङ्कल) असमञ्जस; अशुभ. Unbecoming, Improper. संथा०

कलंकिअ. त्रि० (कलङ्कित) कलंकित; दागी. Stained, Defamed. हे० ४, ४३८,

कलंकिल्ल. त्रि० (कलङ्किन्) कलंक वाला, दागी Stained. काल० पि० ५९५;

कलंतर न० (कलान्तर) व्याज, सूद. Interest on money lent. कुप्र० ३५५;

कलंबुआ. स्त्री० (कलम्बुका) एक गाँव का नाम, जहाँ पर भगवान् महावीर को कालहस्ती ने सताया था. Name of a city. राज०

कलचुलि. पुं० (करचुलि) (१) क्षत्रिय विशेष A caste of kshatriyas (२) इस नाम का एक क्षत्रिय वंश. A lineage of kshatriyas. पिंग०

कलण. न० (कलन) (१) शब्द; आवाज. Sounding. (२) संख्यान;गिनती. Numbering. विशे० २०२८, (३) धारण करना. Putting on. सु० च० २५; (४) जानना, Knowing. सु०च०१६; (५) प्राप्ति; ग्रहण. Taking. आ० १६;

कलणा. स्त्री० (कलना) (१) कृति; करण. Doing, Making कप्पू० (२) धारण करना, लगाना. Putting on; Wearing. कप्पू०

कलय. पुं० (कलाद) सोनार; सुवर्णकार A goldsmith. पइ०

कयलित्तार. त्रि० (कलकलायितृ) कलकल करने वाला. Making noise. वज्जा०६६;

कलरुद्दाणी. स्त्री० (कलरुद्राणी) इस नाम का एक छन्द. Name of a metre पिंग०

कलल. न० (कलल) (१) वीर्य और शोणित का समुदाय. Mixture of semen and blood. पउम० ३६, ५६; ११८, ८; (२) कादा; कीचड, कर्दम. Mud or mire. गउड०

कललिय. त्रि०(कललित) कर्दमित, कीच वाला किया हुआ. Made foul with mud. गउड०

कलविंक. पुं० (कलविङ्क) पक्षि-विशेष, चटक; गौरिया पक्षी. A sparrow. पाश्र० गउड०

कलस. पुं० (कलश) (१) स्कन्धक छन्द का एक भेद; छन्द विशेष. A variety of metre. पिंग० (२) पुं०न० एक देव-विमान. A particular celestial car. देवेन्द्र० १४०;(३) वाद्य-विशेष.A kind of musical instrument. राय० ५७ टी,

कलसिया. स्त्री० (कलशिका) वाद्य विशेष. A particular musical instrument. आया० चू० १

कलहण. न० (कलहन) झगडा करना. Quarreling. उव०

कलहाइश्र. त्रि० (कलहायित) कलह वाला; झगडाखोर. A Fond of (prompting) quarrels. पाश्र०

कलहि. त्रि० (कलहिन्) झगडाखोर. Fond of quarrels. दे० ५, ५४;

कलहाय.न०(कलधौत) सुवर्ण, सोना. Gold. सण०

कला. स्त्री० (कला) समय का सूक्ष्म भाग. A minute division of time. विशे० २०२८;

कलाइश्रा. स्त्री० (कलाचिका) प्रकोष्ट; कोनी से लेकर मणिबन्ध तक का हस्तावयव. The fore-arm, The part above the wrist. पाश्र०

कलागुरु. पुं० (कलागुरु) कलाचार्य; विद्याध्यापक; शिक्षक. A teacher of arts. सु० च० २५;

कलाव. पुं० (कलाप) शरधि; तूण; जिसमें बाण रक्खे जाते है. A quivar दे०२,१५;

कलावय न० (कलापक) चार पद्यों की एक वाक्यता. A series of four stanzas on the same subject and forming one grammatical sentence. सम्मत्त०१८७;

कलि. पुं० (कलि) (१) एक नरकावास. A particular hell-abode. देवेन्द्र० २६ ; (२) युग-विशेप, कलियुग. The iron age. उप० ८३३; (३) पर्वत विशेप. Name of a mountain. ती० ५४; (४) प्रथमभेद. The first division निसी० चू० १५; (५) दुष्ट पुरुष. A vile or wicked man. पाश्र० —जुग. न० (युग) कलियुग. The iron age. ती० १५;

कलिश्र. त्रि० (कलित) (१) प्राप्त; गृहीत. Taken; Seized. (२) ज्ञात, विदित. Known. पाश्र०

कलिश्रा. स्त्री० (कलिका) अविकसित पुष्प. An unblown flower;A bud. पाश्र० गा० ४४२;

कलिंग. पुं० (कलिङ्ग) आदिनाथ भगवान् का एक पुत्र. Name of a son of Lord Adinatha. ती० १४,

कलिंज. पुं०(कलिञ्ज) कट; चटाई. A mat. निसी० चू० १७;

कलिल. त्रि० (कलिल) गहन; घना; दुर्भेद्य. Impervious; Impenetrable. पाश्र०

कलुसिश्र. त्रि० (कलुषित) पाप-ग्रस्त; मलिन. Sinful, bad से० १०, ५; गउड०

कलुसीकय. त्रि० (कलुषीकृत) मलिन किया हुआ. Made turbid or muddy. उव०

कल्ल. न०(कल्य) (१) शब्द; आवाज. A sound. (२) संख्या, गिनती A number. विशे० ३४४२; (३) दक्ष, चतुर Skilful; Dexterous. दे० ८, ६५;

कल्लवत्त. पुं० (कल्यवर्त्त) कलेवा; प्रातर्भोजन. Morning meal; Breakfast. स्त्रम० ६०; नाट०

कल्लवाल. पुं० (कल्यपाल) कलवार; शराब वेंचने वाला. A distiller. मोह० ६२;

कल्लाण. पुं० न० (कल्याण) (१) विवाह; लग्न. Marriage. वसु० (२) देश विशेप. Name of a country. (३) नगरविशेप. Name of a city. ती० (४) निर्वाण, मोक्ष.Final emancipation; Beautitude. विशे० ३४४०; (५) समृद्धि; वैभव. Prosperity. कप्प० (६) तप विशेप. A kind of austerity. प्रव० (७) सुवर्ण. Gold. सिरि० ३७३;

कल्लाणी. स्त्री० (कल्याणी) (१) कल्याण करने वाली स्त्री. A female doing good, A

beneficial woman. गउड० (२) दो वर्ष की बछिया. A heifter of two years. उत्तर० १०३;

कल्लि. श्र० (कल्ये) कल दिन, कल को. To-morrow. गा० ५०२;

कल्लोलिणी. स्त्री० (कल्लोलिनी) नदी. A river. कप्पू०

कवइय. त्रि० (कवचित) बख्तर वाला; वर्मित. Armoured; Mailed. पउम० ७०, ७१;

थाणीय. त्रि० (स्थानीय) स्थानापन्न. Reached to a place; Officiating. स० ६६७;

थाणु. पुं० (स्थाणु) (१) महादेव; शिव. Mahadeo; Shiva. हे० २, ७; कुमा० पाश्र० (२) खीला. A nail. (३) स्तम्भ. A pillar. राज०

थाणेसर. न० (स्थानेश्वर) समुद्र के किनारे पर का एक शहर. A city on the sea-shore. उप० ७२८ टी; स० १४८;

थावण. न० (स्थापन) न्यास; आधान. Placing; Depositing. स० २१३;

थिअ. त्रि० (स्थित) रहा हुआ. Stayed; Situated. स० २७०; विशे० १०३५;भवि०

थिराण. त्रि० (स्त्यान) कठिन; जमा हुआ. Collected into a mass;Congealed. हे० १, ७४; २, ६६; से० २, ३०;

थिवुग. पुं० (स्तिबुक) कन्द-विशेष. A kind of tuberous root. सुख० २६, ६६;

थिवुग-थिवुय. पुं० (स्तिबुक) जल-बिन्दु. A drop of water. विशे० ७०४; ७०५; —संकम. पुं० (संक्रम) कर्म प्रकृतिओं का आपस मे संक्रमण विशेष. Transition of Karmic natures among themselves. पंचा० ५;

थिमिअ. त्रि० (स्तिमित) मन्थर; धीमा. Slow. पाअ०

थिरिम. पुं०स्त्री० (स्थैर्य) स्थिरता. Firmness; Stability, Steadiness. सण०

थुअ. त्रि० (स्तुत) जिसकी स्तुति की गई हो वह; प्रशंसित Praised, Eulogized. धण० ५०; अजि० १८;

थुइवाय. पुं० (स्तुतिवाद) प्रशंसा-वचन. A laudatory speech; Panegyric. चेइय० ७४४,

थुक्क. न० (थूत्कृत) थूक; कफ; खखार. Spittle; Saliva. दे० ४, ४१;

थुक्किअ. त्रि० (थूत्कृत) थूका हुआ. Spitted. सुपा० ३४६;

थुणण. न० (स्तवन) गुण-कीर्तन; स्तुति. Praise; Commendation. सुपा० ३७;

थुणाग. पुं० (स्थूणाक) शन्निवेश विशेष; ग्राम-विशेष. A particular village आवम०

थुणिर. त्रि० (स्तोतृ) स्तुति करने वाला. One who praises. काल०

थुत्त. न० (स्तोत्र) स्तुति-पाठ. Praise; Reciting of praises. भवि०

थुत्थुक्कारिय. त्रि० (थुथुत्कारित) थुतकारा हुआ; तिरस्कृत; अपमानित. Despised; Scorned; Insulted. भवि०

थुथूक्कार. पुं० (थुथूत्कार) तिरस्कार. Hatred;Contempt; Disdain. प्रयौ० ८१;

थुल्ल. त्रि० (स्थुल) मोटा; तगड़ा. Fat; Stout; Corpulent. पिंड० ४२६;

थुवअ. त्रि० (स्तावक) स्तुति करने वाला. A praiser; Panegyrist. हे० १, ७५;

थुवण. न० (स्तवन) स्तुति; स्तव. Praise; Laudation. कुम्र०

थेअ. त्रि० (स्थेय) (१) रहने योग्य. Inhabitable. (२) जो रह सकता हो. One who can live. (३) पुं० फैसला करने वाला; न्यायाधीश. A judge. हे० ४, २६७;

थेण. पुं० (स्तेन) चोर; तस्कर. A thief. हे० १, १४७;

थेरिअ. न० (स्थैर्य) स्थिरता. Steadiness; Stability; Firmness. कुमा०

थोभ-थोभय. पुं० (स्तोभ-क) 'च' 'वै' आदि निरर्थक अव्ययका प्रयोग. An use of useless adverbs. च, वै etc. बृह० १, विशे० ६६६ टी;

द

दइअ. त्रि० (दयित) अभीष्ट; वाञ्छित. Desired; Wished. सुर० ३, २३८; –यम. त्रि० (तम) अत्यन्त प्रिय. Exeedingly loved. (२) पुं० पति; भर्त्ता. A husband. पउम० ७७, ६२;

दइच्च. पुं० (दैत्य) दानव; असुर. A demon; An evil spirit. हे० १, १५१; कुमा० पाअ० —गुरु. पुं० (गुरु) शुक्र.

The planet Venus; Name of the preceptor of demons. पाअ०

दइन्न. न०(दैन्य) दीनता; गरीबपन. Poverty; Mis rable-state. हे० १,१५१;

दइव पुं० न० (दैव) दैव; भाग्य; अदृष्ट; प्रारब्ध. Fate; Destiny; Fortune. 'अहवा कुविओ दइवो' सुर० ८,३४; हे० १,१५३; कुमा० महा० पउम० २८,६०;

दइविग. त्रि० (दैविक) देव- सम्बन्धी; दिव्य. Relating to the gods; Divine. स० ५०६;

दंठि. त्रि० (दंष्ट्रिन्) बडे दांत वाला; हिंसक जन्तु A wild boar; A savage animal; A beast of pray. नाट-वेणी०२४;

दंड. पुं० (दण्ड) (१) दुःख-जनक; परिताप जनक. Painful; Troublesome. (२) छन्द विशेष. A particular verse. पिंग० (३) एक जैन उपासक का नाम. A name of a Jain Upasaka. संथा०६१; (४) दण्ड- नायक; सेनापति. A general. वव० १, —जुज्झ. न० (युद्ध) (१) यष्टि-युद्ध. Stick against stick; Fighting with sticks and staves; Cudgelling. —लत्तिअ. त्रि० (तात) दण्ड देने वाला. One who inflicts a punishment,One who inflicts a fine. वव० १;–पासिग. पुं०(पाशिक) कोतवाल. A police magistrate. कुम० १५५; स० २९५; उप० १०३१ टी; –रास. पुं० (रास) एक प्रकार का नाच. A kind of dance. कप्पू०

दंडअल. पुं० (दण्डकल) छन्द-विशेष. A kind of verse. पिंग०

दंडग–दंडय. पुं० (दण्डक) (१) कर्ण-कुण्डल नगर का एक राजा. A king of Karna Kundla city. पउम० १, ६६; (२) दण्डाकार वाक्य पद्धति, ग्रन्थांश-विशेष. A sentence in the form of a stick. राज० (३) न० दक्षिण भारत का एक प्रसिद्ध जंगल. A famous forest of the Deccan (India). पउम० ३१,२५; –गिरि. पुं० (गिरि) पर्वत विशेष. A mountain. पउम० ४२, १४;

दंडलइअ. त्रि०(दण्डलातिक) दण्ड लेने वाला. One who exacts a fine वव० १;

दंडारक्खिग. पुं० (दण्डारक्षिक) दण्ड धारी प्रतीहार. A door-keeper with a staff. निसी० चू० ६;

दंडारण्ण. न० (दण्डारण्य) दक्षिण भारत का एक प्रसिद्ध जगल. A renowned forest of the Deccan (India) पउम० ४१, १; ७६, ५;

दंडावण. न० (दण्डन) सजा कराना; निग्रह कराना. Causing to punish. आ० १४;

दंडाविअ. त्रि०(दण्डित) जिसको दण्ड दिलाया गया हो वह. Caused to punish, one chastised. ओघ० ५६७ टी;

दंडिअ. पुं० (दण्डिक) (१) सामन्त राजा. A neighbouring king. प्रव० २६८; (२) राजकुलानुगत पुरुष. A descendant of royal family. प्रव० ६१; (३) दाण्डपाशिक, कोतवाल. A police-magistrate; Kotwal. धर्मसं० ५६६; (४) दण्ड वाला. Punished. वव० ४, (५) पुं० दण्ड-दाता; अपराध विचार-कर्त्ता. One who inflicts a punishment. वव० १;

दंडिअ. त्रि० (दण्डित) जिसको सजा दी गई हो वह. Punished. सुपा० ४६२;

दंत. त्रि० (ददत्) दान करता, देता. One giving; Donor. पिंड० ५६४;

दंत. त्रि० (दान्त) (१) जिसका दमन किया गया हो वह; वश में किया हुआ. Restrain-

ed; Briddled. प्रासू० १६५; (२) दो उपवास; बेला. Two fasts. संबोध० ५८;

दंतच्छुश्र. पुं०(दन्तच्छद) श्रोष्ट; होंठ. A lip. पाश्र०

दंतपुर. न०(दन्तपुर) नगर विशेष. A particular city. वव० १;

दंतवलहिया. स्त्री० (दन्तवलभिका) उद्यान-विशेष. A garden. स० ७०;

दंति. पुं०(दन्तिन्) पर्वत-विशेष. A mountain so called. पउम० १५,६;

दंतुर. त्रि०(दन्तुर) (१) उन्नत दांतवाला; जिसके दाँत उभड़ खाभड़ हो. Having long and projecting teeth.(२)ऊँचा नीचा स्थान; विषम स्थान. An uneven place. (३)आगे आया हुआ, आगे निकल आया हुआ. Projected. कप्पू०

दंतुरिय. त्रि० (दन्तुरित) देखो 'दन्तुर' शब्द. Vide 'दंतुर'. उप० १०३१ टी० सुपा० २००;

दंद पुं० (द्वन्द्व) (१) कलह; क्लेश. Quarrel; Strife. (२) युद्ध; संग्राम. War, Battle, Contest सुपा० १४७; कुमा०

दंपइ. पुं० व० (दम्पति) स्त्री पुरुष का युगल; पति-पत्नी. A couple; husband and wife. सिरि० २४८,

दंभ. पुं० (दम्भ) (१) माया; कपट. Deceit; Fraud. हे० १, १२७; (२) छन्द विशेष. A particular verse. पिंग०(३) ठगाई; वञ्चना. A deceit; Trickery. प्रव० २;

दंभग. त्रि०(दम्भक) दम्भी; ठग. Rogue. सुख० २, १७;

दंभोलि. पुं०(दम्भोलि) वज्र. A thunderbolt; कुम्म० २७०;

दंस. पुं० (दंश) दंतक्षत; सर्प या अन्य किसी विषैले कीडे का काटा हुआ घाव. A sting; A bite. हे० १, २६० टी०;

दंसग. त्रि० (दर्शक) दिखलाने वाला. One who shows; exhibitioner. स०४८१;

दंसण. न० (दंशन) दांत से काटना. Biting or crushing with teeth;Chewing. से० १, १७;

दंसणि. त्रि० (दर्शनिन्) किसी धर्म का अनुयायी. A follower of a religion. सुपा० ४६६; (२) दार्शनिक; दर्शन शास्त्र का जानकार. One familiar with the systems of philosophy. कुम्म० २६; कुम्मा० २१;

दंसावण. न० (दर्शन) दिखाना. To show. उप० २११ टी;

दंसाविश्र. त्रि० (दर्शित) दिखलाया हुआ. Shown; Displayed. सुपा० ३८६;

दक्क. त्रि० (दष्ट) जो दांत से काटा गया हो वह. Bitten. षड्०

दक्ख. पुं० (दक्ष) भगवान् मुनिसुव्रत स्वामी का एक पौत्र. A grandson of Lord Munisuwrata. पउम० २१, २७,

दक्खण. न० (दर्शन) (१) अवलोकन; निरीक्षण. Observation; Inspection. (२) देखनेवाला; निरीक्षक. One who sees; Inspector. कुमा०

दक्खविश्र. त्रि० (दर्शित) दिखलाया हुआ. Shown. पाश्र० कुमा०

दक्खा. स्त्री० (द्राक्षा) (१) वल्ली-विशेष; दाख का पेड़. A creeper of grapes; Vine. (२) फल विशेष; दाख; अंगूर. Grape. कप्पू० सुपा० २६७, ५३६;

दक्खायणी. स्त्री० (दाक्षायणी) गौरी; शिव-पत्नी. Parvati, Gauri; wife of Lord Shiva. पाश्र०

दक्खिण. त्रि० (दक्षिण) (१) दक्षिण दिशा में स्थित. Situated in the south. सुर० २, १८; गउड० (२) निपुण; चतुर.

Skilld, Proficient. प्रामा० (३) हितकर, अनुकूल. Favourable. (४) अपसव्य, वामेतर; दाहिना. Right. कुमा०
—पच्छिमा. स्त्री० (पश्चिमा) दक्षिण और पश्चिम के बीच की दिशा; नैऋत कोण. South-west direction. आवम०
—पुव्वा. स्त्री०(पूर्वा) अग्नि कोण. South-east direction. चंद० १;

दक्खिणा. स्त्री० (दक्षिणा) (१) दक्षिण दिशा. The south. जो० १; (२) दक्षिण देश. Southern Country. कप्पू०
—कखि. त्रि० (काङ्क्षिन्) दक्षिणा का अभिलाषी. Desirous of the Deccan. पउम०३०, ६३, —यण. न० (यन) (१) सूर्य का दक्षिण दिशा मे गमन. Inclination or Passing of the Sun towards the South. The fist half of the year in which the sun moves from the south to the north, the Summer Solstice (२) कर्क की संक्रान्ति से धन की संक्रान्ति तक के छः मास का काल. The second half of the year in which the sun moves from the north to the south, the winter solstice. जो० १;

दक्खिरण. अ० न० (दाक्षिण्य) (१) उदारता, औदार्य. Generosity; Liberality. (२) सरलता, मार्दव. Gentleness, Frankness; Straightness सुर० १, ६५; २, ६२; प्रासू० ८; (३) अनुकूलता. Favourableness; Agreeableness. दंस० २;

दक्खिय. त्रि० (दर्शित) दिखलाया हुआ. Shown. भवि०

दट्ठंतिय. त्रि० (दार्ष्टान्तिक) जिस पर दृष्टान्त दिया गया हो वह अर्थ. Thing some explained or illustrated by an example उप० पृ० १४३;

दढ. त्रि० (दृढ) (१) अति-निविड, प्रगाढ़. Dense; Impervious. (२) कठोर; कठिन. Hard, Harsh. पंचा० ४; (३) क्रि० वि० अतिशय, अत्यन्त. Excessive, Much. पंचा० १, ७; —धिइय. त्रि० (धृतिक) अतिशय धैर्य वाला. Having excessive patience. पउम० २१, २२;
—मूढ. त्रि० (मूढ) नितान्त मूर्ख. Exeedingly foolish. दे० १, ४,

दढभूमि. स्त्री० (दृढभूमि) एक गांव का नाम. Name of a village आवम०

दढिअ. त्रि० (दृढित) दृढ किया हुआ. Fixed, Confirmed. कुमा०

दत्त. त्रि० (दत्त) न्यस्त; स्थापित. Established, Placed. (२) पुं० स्वनाम-ख्यात एक श्रेष्ठि-पुत्र. A son of a wealthy man. उप० ५६२; ७६८ टी; (३) एक जैन मुनि. A Jaina saint. आक०(४)एक जैन आचार्य. A Jaina preceptor कुप्र० ६;

दत्त. न० (दात्र) दांती, घास काटने की हंसिया An instrument of grass cutting or sickle दे० १, १४;

दत्तिय. पुं० (दृत्रिक) वायु-पूर्ण चर्म. Leather full of air. राज०

दत्तिया. स्त्री० (दात्रिका) (१) छोटी दांती, घास काटने का शस्त्र विशेष A small scythe. राज० (२) दान देने वाली स्त्री. A female donor. चारु० २;

दद्दुर पुं० (दर्दुर) (१) वाद्य-विशेष. A kind of musical instrument. गउड० (२) प्रहार; आघात. A blow, धर्मवि०८५;

दद्दुल. त्रि० (दद्रुमत्) दाद रोग वाला. Having ringworm. सिरि० ११६;

दप्पि. त्रि० (दर्पिन्) अभिमानी; गर्विष्ठ.

Arrogant; Proud. कप्पू०
दप्पिअ. त्रि० (दर्पिक) दर्प-जनित. Produced by arrogance. उवर० १२१;
दप्पुल्ल. त्रि० (दर्पवत्) अहंकार वाला. Arrogant; Insolent. हे० २, १५९; पइ०
दब्भिय. न० (दार्भिक) गोत्र-विशेष. Name of a lineage. सू० प० १०, १६ टी;
दमग. त्रि० (दमक) दमन करने वाला. A tyrant, An oppressor निसी० चू० ६;
दमणग-य. पुं० न० (दमनक) (१) छन्द-विशेष. A particular verse. पिंग० (२) गन्ध-द्रव्य-विशेष. A fragrant substance. राज०
दमधर. पुं० (दमधर) एक जैन मुनि का नाम. Name of a Jaina saint. पउम० २०, १६२;
दमयंती. स्त्री० (दमयन्ती) राजा नल की पत्नी का नाम. The queen of king Nala. पडि० कुम्र० २४; २६;
दमिल. पुं० (द्रविड) (१) एक भारतीय देश. A region of India. (२) पुं० स्त्री० उसके निवासी मनुष्य. An inhabitant of that district. कुम्र० १७२; इक०
दम्म. पुं० (द्रम्म) सोने का सिक्का; सोना-मोहर. A gold-coin. उप० पृ० ३८७; हे० ४, ४२२;
दय. न० (दक) पानी; जल. Water. वृह० १;
दयावर. त्रि० (दयावर) दयालु. Kind; Merciful; Compassionate. पउम० २६, ४०; उप० पृ० १६१;
दर. पुं० न० (दर) (१) गुफा; कन्दरा. Cave. (२) गर्त; गड्ढा. A pit. धर्मवि० १४०; (३) भय; डर. Fear, Dread. कुमा०
दरमलिय. त्रि० (मर्दित) आहत, चूर्णित. Beaten; Pounded. भवि०
दरि. स्त्री० (दरि) गुफा; कन्दरा. Cave. —आर. पुं० (चर) किंनर. A mythical being with a human figure and the head of a horse. से० ६, ४४;
दरिअ. त्रि० (दीर्ण) डरा हुआ, भीत. Feared; Frightened. कुमा० सुपा० ६४५;
दरिआ. स्त्री० (दरिका) कन्दरा; गुफा. Den; Cave. नाट-विक० ८४;
दरिद्द. त्रि० (दरिद्रिन्) निर्धन; दीन; गरीब. Poor. 'अम्हे दरिद्दिणो' महा० सप्त०
दरिद्दिय. त्रि० (दरिद्रित) दुःस्थित, जो धन-रहित हुआ हो. Poor and wretched. महा० पि० २२७,
दरिसणीय. न० (दर्शनीय) भेट; उपहार. A present; A gift. सुर० १०, ६;
दरिसाणव. न० (दर्शन) (१) दर्शन; साक्षात्कार. Observing, Seeing. आव १; (२) त्रि० दर्शक; दिखलाने वाला. One who shows. भवि०
दरिसाव. न० (दर्शन) दर्शन; साक्षात्कार. Looking at; Face to face. महा० सुपा० ११५;
दरिसिअ. त्रि० (दर्शित) दिखलाया हुआ. Showed; Displayed. कुमा० रत्न०
दल. न० (दल) (१) सैन्य; लश्कर. Army; A body of troops. कुमा० (२) धन; सम्पत्ति. Wealth; Riches. सुपा० ६२८;
दलण. न० (दलन) (१) पीसना; चूर्णन. Levigating; Pounding. Grinding. सुपा० १४; ६१६; (२) चूर्ण करने वाला. One who levigates. सुपा० २२४; ४६७; कुम्र० १३२; ३८२;
दलिअ. त्रि० (दलित) विकसित. Bloomed; Expanded. से० १२, १; (२) पीसा हुआ. Levigated; Crushed. पाअ० गा० ६६१; (३) विदारित; खण्डित. Broken; Torn. सुर० ४, १२२

दवदवा. स्त्री० (द्रवद्रवा) वेग वाली गति Speedy motion. पउम० ८, १७३;

दवरिया. स्त्री० (दवरिका) छोटी रस्सी. String. विशे०

दवावण. न० (दापन) दिलाना. Causing to give. निसी० चू० २;

दवाविअ. त्रि० (दापित) दिलाया हुआ. Caused to give. सुपा० १२०; स० १६२; महा० उप० पृ० ३८४; ७२८ टी;

दविअ त्रि० (द्रवित) द्रव-युक्त; पनीली वस्तु. Liquid; Fluid. ओघ०

दविडी. स्त्री० (द्राविडी) लिपि विशेष. A particularal alphabet विशे० ४६४टी;

दव्व पुं० न० (द्रव्य) (१) गौण; अप्रधान; Subordinate; Secondary; Unessential. (२) बाह्य; अतथ्य. External; Exterior. पंचा० ४; ६; (३) न० योग्यता. Fitness; Propriety. पंचा० ६, १०; —लिंगि. त्रि० (लिङ्गिन्) भेषधारी साधु. A disguised saint. गु० १०,—वेय. पुं० (वेद) पुरुष आदि का बाह्य आकार. The external form of man etc. राज०

दसकंठ. पुं० (दशकण्ठ) रावण; Name of a celebrated demon; King of Lanka से० १४, ६१;

दसकंधर. पुं० (दशकन्धर) राजा रावण. The king Ravana of Lanka. गउड०

दसग्गीव. पुं० (दशग्रीव) रावण. King Ravana. पउम० ७३, ८;

दसण. न० (दशन) डंश; काटना. Biting; Stinging प्रव० ३८;

दसणच्छय. पुं० (दशनच्छद) होठ; A lip. सुर० १२, २३४;

दसबल. पुं० (दशबल) भगवान् बुद्ध. Lord Buddha. पाअ० हे० १, २६२;

दसमासिअ. त्रि० (दशमाषिक) दस मासे का तौल वाला; दस मासे का परिमाण वाला. Weighing ten Mashas (A kind of weight). कप्पू०

दसवअण. पुं० (दशवदन) राजा रावण. King Ravana. से० १०, ४;

दसा. स्त्री० (दशा) (१) सौ वर्ष के प्राणी की दस२ वर्ष की अवस्था. A hundred years old creature's course of life after every ten years. दसनि० १; (२) सूत या ऊन का छोटा और पतला धागा. A cotton or woollen small and thin thread. ओघ० ७२४;

दसाणण. पुं० (दशानन) राक्षसेश्वर रावण. Ravana, a king of demons. से० ३, ६३;

दसुत्तरसय. न० (दशोत्तरशत) (१) एक सौ दस. One hundred and ten. (२) त्रि० एक सौ दसवां; ११०वां. One hundred and tenth. पउम० ११०, ४४;

दहण. पुं० (दहन) अग्नि. Fire. उप० पृ० २२; सुपा० ४७४; आ० २८;

दहणी. स्त्री० (दहनी) विद्या विशेष. A kind of magical skill. पउम० ७, १३८,

दहावण. त्रि० (दाहक) जलाने वाला. One who burns or kindles. सण०

दहि. स्त्री० (दधि) तेला; लगातार तीन दिन का उपवास. Three fasts at a stretch. संबोध० ५८;

दहिमुह. पुं० (दधिमुख) (१) द्वीप-विशेष. A particular island. पउम० ५१, १; (२) एक नगर. City. पउम० ५१, २;

दहिवाहण. पुं० (दधिवाहन) नृप-विशेष. Name of a king. महा०

दहिसर. पुं० (दधिसर) खाद्य द्रव्य-विशेष. A kind of eatable. दे० ३, २६; ५, ३६;

दाइ. त्रि० (दायिन्) दाता; देने वाला. A donor. उप० पृ० १६२;

दाइअ. पुं० (दायिक) (१) पैतृक संपत्ति का हिस्सेदार A partner of patrimony. उप० पृ० ४७, महा० (२) समान गोत्रीय. A kinsman of the same family. कप्प०

दाइज्जय. न० (देयक) पाणि ग्रहण के समय वधू-वर को दिया जाता द्रव्य. A nuptial present given to the bride and the bride-groom. सिरि० ४६६;

दाडिमी. स्त्री० (दाडिमी) अनार का पेड. The pomegranate tree. पि० २४०;

दाढि. त्रि० (दंष्ट्रिन्) सूअर, वराह. A wild boar. पउम० ७, १८;

दाण. पुं० न० (दान) हाथी का मद. Ichor or the juice that exudes from the temples of an elephant in rut. पत्र० पड्० गउड०

दाणपरमिया. स्त्री० (दानपारमिता) दान, उत्सर्ग; समर्पण. Giving, Granting; Donation. धर्मसं० ७३७,

दाणविरय. पुं० (दानविरत) एक राजा. King सुपा० १००,

दाथ. त्रि० (द्वाःस्थ) (१) द्वार पर स्थित. Stood on the door. (२) प्रतीहार; चपरासी. A door-keeper. दे० ६, ७२;

दापण न० (दापन) दिलाना. Causing to give. सत्त० २६ टी;

दामड्ढि. पुं० (दामार्थिन्) सौधर्म देवलोक के इन्द्र के वृषभ-सैन्य का अधिपति देव. A commanding god of the bullock-army of the lord of the Saudharma heaven इक०

दामवंत. त्रि० (दामन्वत्) माला वाला. Having a garland. कुमा०

दामिय. त्रि० (दामित) संयमित, नियन्त्रित. Restrained; Bridled. सण०

दामोअर. पुं० (दामोदर) श्रीकृष्ण वासुदेव. Shree Krishna Vasudeo. ती० ४;

दारग्गला. स्त्री० (द्वारार्गला) दरवाजे का आगल. The bolt of a door. गा० ३२२,

दारट्ठ-दारत्थ. त्रि० (द्वारस्थ) (१) द्वार में स्थित. Stood in the door. (२) पुं० दरवान, प्रतीहार. A door-keeper. बृह० १;

दारपाल. पुं० (द्वारपाल) दरवान; द्वार-रक्षक. A gate-keepr or janitor or porter. उप० ५३० टी० सुर० १०, १३६; महा०

दारवालय. पुं० (द्वारपालक) दरवान, प्रतीहार. A door-keeper; A janitor. पउम० १७, १६; सुपा० ४६६;

दारय. त्रि० (दारक) विदारण करनेवाला; विध्वंसक One who destroys. कुम्र० १३०;

दारिअ. त्रि० (दारित) विदारित; फाड़ा हुआ. Torn; Divided, Split; Rent पाअ०

दारिद्द न० (दारिद्र्य) आलस्य. Idleness; Laziness. प्रामा०

दारिद्दिय. त्रि० (दारिद्रित) दरिद्रता-प्राप्त; दरिद्र. Indigent; Poor. पउम० ५५,२५;

दारुग्गाम. पुं० (दारुग्राम) ग्राम-विशेष. Village. पउम० ३०, ६०;

दारुण. त्रि० (दारुण) (१) क्रोध-युक्त; रौद्र. Indignant; Wrathful; Fierce. वव० १, (२) कष्ट; दु.ख. Evil, Misery; Suffering; Hardship. स० ३२२; (३) दुर्भिक्ष; अकाल. Scarcity of provisions, Dearth, Famine. उप० १३६ टी,

दारुणी. स्त्री० (दारुणी) विद्या-देवी-विशेष. Name of goddess. पउम० ७, १४०;

दारुपुत्तय. पुं० (दारुपुत्रक) कठपुतला. A wooden doll; Puppet. अच्चु० ८२;

दाव. पुं० (दाव) (१) वन; जंगल. A forest or jungle. (२) देव; देवता; A god. से० ६, ४३; (३) जंगल की अग्नि. A forest-conflagration. पाअ० —**अणल.** पुं० (अनल) जंगल की आग. A forest-conflagration. सण० सुपा० १६७; पडि०—**ग्गि.** पुं० (अग्नि) जंगल की आग. A fire in the forest, a forest on fire. सण० सुपा० १६७; पडि०

दावण. न० (दापण) दिलाना. Causing to give. सुपा० ४६६,

दावणया. स्त्री० (दापना) दिलाना. To cause to give. स० ५१; पडि०

दाविअ. त्रि० (दर्शित) दिखलाया हुआ; प्रदर्शित. Shown, Displayed. पाअ० से० १, ५३; ५, ८०;

दाविअ. त्रि० (दापित) दिलाया हुआ. Caused to give. सुपा० २४१,

दाविअ. त्रि० (द्रावित) (१) झराया हुआ; टपकाया हुआ. Caused to ooze. (२) नरम किया हुआ. Made soft; Softened. अच्चु० ८८;

दास. पुं० (दर्श) दर्शन; अवलोकन. Looking at; Seeing; Observation. षड्०

दास. पुं० (दास) धीवर. A hunter; A fowler. 'केवट्टो धीवरो दासो' पाअ०

दासरहि. पुं० (दाशरथि) राजा दशरथ का पुत्र रामचन्द्र. Name of Rama, a son of Dasaratha से० १, १४;

दाससच्च पुं० (दाससत्य) श्रीकृष्ण. Shree Krishna. अच्चु० १७;

दाहण. न० (दाहन) जलाना, भस्म कराना. Burning; Reducing to ashes. पउम० १०२, १६१;

दाहविअ. त्रि० (दाहित) जलवाया हुआ; आग लगवाया हुआ. Burnt, हम्मीर० २७;

दाहिणपह. पुं० (दक्षिणपथ) (१) दक्षिण देश की ओर का रास्ता. A road to the Daccan. (२) दक्षिण देश The southern part of India, The Deccan. 'गच्छामि दाहिणपहं' पउम० ३२, १३,

दाहिणी. स्त्री० (दक्षिणा) दक्षिण दिशा. The south. कुमा०

दि० त्रि० व० (द्वि) दो; दो की संख्या वाला. Two. हे० १, ६४; से० ६, ५३,

दिअ. पुं० (द्विज)(१) दन्त, दांत. A tooth. (२) ब्राह्मण आदि तीन वर्ण, ब्राह्मण, क्षत्रिय और वैश्य. The first three castes of the Hindus viz. A Brahmana, Kshatriya and Vaishya (३) वृक्ष विशेष, टिंवरु का पेड़. A kind of tree. हे० १. ६४, —**राय.** पुं० (राज) (१) उत्तम द्विज. The best Brahmana (२) चन्द्रमा. The moon, सुपा० ४१२, कुम० १६;

दिअ. पुं० (द्विक) काक; कौआ. A crow. उप० ७६८ टी;

दिअ. पुं० (द्विप) हस्ती; हाथी. An elephant. हे० २, ७६;

दिअ. त्रि० (हत) हत; मार डाला हुआ. Killed. कुम० १६;

दिअ. त्रि० (दित) छिन्न. Cut, Torn, Rent. धम्मो० १;

दिअंवर. त्रि० (दिगम्बर) नग्न, वस्त्र-रहित. Stark naked; Unclothed. (२) पुं० एक जैन संप्रदाय. A Jaina Sampradaya; A Jain sect. भवि० उवर० १२२; कुम० ४४३;

दिअस. पुं० न० (दिवस) दिन; दिवस. A day. गउड० पि० २६४,—**कर.** पुं० (कर) सूर्य; रवि. The sun. से० १, ५३; —**नाह.** पुं० (नाथ) सूर्य; सूरज. The sun. पउम० १४, ८३;

दिउण. त्रि० (द्विगुण) दूना; दुगुना. Two fold; Double, Twice पिं० ७६८;

दिक्काण. पुं० (द्रेष्काण) मेष आदि लग्नों का दशवाँ हिस्सा. The tenth part of the Masha etc. (the sign of Aries of the zodiac.) राज०

दिग्घिआ. स्त्री० (दीर्घिका) वापी; सीढ़ी वाला कूप. A large well with steps leading down to the water's edge. स्वप्न० ४६; विक्र० १३६;

दिच्छा. स्त्री० (दित्सा) देने की इच्छा. Desire of giving कुम० २६६;

दिट्ठ. त्रि० (दृष्ट) (१) अभिमत Approved. Accepted; Admitted. (२) ज्ञात; प्रमाण से जाना हुआ. Known; Understood. उप० ८८२; वृह० १; —पाठि. त्रि० (पाठिन्) चरक-सुश्रुतादि का जानकार. Knowing or familiar with Charaka and Sushruta. ओघ० ७४;

दिट्ठंतिअ. त्रि० (दार्ष्टान्तिक) जिस पर उदाहरण दिया गया हो वह. Explained by illustration. विशे० १००४ टी;

दिट्ठि. स्त्री० (दृष्टि) तारा, मित्रा आदि योग दृष्टि. Yogic dristi (A kind of vision) called Tara and Mitra. सिरि० ६२३;

दिट्ठिकीव. पुं० (दृष्टिक्लीब) नपुंसक विशेष. A kind of impotent person. निसी० चू० ४;

दिट्ठिबंध. पुं० (दृष्टिबन्ध) नजर बांधना. Fascination or deception of the sight; Jugglery. उप० ७२८ टी;

दिट्ठिराय पुं० (दृष्टिराग) (१) दर्शन राग; अपने धर्म पर अनुराग. Affection for one's own religion. धर्म० २; (२) चाक्षुष स्नेह. Optical love. अभि० ७४;

दिट्ठिल्ल. त्रि० (दृष्टिमत्) प्रशस्त दृष्टि वाला. Having praiseworthy eyes. पउम० २८,२२;

दिट्ठिविस. पुं० (दृष्टिविष) जिसकी दृष्टि में विष हो ऐसा सर्प. A serpent. से० ४, ४०;

दिणइंद. पुं० (दिनेन्द्र) सूर्य; रवि. The sun. सण०

दिणवंधु. पुं० (दिनवन्धु) सूर्य; रवि. The sun. पुप्फ० ३७;

दिणमुह. न० (दिनमुख) प्रभात; प्रातःकाल. Morning; The day-break. पाअ०

दिणरयणिकरी. स्त्री० (दिनरजनिकरी) विद्याविशेष. A kind of magical skill. पउम० ७, १३८;

दिणिंद. पुं० (दिनेन्द्र) सूर्य; रवि. The sun. सुपा० २४०,

दिणेस. पुं० (दिनेश) (१) सूर्य; सूरज. Sun. कप्पू० (२) बारह की संख्या. A number of twelve. विवे० १४४;

दिण्णेल्लय. त्रि० (दत्त) दिया हुआ. Given. ओव० २२ भा०टी.

दित्त. त्रि० (दीप्त) (१) तीक्ष्णीभूत; निशित. Sharpened, Whetted. लहुअ० ११;

दित्त. त्रि० (दृप्त) (१) मारने वाला. A killer. (२) हानि-कारक. Injurious. ओघ० ३०२;

दित्तिल्ल. त्रि० (दीप्तिमान्) प्रकाश वाला. Bright; Shining. सम्मत्त० १५६;

दिदिक्खा-दिदिच्छा. स्त्री० (दिदृक्षा) देखने की इच्छा. Desire of giving. राज० सुपा० २६४;

दिद्ध. त्रि० (दिग्ध) लिप्त. Smeared; Anointed; Daubed. निसी० चू० १;

दिप्प. त्रि० (दीप्र) चमकने वाला; तेजस्वी. Shining; Brilliant; Radiant. से० १६१;

दिरय. पुं० (द्विरद) हस्ती; हाथी. An elephant. हे० १, ६४;

दिवाइत्ति. पुं० (दिवाकीर्ति) चाण्डाल; भंगी. A pariah; A scavenger. दे० ५, ४१;

दिवाकित्ति. पुं० (दीवाकीर्त्ति) नापित; हजाम A barber. कुम्र० २८८;

दिवामुह. न० (दिवामुख) प्रभात. Morning; Dawn, Day-break. गउड०

दिवायर. पुं० (दिवाकर) (१) सिद्धसेन नामक विख्यात जैन कवि और तार्किक. A well-known poet and philosopher named Siddhasena. (२) पूर्वधर मुनि. A saint versed in Purvas. सम्मत्त० १४१;

दिवायरत्थ. न० (दिवाकरास्त्र) प्रकाश कारक अस्त्र-विशेष. A kind of missile, casting light. पउम० ६१, ४४,

दिविअ. पुं० (द्विविद) वानर-विशेष. A kind of monkey. से० ४, ८, १३, ७२;

दिविज. त्रि० (दिविज) (१) स्वर्ग में उत्पन्न. Born in the heaven. (२) पुं० देव; देवता. A god. अजि० ७;

दिव्व. न० (दिव्य) (१) शपथ विशेष; आरोप की शुद्धिके लिए किया जाता अग्निप्रवेश आदि. A kind of oath; A solemn declaration. उप० ८०४; (२) प्राचीन काल मे अपुत्रक राजा की मृत्यु होजाने पर जिस चमत्कार जनक घटना से राज-गद्दी के लिए किसी मनुष्य का निर्वाचन होता था वह हस्ति गर्जन, अश्वहेषा आदि अलौकिक प्रमाण. In the old days, when a king died heirless, any person appointed as a king on the base of wonderful events. The trumpeting of an elephant, neighing of a horse etc. were supernatural proofs. उप० १०३१ टी; (३) तेला, तीन दिन का लगातार उपवास. Three fasts at a time. संबोध० ५८;

—माणुस. न० (मानुष) देव और मनुष्य संबन्धी हकीकतों का जिसमें वर्णन हो ऐसी कथा वस्तु. A story describing the details relating to gods and man. स० २;

दिस. पुं० (दिश) एक देव-विमान. A celestial air-ship. देवेन्द्र० १३१;

दिस. त्रि० (दिश्य) दिशा में उत्पन्न. Produced in any quarter. से० ६, ५०;

दिसआ. स्त्री० (दृषद्) पत्थर; पाषाण. Stone. षड्०

दिसाअक्क. न० (दिशाचक्र) दिशाओं का समूह. A collection of directions. गा० ५३०;

दिसागअ. पुं० (दिग्गज) दिग्-हस्ती. One of the eight elephants said to guard and preside over the eight cardinal points. से० २, ३; १०, ४६;

दिसादंति. पुं० (दिग्दन्तिन्) दिग्-हस्ती. Vide 'दिसागअ'. सुपा० ४८,

दिसामत्त न० (दिङ्मात्र) अत्यल्प; संक्षिप्त. The mere direction or indication; Hint. उप० ४७६;

दिसेभ. पुं० (दिगिभ) दिग्गज; दिग्-हस्ती. Vide 'दिसागअ'. गउड०

दिस्स. त्रि० (दृश्य) देखने योग्य; प्रत्यक्ष ज्ञान का विषय. Visible; Worthy to be seen. धर्मसं० ४२८;

दिहि. स्त्री०(धृति) धैर्य; धीरज. Patience. हे० २, १३१; कुमा०

दिहा. अ० (द्विधा) दो प्रकार. Indeclinable–In two parts; Two kinds, Dilemma. हे० १, ६७;

दिहिम. त्रि० (धृतिमत्) धैर्य-शाली; धीर. Firm; Steady; Resolute. कुमा०

दीव. पुं॰(द्वीप) सौराष्ट्र का एक नगर; दीव. A city called Diva in Saurrashtra. प्रव॰ १११;

दीवअ. न॰ (दीपक) छन्द विशेष A particular verse अजि॰ २६;

दीवराणु. त्रि॰ (द्वीपज्ञ) द्वीप के मार्ग का जानकार. Knowing the road to Diva. उप॰ ४६४;

दीवाली. स्त्री॰ (दीपाली) (१) दीप-पङ्क्ति. A row of lights, Nocturnal illumination. (२) दीवाली; पर्व-विशेष; कार्तिक वदि अमास. The festival called Diwali held on the night of new moon in the Ashvina month. दे॰ ३, ४३;

दीवावली. स्त्री॰ (दीपावली) देखो 'दीवाली' शब्द. Vide 'दीवाली'. ती॰ १६;

दीविअंग. पु॰ (दीपिकाङ्ग) कल्प वृक्ष की एक जाति जो अन्धकार को दूर करती है. A kind of tree which removes darkness. पउम॰ १०२; १२४;

दीवी. स्त्री॰ (दीपिका) लघु प्रदीप. A small lamp. आ॰ १६;

दीवूसव. पुं॰ (दीपोत्सव) कार्तिक वदि अमावस; दीवाली. The festival called Diwali held on the night of new moon in the Ashvina. ती॰ १६;

दीह. पुं॰(दीर्घ) (१) दो मात्रा वाला स्वर-वर्ण. Long vowel. पिंग॰ (२) कोशल देश का एक राजा. A king of Koshala country. उप॰ पृ॰ ४८; —**णिद्दा.** स्त्री॰ (निद्रा) मरण; मौत. The death. राज॰ —**दंसि.** त्रि॰ (दर्शिन्) दूरदर्शी; दूरन्देशी. Provident; Prudent, Far-sighted. सुर॰ ३, ३, सं॰ ३२; —**दिट्ठि.** त्रि॰ (दृष्टि) (१) दूर-दर्शी; दूरन्देशी. Provident; Long-sighted. (२) स्त्री॰ दीर्घ-दर्शिता. Providence; Foresight धर्म॰ १;—**पेहि.** त्रि॰(प्रेचिन्) दूर-दर्शी. Provident; Far-sighted. पउम॰ २१,२२; ३१,१०६;

दीहंध. त्रि॰ (दिवसान्ध) दिन को देखने में असमर्थ. Unable to see in the day. प्रासू॰ १७६;

दीहडक्क. त्रि॰ (दीर्घदष्ट) जिसको सांप ने काटा हो वह, One who is stung by a serpent. निसी॰ चू॰ १;

दीहपट्ठ. पुं॰(दीर्घपृष्ठ) यवराज का एक मन्त्री. A minister of Yavraja. वृह॰ १;

दीहरिय. त्रि॰ (दीर्घित) लम्बा किया हुआ. Lengthened; Elongated. गउड॰

दु. पुं॰ (द्रु) वृक्ष, पेड़; गाछ. A tree उर॰ ४;

दु. अ॰ (द्विस) दो वार; दो दफा Two times, Twice. सुर॰ १६, ४४;

दु. अ॰ (दुर्) (१) मुश्किली; कठिनाई. Difficulty. (२) निन्दा. Blame; Censure. हे॰ २, २१७; प्रासू॰ २४८; सुपा॰ १४३;

दुअ. त्रि॰ (द्रुत) पीडित; हैरान किया हुआ. Pained; Harassed; Tormented. उप॰ ३२० टी,

दुअक्खर. त्रि॰ (द्व्यक्षर) (१) अज्ञान; मूर्ख; अल्पज्ञ. Foolish; Silly. उप॰ १२६ टी; (२) पुं॰ स्त्री॰ दास; नौकर. A servant. पिंड॰

दुअणुअ. पुं॰ (द्व्यणुक) दो परमाणुओं का स्कन्ध. An aggregate or molecule of two atoms. विशे॰ २१६२;

दुअर. त्रि॰ (दुष्कर) मुश्किल; कठिनाई से जो किया जा सके वह Difficult. प्राकृ॰ २६;

दुअल्ल. न॰ (दुकूल) (१) वस्त्र; कपड़ा. A cloth; A garment. (२) महिन वस्त्र;

सूक्ष्म वस्त्र. A very fine garment. हे० १, ११६; प्राप्र०

दुश्राइ पुं० (द्विजाति) ब्राह्मण, क्षत्रिय, और वैश्य ये तीन वर्ण. The three castes of Hindus e. g. A Brahman, Kshatriya and Vaishya. हे० १, ६४; २, ७६;

दुउणिश्र. त्रि० (द्विगुणित) दूना, दुगुना. Twice, Double; Two-fold. कुमा०

दुंडुभ-दुंदुह. पुं० (दुन्दुभ) (१) सर्प की एक जाति. A kind of serpent. दे० ७, ४१;

दुकम्म. न० (दुष्कर्मन्) पाप; निन्दित काज. Sin; Wicked action. श्रा० २७; भवि०

दुकाल. पुं० (दुष्काल) अकाल. Famine, Dearth. सिरि० ४१;

दुकंदिर. त्रि० (दुष्कन्दिन्) अत्यन्त आक्रन्द करने वाला. One who laments profusely. भवि.

दुकप्प. पुं० (दुष्कल्प) शिथिल साधु का आचरण; पतित साधु का आचार. Conduct of the feeble saint. पंचभा०

दुक्कम्म. न० (दुष्कर्मन्) दुष्ट कर्म, असदाचरण. Wicked action; Bad conduct. सुपा० २८; १२०; ५००;

दुक्करकरण. न० (दुष्करकरण) पांच दिन का लगातार उपवास. Five fasts at a time संबोध० ५८;

दुक्कुल. न० (दुष्कुल) निन्दित कुल. A bad or low family. धर्म० १,

दुक्ख. क्रिवि० (दु.ख) कष्ट से, मुश्किली से. With great difficulty or trouble. वसु० (२) त्रि० दु.ख वाला; दुःखित; दु.ख-युक्त. Unhappy, Miserable. चै० ३३;—आराह. त्रि० (आराध्य) दुःख से आराधन योग्य. Worshipable with great difficulty. वज्जा० ११२;–आवह त्रि० (आवह) दुःख-प्रद. Painful; Troublesome. पउम० १५, १००,—कर. त्रि० (कर) दु.ख जनक. Painful; Troublesome. सुपा० १६५; –मज्जिय. त्रि० (अर्जित) जिसने दुःख उपार्जन किया हो वह. One who has got pain;

दुक्खत्त. त्रि० (दु.खार्त) दु.ख से पीड़ित. Distressed; Afflicted. सुपा० १६१; स० ६४२; मासू० १४४; —गवेसण. न० (गवेषण) दु.ख से पीड़ित की सेवा; आर्त शुश्रूषा. Service of the distressed. पंचा० १६;

दुक्खरिय. पुं० (दुष्करिक) दास; नौकर. A servant निसी०चू० १६;

दुक्खरिया. स्त्री०(दुष्करिका) (१) दासी; नौकरानी. A maid-servant. निसी०चू०१६; (२) वेश्या,वरांगना. A harlot; A prostitute; A concubine निसी० चू०१६;

दुक्खविश्र. त्रि० (दु खित) दु.खी किया हुआ. Distressed; Afflicted. उप० ६३४; भवि०

दुक्खोह. पुं० (दु.खौघ) दु.ख; राशि. Flood of unhappiness. पउम० १०२, १५५, सुपा० १६१;

दुक्खोह. त्रि० (दुःक्षोभ) कष्ट-क्षोभ्य; सुस्थिर. Steady; Immoveable. सुपा० १६१; ६२६;

दुखंड. त्रि० (द्विखण्ड) दो टुकड़े वाला. Having two pieces. उप० ६८६ टी; भवि०

दुगंछणा. स्त्री०(जुगुप्सना) घृणा; निन्दा. Censure; Reproach. पउम० ६५, ६५;

दुगंछा. स्त्री० (जुगुप्सा) घृणा; निन्दा. Disgust ;Aversion; Contempt. पाश्र० कुम्र० ४०७;

दुगसंपुरण. नं० (द्विकसंपूर्ण) लगातार बीस दिन का उपवास. Twenty fasts at a time. संबोध० ४८;

दुगुंछग. त्रि० (जुगुप्सक) घृणा करने वाला. One who abhors or abominates. आव० ३;

दुगुंछण. न० (जुगुप्सन) घृणा; निन्दा. Disgust; Abhorrence. पि० ७४;

दुगुंदुग. पु० (दोगुन्दुक) एक समृद्धि शाली देव. A flourishing god. सुपा० ३२८;

दुग्गंठि. स्त्री० (दुर्ग्रन्थि) दुष्ट ग्रन्थि. A bad knot. पि० ३३३;

दुग्गय. न०(दुर्गत) (१) दरिद्रता. Distress. (२) दुःख. Pain, Affliction संबोध०४;

दुग्गह. त्रि० (दुर्ग्रह) जिसका ग्रहण दुःख से हो सके वह. Which can be taken with difficulty. Difficult to be gained or accomplished. उप० पृ० ३६०;

दुग्गा. स्त्री० (दुर्गा) (१) पार्वती; गौरी. Parvati; Gauri. पाश्र० सुपा० १४८; (२) पक्षि विशेष. A kind of bird. आ० १६;

दुग्गाई-दुग्गाएवी-दुग्गादेई-दुग्गावी. स्त्री० (दुर्गादेवी) (१) पार्वती; गौरी. Parvati. (२) देवी विशेष. Durga goddess. षड्० हे० १, २७०; कुमा०—रमण. पुं० (रमण) महादेव, शिव. Mahadeo; Shiva. षड्०

दुग्गूढ. त्रि० (दुर्गूढ) अत्यन्त गुप्त; अति-प्रच्छन्न. Much concealed. वव० ७;

दुग्घड. त्रि०(दुर्घट) असंगत. Improbable; Inconsistent. धर्मवि० २७०;

दुग्घडिअ. त्रि० (दुर्घटित) दुःख से संयुक्त. Unhappy. (२) खराब रीति से बना हुआ. Badly made. 'दुग्घडिअमंचअस्स' गा० ६१०;

दुग्घर. न० (दुर्गृह) दुष्ट घर. A bad house. भवि०

दुग्घास. पुं० (दुर्ग्रास) दुर्भिक्ष; अकाल. Dearth; Famine. बृह० ३;

दुच्च. न० (दौत्य) दूत कर्म; समाचार पहुं-चाने का कार्य. Message; Mission Errand. पाश्र०

दुच्चज्ज-दुच्चय. त्रि० (दुस्त्यज) दुःख से त्यागने योग्य. Difficult to be abondoned. कुमा० उप० ७६८ टी;

दुच्चार. त्रि० (दुश्चार) दुराचारी. Vicious; Licentious. भवि०

दुच्चाारि. त्रि० (दुश्चारिन्) दुराचारी; दुष्ट आचरण वाला. Vicious; Wicked. स० ४०३;

दुच्चिंतिय. त्रि०(दुश्चिन्तित)(१) दुष्ट-चिन्तित. Badly meditated. पउम० ११८, ६७; (२) न० खराब चिन्तन. Vile contemplation. पडि०

दुच्चिगिच्छ. त्रि० (दुश्चिकित्स) जिसका प्रतीकार मुश्किल से हो वह. Difficult to be cured. स० ७६१;

दुच्चेट्ठिय. न० (दुश्चेष्टित) शारीरिक दुष्ट आच-रण. Wicked geesture. पडि० सुर० ६, २३२;

दुच्छड्ड. त्रि० (दुश्छर्द) दुस्त्यज; दुःख से छोड़ने योग्य. Difficult to be abandoned. धर्मवि० १२४;

दुच्छेज्ज. त्रि० (दुश्छेद) जिसका छेदन दुःख से हो सके वह. Difficult to be cut. पउम० ३१, ४६;

दुजीह. पुं० (द्विजिह्व) (१) सर्प; सांप. A snake; A serpent. (२) दुर्जन; खल पुरुष. An insincere person. A wicked man. सद्दि० ६३, कुमा०

दुज्जाय. त्रि० (दुर्जात) दुःख से निकलने योग्य. Difficult to come out. से०१२, ६२;

दुज्जित. पुं० (दुर्यन्त) एक प्राचीन जैन मुनि.

An ancient Jaina Saint. कप्प०

दुज्जीव. न० (दुर्जीव) आजीविका का भय. Fear of maintenance. विशे० ३४४२;

दुज्जेअ. त्रि० (दुर्जेय) दुःख से जीतने योग्य. Conquerable with difficulty. सुपा० २४८; महा०

दुज्झाण. न० (दुर्ध्यान) दुष्ट चिन्तन. Bad meditation. धर्म० २;

दुट्ठप्प. पुं० (दुष्टात्मन्) दुष्ट जीव, पापी प्राणी. An evil soul पउम० ६, १३६; ७५, १२;

दुणिअ. त्रि० (दून) पीड़ित; दुःखित. Distressed; Afflicted. गा० ११,

दुणिक्खेव त्रि० (दुर्निक्षेप) दुःख से स्थापन करने योग्य. Difficult to be established गा० १५४;

दुणिमिअ. त्रि० (दुर्नियोजित) दुःख से जोडा हुआ. Joined with difficulty. से० १२,१६;

दुणिमित्त. न० (दुर्निमित्त) खराब शकुन, अपशकुन. An ill omen; An evil augury. पउम० ७०,५,

दुणिविट्ठ. त्रि० (दुर्निविष्ट) दुराग्रही. Obstinate; Persistent निसी०चू० ११,

दुणेय. त्रि० (दुर्ज्ञेय) जिसका ज्ञान कष्ट साध्य हो वह. Difficult to be known; Incomprehensible. उवर० १२८, उप० ३२८;

दुत्तडी. स्त्री०(दुस्तटी) खराब किनारा. A bad shore or bank. धम्म० १२ टी;

दुत्तव. त्रि० (दुस्तप) कष्ट से तपने योग्य, दुःख से करने योग्य (तप). Difficult to be observed or practised. धर्मा० १७;

दुत्तुंड. पुं० (दुस्तुण्ड) दुर्मुख, दुर्जन. A wicked man. सुपा० २७८;

दुत्थ, न० (दौःस्थ्य) दुर्गति; दुःस्थिता. A bad state; 'दुत्थेवि धीरा' कुम्म०५४; सुपा०२४४;

दुत्थिअ. त्रि० (दुःस्थित) (१) दुर्गत; विपत्तिग्रस्त. Distressed; In trouble. रयण० ७५; भवि० सण० (२) निर्धन; गरीब. Indigent; Poor. कुम्म० १४६,

दुद्दंस. त्रि० (दुर्दर्श) दुरालोक; जो कठिनाई से देखा जा सके. Which can be seen with difficulty. उत्तर० १४१;

दुद्दम. पुं० (दुर्दम) राजा अश्वग्रीव का एक दूत. A messenger of the king Ashvagriva. आक०

दुद्देय. त्रि० (दुर्देय) दुःख से देने योग्य. Difficult to be given. उप० ६२४;

दुद्धंस. त्रि० (दुर्ध्वंस) जिसका नाश मुश्किली से हो. Difficult to be perished सुर० १, १२;

दुद्धर. त्रि०(दुर्धर) (१) दुर्जय. Invincible; Unconquerable. कुमा० (२) पुं० रावण का एक सुभट. A warrior of Ravana. पउम० ५६, ३०;

दुद्धसमुद्द. पुं० (दुग्धसमुद्र) क्षीर समुद्र, जिस का पानी दूध के जैसा स्वादिष्ट है. The sea of milk गा० ३८८,

दुद्धोअहि-दुद्धोदहि. पुं० (दुग्धोदधि) क्षीर समुद्र, जिसका पानी दूध की तरह स्वादिष्ट है. A sea, of which water is milk-like tasteful; An ocean of milk. गा० ४७५; उप० २११ टी,

दुन्नय. पुं० (दुर्नय) (१) अनेक धर्म वाली वस्तु में किसी एक ही धर्म को मान कर अन्य धर्म का प्रतिवाद करने वाला पक्ष. A party which disowns or conceals other natures and accepts only one nature of a thing having numerous natures. सम्म० १५; (२) त्रि० दुष्ट नीति वाला; अन्याय कारी. Having or of wicked policy. उप० ७६८ टी;

—कारि. त्रि० (कारिन्) अन्याय करने वाला. Unjust. सुपा० ३४६;

दुन्निग्गह. त्रि० (दुर्निग्रह) जिसका निग्रह दुःख से हो सके वह; अनिवार्य. Irrepressible; Ungovernable. उप० पृ० १२३;

दुन्निवार. त्रि० (दुर्निवार) रोकने के लिये अशक्य; जिसका निवारण मुश्किल से हो सके वह. Difficult to be checked; Irresistible सुपा० १२३; महा०

दुन्निवारणीय. त्रि० (दुर्निवारणीय) देखो 'दुन्निवार' शब्द. Vide 'दुन्निवार'. स० ३४३; ७४१;

दुपरिञ्चणीय. त्रि० (दुष्परित्यजनीय) दुस्त्यज; दुःख से छोड़ने योग्य. Difficult to be abandoned. काल०

दुपुत्त पुं० (दुष्पुत्र) कुपुत्र; कपूत. A disobedient son. पउम० २६, २३;

दुपेच्छ. त्रि० (दुष्प्रेक्ष) दुर्दर्श; अदर्शनीय. Difficult to be seen. भवि०

दुप्पइ. पुं० (दुष्पति) दुष्ट स्वामी. A wicked husband. भवि०

दुप्पक्खाल. त्रि० (दुष्प्रक्षाल) जिसका प्रक्षालन कष्ट साध्य हो वह. Difficult to be washed. सुपा० ६०८;

दुप्पच्चुप्पेक्खिय. त्रि० (दुष्प्रत्युत्प्रेक्षित) ठीक ठीक नहीं देखा हुआ. Badly seen. प्रव० ६;

दुप्पजीवि. त्रि० (दुष्प्रजीविन्) दुःख से जीने वाला. Living with difficulty. दसचू० १;

दुप्पडिगर. त्रि० (दुष्प्रतिकर) जिसका प्रतीकार दुःख से किया जा सके. Difficult to be resisted. बृह० ३;

दुप्पडिपूर. त्रि० (दुष्प्रतिपूर) पूरने के लिये अशक्य. Difficult to be filled. तदु०

दुप्पणिहिय. त्रि० (दुष्प्रणिहित) दुष्प्रयुक्त; जिसका दुरुपयोग किया गया हो वह. Which is misused. सुपा० ५५०; . . .

दुप्पधंस. त्रि० (दुष्प्रधर्ष) दुर्धर्ष; दुर्जय. Invincible. पि० ३०५;

दुप्परिइअ. त्रि० (दुष्परिचित) अपरिचित. Unacquainted. से० १३, १३;

दुप्परिणाम. त्रि० (दुष्परिणाम) जिसका परिणाम खराब हो; दुर्विपाक. Whose result is bad. भवि०

दुप्परिमास. त्रि० (दुष्परिमर्ष) कष्ट साध्य स्पर्श वाला. Difficult to be touched. से० ६, २४;

दुप्परियत्तण. त्रि० (दुष्परिवर्त्तन) (१) जिसका परिवर्तन दुःख से हो सके वह. Difficult to be changed. (२) न० दुःख से पीछे लौटना. To return with difficulty. नंदु०

दुप्पवंच. पुं० (दुष्प्रपञ्च) दुष्ट प्रपंच. An evil trick. भवि०

दुप्पवण. पुं० (दुष्पवन) दुष्ट वायु. A bad wind. भवि०

दुप्पह. त्रि० (दुष्पथ) जहां दुःख से जा सके वह; दुर्गम. Difficult to be known; Hard to be understood. मोह० ७२;

दुप्पाय. न० (दुष्पाप) तप-विशेष; आयंबिल तप. A kind of austerity. संबोध० ५८;

दुप्पिउ. पुं० (दुष्पितृ) दुष्ट पिता. An evil father. सुपा० २८७; भवि०

दुप्पिय. त्रि० (दुष्प्रिय) अप्रिय. Disliked; Disagreeable.—भासि. त्रि० (भाषिन्) अप्रिय-वक्ता. Speaking unkind or harsh words. सुपा० ३१४;

दुप्पेक्खणिज्ज. त्रि० (दुष्प्रेक्षणीय) कष्ट से दर्शनीय. Difficult to be seen. नाट० वेणी० २५;

दुप्फड. त्रि० (दुष्फट) मुश्किल से फटने योग्य. Difficult to be rent. त्रि० ८३.

दुब्भ. त्रि० (दुग्ध)(१) दुहा हुआ. Milked (२) न० दुहन. To milk. प्राकृ० ७७;
दुब्भरणि. स्त्री०(दुर्भरणि)दुःख से निर्वाह. Difficult to be maintained. सुपा० ३७०;
दुब्भाव. पुं० (दुर्भाव) (१) हेय पदार्थ. An object fit to be left or abandoned. पउम० ८६, ६६; (२) खराब असर. A bad impersssion. सुर० ३, १६;
दुब्भाव. पुं० (द्विर्भाव) द्वित्व; दुगुनापन. Twice, Double. चेइय० ६६०,
दुब्भाव. पुं० (द्विभाव) विभाग; जुदाई. A division. सुर० ३, १६;
दुब्भूइ. स्त्री० (दुर्भूति) अशिव, अमंगल. Inauspiciousness. बृह० ३;
दुब्भेज्ज. त्रि० (दुर्भेद्य) तोडने को अशक्य. Unable to break. पि० ८४; २८७; नाट-मृच्छ० १२३;
दुभव. न० (द्विभव) वर्तमान और आगामी जन्म. The present and future birth. आ० २७,
दुमकंत. न० (द्रुमकान्त) एक विद्याधर नगर. A Vidyadhar city. इक०
दुमत्त. त्रि० (द्विमात्र) दो मात्रा वाला स्वर वर्ण. A long vowel हे० १, ६४,
दुमासिय. त्रि० (द्वैमासिक) दो मास का, दो मास सम्बन्धी. Two months old; Of two months सण०
दुमुहुत. पुं० न० (दुर्मुहूर्त) खराब मुहूर्त; दुष्ट समय. An inauspicious moment. सुपा० २३७;
दुम्महिला. स्त्री० (दुर्महिला) दुष्ट स्त्री० A wicked lady. ओघ० ४६४ टी,
दुम्माण. पुं० (दुर्मान) झूटा अभिमान; निन्दित गर्व. Arrogance. अच्चु० ५४;
दुम्मार. पुं०(दुर्मार) विषम मार, भयंकर ताड़न. Heavy beating; Merciless flogging. 'दुम्मारेण मओ सोत्ति' आ० १२;
दुम्मारुय. पुं० (दुर्मारुत) दुष्ट पवन. Bad wind. भवि०
दुम्मिअ. त्रि० (दून) उपतापित; पीड़ित. Pained; Afflicted. गा० ७४, २२४; ४२३; भवि० काप्र० ३०;
दुम्मिल. स्त्री० न० (दुर्मिल) छन्द विशेष. A kind of verse. पिंग०
दुम्मोअ. त्रि० (दुर्मोक) दुःख से छोड़ने योग्य. Difficult to be abandoned. अभि० २४४;
दुरक्खर. त्रि० (द्व्यक्षर) परुष; कठोर. Harsh; Severe; Stern भवि०
दुरग्गह. पुं० (दुराग्रह) कदाग्रह. Foolish obstinacy, Pertinacity. कुम० २७६;
दुरज्झवसिय. न० (दुरध्यवसित) दुष्ट चिन्तन. An evil meditation सुपा० ३७७;
दुरब्भास. पुं० (दुरभ्यास) खराब आदत. A bad habit. सुपा० १६७;
दुरभिगम. त्रि० (दुरभिगम) दुर्बोध; कष्ट से जो जाना जा सके. Difficult to be known. राज०
दुरमच्च. पुं० (दुरमात्य) दुष्ट मंत्री. An evil minister कुम० २६१,
दुरवगम. त्रि० (दुरवगम) दुर्बोध. Difficult to be understood. कुम० ४८;
दुरसण. पुं० (द्विरसन) (१) सर्प; सांप. Snake, Serpent. (२) दुर्जन, दुष्ट मनुष्य. An evil man. सुपा० ५६७,
दुरहिगम्म. त्रि० (दुरभिगम्य) दुःख से जानने योग्य; दुर्बोध. Difficult to be known. 'दुरहिगम्मा' सम्म० १६१,
दुराणण. पुं० (द्व्यानन) विद्याधर वंश का एक राजा. A king of the Vidyadhar lineage. पउम० ५, ४५;
दुराणुवत्त. त्रि० (दुरनुवर्त) जिसका अनुवर्तन

क साध्य हो वह. Difficult to be followed. वव० ३;

दुरायार. त्रि० (दुराचार) (१) दुराचारी; दुष्ट आचरण वाला. Vicious; Dissolute. सुर० २, १६३; १२, २२६; वेणी० १७१; (२) पुं० दुष्ट आचरण. Wicked conduct. भवि०

दुरायारि. त्रि० (दुराचारिन्) देखो 'दुरायार' शब्द. Vide 'दुरायार'. भवि०

दुरारोह. त्रि० (दुरारोह) जिस पर दुःख से चढ़ा जा सके वह; दुरध्यास. Difficult to be ascended. गा० ४६८;

दुरालोअ. त्रि०(दुरालोक) जो दुःख से देखा जा सके; देखने को अशक्य. Difficult to be seen. से० ४, ८; कुमा०

दुरालोयण. त्रि० (दुरालोकन) देखो 'दुरालोअ' शब्द Vide 'दुरालोअ'. भवि०

दुरावह. त्रि०(दुरावह) दुर्धर; दुर्वह. Difficult to be borne. पउम०६८, ६;

दुरास. त्रि० (दुराश) (१) दुष्ट आशा वाला. Evil minded. (२) खराब इच्छा वाला Having bad motives. भवि० संधि० १६;

दुरासय. त्रि० (दुरासद) दुष्प्राप; दुर्लभ. Difficult to be attained. (२) दुर्जय. Invincible. राज०

दुरिक्ख. त्रि० (दुरीक्ष) देखने को अशक्य. Difficult to be seen. कुमा०

दुरिट्ठ. न० (दुरिष्ट) खराब यजन-याग. A bad sacrifice. दसनि० १, १०५;

दुरुत्त. न० (दुरुक्त) दुष्टोक्ति, दुष्ट वचन. Foul language. सार्ध० १०१;

दुरुत्तर. त्रि०(दुरुत्तर) दुष्ट उत्तर; अयोग्य जवाब. An unsuitable answer. हे० १, १४;

दुरुत्तार. त्रि० (दुरुत्तार) दुःख से पार करने योग्य. Difficult to be penetrable. सुपा० २६७;

दुरुवणीय. त्रि० (दुरुपनीत) जिसका उपनय दूषित हो ऐसा (उदाहरण). (In logic) Whose Upanaya (the fourth member of the five-membered Indian syllogism) is false. दसनि १;

दुरुवयार. त्रि० (दुरुपचार) जिसका उपचार कष्ट-साध्य हो वह. Difficult to be cured. तंदु०

दुरुव्वा. स्त्री० (दुर्वा) तृण-विशेष; दूब. A kind of grass. स० १२४; उप० ३१८;

दुरूहण. न० (आरोहण) अधिरोहण; ऊपर चढ़ बैठना Ascending. स० ५१;

दुरेह. पुं०(द्विरेफ) भ्रमर; भमरा. A wasp. पाअ० हे० १, ६४;

दुरोअर. न० (दुरोदर) जूआ; द्यूत. A gambler. पाअ०

दुलह. पुं० (दुर्लभ) एक वणिक पुत्र. A Bania son. सुपा० ६१७;

दुल्लंभ. त्रि० (दुर्लभ) दुराप; दुष्प्राप्य. Difficult to be attained. उप० पृ० १३६; सुपा० १६३; सण०

दुल्लक्ख. त्रि० (दुर्लक्ष्य) (१) दुर्विज्ञेय; जो दुःख से जाना जा सके; अलक्ष्य Difficult to be known. से० ८, ५; स० ६६; वज्जा० १२६; आ० २८; (२) जो कठिनाई से देखा जा सके. Difficult to be seen. कप्पू०

दुल्लग्ग. न० (दुर्लग्न) दुष्ट लग्न; दुष्ट मुहूर्त. An inauspicious election or time. मुद्रा० २१५;

दुल्ललिअ. त्रि० (दुर्ललित) (१) दुष्ट आदत वाला. Having bad habits. (२) दुष्ट इच्छा वाला. Having wicked desires. सुपा० ४८५ ; ३२८; (३) व्यसनी; दुष्ट आदत वाला. Addicted to

any vice; Vicious सुपा० २१६, (४) दुर्विदग्ध,दु.शिक्षित. Unskilled; Stupid. पाअ० (५) न० दुराशा, दुर्लभ वस्तु की अभिलाषा. Desire for an object obtainable with difficulty. महानि० ६;

दुवई. स्त्री० (द्रुपदी) छन्द विशेष. A kind of verse. स० ७१;

दुवयंगया स्त्री० (द्रुपदाङ्गजा) राजा द्रुपद की लडकी, द्रौपदी; पाण्डवों की पत्नी. Draupadi, a princess of the king Drupada. उप० ६४८ टी;

दुवयंगरुहा. स्त्री० (द्रुपदाङ्गरुहा) देखो 'दुवयंगया' शब्द. Vide 'दुवयंगया'. उप० ६४८ टी;

दुवयण. न० (दुर्वचन) खराब वचन, दुष्ट उक्ति. Abuse. पउम० २५, ११,

दुवारपाल. पुं० (द्वारपाल) दरवान; प्रतीहार. A door-keeper. सुर० १, १३४, २, १४८;

दुवारि. त्रि० (द्वारिन्) (१) द्वार वाला. Having doors. (२) दरवान; प्रतीहार. A door-keeper. 'रायदुवारी तहिं'. सुपा० २६५;

दुवियड्ढ. त्रि० (दुर्विदग्ध) दु.शिक्षित; जानकारी का झूठा अभिमान करने वाला. Proud of knowledge उप० ८३३ टी;

दुवियप्प. पुं० (दुर्विकल्प) दुष्ट वितर्क. A bad idea. भवि०

दुविलय. पुं० (दुविलक) एक अनार्य देश. A Non-Aryan country. प्रव० २७४;

दुव्वसण. न० (दुर्व्यसन) खराब आदत; बुरी आदत. Bad habit सुपा० १८४; ४८६; भवि०

दुव्वाय. पुं० (दुर्वाच्) दुर्वचन; दुष्ट उक्ति. Foul expressions or abuse. 'दुव्वाओ न य कायव्वो' पउम० १०३, १४३;

दुव्वाय. पुं० (दुर्वात) दुष्ट पवन. Bad air. णमि० ४;

दुव्वार. त्रि० (दुर्वार) कठिनाई से रोकने योग्य. अवार्य. Difficult to be prevented. से० १२, ६३; उप० ६८६ टी; सुपा० १६७; ४७१; अभि० ११६;

दुव्वास. पुं० (दुर्वासस्) एक ऋषि. Name of a sage. अभि० ११८;

दुव्विढप्प. त्रि० (दुरर्ज) दु.ख से अर्जन करने योग्य; कठिनाई से कमाने योग्य. Difficult to be earned. कुम्र० २३८;

दुव्विणीअ त्रि० (दुर्विनीत) अविनीत; उद्धत. Obstinate; Insolent. पउम० ६६, ३५, काल०

दुव्विभव्व. त्रि० (दुर्विभाव्य) दुर्लक्ष्य; दुःख से जिसकी आलोचना हो सके वह. Difficult to be expressed. ठा० ५, १ टी;

दुव्विभाव. त्रि० (दुर्विभाव) देखो 'दुव्विभव्व' शब्द. Vide 'दुव्विभव्व'. विशे०

दुव्विलसिय. न० (दुर्विलसित) (१) स्वच्छन्दी विलास. Wanton enjoyment. (२) निकृष्ट कार्य्य, जघन्य काम A low action. उप० १३६ टी;

दुव्विहिअ. न० (दुर्विहित) दुष्ट अनुष्ठान. A wicked performance. दसचू० १, १२;

दुसंकड. न० (दुसंकट) विषम विपत्ति. Painful difficulty. भवि०

दुसंथ. त्रि० (द्विसंस्थ) दो वार सुनने से ही उसे अच्छी तरह याद कर लेने की शक्ति वाला. Having a power of remembering after hearing twice. धर्मसं० १२०७;

दुसाह त्रि० (दु.साध) दुःसाध्य; कष्ट-साध्य. Difficult to be accomplished. पउम० ८६, २२;

दुसिक्खिय. त्रि० (दुशिक्षित) दुर्विदग्ध. Unskilled. पउम० २५, २१;

दुस्सउण. न० (दुःशकुन) अपशकुन. An ill omen, An evil angury. णामि० २०;

दुस्संचर. त्रि० (दुस्संचर) जहाँ दुःख से जाया जा सके, दुगम. Difficult to be passed, Impassable. स० २३१; संचि० १७;

दुस्संचार. त्रि० (दुस्संचार) देखो 'दुस्संचर' शब्द Vide 'दुस्संचर'. सुर० १, ६६;

दुस्सत. पुं० (दुष्यन्त) चन्द्रवंशीय एक राजा; शकुन्तला का पति A king of the lunar lineage पि० ३२६;

दुस्सज्झ. त्रि० (दुस्साध्य) दुष्कर. Difficult to bed सुपा० ८; ५६६,

दुस्सत्त. त्रि० (दुःसत्त्व) दुरात्मा; दुष्ट जीव. An evil soul. पउम० ८७, ६;

दुस्सल. त्रि० (दुःशल) दुर्विनीत; अविनीत. Imprudent; Stubborn, Obstinate. बृह० १;

दुस्सासण. पुं० (दुःशासन) दुर्योधन का एक छोटा भाई A younger brother of Duryodhana. चारु० १२; वेणी० १०७;

दुस्साहिअ. त्रि० (दौःसाधिक) दुःसाध्य कार्य को करने वाला. One who performs difficult action पि० ८४;

दुस्सिक्ख. त्रि० (दुःशिक्ष) दुष्ट शिक्षा वाला; दुशिक्षित, दुर्विदग्ध. Badly educated. उप० १४६ टी, कुम० २८२;

दुस्सिक्खिअ. त्रि० (दुःशिक्षित) देखो 'दुस्सिक्ख' शब्द. Vide 'दुस्सिक्ख'. गा० ६०२;

दुस्सिलिट्ठ. त्रि० (दुःश्लिष्ट) कुत्सित श्लेष वाला. Having bad relation. पि० १३६.

दुहंड. त्रि० (द्विखण्ड) दो टुकडे वाला. Cut into two pieces. रंभा०

दुहद. त्रि० (दुःखद) दुःख देने वाला; दुःख जनक. Painful; Troublesome. सुपा० ४३७;

दुहभागि. त्रि०(दुःखभागिन्) दुःख में भागीदार. A partner in distress. सुपा० ४३१;

दुहमच्चु. पुं० (दुःखमृत्यु) अपमृत्यु; अकाल मौत. Untimely death; Accidental death. सुर० ८, ४३;

दुहावण. त्रि० (दुःखन) दुःखी करने वाला. One that afflicts. सण०

दुहाविअ. त्रि० (छिन्न) खण्डित. Broken. पाअ० कुमा०

दुहाविअ. त्रि० (दुःखित) दुःखी किया हुआ. Pained; Afflicted. गउड०

दुहि. त्रि० (दुःखिन्) दुःखी; व्यथित; पीडित. Distressed, Pained. उप० ६८६ टी;

दुहिण. पुं० (द्रुहिण) ब्रह्मा चतुर्मुख. Brahma. अच्चु० १६;

दुहित्त. पुं० (दौहित्र) लडकी का लडका. Grandson; Son of a daughter. उप० पृ० ७४;

दुहित्तिया. स्त्री० (दौहित्रिका) लडकी की लडकी. Grand daughter, Daughter of a daughter. उप० पृ० ७४;

दुहित्ती. स्त्री० (दौहित्री) लड़की की लडकी. A grand daughter. श्रु० ११७;

दूइत्त. न० (दूतीत्व) दूती का कार्य; दूतीपन. Duty of a female messenger. पउम० ५३, ४५;

दूण. त्रि०(दून) हैरान किया हुआ. Harassed; Afflicted. स० ७६२;

दूभग. न०(दौर्भाग्य) दुष्ट भाग्य, खराब नसीब. Ill luck; Misfortune. उप० पृ० ३१;

दूमणाइअ. त्रि० (दुर्मनायित) जो उदास हुआ हो; उद्विग्नमनस्क. Sad; Gloomy; Sorrowful. नाट-मालती० ६८;

दूरंतिअ. त्रि० (दूरान्तरित) अत्यंत व्यवहित. Separated by a long distance. गा० ६५८;

दूरग. त्रि० (दूरग) दूरवर्ती. Far situated. उप० ६४८ टी० कुमा०

दूरचर. त्रि० (दूरचर) दूर रहने वाला. One living at distance. धम्मो० १०,

दूरत्थ. त्रि०(दूरस्थ) दूरस्थित; दूरवर्ती. Being at a distance; Remote. कुमा०

दूरल्ल. त्रि० (दूरवत्) दूरस्थित, दूरवर्ती Being at a distance; Remote. आव० ४;

दूरवत्ति. त्रि० (दूरवर्तिन्) दूर में रहने वाला. Living at a distance; Far removed; Remote. पि० ६४;

दूरीकय. त्रि० (दूरीकृत) दूर किया हुआ. Removed to a distance. आ० २८;

दूरीहूअ. त्रि० (दूरीभूत) जो दूर हुआ हो. Removed; Has been separated from. सुपा० १५८;

दूस. न० (दूष्य) तंबू, पटकुटी. A tent —हर. न० (गृह) तंबू , पटकुटी. A pavilion. स० २६७;

दूसअ. त्रि० (दूषक) दोष प्रकट करने वाला One who discloses faults. वज्जा० ६८;

दूसग. त्रि० (दूषक) (१) दूषित करने वाला Corrupting, Polluting, Vitiating. सुपा० २७५; सं० १२४; (२) दूषण निकालने वाला, दोष देखने वाला One who finds fault with. धर्मवि० ८५,

दूसण. पुं० (दूषण) (१) रावण की मौसी का लडका. A son of Ravan's mother's sister. पउम० १६, २५; (२) दूषित करने वाला. A seducer; A corrupter. स० ५२८;

दूसम. त्रि० (दुःषम) (१) खराब, दुष्ट. Wicked; Vicious. (२)पुं०काल विशेष, पांचवाँ आरा. The fifth Ara. 'दूसमे काले' सट्ठि० १५६;

दूसमित्त. पुं० (दूष्यमित्र) मौर्य वंश के नाश होने पर पाटलिपुत्र में अभिषिक्त एक राजा. A king annointed or appointed in Pataliputra after the extinction of the Maurya lineage. राज०

दूसहणीअ. त्रि० (दुस्सहनीय) दुःसह; असह्य. Unbearable; Insufferable; Intolerable. पि० ५७१;

दूसाहिअ. त्रि० (दौःसाधिक) दुसाध जाति में उत्पन्न; अस्पृश्य जाति का. Of the untouchable caste. प्राकृ० १०;

दूसि. पुं० (दूषिन्) नपुंसक का एक भेद. A kind of impotent person. 'वेएसु सज्जए दूसी' बृह० ४.

दूसिअ. पुं० (दूषित) एक प्रकार का नपुंसक. A kind of hermaphrodite. बृह०४;

दूसिआ स्त्री० (दूषिका) आंख का मैल. Rheum of the eyes. कुमा०

दूहअ. त्रि० (दुःखक) दुःखजनक. Painful; Troublesome. 'असईणं दूहओ चंदो' वज्जा० ६८,

दूहविअ. त्रि० (दुःखित) दुःखी किया हुआ; दूभाया हुआ. Distressed, Afflicted. 'किं केणवि दूहविया' कुम्मा० १२,

दूहिअ. त्रि० (दुःखित) दुःख युक्त. Unhappy, Miserable.हे०१, १३; संथि० १७,

दे अ० (दे) पाद पूरक अव्यय. An expletive adverb. प्राकृ० ८१;

देअराणी. स्त्री० (देवरपत्नी) देवरानी, पति के छोटे भाई की वहू. A wife of the husband's younger brother. दे० १, १७१; कुमा०

देउलवाडय. पुं० न० (देवकुलपाटक) मेवाड का एक गांव. A village in Mewar. वज्जा०११६;

देउलिश्रा. स्त्री० (देवकुलिका) छोटा देव स्थान. A small temple. उप० पृ० ३६६; ३२० टी,

देक्खालिश्र. त्रि० (दर्शित) दिखाया हुआ; बतलाया हुआ. Shown, Displayed. सुर० १, १४२;

देपाल. पुं० (देवपाल) एक मंत्री का नाम. Name of a minister. ती० २;

देव. पुं० (देव) पूज्य, पूजनीय. A title of honour. पंचा० १; —त्थुइ. स्त्री० (स्तुति) देव का गुणानुवाद. Praise of the god. प्राग्र० —दव्व. न० (द्रव्य) देव सम्बन्धी द्रव्य. God's wealth. क० गं० १, ५६; —देव. पुं० (देव) (१) परमेश्वर; परमात्मा. Providence, God सुपा० ५००; (२) इन्द्र; देवों का स्वामी. The Lord of gods. श्राया चू० ५;—नट्टिश्रा. स्त्री० (नर्तिका) नाचने वाली देवी, देव-नटी. A dancing goddess. अजि० २१; —भूमि. स्त्री० (भूमि) स्वर्ग; देवलोक. The heaven (२) मरण; मृत्यु. The death सुपा० ५८२; —नयरी. स्त्री० (नगरी) अमरावती; स्वर्गपुरी. Amaravati, The city of Indra. पउम० ३२, ३५; रिसि. पुं० (ऋषि) नारद मुनि. Divine sage called Narada पउम० ११, ६८; ७८, १०; —सुंदरी. स्त्री० (सुन्दरी) देवाङ्गना; देवी A goddess; A female deity. अजि० २८; —हर. न० (गृह) देव मन्दिर. A temple. उप० ४११;

देवउत्त. पुं० (देवगुप्त) ऐरवत क्षेत्र के एक भावी जिनदेव. A future Jinadeo of Airvata region. स० १५४;

देवउलिया. स्त्री० (देवकुलिका) देहरी; छोटा देव मन्दिर. A small temple. कुम्र० १४४;

देवंग. न० (दिव्याङ्ग) देवदूष्य वस्त्र. A divine garment. उप० ७२८;

देवंगण. न० (देवाङ्गण) स्वर्ग. The heaven. सम्मत्त० १६०;

देवकुलिय. पुं० (देवकुलिक) पूजारी. A worshiper. श्रावम०

देवगिह. न० (देवगृह) देव मन्दिर. A temple. सुपा० १३, ३४८;

देवच्चय. त्रि० (देवार्चक) देव की पूजा करने वाला. One who worships a god. (२) पुं० मन्दिर का पूजारी. Monk or Priest. कुम्र० ४४१; ती० १५;

देवपर. त्रि० (दैवपर) भाग्य पर ही श्रद्धा रखने वाला. Trusting to fate; A fatalist. पड्०

देवय. त्रि० (दैवत) देवसंबन्धी. Relating to the god; Divine. प्रव० १२५;

देवरक्ख. पुं० (देवरक्ष) राक्षसवंशीय एक राज-कुमार A prince of the demon-lineage. पउम० ५, १६६;

देवसाल. न० (देवशाल) एक नगर का नाम. Name of a city. उप० ७६८ टी;

देवसिश्रा. स्त्री० (देवसिका) एक पतिव्रता स्त्री, जिसका दूसरा नाम देवसेना था. A chaste and dutiful woman whose second name was Devasena. पुप्फ० ६७;

देवायरिय. पुं० (देवाचार्य) एक सुप्रसिद्ध जैन आचार्य. A well-known Jaina preceptor. गु० ७,

देविंदय, पुं० (देवेन्द्रक) देव विमान विशेष. A celestial aerial car. देवेन्द्र० १२८;

देविड्ढ. स्त्री० (देवर्द्धि) (१) देव का वैभव. Divine grandeur. (२) पुं० एक सुप्रसिद्ध जैन आचार्य और ग्रन्थकार. A notorious Jaina preceptor and

author. कप्प०

देविय. त्रि०(दैविक) देव सम्बन्धी. Divine. सुर० ४, २३६;

देवी. स्त्री० (देवी) (१) दुर्गा; पार्वती. Durga; Parvati. कप्पू० (२) एक विद्याधर कन्या A vidyadhar girl. पउम० ६, ४;

देवीकय. त्रि०(देवीकृत) देव का बनाया हुआ. Made by god. गा० ५६२;

देसंतरिअ. त्रि० (देशान्तरिक) भिन्न देश का; विदेशी. Foreign. उप० १०३१ टी; कुम० ४१३;

पज्जलिर. त्रि० (प्रज्वलितृ) (१) जलने वाला. Burning; Blazing. (२) खूब चमकने वाला. Bright; Shining. सुपा० ६३८; सण०

पज्जव. पुं० (पर्यव) परिच्छेद; निर्णय. Determination.—कसिण. न० (कृत्स्न) चतुर्दश पूर्व-ग्रन्थ तक का ज्ञान; श्रुत ज्ञान-विशष. Knowledge of fourteen Purvas. पंचभा०

पज्जा. स्त्री० (पद्या) मार्ग; रास्ता. Road; Way. सम्म० १४७, कुप्र० १७६;

पज्जा स्त्री० (पर्याय) अधिकार; प्रबन्ध-भेद. Topic; Paragraph or section. दे० ६, १; पाअ०

पज्जाअर. पुं० (प्रजागर) जागरण; निद्रा का अभाव. Waking, wakefulness. अभि० ६६;

पज्जाउल. त्रि० (पर्याकुल) विशेष आकुल; व्याकुल. Confused. स० ७२; ६७३; हे० ४, २६६;

पज्जाय. पुं० (पर्याय) (१) पूर्ण प्राप्ति. Obtaining; acquisition. विशे० ८३, (२) प्रकार, भेद. A kind. आवम० (३) अवसर. Lapse; course; expitition (of time). (४) निर्माण. Creation; Formation. हे० २, २४; (५) तात्पर्य; भावार्थ; रहस्य. Purport; meaning. सूयनि० १३६,

पज्जालण न० (प्रज्वालन) सुलगाना Burning. उप० ५६७ टी;

पज्जालिअ. त्रि० (प्रज्वालित) जलाया हुआ. Burnt. सुपा० १५१; प्रासू० १८;

पज्जुच्छुअ. त्रि० (पर्युत्सुक) अति उत्सुक. Eagerly desirous; anxious. नाट०

पज्जुण्ण. पुं० (प्रद्युम्न) (१) कामदेव. An epithet of Cupid; god of love. कुमा० (२) वैष्णव शास्त्र में प्रतिपादित चतुर्व्यूह रूप विष्णु का एक अंश. हे० २, ४२; (३) एक जैन मुनि. Jain saint. निसी० चू० १;

पज्जुत्त. त्रि० (प्रयुक्त) जटित; खचित. Fastened; joined; fixed. inlaid; set; studded. स० ३१२;

पज्जुदास. पुं० (पर्युदास) निषेध; प्रतिषेध. Prohibition. विशे० १८३;

पज्जुन्न, त्रि० (प्रद्युम्न) धनी; श्रीमन्त; प्रभूत धन वाला. Wealthy; Rich सुपा० ३२;

पज्जुवासय. त्रि० (पर्युपासक) सेवा करने वाला. A worshiper. काल०

पज्जुस्सअ-पज्जूसुअ. त्रि० (पर्युत्सुक) अति उत्सुक, विशेष उत्कण्ठित. Eagerly desirous; anxious. अभि० १०६; पि० ३२७;

पज्जोइय त्रि० (प्रद्योतित) प्रकाशित. Illuminated उप० ७२८ टी;

पज्जोयण पुं० (प्रद्योतन) एक जैन आचार्य. Jaina preceptor. राज०

पज्झट्टिआ. स्त्री० (पज्झट्टिका) छन्द विशेष. Kind of a metere. पिंग०

पज्झरण. न० (प्रक्षरण) टपकना. Oozing; trickling. वज्जा० १०८;

पज्झरिअ. त्रि० (प्रक्षरित) टपका हुआ. Oozed, trickled. पाअ० कुमा० महा० संचि० १५;

पटउडी. स्त्री० (पटकुटी) तंबू; वस्त्र गृह. Tent. सुर० १३, ६;

पटोला. स्त्री० (पटोला) वल्ली-विशेष; कोशातकी; चार-वल्ली. Kind of a creeper. सिरि० ६६६;

पट्ट. पुं० (पट्ट) (१) रथ्या; मुहल्ला. A street. 'मलियपट्टे गंतूण' सुपा० ३७३; (२) पट्टा; वकनामा; किसी प्रकार का अधिकार पत्र. A royal grant or edict. कुप्र० ११; (३) सिंहासन; गद्दी. A throne. कुप्र० २८; सुपा० २८२; (४) शाक विशेष. A kind of vegetable. —इल्ल. पुं० (वत्) पटेल; गांव का मुखिया. Chief; Leader of a village. —उडी. स्त्री० (कुटी) तंबू; वस्त्र-गृह. Tent. सुर० १३, १२७,—वालिआ. स्त्री०(वाल्मिता) एक शिरोभूषण. A kind of ornament of the head. —साला. स्त्री० (शाला) उपाश्रय; जैन मुनि को रहने का स्थान. An abode of Jaina saints. सुपा० २८५;

पट्टदेवी. स्त्री० (पट्टदेवी) पटरानी. The chief queen. सिरि० १२१२;

पट्टसुत्त. न० (पट्टसूत्र) रेशमी वस्त्र. Silk. धर्मवि० ७२;

पट्टिय. त्रि० (पट्टिक) पट्टे पर दिया जाता गांव वगैरः A village given on contract. सुपा० २७३;

पट्ठ. त्रि०(प्रष्ठ) (१) कुशल; निपुण. Clever; Sharp; Shrewd; Skilful. (२) प्रधान; मुखिया. Chief; principal; leader. राज०

पट्ठचर. त्रि० (पृष्ठचर) अनुयायी, अनुगामी. A follower. कुमा०

पट्ठवणा. स्त्री० (प्रस्थापना) (१) प्रकृष्ट स्थापना. Establishing. (२) प्रायश्चित्त-प्रदान. 'दुविहा पट्ठवणा खलु' वव० १;

पट्ठविअ. त्रि० (प्रस्थापित) भेजा हुआ. Sent away; Despatched. पाअ० कुमा०

पट्ठाण. न० (प्रस्थान) प्रयाण. Going or setting forth. सुपा० १४२;

पट्ठिउकाम. त्रि० (प्रस्थातुकाम) प्रयाण का इच्छुक. Desirous for setting forth. आ० १४;

पडंसुआ. स्त्री० (प्रतिश्रुत्) प्रतिशब्द; प्रतिध्वनि. Echo; Reverberation. हे० १, ८८; (२) प्रतिज्ञा. Promise. कुमा०

पडकुडी. स्त्री० (पटकुटी) तंबू; वस्त्र-गृह. Tent. दे० ६, ६; तीं० ३;

पडच्चर. पुं० (पटच्चर) चोर; तस्कर. Thief. नाट-मृच्छ० १३८;

पडणीअ. त्रि० (प्रत्यनीक) विरोधी; प्रतिपक्षी; वैरी. Hostile; inimical. स० ४६६;

पडपुत्तिया. स्त्री० (पटपुत्रिका) छोटा वस्त्र; रुमाल. Handkerchief. संबोध० ५;

पडहिय. पुं० (पाटहिक) ढोल बजाने वाला; ढोली. One who beats a drum. पउम० ४८, ८६;

पडहिया स्त्री० (पटहिका) छोटा ढोल. A small drum. सुर० ३, ११५;

पडाइअ. त्रि० (पलायित) जिसने पलायन किया हो वह; भागा हुआ. Fled; retreated; escaped. से० १२, १२;

पडाइया. स्त्री० (पताकिका) छोटी पताका. Small flag. कुप्र० १४२;

पडायाणीय. त्रि० (पर्याणित) जिस पर पर्याण बाँधा गया हो वह. Saddled. कुमा० २, ६३;

पडि. अ० (प्रति) (१) विशेष; विशिष्टता. Distinguished; distinct. (२) प्रतिदान; बदला. Requital; recompense. 'पडिदेइ' विशे० ३२४१; (३) फिर से. Again. 'पडिपडिय' सार्ध० ६४; दे० ६, १३; (४) प्रतिनिधिपन. Represatation. 'पडिच्छंद, उप० ७२८ टी; (५) प्रतिकूलता; विपरीतपन. Un-

Favourableness. दे० २, ४३; (६) सान्निध्य; निकटता. Vicinity; nearness. 'पडिवेसिअ' सुपा० ११२; (७) आधिक्य; अतिशय. Excess; superiority. 'पडिआयंद' (८) सादृश्य; तुल्यता. Similarity; equality. 'पडिइंदं' पउम० १०२, १११; (९) निरर्थक भी इसका प्रयोग होता है. This word is sometimes used meaninglessly. पउम० १०२, ६; (१०) प्रकर्ष. Superiority; eminence. वव० १; (११) संपूर्णता. Perfectness. चेइय० ७८२;

पडिअ. त्रि० (पतित) जिसने चलने का प्रारम्भ किया हो वह. One who began to walk. 'आगयमग्गेण य पडिआ' वसु०

पडिअंकिअ. त्रि० (प्रत्यङ्कित) (१) विभूषित. Decorated; ornamented. (२) उपलिप्त. Besmeared. भवि०

पडिअग्गिअ. त्रि० (अनुव्रजित) अनुसृत. Followed. दे० ६, ७४;

पडिअग्गिअ. त्रि० (प्रतिजागृत) भक्ति से आदृत Honoured with devotion. स० २१;

पडिअग्गिर. त्रि० (प्रतिव्रजितृ) अनुसरण करने की आदत वाला. Habituated to follow. कुमा०

पडिअत्तण. न० (परिवर्तन) फेरफार. Change. से० ४, ६६;

पडिअमित्त. पुं० (प्रत्यमित्र) मित्र शत्रु; मित्र होकर पीछे से जो शत्रु हुआ हो वह. A friend changed into an enemy. राज०

पडिअम्मिय. त्रि० (प्रतिकर्मित) सज्जित; विभूषित. Decorated; adorned. दे० ६, ३४;

पडिअरणा. स्त्री० (प्रतिचरणा) (१) की सेवा-शुश्रूषा. Service of the

sacred. ओघ० ८३; (२) भक्ति; आदर; सत्कार. Devotion; respect; adoration. उप० १३१ टी; (३) आलोचना; निरीक्षण. Inspection; observation. ओघ० ८३; (४) प्रतिक्रमण; पाप-कर्म से निवृत्ति. Repenting; criticism of sins. (५) सत्-कार्य में प्रवृत्ति. Good deeds. आव० ४;

पडिआयण. न० (प्रत्यापान) फिर से पान. Drinking again. 'तस्स य पडिआयणं' दस० चू० १, १;

पडिआयण. न० (प्रत्यादान) फिर से ग्रहण. Holding again. दस० चू० १, १;

पडिआर. पुं० (प्रत्याकार) तलवार की म्यान. Scabbard; sheath. 'एकम्मि पडिआरे' महा० स० २१९;

पडिआरि. त्रि० (प्रतिचारिन्) सेवा करने वाला. A devotee; one who serves. पव० १;

पडिइ. स्त्री० (पतिति) पतन; पात. Fall; decline; ruin. वव० ५;

पडिइंद. पुं० (प्रतीन्द्र) (१) इन्द्र; देवराज. The lord of gods. पउम० १०२, ४; (२) इन्द्र का सामानिक देव; इन्द्र के तुल्य वैभव वाला देव. A god having the same position as Indra. पउम० १०२, १११; (३) वानर वंश के एक राजा का नाम. A king of the Vanar lineage. पउम० ५, १४२;

पडिइंधण. न० (प्रतीन्धन) शस्त्र विशेष; इन्धन का प्रतिपक्षी शस्त्र. A kind of missile. पउम० ७१, ६७;

पडिउंजण. न० (प्रतियुञ्जन) योग; संयोग. A conjunction; Union; combination. से० ५, ३७;

पडिउट्ठिअ. त्रि० (प्रत्युत्थित) जो फिर से खड़ा हुआ हो वह. Risen again. से० १४, ७०; १० ६९, ४०;

पडिउत्तर. न० (प्रत्युत्तर) जवाब; उत्तर. Answer. सुर० २,१४८; भवि०

पडिउत्तरण. न० (प्रत्युत्तरण) पार जाना; पार उतरना. To cross. निसी० चू० १;

पडिउत्ति. स्त्री० (प्रत्युक्ति) खबर; समाचार. News; tidings. महा०

पडिउत्थ. त्रि० (पर्युषित) संपूर्ण रूप से अवस्थित. To appear perfectly dressed well equipped; ready. से० ४, ५०;

पडिउद्ध. त्रि० (प्रतिबुद्ध) (१) जागृत; जगा हुआ. Awakened; roused. से० १२, २२; (२) प्रकाश-युक्त. Bright; shining. से० ५, २७;

पडिउपयार. पुं० (प्रत्युपकार) उपकार का बदला; प्रतिफल. Requital of an obligation; service in return पउम० ४८, ७२, सुपा० ११५;

पडिओसह. न० (प्रत्यौषध) एक औषध का प्रतिपक्षी औषध. A medicine given to counteract the effect of the other medicine. सम्मत्त० १४२;

पडिकाय. पुं० (प्रतिकाय) प्रतिबिम्ब, प्रतिमा. An effigy; image. चेइय० ७५;

पडिकिदि स्त्री० (प्रतिकृति) (१) प्रतिकार; इलाज. Prevention; remedy. (२) बदला Requital, return. (३) प्रतिबिम्ब; मूर्त्ति. Idol; reflected image. अभि० १६६;

पडिकिय. न० (प्रतिकृत) प्रतिबिम्ब, प्रतिमा. A reflection, image चेइय० ७५;

पडिकूल. त्रि० (प्रतिकूल) (१) अनिष्ट, अनभिमत Unpleasant; Disagreeable. (२) विरोधी; विपक्ष. Hostile, Adverse, Contrary. हे० २, ६७;

पडिकूलणा. स्त्री० (प्रतिकूलना) प्रतिकूल आचरण. An offensive or hostile action or conduct. (२) प्रतिकूलता; विरोध. Unfavourableness. धर्मवि० ५८;

पडिकूलिय. त्रि० (प्रतिकूलित) प्रतिकूल किया हुआ. Made unfavourable or hostile. राज०

पडिकूवग. पुं० (प्रतिकूपक) कूप के समीप का कूप. A small well near a well. स० १००;

पडिकेसव. पुं० (प्रतिकेशव) वासुदेव का प्रतिपक्षी राजा; प्रतिवासुदेव. Prativasudeo, opponent of Vasudeo. पउम० २०, २०४;

पडिक्कमय. त्रि० (प्रतिक्रामक) प्रतिक्रमण करने वाला. One who repents. आनि० ४;

पडिक्खय. त्रि० (प्रतीक्षक) प्रतीक्षा करने वाला; बाट जोहने वाला. One who waits for. गा० ५५७;

पडिक्खंभ. पुं० (प्रतिस्तम्भ) अर्गला; आगल. A bolt. से० ६, ३३;

पडिक्खण. न० (प्रतीक्षण) प्रतीक्षा; बाट. Waiting for. दे० १, ३४, कुमा०

पडिक्खलण. न० (प्रतिस्खलन) (१) पतन. Falling. (२) अवरोध. Hinderance; obstruction. आवम०

पडिक्खलिअ. त्रि० (प्रतिस्खलित) (२) परावृत, पीछे हटा हुआ. Retreated; retired. से० १, ७, (२) रुका हुआ. Prevented. से० १, ७; भवि०

पडिक्खाविआ. त्रि० (प्रतीक्षित) (१) स्थापित. Established. (२) कृत. Done; made. 'जेण पडिक्खाविआ' कुमा०

पडिक्खिअ. त्रि० (प्रतीक्षित) जिसकी प्रतीक्षा की गई हो वह. Waited for, expected. दे० ८, १३,

पडिखलिअ. त्रि० (प्रतिस्खलित) (१) रुका हुआ. Detained. भवि० (२) रोका हुआ. Preventd. सुपा०

पडिगमण. न० (प्रतिगमन) व्यावर्तन; पीछे लौटना. Returning; going back. वव० १०;

पडिगय. पुं० (प्रतिगज) प्रतिपक्षी हाथी. A hostile elephant. गउड०

पडिगाहिय. त्रि० (प्रतिगृहीत) लिया हुआ, उपात्त. Received, taken. सुपा० १४३;

पडिग्गाहय. त्रि० (प्रतिग्राहक) प्रत्यादाता, वापिस लेने वाला. One who takes back. दे० ७, ४९;

पडिघायग. त्रि० (प्रतिघातक) प्रतिघात करने वाला One who gives a counter-blow, or repulsive उप० २६४ टी;

पडिघोलिर. त्रि० (प्रतिघूर्णितृ) डोलने वाला; हिलने वाला. Shaking; moving to and fro. से० ६, ४१,

पडिचक्क. न० (प्रतिचक्र) अनुरूप, चक्र-समुदाय. Corresponding wheels or circles राज०

पडिचरग. पुं० (प्रतिचरक) जासूस; चर पुरुष. A detective. बृह० १,

पडिचार. पुं० (प्रतिचार, (१) ग्रह आदि गति का परिज्ञान Knowledge of the planets etc (२) रोगी की सेवा-शूश्रूषा का ज्ञान स०६०३,

पडिचारय. पुं० (प्रतिचारक) नौकर, कर्मकर A servant सुपा० ३०४,

पडिचोइय त्रि० (प्रतिचोदित) (१) प्रेरित. Instigated, impelled. उप० पृ०३९४; (२) प्रतिभणित, जिसको उत्तर दिया गया हो, One who is answered or replied. पउम० ४४, ४६,

पडिच्छंद पु० न० (प्रतिच्छन्द) (१) मूर्ति, प्रतिबिम्ब. A reflection; image. उप० ७२८ टी; स०१९१; ६०६;(२) तुल्य; समान. Similality, equality. से०८, ४६;

पडिच्छंदीकय. त्रि० (प्रतिच्छन्दीकृत) समान किया हुआ. Equalized. कुमा०

पडिच्छग. त्रि० (प्रत्येषक) ग्रहण करने वाला. A receiver. निसी० चू० ११;

पडिच्छण. न० (प्रतीक्षण) प्रतीक्षा, बाट. Waiting for. उप० ३७८;

पडिच्छणा. स्त्री० (प्रत्येषणा) ग्रहण; आदान. Taking. निसी० चू० १९;

पडिच्छा. स्त्री० (प्रतीच्छा) ग्रहण; अंगीकार. Acceptance, receiving, taking. द्र० ३३; सण०

पडिछा. स्त्री० (प्रतीक्षा) प्रतीक्षण ; बाट. Waiting for. ओघ० १७४,

पडिच्छाया. स्त्री० (प्रतिच्छाया) प्रतिबिम्ब. Reflection. उप० ५९३ टी;

पडिच्छिर.त्रि० (प्रतीक्षितृ) प्रतीक्षा करने वाला. One who waits for. वज्जा० ३६;

पडिजागय. त्रि० (प्रतिजागरक) सेवा-शुश्रूषा करने वाला. One who serves.उप०७६८ टी;

पडिजग्गिय. त्रि० (प्रतिजागृत) जिसकी सेवा शुश्रूषा की गई हो वह. One who is served. सुर० ११, २४,

पडिजागर. पुं० (प्रतिजागर) (१) सेवा शुश्रूषा. Service. (२) चिकित्सा. Medical treatment ; curing ; healing. 'पडिजागरट्ठाए' सुपा० ५७६;

पडिजायणा. स्त्री० (प्रतियातना) प्रतिबिम्ब; प्रतिमा. A reflection, image, picture. चेइय० ७४,

पडिजुवइ स्त्री० (प्रतियुवति) (१) स्व-समान अन्य युवति A young woman (२) सपत्नी. Second wife. कुम० ४;

पडिजोग. पुं॰ (प्रतियोग) कार्मण आदि योग का प्रतिघातक योग; चूर्ण विशेष. Thing to counteract the effects of magic; A special powder prepared by magic. सुर॰ ८, २०४;

पडिट्ठ. त्रि॰ (पटिष्ठ) अत्यंत निपुण. Skilful; dexterous; proficient. सुर॰ १, १३५,१२, ६६;

पडिट्ठविअ. त्रि॰ (परिस्थापित) संस्थापित. Established. से॰ ५, ५२;

पडिट्ठविअ. त्रि॰ (प्रतिष्ठापित) जिसकी प्रतिष्ठा की गई हो वह. Installated; inaugurated. अच्चु॰ ६४;

पडिठाण. न॰ (प्रतिस्थान) हर जगह. In every place; every where. धर्मवि॰ ४;

पडिणव. त्रि॰ (प्रतिनव) नया; नूतन. New. विक्र॰ २६;

पडितंत. त्रि॰ (प्रतितन्त्र) स्वशास्त्र ही में प्रसिद्ध अर्थ. According to each scripture. 'सोउ पडितंतो' बृह॰ १;

पडितणु. स्त्री॰ (प्रतितनु) प्रतिमा; प्रतिबिम्ब. A reflection; image; picture. चेइय॰ ७५;

पडितप्पिय. त्रि॰ (प्रतितर्पित) भोजन आदि से तृप्त किया हुआ Satisfied with food etc वव॰ ३;

पडितुल्ल. त्रि॰ (प्रतितुल्य) समान; सदृश. Similar; Like. पउम॰ ५, १४६;

पडित्थिर. त्रि॰ (परिस्थिर) स्थिर. Firm; Steady; Fixed. से॰ २, ४;

पडिदाण. न॰ (प्रतिदान) दान के बदले में दान. Restoration; Giving bacak; Restitution. उप॰ ५६७ टी;

पडिदासिया. स्त्री॰ (प्रतिदासिका) दासी. A maid servant. दस॰ ३, १ टी;

पडिदिसा-पडिदिसि. स्त्री॰ (प्रतिदिश्) विदिशा; विदिक्. An intermediate point of the compass. राज॰ पि॰ ४१३;

पडिनमुक्कार. पुं॰ (प्रतिनमस्कार) नमस्कार के बदले में नमस्कार-प्रणाम. Salutation in return. रंभा॰

पडिनियत्ति. स्त्री॰ (प्रतिनिवृत्ति) वापिस लौटना; प्रत्यापतन. Returning. मोह॰ ६३;

पडिनिवेस. पुं॰ (प्रतिनिवेश) आग्रह; कदाग्रह. Foolish obstinacy; Pertinacity. पच्च॰ ६;

पडिनिसिद्ध. त्रि॰ (प्रतिनिषिद्ध) निवारित. Prohibited. उप॰ पृ॰ ३३३;

पडिपडिय. त्रि॰ (प्रतिपतित) फिर से गिरा हुआ. Fallen again. सार्ध॰ ६४;

पडिपाहुड. न॰ (प्रतिप्राभृत) बदले की भेंट. A present in return. सुपा॰ १४५;

पडिपिल्लण. न॰ (प्रतिप्रेरण) (१) प्रेरणा. Instigation. सुर॰ १५,१४१; (२) ढकन; पिधान. A cover; A lid. (३) त्रि॰ प्रेरणा करने वाला. An instigator. कुम्म॰ १३१;

पडिपीलण. न॰ (प्रतिपीडन) विशेष पीडन; अधिक दबाव. Oppressing; Molesting. गउड॰

पडिपुच्छिअ. त्रि॰ (प्रतिपृष्ट) जिससे प्रश्न किया गया हो. Asked. गा॰२८६;

पडिपुत्त. पुं॰ (प्रतिपुत्र) प्रपुत्र; पुत्र का पुत्र. A grandson. सुपा॰ ६;

पडिपूयग-पडिपूयय. त्रि॰ (प्रतिपूजक) पूजा करने वाला. A worshiper. राज॰

पडिपूरिय. त्रि॰ (प्रतिपूरित) पूर्ण किया हुआ. Filled. पउम॰ १०० ५०; ११५, ७;

पडिपेल्लिय. त्रि॰ (प्रतिप्रेरित) जिसको प्रेरणा की गई हो; प्रेरित. One who is instigated. सुर॰१५, १८०; महा॰

पडिपोत्तय. पुं॰ (प्रतिपुत्रक) नप्ता; कन्या का पुत्र; लड़की का लड़का. A son of a daughter. सुपा॰ १६२;

पडिप्फद्धि. त्रि॰ (प्रतिस्पर्धिन्) स्पर्धा करनेवाला. Rival; competitor. हे॰ १, ४४, २, ५३; प्राप्र॰संचि॰ १६;

पडिप्फलणा. स्त्री॰ (प्रतिफलना) (१) स्खलना. Slipping.(२) संक्रमण.Passing from one point to another. सुपा॰८७;

पडिप्फलिअ-पडिफलिअ. त्रि॰ (प्रतिफलित) (१) प्रतिबिम्बित; सक्रान्त. Reflected. से॰ १५, ३१; हे॰ १, १७; (२) स्खलित. Slipped. पाअ॰

पडिबंध. पुं॰ (प्रतिबन्ध) व्याप्ति; नियम. Invariable and inseparable connection. धर्मसं॰ १११; (२) अत्यादर बहुमान. Honour; respect. उप॰७७६; उवर॰ १४६;

पडिबंधअ-ग. त्रि॰ (प्रतिबन्धक) प्रतिबन्ध करने वाला; रोकने वाला. Impeding; obstructing, hindering. अभि॰ २५३, उप॰ ६४५;

पडिबंधण. न॰ (प्रतिबन्धन) प्रतिबन्ध; रुकावट. Obstruction; impediment; Obstacle. पि॰ २१८;

पडिबद्ध. त्रि॰ (प्रतिबद्ध) (१) उपजनित; उत्पादित. Produced. गउड॰ १८२; (२) व्यवस्थित. Managed. पंचा॰ १२; (३) वेष्टित. Wrapped. गउड॰

पडिबिंब. न॰ (प्रतिबिम्ब) परछांई; प्रतिच्छाया. A shadow. सुपा॰ २३६; (२) प्रतिमा; प्रतिमूर्त्ति. Reflection; image. पाअ॰ प्रामा॰

पडिबुज्झणया-पडिबुज्झणा. स्त्री॰ (प्रतिबोधना) (१) बोध; समझ. Preception; knowledge. (२) जागृति. Waking, waken. स॰ १५६;

पडिबुद्ध. त्रि॰ (प्रतिबुद्ध) (१) बोध-प्राप्त. Perceived. प्रासू॰ १३५; उव॰ (२) न॰ प्रतिबोध. Perception; knowledge.

पडिबोहग. त्रि॰ (प्रतिबोधक) (१) बोध देने वाला. An instructor. (२) जगाने वाला Enlightened or one who has shaken off sleepishness or ignorance. विशे॰ २४७ टी;

पडिभंग. पुं॰ (प्रतिभङ्ग) भंग; विनाश. Destruction; ruin. से॰ ५, १६;

पडिभड. पुं॰ (प्रतिभट) प्रतिपक्षी योद्धा. A warrior on the opposite side. से॰ १३, ७२; आरा॰ ५६; भवि॰

पडिभणिय. त्रि॰ (प्रतिभणित) प्रत्युत्तरित; जिसका उत्तर दिया गया हो वह. That which is answered. महा॰ सुपा॰६०; (२) निराकृत. Refuted. धर्मसं॰ ६५०; (३) न॰प्रत्युत्तर; निराकरण. An answer. धर्मसं॰ ६१;

पडिभमिय. त्रि॰ (प्रतिभ्रान्त-परिभ्रान्त) घूमा हुआ, Roamed. भवि॰

पडिभय. न॰ (प्रतिभय) भय; डर. Fear; terror. पउम॰ ७३, १२;

पडिभाग. पुं॰ (प्रतिभाग) प्रतिबिम्ब. A reflection. राज॰

पडिभिण्ण. त्रि॰ (प्रतिभिन्न) संबद्ध, संलग्न. Closely attached; united with; adhering to. से॰ ४, ५; (२) भेद-प्राप्त. Divided. प्रव॰ १६; चेइय॰ ६४२;

पडिभुअंग. पुं॰ (प्रतिभुजङ्ग) प्रतिपक्षी-भुजंग; वेश्या-लंपट. Whisk (made of cotton strings, and generally used by the monks of Jain Sect).कर्पूर॰२७;

पडिभू. पुं॰ (प्रतिभू) जामिनदार; मनौतिया. A bail; guarantor. नाट-चैत॰ ७५;

पडिम. त्रि० (प्रतिम) समान; तुल्य. Similar; alike. मोह० ३५;

पडिमल्ल. पुं० (प्रतिमल्ल) प्रतिपक्षी मल्ल. An antagonist. भवि०

पडिमा. स्त्री० (प्रतिमा) मूर्ति; प्रतिबिम्ब. A reflection; image. दसनि० १; पाअ० गा० १, ११४;

पडिमाण. न० (प्रतिमान) प्रतिमा; प्रतिबिम्ब. A reflection, idol चेइय० ७५;

पडिमुंडणा. स्त्री० (प्रतिमुण्डना) निषेध, निवारण. Prohibition. बृह० १,

पडिमुक्क. त्रि० (प्रतिमुक्त) छोड़ा हुआ. Released. से० ३. १२;

पडिमोअणा. स्त्री० (प्रतिमोचना) छुटकारा. Liberation, release से० १, ४६;

पडिमोक्खण. न० (प्रतिमोचन) छुटकारा. Liberation, release म० ४१,

पडियक्क. न० (प्रतिचक्र) युद्ध कला-विशेष A made of fighting 'ईसत्थे पडियक्के' महा०

पडियग्गण. न० (प्रतिजागरण) सम्हाल; खबर. Watchfulness, vigilance, attention धर्मसं० १०१३;

पडियरण न० (प्रतिकरण) प्रतीकार; इलाज Counter-action, obviating, prevention पिंड० ३६६,

पडियरिअ. त्रि० (प्रतिचरित) सेवित Served. मोह० १०५;

पडियारणा. स्त्री० (प्रतिवारणा) निषेध. Prohibition पंचा० १७, ३४;

पडिर. त्रि० (पतितृ) गिरने वाला. One who falls. कुमा०

पडिरक्खिअ. त्रि० (प्रतिरक्षित) जिसकी रक्षा की गई हो वह Protected. भवि०

पडिरव. पुं० (प्रतिरव) प्रतिध्वनि; प्रतिशब्द. An echo; reverberation. गउड० गा० ५५; सुर० १, २४४;

पडिराय. पुं० (प्रतिराग) लाली; रक्तपन. Redness, crimson hue. गउड०

पडिरुद्ध. त्रि० (प्रतिरुद्ध) रोका हुआ; अटकाया हुआ. सुपा० ८५; वज्जा० ५०;

पडिरोव. पुं० (प्रतिरोप) पुनरारोपण. Installing again. कुम० ५५;

पडिरोह. पुं० (प्रतिरोध) रुकावट. Impediment; Hinderance. गउड० गा० ७२४;

पडिरोहि. त्रि० (प्रतिरोधिन्) रोकने वाला. One who hinderes. गउड०

पडिलग्ग. त्रि० (प्रतिलग्न) लगा हुआ; संबद्ध. Adhered to; stuck. से० ६, ८६;

पडिलाहण. न० (प्रतिलाभन) दान; देना. Giving रंभा०

पडिलिहिअ. त्रि० (प्रतिलिखित) लिखा हुआ. Written ति० १४;

पडिलीण त्रि० (प्रतिलीन) अत्यन्त-लीन. Completely absorbed in. धर्मवि० ५३;

पडिलेहणी. स्त्री० (प्रतिलेखनी) साधु का एक उपकरण. A mendicant's act of favour or assistance; or a Jain saint requirements or his articles of utmost need. प्रव० ६१;

पडिलेहय. त्रि० (प्रतिलेखक) निरीक्षक; देखने वाला. An inspector. ओघ० ४,

पडिलोम. न० (प्रतिलोम) १) पश्चानुपूर्वी; उलटा क्रम. Inverted order. सुर० १६, ४८, निसीचू० १, (२) उदाहरण का एक दोष. A defect of illustration. (२) अपवाद. दसनि० १; Exception. राज०

पडिवइर. न० (प्रतिवैर) वैरका बदला Retaliation of hostilities; revenge. भवि०

पडिवंचण, न० (प्रतिवञ्चन) बदला. Requital; recompense. पउम० २६, ७३;

पडिवक्ख. पुं० (प्रतिपक्ष) (१) छन्द विशेष. A kind of metre. पिंग० (२) विपर्यय;

वैपरीत्य Contrariety, reverse, inversion. सण०

पडिवक्खिय. त्रि० (प्रतिपक्षिक) विरुद्ध पक्ष वाला, विरोधी. An opponent. सण०

पडिवज्जण. न० (प्रतिपत्ति) स्वीकार, अंगीकार. Acceptance. कुप्र० १४७;

पडिवज्जण. न० (प्रतिपादन) अंगीकारण; स्वीकार करवाना. Causing to accept. कुप्र० १४७; ३८६;

पडिवज्जय. त्रि० (प्रतिपादक) स्वीकार करने वाला One who accepts. स० ५०५;

पडिवज्जावण. न० (प्रतिपादन) स्वीकारण; स्वीकार कराना. Causing to accept. कुप्र० ६६,

पडिवज्जाविय. त्रि०(प्रतिपादित) स्वीकार कराया हुआ. Caused to accept. महा०

पडिवट्टअ. न०(प्रतिपट्टक) एक प्रकार का रेशमी कपड़ा. A kind of silk कप्पू०

पडिवड्ढावअ. त्रि०(प्रतिवर्धापक) (१) वधाई देने पर उसे स्वीकार कर धन्यवाद देने वाला One who aknowledges greetings and congratulations. (२) वधाई के वदले में वधाई देने वाला. One who congratulates in exchange of greetings कप्पू०

पडिवण्ण. त्रि०(प्रतिपन्न) स्वीकृत; अंगीकृत. Accepted. षड्०

पडिवत्त. पुं० (परिवर्त) परिवर्तन Change नाट० मृच्छ० ३१८;

पडिवत्ति. स्त्री० (प्रतिपत्ति) (१) प्रवृत्ति; खवर News. पउम० ४७, २०-२१, (२) अभिग्रह-विशेष. A kind of vow for taking food. (३) परिपाटी, क्रम. Order; succession आव० ४,

पडिवयण. न० (प्रतिवचन) (१) प्रत्युत्तर, जवाब. An answer. गा० ४१६; सुर० २, १२३; सुपा० १४३, भवि० (२) आदेश; आज्ञा. A command; An order. 'देहि मे पडिवयणं' आवम० (३) पुं० हरिवंश के एक राजा का नाम. A king of the Harivansa lineage. पउम० २२, ६७;

पडिववियं. त्रि० (प्रत्युप्त) फिर से बोया हुआ. Re-sown; re-planted. दे० ६, १३;

पडिवसभ. पुं० (प्रतिवृषभ) मूल स्थान से दो कोस की दूरी पर स्थित गाँव. Village situated four miles away from the centre. प्रव० ७०;

पडिवह. पुं० (प्रतिवध-परिवध) वध; हत्या Act of killing पउम० ७३, २४,

पडिवाइ. त्रि० (प्रतिवादिन्) प्रतिवाद करने वाला; वादी का विपक्षी. Opponent defendant. भवि० ५१, ३;

पडिवाइ. त्रि० (प्रतिपादिन्) प्रतिपादन करने वाला One who explains or expounds. भवि० ५१, ३;

पडिवाइअ. त्रि० (प्रतिपातित) (१) फिर से गिराया हुआ. Felled again, pulled down or fallen (२) नष्ट किया हुआ. Ruined, perished. भवि०

पडिवाइअ. त्रि० (प्रतिपादित) जिसका प्रतिपादन किया गया हो, निरूपित Explained; expounded. अच्चु० ५, स० ४६, ५४३;

पडिवाइअ त्रि० (पतिवाचित) (१) लिखने के वाद पढ़ा हुआ; फिर से वांचा हुआ. Revised. कुप्र० १६७;

पडिवादय. त्रि० (प्रतिपादक) प्रतिपादन करने वाला. One who explains. नाट-चैत० ३४,

पडिवाय. पुं० (प्रतिपात) (१) पुनः पतन; फिर से गिरना. To pull down again. नव० ३६; (२) नाश; ध्वंस. Ruin; destruction. विशे० ५७७,

पडिवाय. पुं० (प्रतिवाद) विरोध. Opposition; impediment. भवि०

पडिवाय. पुं० (प्रतिवात) प्रतिकूल पवन. An opposite or unfavourable wind. आवम०

पडिवायण. न० (प्रतिपादन) निरूपण. Demonstration. कुप्र० १२६;

पडिवालण. न० (प्रतिपालन) (१) रक्षण. Protection. (२) प्रतीक्षा; बाट. Await. नाट—महा० ११८; उप० ६६६;

पडिवालिअ. त्रि० (प्रतिपालित) (१) रक्षित. Protected. (२) प्रतीक्षित; जिसकी बाट देखी गई हो वह. Awaited, or expected. महा०

पडिवास. पुं० (प्रतिवास) औषध आदि को विशेष उत्कट बनाने वाला चूर्ण आदि. A medicine which makes other medicines strong. वर०८,४;सुपा०६७;

पडिवासर. न० (प्रतिवासर) प्रतिदिन; हर रोज. Daily. गउड०

पडिवित्थर. पुं० (प्रतिविस्तर) परिकर; विस्तर. Spreading; extension; expansion. सूय० २, २, ६२ टी; राज०

पडिविद्धंसण. न० (प्रतिविध्वंसन) विनाश; ध्वंस. Destruction; ruin राज०

पडिविप्पिय. न० (प्रतिविप्रिय) अपकार का बदला; बदले के रूप मे किया गया अनिष्ट. To requital or retaliate. महा०

पडिविहाण. न० (प्रतिविधान) प्रतीकार. Counter-action; obviating. स० ५६७.

पडिवेसिअ. त्रि०(प्रातिवेश्मिक) पड़ोसी; पड़ोस मे रहने वाला. Neighbour. सुपा० ५५२;

पडिसंका. स्त्री०(प्रतिशङ्का) भय; शंका. Fear, suspense. पउम० ६७, १५;

पडिसंत. त्रि० (प्रतिश्रान्त) विश्रान्त. Rest. बृह० १;

पडिसंमुह. न० (प्रतिसंमुख) संमुख; सामने. Face to face. महा०

पडिसंलाव. पुं० (प्रतिसंलाप) प्रत्युत्तर; जवाब. Answer. से० १, २६; ११, ३४;

पडिसडण. न० (प्रतिशदन) (१) सड़ जाना. Decaying; withering. (२) विनाश. Destruction. काल०

पडिसत्थ. पुं० (प्रतिसार्थ) प्रतिकूल यूथ. Unfavourable company. निसी० चू० ११;

पडिसद्द. पुं० (प्रतिशब्द) (१) प्रतिध्वनि. An echo; everberation पउम० १६, ५३; भवि० (२) उत्तर; प्रत्युत्तर, जवाब. Answer. पउम० ६, २५;

पडिसद्दिय. त्रि०(प्रतिशब्दित) प्रतिध्वनि युक्त. Echoed, resounded. सम्मत्त० २१८;

पडिसय. पुं० (प्रतिश्रय) उपाश्रय, साधु-निवास-स्थान. A place of Jaina saints; seat of a Jain monk or saint. दस० २, १ टी;

पडिसर. पुं० (प्रतिसर) (१) सैन्य का पश्चाद् भाग. The rear of an army. प्राप्र० (२) हस्त-सूत्र, कंकण. Bracelet धर्म०२;

पडिसरण.न०(प्रतिसरण) कंकण.Bracelet. पंचा० ८, १५;

पडिसरीर. न० (प्रतिशरीर) प्रतिमूर्ति Reflection; image. 'पट्टविओ पडिसरीरं व' धर्मवि० ३;

पडिसलागा. स्त्री० (प्रतिशलाका) पल्य-विशेष. A particular duration of time. क० गं० ४, ७३;

पडिसवत्त. त्रि० (प्रतिसपत्न) विरोध Opponent, enemy. दसनि० ६, १८;

पडिसाडण. स्त्री०(परिशाटना) च्युत करना; भ्रष्ट करना. To pollute; defile. वव०१;

डिसाय. त्रि० (शान्त) शान्त, शम-प्राप्त. Calm and quiet,or peaceful. कुमा०

डिसार. पुं० (प्रतिसार) (१) सजावट. Preparations. (२) अपसरण. (३) विनाश. Destruction. (४) पराङ्मुखता. Having the face turned away. हे० १, २०६;

पडिसार. पुं० (प्रतिसार) अपसारण. Removing to a distance. हे० १, २०६;

पडिसारण. न० (प्रतिस्मारण) याद दिलाना. To remind. वव० १;

पडिसारिअ. त्रि० (प्रतिसारित) (१) दूर किया हुआ, अपसारित. Driven, expelled. से० ११, १; (२) विनाशित. Ruined, destroyed. से० १४, ४८;

(३) पराङ्मुख. Turning the face away. से० १३, ३२;

पडिसिद्धि. स्त्री० (प्रतिसिद्धि) (१) अनुरूप सिद्धि. A corresponding or suitable accomplishment. (२) प्रतिकूल सिद्धि. A contrary accomplishment. हे० १, ४४; पइ०

पडिसिलोग. पुं० (प्रतिश्लोक) श्लोक के उत्तर मे कहा गया श्लोक. A verse recited as a reply to another verse. सम्मत्त० १२६;

पडिसिविणअ. पुं० (प्रतिस्वप्नक) स्वप्न का विरोधी स्वप्न, स्वप्न का प्रतिकूल स्वप्न. A contradictory dream. कप्पू०

पडिसीसअ. क. न० (प्रतिशीर्षक) कृत्रिम मुंह, मुंह का परदा. An artificial face, or veil. कप्पू०

पडिसुणणा. स्त्री० (प्रतिश्रवणा) (१) अंगीकार; स्वीकार, Acceptance. (२) मुनि भिक्षा का एक दोष, आधा कर्म दोष वाली भिक्षा लाने पर उसका स्वीकार और अनुमोदन. Faults or shortcomings of a muni's (Monk) teachings. धर्म० ३;

पडिसुण्ण. त्रि० (प्रतिशून्य) खाली, रिक्त, शून्य. Empty, vacant. 'नय निलया निच्चपडिसुण्णा' दा० १टी;

पडिसुद्ध. त्रि० (परिशुद्ध) अत्यन्त शुद्ध. Absolutey pure. चेइय० ८०७;

पडिसुया. स्त्री०(प्रतिश्रुता) प्रव्रज्या-विशेष, एक प्रकार की दीक्षा. A kind of initiation. ठा० १० टी;

पडिसुहड. पुं० (प्रतिसुभट) प्रतिपक्षी योद्धा. A warrior on the opposite side. काल०

पडिसूयग. पुं० (प्रतिसूचक) गुप्त-चरों की एक श्रेणी; नगर द्वार पर रहने वाला जासूस. A class of detectives. वव० १;

पडिस्संति. स्त्री० (परिश्रान्ति) परिश्रम. Fatigue, weariness, exhaustion. नाट-मृच्छ० ३२१;

पडिस्सय. पुं० (प्रतिश्रय) जैन साधुओं का रहने का स्थान, उपाश्रय. An abode of Jain monks. ओव० ८७ भा; उप० ४७१; स० ६८७;

पडिस्साविं. त्रि० (प्रतिश्राविन्) झरने वाला, टपकने वाला. One that oozes, leaking. राज०

पडिहट्टु. अ० (प्रतिहृत्य) अर्पण करके. Having offered. कप्प० वृह० ३;

पडिहड. पुं० (प्रतिभट) प्रतिपक्षी योद्धा. A warrior on the opposite side. से० ३, ४३;

पडिहत्थ. त्रि० (प्रतिहस्त) तिरस्कृत. Disregarded, despised. चंड०

पडिहा. स्त्री० (प्रतिभा) बुद्धि-विशेष, नूतन २ उल्लेख करने में समर्थ बुद्धि. Genius,

bright conception, vivid imagination. कुमा०

पडिहार. पुं० (प्रतिहार) इन्द्रनियुक्त देव. A god appointed by Indra. प्रव० ३६;

पडिहारिय. त्रि० (प्रतिहारित) अवरुद्ध, रोका हुआ. Obstructed, impeded. स० ५४६,

पडिहास. पुं० (प्रतिभास) प्रतिभास, प्रतिभान. Readiness of wit, quick-witted. हे० १, २०६; पड्०

पडिहासिय. त्रि० (प्रतिभासित) जिसका प्रतिभास हुआ हो. Looked, appeared. उप० ६८६ टी;

पडिहुअ—पडिहू. पुं० (प्रतिभू) ज़ामिन, ज़मानत देने वाला, मनौतिया. Surety. पाअ० दे० ५, ३८;

पडी. स्त्री० (पटी) वस्त्र, कपडा, A garment. गउड० सुर० ३, ४१,

पडीव. त्रि० (प्रतीप) प्रतिकूल, प्रतिपक्षी, विरोधी. An opponent, an enemy. भवि०

पडुत्तिया. स्त्री० (प्रत्युक्तिका) प्रत्युत्तर, जवाब. An answer. भवि०

पडोयार. पुं० (प्रत्युपकार) उपकार का उपकार. Requite. राज०

पढ. पुं० (पढ) भारतीय देश विशेष. A particular region of India. इक०

पढग. त्रि० (पाठक) पढ़ने वाला. Student, scholar. कप्प०

पढम. त्रि० (प्रथम) (१) नूतन, नया. New. (२) प्रधान, मुख्य. Chief, principal, eminent. कप्प० —**समोसरण.** न० (समवसरण) वर्षाकाल. The rainy season, monsoon. 'पढमसमोसरणं भएणइ' निसी० चू० १;

पढावअ. त्रि० (पाठक) अध्यापक. Teacher. प्राकृ० ६०;

पढावण. न० (पाठन) पठाना. Teaching. कुप्र० ६०;

पढाविअ. त्रि० (पाठित) पढ़ाया हुआ. Taught. सुपा० ४५३; कुप्र० ६१;

पढाविअवंत. त्रि० (पाठितवत्) जिसने पढ़ाया हो वह. Teacher or tutor. प्राकृ० ६१;

पढाविउ–पढाविर. त्रि० (पाठयितृ) अध्यापक. Teacher. प्राकृ० ६०;

पढिर. त्रि० (पठितृ) पढ़ने वाला. Student. सण०

पढुक. त्रि० (प्रढौकित) भेंट के लिए उपस्थापित. Prestented for offering. भवि०

पण. पुं० (पण) (१) शर्त; होड. Stake, bet, wager. महा० (२) प्रतिज्ञा, To take an oath or determination. आक० (३) धन. Riches, wealth. (४) विक्रेय वस्तु, क्रयाणक. A commodity for sale. ती० ३;

पणइ. स्त्री० (प्रणति) प्रणाम, नमस्कार. Salutation. पउम० ६६; ६६; सुर० १२, १३३; कुमा०

पणइ. त्रि० (प्रणयिन्) (१) प्रणय वाला, स्नेही, प्रेमी. Loving, affectionate. (२) पुं० पति, स्वामी. Husband. पाअ० गउड० ८३७; (३) याचक, प्रार्थी. Beggar. गउड० २४६; २५१; सुर० १, १०८, (४) भृत्य, दास. Servant. 'पणइलवो' गउड० ७६७;

पणंगणा. स्त्री० (पणाङ्गना) वेश्या, वारांगना. Prostitute, harlot. उप० १०३१ टी; सुपा० ४६०; कुप्र० ५;

पणग. न० (पञ्चक) तप-विशेष, नीवी तप. A kind of penance. संबोध० ५७;

पणच्चण. न० (प्रनर्तन) नृत्य, नाच. Dance. सुपा० १५४;

पणमण. न० (प्रणमन) प्रणाम, नमस्कार.

Salutation. उवा० सुपा०२७; ४६१,

पणमिअ. त्रि० (प्रणमित) नमाया हुआ. Bent. भवि०

पणमिर. त्रि० (प्रणन्तृ) प्रणाम करने वाला, नमने वाला. One who bows or salutes. कुमा० कुप्र० ३४०; सण०

पणय. त्रि० (प्रणत) (१) जिसको प्रणाम किया गया हो वह. Bowed, Saluted. सुपा० २४०; (२) जिसने नमस्कार किया हो वह. One who has saluted. सुर० १,११२, सुपा०३६१;

पणय. पुं० (प्रणय) प्रार्थना. Prayer, solicitation. गउड०

पणयवंत. त्रि० (प्रणयवत्) स्नेह वाला, प्रेमी. Loving, affectionate. उप० १३१,

पणव. पुं० (प्रणव) ओंकार; ओं अक्षर. The sacred syllable-"Om". सिरि० १६६;

पणवीसी. स्त्री० (पञ्चविंशतिका) पचीस का समूह A collection of twenty five. संबोध० २४;

पणसुंदरी. स्त्री०(पणसुन्दरी) वेश्या. Prostitute, harlot. धर्मवि० १२७;

पणामिअ. त्रि० (अर्पित) समर्पित, देने के लिए धरा हुआ. Given, handed over. पाअ० कुमा० हेका० ४०;

पणामिअ. त्रि० (प्रणमित) नमाया हुआ. Bowed, saluted. से० ४,३१; गा० २२;

पणामिअ. त्रि० (प्रणत) नत, नमा हुआ. Bowed, saluted. स० ३१६;

पणाल. पुं० (प्रणाल) मोरी, पानी आदि जाने का रास्ता. Drain, gutter, channel. से० १३, ४४; उर०१, ४, ६;

पणालिआ. स्त्री० (प्रणालिका) (१) परम्परा. Succession, coming of from ages, or ancestral. (२) पानी जाने का रास्ता. Channel. कुमा०

पणाली. स्त्री० (प्रणाली) मोरी, पानी जाने का रास्ता Drain, channel. गउड०

पणास. पुं० (प्रणाश) विनाश, उच्छेदन. Destruction, ruin. आवम०

पणासण. त्रि० (प्रणाशन) विनाश करने वाला. Destructor. पडि० कप्प०

पणिअ. त्रि० (प्रणीत) रचित. Made. सूयनि० ११२;

पणिअ. न० (पणित) शर्त, होड, एक तरह का जूआ Bet, A sort of gambling or hazard. भास० ६२,

पणिहि. पुं० स्त्री० (प्रणिधि) (१) कामना, अभिलाष. Desire, ambition. स० ८७; (२) पुं० चर पुरुष, दूत Spy, An emissary. सुर० ३, ४, सुपा० ८६२, पाअ० (३) व्यवस्थापन. Managment. राज०

पणिहिय. त्रि० (प्रणिहित) प्रयुक्त, व्यापृत. Appointed. दसनि० ८;

पण्ण. न० (पर्ण) पत्र, पत्ती. Leaf. कुमा०

पण्ण. त्रि० (पार्ण) पर्ण संबन्धी, पत्ती से सम्बन्ध रखने वाला. Relating to or made of leaves, Leafy. राज०

पण्णई. स्त्री० (पन्नगी) भगवान् धर्मनाथ की शासन देवी. A governing deity of Lord Dharamnatha. प्रव० २७,

पण्णगासन. पुं० (पन्नगाशन) गरुड पक्षी. An epithet of Ganesha. पिंग०

पण्णत्ति. स्त्री० (प्रज्ञप्ति) (१) विद्यादेवी विशेष. A goddess of science. (२) विद्या विशेष. A branch of science. आया० चू० १;

पण्णपण्णिय. पुं० (पण्णपर्णि) व्यन्तर देवों की एक जाति. A class of Viyantar gods. इक०

पण्णवण. न० (प्रज्ञापन) शास्त्र, सिद्धान्त. Scripture. विशे० ८६४;

पराणाग. त्रि० (प्रज्ञ) विद्वान. Learned man. पंचा० १७, २७;

पराणावंत त्रि० (प्रज्ञावत्) ज्ञानवान्. Wise, intelligent. राज०

पराणाविसा. स्त्री० (पञ्चविंशति) पचीस. Twenty five. पइ०

पराहवाहरा. न० (प्रश्नवाहन) जैन मुनि-गण का एक कुल. A group of Jain saints. तीं० ३८;

पराहुअ. त्रि० (प्रस्नुत) (१) चरित, झरा हुआ. Oozed, Dropped. (२) जिसने झरने का प्रारम्भ किया हो. One that began to ooze. पउम० ७६, २०; हें० २, ७५;

पराहुइर. त्रि० (प्रस्नोतृ) झरनेवाला. Trickling, leaking. गा० ४६२;

पराहोत्तर. न० (प्रश्नोत्तर) सवाल जवाब. Question with answer. सुर० १६,४१; कप्पू०

पतारग. त्रि० (प्रतारक) वञ्चक, ठग. Cheat, imposter. धर्मसं० १४७;

पत्त. न० (पात्र) (१) आधार; आश्रय; स्थान. Support कुमा० (२) लगातार बत्तीस उपवास. Thirty two fasts at a stretch. संबोध० ५८;

पत्त. त्रि० (प्रात्त) प्रसारित. Spread. कप्प०

पत्तट्ठ. त्रि० (प्राप्तार्थ) (१) बहु शिक्षित, विद्वान्; अति कुशल. Learned, skilful. दे० ६, ६८; सुर० १, ८१; सुपा० १२६, (२) समर्थ. Powerful. जीवस० २८५;

पत्तणा. स्त्री० (प्रपणा) प्राप्ति. Acquisition. पंचू० ४;

पत्तल. न० (पत्र) पत्ती, पर्ण. Leaf. हे० २, १७३; ४, ३८७; प्रामा० सरा०

पत्तलरा. न० (पत्रल) पत्र-समृद्ध होना, पत्र-बहुल होना. Abounding in leaves. गा० ६२६;

पत्ति. स्त्री० (प्राप्ति) लाभ. Acquisition, or gain. दे० १,४२; उप० २२६; चेइय० ८६४;

पत्ति. पुं० (पत्ति) (१) सेना विशेष, जिसमें एक रथ, एक हाथी, तीन घोड़े और पांच पैदल हों. The smallest division of an army consisting of one chariot, one elephant, three horsemen and five foot-soldiers. (२) पैदल चलने वाली सेना. An army of footmen. उप० ७२८ टी;

पत्तिआ. स्त्री० (पत्रिका) पर्ण, पत्ती. Leaf. कुमा०

पत्तेअ-ग. न० (प्रत्येक) पृथक पृथक, अलग अलग. Each, every one. क० गं० १, ५०;

पत्तेय. त्रि० (प्रत्येक) वाह्य कारण. Each, single. नंदी० १२०; १२१ टी;

पत्थ. पुं० (पार्थ) (१) अर्जुन, मध्यम पाण्डव. Arjuna. स० ६१२; वेणी० १२६; कुमा० (२) पाञ्चाल देश के एक राजा का नाम. A king of the Panchala region. पउम० ३७, ८; (३) भद्दिलपुर नगर का एक राजा. A king of Bhaddilapur. सुपा० ६२६;

पत्थ. पुं० (प्रार्थ) (१) प्रार्थन, प्रार्थना. Prayer. (२) दो दिन का उपवास. Two fasts at a time. संबोध० ५८;

पत्थरा. न० (प्रार्थन) प्रार्थना. Prayer, solicitation. महा० भवि०

पत्थररा. न० (प्रस्तरण) विछौना. Bedding. धर्मवि० १४७;

पत्थरिअ. त्रि० (प्रस्तृत) विछाया हुआ. Spread. पाअ०

पत्थार. पुं० (प्रस्तार) विस्तार. Area. उवर० ६६; (२) तृण-वन. A forest of grass. (३) पल्लवादि-निर्मित शय्या. A bed

of leaves and flowers. (४) पिंगल-प्रसिद्ध प्रक्रिया-विशेष. (In prosody) A tabular representation of the long and short vowels of a metre with all its varieties. प्राप्र०

पत्थिअ. त्रि० (प्रार्थिक) प्रार्थी; प्रार्थना करने वाला. Prayer, one who solicites blessings for others. उव०

पत्थिअ. त्रि० (प्रास्थित) विशेष आस्था वाला; प्रकृष्ट श्रद्धा वाला. Full of faith, believer. उव०

पत्थिव. त्रि० (पार्थिव) पृथ्वी का विकार. Earthen, earthly. राज०

पद्क्खिण. त्रि० (प्रदक्षिण) (१) जिसने दक्षिण की तरफ से लेकर मण्डलाकार भ्रमण किया हो. One who circumambulated from left to right or who has travelled round about from the south to all directions. (२) न० दक्षिणावर्त्त भ्रमण. Circumambulation from left to right or walking round about. प्रयौ० ३४;

पद्क्खिणा. स्त्री० (प्रदक्षिणा) दक्षिण की ओर से मण्डलाकार भ्रमण. Circumambulation from left to right, or walking round about. नाट-चैत० ३८,

पद्हण. न० (प्रदहन) संताप, गरमी. Heat, warmth. कुमा०

पदाइ. त्रि० (प्रदायिन्) देने वाला. Donor. नाट-विक्र० ८;

पदायग. त्रि० (प्रदायक) देने वाला. Donor. विशे० ३२००;

पदीविआ. स्त्री० (प्रदीपिका) छोटा दिया. Small lamp. नाट-मृच्छ० ४१;

पदुब्भेइय. न० (पदोद्भेदक) पद विभाग और शब्दार्थ मात्र का पारायण. A lecture on the analysis of the formation of words and their meanings. राज०

पदूमिय. त्रि० (प्रदूमित) अत्यन्त पाड़ित. Extremly harassed or tortured. वृह० ३;

पदूसणया. स्त्री० (प्रद्वेषण) द्वेष, मात्सर्य. Jealousy, malice उप० ४८६;

पदेस. पुं० (प्रद्वेष) द्वेष. Hatred, dislike, abhorrence. धर्म सं० ६७;

पद्द. न० (पद्य) श्लोक, वृत्त, काव्य. Stanza or verse. प्राकृ० २१;

पद्धइ. स्त्री० (पद्धति) (१) मार्ग, रस्ता. Road, way. सुपा० १८६; (२) परिपाटी, क्रम. Method, manner, course आवम० (३) प्रक्रिया, प्रकरण. Chapter. वज्जा० २;

पधावण. न० (प्रधावन) (१) दौड, वेग से गमन. Running fast, or gallopping. (२) कार्य की शीघ्र सिद्धि. Rapid accomplishment of an object. श्रा० १, (३) प्रक्षालन. Cleansing, washing off. धर्मसं० १०७८;

पधूवण. न० (प्रधूपन) (१) धूप देना. Fumigation, Perfuming. (२) एक प्रकार का आलेपन द्रव्य. A kind of smearing substance. कस०

पन्नंगणा. स्त्री० (पण्याङ्गना) वेश्या, वाराङ्गना. Harlot, prostitute उप० १०३१ टी;

पन्नया. स्त्री० (पन्नगा) भगवान् धर्मनाथ जी की शासन देवी. A presiding deity of Lord Dharmanatha. संति० १०;

पन्नाडिअ. त्रि० (मृदित) जिसका मर्दन किया गया हो. Crushed, pounded. पाअ० कुमा०

पपलीण. त्रि० (प्रपलायित) भागा हुआ. Fled, retreated, fugitive. पि० ३४६, ३६७,

पभंसण. न० (प्रभ्रंशन) स्खलना. Stumbling, slipping, tripping. धर्मसं० १०७६.

पभणिय. त्रि०(प्रभणित) उक्त, कथित. Said. सण०

पभवा. स्त्री०(प्रभवा)तृतीय वासुदेव की पटरानी. A crowned queen of the third Vasudeo. पउम० २०, १८६.

पभविय. त्रि० (प्रभूत) जो समर्थ हुआ हो. Mighty, powerful. धर्मवि० १२३.

पभा. स्त्री०(प्रभा) प्रभाव. Dignity, Grandeur. देवेन्द्र० ३२०.

पभावई. स्त्री० (प्रभावती) (१) रावण की एक पत्नी का नाम. Name of a queen of Ravana. पउम० ७४, ११; (२) बलदेव के पुत्र निषध की भार्या. A wife of Nishadha, son of Baladeo. आयाचू० १.

पभावग. त्रि०(प्रभावक)(१) प्रभाव बढ़ानेवाला, शोभा की वृद्धि करने वाला. Dignifying. श्रा०६; द्र० २३; (२) उन्नति कारक. Prospering. (३) गौरव जनक. Creating honour. संबोध० ३१; कुप्र० १६८.

पभावाल. पुं० (प्रभापाल) वृक्ष विशेष. A kind of tree राज०

पभास. पुं०(प्रभास)(१) एक जैनमुनि का नाम. Name of a Jaina saint. धर्म० ३, (२) एक चित्रकार का नाम. Name of a painter. धर्म० ३१ टी.

पभिइं-पभिई-पभीइ-पभीइं. अ०(प्रभृति)प्रारम्भ कर, शुरु कर, लेकर. From, eversince, beginning with. 'बालभावाओ पभिइं' सुर. ४,१६७, कप्प० महा०स०७३६,२७५ टि.

पभु. पुं० (प्रभु) (१) इक्ष्वाकु वंश के एक राजा का नाम. Name of a king of Ikshvaku lineage. पउम० ५, ७. (२) स्वामी, मालिक. Master, owner, proprietor. पउम० ६३, २६, वृह० २. (३) राजा, नृप. King, ruler. निसी० चू० २. (४) त्रि० योग्य, लायक. Fit, proper, suitable. 'पभुत्तिवा' निसी० चू०२०.

पभुत्त. त्रि०(प्रभुक्त) (१)जिसने खाने का प्रारम्भ किया हो. One who began to eat. सुर०१०, ४८, (२) जिसने भोजन किया हो. One who has eaten. स० १०४.

पमक्खण न० (प्रम्रक्षण) (१) अभ्यञ्जन, विलेपन. Smearing. (२) विवाह के समय किया जाता एक तरह का उबटन. A smearing ceremoney observed at the time of marriage. स० ७४.

पमक्खिअ. त्रि० (प्रम्रक्षित) (१) विलिप्त. Smeared. विवाह के समय जिस को उबटन किया गया हो. One who is annointed at the time of marriage. वसु०

पमज्जय. त्रि०(प्रमार्जक) प्रमार्जन करने वाला. Cleansing, Purifying. दे० ५, १८.

पमज्जिय. त्रि० (प्रमृष्ट-प्रमार्जित) साफ किया हुवा. Cleansed. महा०

पमद्द. पुं० (प्रमर्द) (१) ज्योतिष शास्त्र में प्रसिद्ध एक योग. A particular combination of stars in astrology. (२) मर्दन करने वाला. One who annoints. (३) विनाशक. Destructive, ruinous 'भवदुहपमद्द' संबोध० ३७.

पमद्दण. न० (प्रमर्दन) (१) रूई की पूणी बनाना. Making a roll of cotton ready for spinning. पिड० ६०३. (२) त्रि० विनाश करने वाला. Destructive; ruinous. संबोध० ३७.

पमद्दय. त्रि० (प्रमर्दक) प्रमर्दन-कर्त्ता. Crushing, destroying. दसनि० १०, ३०.

पमय. पुं० (प्रमद) (१) आनन्द, हर्ष. Joy, pleasure; delight. काल० आ० २७; (२) न० धतूरे का फल. A Dhattura fruit. —च्छी. स्त्री० (अर्ची) स्त्री, महिला. Woman, lady. सुपा० २३०; —वण. न० (वन) राजा के अन्तःपुर स्थित वन. A pleasure-garden attached to the royal harem. से० ११, ३७.

पमा. स्त्री० (प्रमा) (१) प्रमाण, परिमाण. A measure. कुमा० (२) प्रमाण, न्याय. Accurate conception or notion, evidence, proof 'अतिप्पसंगो पमासिद्धो' धर्मसं० ६८१.

पमाण. न० (प्रमाण)(१) संख्या. Number. जी० २६; (२) पुं० न० सत्य रूप से जिसका स्वीकार किया जाय. Authority, Warrant. (३) माननीय, आदरणीय. Worthy of honour. (४) सचा, सही, ठीक, यथार्थ. True, Real, Correct. 'पमाणो तेसिं' सुपा० ११०, आ० १४, प्रासू० ३३,—वाय. पुं० (वाद) न्याय शास्त्र, तर्क शास्त्र. Science of logic. समत्त० ११७.

पमाणिअ. त्रि० (प्रमाणित) प्रमाण रूप से स्वीकृत. Regarded as an authority. सुपा० ११०, आ० १२.

पमाणिआ-पमाणी. स्त्री० (प्रमाणिका-प्रमाणी) छन्द विशेष. A kind of metre. पिंग०

पमाय. पुं० (प्रमाद) दुःख, कष्ट. Mishap, calamity. 'समुप्पाइयसुप्पमाया' सत्त०३२,

पमारण. स्त्री० (प्रमारण) बुरी तरह मारना. To slay mercilessly. वव०३,

पमिय त्रि० (प्रमित) परिमित, नापा हुआ. Measured. पंच० २, २०.

पमुक्क. त्रि० (प्रमुक्त) परित्यक्त. Abondoned, Gave up. हे० २, ९७, पड्०

पमुच्छिअ. पुं० (प्रमूर्च्छित) नरकावास विशेष. A hell. देवेन्द्र० २७.

पमुद्ध. त्रि० (प्रमुग्ध) अत्यन्त मुग्ध. Very lovely or charming. नाट—मालती० ४४.

पमुह. त्रि० (प्रमुख) (१) तल्लीन दृष्टि वाला. Face, turning the face towards. 'गुणप्पमुहे' आया० (२) न० प्रकृष्ट आरम्भ, आदि, आपात. Commencement. 'पमुहे हवंति' पउम० १०८, ३१, पाअ०

पमेय. त्रि० (प्रमेय) प्रमाण-विषय, सत्य पदार्थ. Demonstrable. धर्मसं० ११६०.

पमेह. पुं० (प्रमेह) रोग-विशेष, मेह रोग, मूत्र-दोष, बहुमूत्रता. A general name for a urinary disease (such as gleet, diabetes &c.) निसी० चू० १,

पमोअ. पुं० (प्रमोद) राक्षस वंश के एक राजा का नाम, एक लंका-पति. A king of Demon race. पउम० ५, २६२.

पमोयणा. स्त्री० (प्रमोदना) प्रमोदन, प्रमोद, आह्लाद. Delight, pleasure, joy. चेइय० ४११.

पम्माअ-पम्माइअ. त्रि० (म्लान) (१) विशेष म्लान; अत्यन्त मुरझाया हुआ. Faded, withered. गा०२६; (२) शुष्क. Dry. धर्मवि० ५३.

पम्मुह. त्रि० (प्राङ्मुख) पूर्व की ओर जिसका मुंह हो. Turned towards or facing the east. भवि० वज्जा० १६४.

पम्ह. पुं० न० (पक्ष्मन्) (१) अक्षि-लोम, आँख के बाल. An eyelash. पाअ०; (२) पंख, पांख. Wing. हे० २, ७४, प्राप्र० (३) केश का अग्र भाग. The point of hair. से० ६, २०.

पम्हय. त्रि० (पक्ष्मज) (१) पक्ष्म से उत्पन्न. Produced by hair. (२) न० एक

प्रकार का सूता. A kind of thread. पंचभा०

पम्हलिय. त्रि० (पक्ष्मलित) धवलित, सफेद किया हुआ. Whitened, made white. स० ३६.

पम्हलाविय. त्रि० (विस्मारित) भुलाया हुआ, विस्मृत कराया हुआ. Caused to forget. सुख० २, ५,

पम्हुसिश्र. त्रि० (विस्मृत) जिसका विस्मरण हुआ हो. Forgotton कुमा० उप० ७६८ टी.

पम्हुहण. त्रि० (स्मर्तृ) स्मरण करने वाला. One that remembers. कुमा०

पय. पुं० न० (पद) (१) शब्द-समूह, वाक्य. Sentence. 'उवएसमपया इहं' उप० १०३८, श्रा० २३, (२) पाद-चिन्ह, पदाङ्क. Foot-mark. सुर० २, २३२, सुपा० ३५४, श्रा० २३, पासू० ५०, (३) निमित्त, कारण. Cause. (४) पदवी, अधिकार Rank, position, office. 'जुवरायपए' सुर० २, १७५, महा० (५) त्राण, शरण. Protection, preservation, shelter, (६) प्रदेश. Region. (७) व्यवसाय Exertion. श्रा० २३, —रक्ख. पुं० (रक्ष) पदाति, प्यादा. A foot soldier. भवि० हे० ४, ४१८; —विग्गह. पुं० (विग्रह) पद-विच्छेद. Separation of words. विशे० १००६; —विभाग. पुं० (विभाग) उत्सर्ग और अपवाद का यथा-स्थान निवेश; सामाचारी विशेष. Portion, Partition of inheritance, the numeration of a fraction; आव० १.

पयंग. पुं० (पतङ्ग) (१) सूर्य, रवि. Sun. 'दिट्ठउग्गयपयंगो' उप० ७२८ टी, पाअ०; (२) रंग विशेष, रञ्जन द्रव्य-विशेष. A kind of colour. उर० ६, ४, सिरि० १०५७.

पयंपण. न० (प्रजल्पन) कथन, उक्ति. Speech, Expression. उप० पृ० २१७.

पयंपिय. त्रि० (प्रकम्पित) अति कांपा हुआ. Excessively trembled. सं० ३७७.

पयंसण. न० (प्रदर्शन) दिखलाना. Showing, manifesting, exhibit. स० ६१३.

पयंसिश्र. त्रि० (प्रदर्शित) दिखलाया हुआ. Shown, displayed, exhibited. सुर० १, १०१, १२, ३२.

पयच्छण. न० (प्रदान) दान, अर्पण. Donate, offerings. सुर० २, १५१; (२) त्रि० देने वाला. Donor. सण०

पयट्टावश्र. त्रि० (प्रवर्तक) प्रवृत्ति कराने वाला. Prompting, inducing, instigating. कप्पू०

पयट्टाविश्र. त्रि० (प्रवर्तित) प्रवृत्त किया हुआ, किसी कार्य मे लगाया हुआ. Prompted, incited, instigated महा०

पयड. त्रि० (प्रकट) विख्यात, विश्रुत, प्रसिद्ध. Renowned, famous, celebrated. 'विस्सुश्रो पयडो' पाअ०

पयडण. न० (प्रकटन) (१) व्यक्त करना, ज़ाहिर करना. The act of manifesting or disclosing. सण० (२) त्रि० प्रकट करने वाला. Manifesting, displaying. धर्मवि० ६६.

पयडावण. न० (प्रकटन) प्रकट कराना. Causiug to manifest भवि०

पयडाविय. त्रि० (प्रकटित) प्रकट कराया हुआ. Caused to manifest. काल० भवि०

पयडीकय. त्रि० (प्रकटीकृत) प्रकट किया हुआ. Manifested, displayed. महा०

पयडीभूत्र-पयडीहूत्र त्रि० (प्रकटीभूत) जो प्रकट हुआ हो. Appeared. सुर० ६, १८४, श्रा० १६, महा० सण०

पयत्ताविश्र. त्रि० (प्रवर्तित) प्रवृत्त किया हुआ. Prompted, incited, instigated. काल०

पयत्थ. पुं० (पदार्थ) शब्द का प्रतिपाद्य, पद का अर्थ. The meaning of a word. विशे० १००३, चेइग्र० २७१; (२) तत्व. Sum and substance. सुपा० २०५.

पयत्थ. पुं० (पदस्थ) पदाति, प्यादा. Foot-soldier. 'सहपयत्थेण' पउम० ६, १८२.

पयर. पुं० (प्रदर) (१) योनिका रोग-विशेष. A kind of disease which is common among the women folk. (२) विदारण, भंग. Tearing, breaking. (३) शर, बाण. Arrow. दे० ६, १४.

पयर. पुं० न० (प्रतर) गणित विशेष, सूची से गुणी हुई सूची. A kind of mathematical calculations. क०गं०५, ६७, जीवस. ६२, १०२.

पयरण. न० (प्रकरण) प्रस्ताव, प्रसंग. Occasion, opportunity. (२) एकार्थ प्रतिपादक ग्रन्थ. A book on a particular subject. (३) एकार्थ प्रतिपादक ग्रन्थांश. Chapter, section. 'जुम्हदम्ह पयरणं'. है० १, २४६.

पयरण. न० (प्रतरण) प्रथम दातव्य भिक्षा. Alms that can be given on the very out-set. राज०

पयल. त्रि० (प्रचल) चलायमान, चलने वाला. Trembling, shaking, tremulous. पउम० १००, ६.

पयलाइग्र. न० (प्रचलायित) (१) निद्रा, नींद. Sleep. (२) नींद के कारण बैठे २ सिर का डोलना. Nodding of the head owing to sleep. से० १२, ४२.

पयल्ल. त्रि० (प्रसृत) फैला हुआ. Spread. पाग्र०

पयल्लिर. त्रि० (प्रसृमर) फैलने वाला. One that spreads. कुमा०

पयल्लिर. (प्रचलितृ) शिथिल होने वाला, ढीला होने वाला. One that becomes dilatory; One who is slackened or relaxed कुमा० ६, ४३. (२) लटकने वाला. One that hangs down or dangles. कुमा० ६, ४३.

पयविग्र. त्रि० (प्रतप्त) गरम किया हुआ; तपाया हुआ. Heated, warmed. गा० १८५; से० २, ७५.

पयवी. स्त्री० (पदवी) मार्ग, रास्ता. Way, road, path. पाग्र० गा० १०७, सुपा० ३७८, (२) बिरुद, पदवी. Position, rank, office. उप० पृ० ३८६.

पयाइ. पुं० (पदाति) प्यादा; पैदल चलने वाला सैनिक. Foot-soldier. है०२, १३८, पइ० कुमा० महा०

पयाग. पु० न० (प्रयाग) तीर्थ-विशेष, जहां गंगा और जमुना का संगम है. Name of a place of pilgrimage at the confluence of the Ganges and Jamuna near the modern Allahabad. पउम०८२, ८१, है०१,१७७.

पयाणंद. पुं० (प्रजानन्द) एक कुलकर पुरुष का नाम. Name of a Kulkar. पउम० ३, ५३.

पयापाल. पुं० (प्रजापाल) एक जैन मुनि जो पांचवें बलदेव के पूर्व जन्म में गुरु थे. A Jaina Saint, preceptor of fifth Baladeo in a former birth. पउम० २०, १६२.

पयार. पुं० (प्राकार) किला, दुर्ग. Fortress, fortification. पउम०३०, ४६.

पयार. पुं० (प्रचार) (१) प्रकर्ष-प्राप्ति.

xcellent gain or acquisition. नि० १, ४१. (२) आचार, आचरण. onduct, character. दसनि० १, १३२. ारिअ. त्रि० (प्रतारित) ठगा हुआ, वञ्चित. heated, deceived. पाअ० सुर० ४, ५५.

वइ. पुं० (प्रजापति) (१) ब्रह्मा, विधाता. An ithet of Brahma. पाअ० सुपा० ३०५,) दक्ष, कश्यप आदि ऋषि. An epithet sages-Daksha, Kashyapa etc) राजा, नरेश. King, ruler. (४) सूर्य, . Sun. (५) वह्नि, अग्नि. Fire. (६) ष्टा. A carpenter. (७) पिता, जनक. ather, progenitor. (८) कीट-विशेष. kind of insect. (९) जामाता. on-in-law. हे० १, १७७; १८०.

वण. न० (प्रतापन) अग्नि. Fire. अ० ३८६.

वि. त्रि० (प्रतापिन्) प्रतापशाली. lorious, dignified. (२) पुं० क्ष्वाकु वंश के एक राजा का नाम. King f Ikshvaku race. पउम० ५, ५.

ासण. न० (प्रकाशन) प्रकाश करण. lluminating, making known. पा० ४१६, (२) त्रि० प्रकाशक, प्रकाश रने वाला. Publisher. 'परमत्थपयासणं रं' पुप्फ० १.

ासि. त्रि० (प्रकाशिन्) प्रकाश करने वाला. hining. सण० हम्मीर० १४.

ासिर. त्रि० (प्रकाशितृ) प्रकाश करने ला. Disclosing, making known वि०

. त्रि० (पर) (१) प्रकर्ष-प्राप्त, प्रकृष्ट Highest, greatest, distinguished, ा० २३. (२) दूरवर्ती Distant, remote. निसी० चू० १. (३) न० केवल, फक्त Alone, mere, only. कुमा० भवि० —उट्ठ. त्रि० (पुष्ट) (१) अन्य से पालित. Fed or nourished by another. (२) पुं० कोकिल पक्षी. Cuckoo. हे० १, १७९. —गणिच्चय. त्रि० (गणिय) भिन्न गण से सम्बन्ध रखने वाला. Belonging to. निसी० चू० ८. —गरिहंझाण. न० (गर्हा-ध्यान) इतर की निन्दा का विचार. Consideration of anothers censure. पाउ० —चित्तण्णु. त्रि० (चित्तज्ञ) अन्य के मन के भाव को जानने वाला. Knowing the mind of another. उप० १७९ टी. —च्छंद-छंद. त्रि० (च्छंद) पराधीन, परतंत्र. A dependant. राज० पाअ० —जाणुअ. त्रि० (ज्ञ) (१) पर को जानने वाला. Knowing others. (२) प्रकृष्ट जानकार. Knowing excellently. प्राकृ० १८. —ट्ठा. स्त्री० (अर्थ) दूसरे के लिए. Intended or disigned for another —णिंदंझाण. न० (निन्दाध्यान) अन्य की निन्दा का चिन्तन. Consideration idea of another's censure. आउ० —तीर. न० (तीर) सामने वाला किनारा. Opposite bank पाअ० —त्त. न० (त्व) (१) भिन्नत्व; पार्थक्य. Separation. (२) वैशेषिक दर्शन में प्रसिद्ध गुण-विशेष. A particular quality of vaiseshikas. विशे० २४९१. —दारि. त्रि० (दारिन्) परस्त्री लम्पट. An adulterer. 'परदारियाए आयाओ' सुर० ६, १७९; —भाग. पुं० (भाग) (१) श्रेष्ठ अंश. An excellent part. (२) अन्य का हिस्सा. Another's share. (३) अत्यन्त उत्कर्ष. Prosperity. उप० पृ० ६७. —महेला. स्त्री० (महेला) (१) उत्तम स्त्री. A noble lady. (२) परकीय स्त्री.

Another's wife. सुपा० ४७०;—वाय. पुं० (वाच्) (१) सज्जन; सुजन. Good man. (२) त्रि० श्रेष्ठ वाणी वाला. Eloquent, orator. श्रा० २३.

परश्रो. श्र० (परतस्) (१) वाद में, परली तरफ. On the opposite side. 'श्रडवीए परश्रो' महा० (२) भिन्न में, इतर में. Among others. कुमा० (३) इतर से, अन्य से. From another.

परं. श्र० (परुत्) गत वर्ष. Last year. 'परं परारिं' वै० २; 'अज्जं परं' प्रासू० ११०.

परंतु. श्र० (परन्तु) किन्तु. But. सुपा० ४६६.

परक्कम. पुं० न० (पराक्रम) (१) उत्साह. Zeal, enthusiasm. (२) चेष्टा, प्रयत्न. Effort, exertion. श्राया० चू० १, प्रासू० ६३.

परक्कमि. त्रि० (पराक्रमिन्) पराक्रम संपन्न. Prowess. धर्मवि० १६; १२०.

पर-घाय. पुं० (पराघात) (१) दूसरे को श्राघात पहुंचाना. To kill, to take to a slaughter-house. (२) कर्म-विशेष, जिसके उदय से जीव अन्य वलवानों की दृष्टि में अजेय समझा जाता है. A penance by which a man becomes invincible.'परघाउदयापाणी' क० गं० १, ४४.

परत्त. श्र० (परत्र) (१) जन्मान्तर में, परलोक में. In the next world. सुपा० ५०८, (२) न० जन्मान्तर, Rebirth. 'परत्ते नरयगइं' सुपा० ५२१; 'किं परत्तेण' वज्जा० १३८.

परदारिश्र. पुं० (पारदारिक) परस्त्री-लम्पट. Adulterater. पउम० १०५, १०७.

परम. न० (परम) (१) सुख. Happiness. दस० ४; (२) लगातार पांच दिनोंका उपवास. Five fasts at a time. संवोध० ५८. —वोधिसत्त. पुं० (वोधिसत्त्व) परमार्हत, श्रर्हन् देव का परम भक्त. A devotee of Arhana.मोह०३,—संखिज्ज.न० (संख्येय) संख्या विशेष. Number. क० गं० ४, ७१; —हेला. स्त्री० (हेला) उत्कृष्ट तिरस्कार. Contempt, disdain. सुपा० ४७०.

परमट्ठ. पुं० (परमार्थ) (१) सत्य पदार्थ, वास्तविक चीज. A true object. 'अयं परमट्ठे' धर्म० १, (२) संयम, चारित्र. Conduct, character. (३) पुं० न० तत्त्व; सत्य. The highest or most Sublime truth. 'परमट्ठनिट्ठिअट्ठा' पडि० धर्म० २.

परमत्थ. न० (परमास्त्र) सर्वोत्तम हथियार, श्रमोघ अस्त्र. An unfailing weapon. से०१, १.

परमन्न. न० (परमन्न) एक दिन का उपवास. Fast. संवोध० ५८.

परम-प्पया. स्त्री० (परात्मता) मुक्ति, मोक्ष. Salvation, final emancipation. 'परमप्पयं पत्तो' सुपा० १२७;

परमिट्ठि. पुं० (परमेष्ठिन्) (१) ब्रह्मा, चतुरानन. Brahma. पाश्र० सम्मत्त० ७८, (२) श्रर्हन्, सिद्ध, श्राचार्य, उपाध्याय और मुनि. Arhan, Siddha, Acharya, Upadhyaya and Muni. सुपा० ६५, श्राप० ६८, गण० ६, निसा० २०.

परमुक्क. त्रि० (परामुक्त) परित्यक्त. Abandoned, gave up. पउम० ७१, २६.

परमुवगारि-परमुवयारि. त्रि० (परमोपकारिन्) बड़ा उपकार करने वाला. One who is serviceable to others. सुर० २, ४२; २, ३७.

परमेसर. पुं० (परमेश्वर) सर्वैश्वर्य-संपन्न, परमात्मा. God. सम्मत्त० १४४, भवि०

परसुराम. पुं० (परशुराम) जमदग्नि ऋषि का पुत्र, जिसने इक्कीस बार निःक्षत्रिय पृथ्वी की थी. Name of a celebrated Brahmana warrior, son of Jamadagni, who exterminated Kshatriya race twenty-one times. कुमा० पि० २०८.

परहुत्त. त्रि० (पराभूत) पराजित, हराया हुआ. Defeated. पउम० ६१, ८.

परा. अ० (परा) (१) आभिमुख्य, संमुखता. Facing, (२) त्याग. Giving up, abandoning, (३) घर्षण. Rubbing, friction, (४) प्राधान्य, मुख्यता. Ascendancy, supremacy, (५) विक्रम. Chivalrous, heroic, (६) गति, गमन Motion, (७) भङ्ग. Braeaking, (८) अनादर. Disregard, disrespect, (९) तिरस्कार. Contempt, disdain, (१०) प्रत्यावर्तन. Returning, coming back. हे० २, २१७, (११) भृश, अत्यन्त. Very much, in a high degree, excessively आ० २३.

पराइ. स्त्री० (परकीया) इतर से संबन्ध रखने वाली. Another's wife, A woman not one's own. हे० ४, ३५०; ३६७.

पराकय. त्रि० (पराकृत) निराकृत, निरस्त. Refuted. अज्झ० ३०.

पराजय. पुं० (पराजय) परिभव, अभिभव. Defeat, discomfiture. राज०

पराणग. त्रि० (परकीय) अन्य का, दूसरे का. Belonging to another. 'पराणगंपि' गच्छ० २, ५०.

पराणयण. न० (परानयन) पहुँचाना. Send off. 'परानयणे का लज्जा' उप० ७२८ टी.

पराणिय. त्रि० (पराणीत) पहुंचा हुआ. Reached. भवि०

पराभविअ. त्रि० (पराभूत) अभिभूत, हराया हुआ. Defeated. धर्मवि० १८.

रहु. पुं॰ (रघु) (१) सूर्य वंश का एक स्वनाम ख्यात राजा. Name of a celebrated king of the solar race. उत्तर॰ ५०; (२) श्रीरामचन्द्र. Shree Rama Chandra. पउम॰ ११३, २१; (३) कालिदास प्रणीत एक संस्कृत काव्य ग्रन्थ. A sanskrit volume made by Kalidas. गउड॰

राइ. त्रि॰ (रागिन्) राग-युक्त, राग-वाला. Full of love, passionately fond of. दसा॰ ६.

राइ. त्रि॰ (राजिन्) शोभने वाला. Shining, beautiful. वव॰ १.

राइअ. त्रि॰ (राजित) शोभित. Beautiful, lovely. से॰ १, ५६; कुमा॰ ६, ६३.

राइआ. स्त्री॰ (राजिका) (१) राई का पेड़. The mustard plant. गा॰ १७१ अ॰; (२) राई. Mustard. कुम॰ ४५.

राइंद. पुं॰ (राजेन्द्र) बड़ा राजा. Supreme king, paramount sovereign. कुमा॰

राइक्क. त्रि॰ (राजकीय) राज-सम्बन्धी. Political, regal. हे॰ २, १४८; कुमा॰

राइल्ल. त्रि० (रागिन्) राग-युक्त. Full of tune. देवेन्द्र० २७८.

राईमई. स्त्री० (राजीमती) राजा उग्रसेन की पुत्री और भगवान् नेमिनाथ की पत्नी. Name of the daughter of king Ugrasena or the wife of Lord Neminath. पडि०

राईव. न० (राजीव) कमल, पद्म. A blue lotus. पाश्र० है० १, १८०.

राउत्त. पुं० (राजपुत्र) राजपूत, क्षत्रिय Kshatriya. प्राकृ० ३०.

राउलिय. त्रि० (राजकुलिक) राजकुल संबन्धी Relating to the royal family सुख० २, ३१.

राएसि. पुं० (राजर्षि) (१) श्रेष्ठ राजा. The excellent king. (२) ऋषि तुल्य राजा, संयतात्मा भूपति. A saint-like king. अभि०३६; विक्र० ६८; मोह० ३.

राजस. त्रि० (राजस) रजोगुण प्रधान. Endowed with the kingly attributes. कुम्र० ४२८.

राडि. स्त्री०(राटि) चिल्लाहट Cry, noise. सुख० २, १५.

राढा. स्त्री० (राढा) (१) विभूषा. Lustre, light. धर्मसं०१०१८; कप्पू०; (२) भव्यता. Excellence. वज्जा० १८, (३) बंगाल का एक प्रान्त. Name of a district in Bengal. (४) बंगाल देश की एक नगरी. Name of a city in Bengal. कप्पू०; —इत्त. त्रि० (वत्) भव्य आत्मा. A pious soul. वज्जा० १८.

राण. पुं० (राजन्) राणा, राजा. King, ruler. चंड० सिरि० ११४.

राणय. पुं० (राजक) (१) राणा, राजा. Sovereign. नी० १५; सिरि० १२३; १२५; (२) छोटा राजा. Petty king, petty-prince. सिरि० ६८६; १०४०.

राणिश्रा-राणी. स्त्री० (राज्ञिका-राज्ञी) रानी, राज-पत्नी. Queen. कुम्मा० ३; श्रावक० ६३ टी, सिरि० १२५; २६७.

राम. पुं० (राम) (१) श्री रामचन्द्र, राजा दशरथ का बड़ा पुत्र. Shree Rama Chandra. गा० ३५; उप० पृ० ३७५; कुमा०, (२) त्रि० रमने वाला. Playfull, Merry-maker. उप० पृ० ३७५.

रामकरह. पुं० (रामकृष्ण) राजा श्रेणिक का एक पुत्र. Name of a son of king Shrenika राज०

रामगिरि. पुं० (रामगिरि) पर्वत-विशेष. Name of a mountain. पउम० ४०, १६.

रामपुरी. स्त्री० (रामपुरी) अयोध्या नगरी. Ayodhya city. ती० ११.

रामणिज्जअ. न० (रामणीयक) रमणीयता, सौन्दर्य. Elegance, Beauty विक्र० २८.

रामा. स्त्री० (रामा) छन्द-विशेष. Name of a metre. पिंग०

रामिअ. त्रि० (रमित) रमण कराया हुआ. Caused to play or amuse oneself with. गा० ५६; पउम० ८०, १६.

रामेसर. पुं० (रामेश्वर) दक्षिण भारत का हिन्दु-तीर्थ. A holy place of Hindus in southern India. सम्मत्त० ८४.

राय. पुं० (राग) (१) मत्सर, द्वेष. Envy. देवेन्द्र० २७८; (२) रंगना, रंजन. Colouring; (३) वर्णन. Description; (४) अनुराग. Affection, love. (५) चन्द्र, चांद. Moon. (६) लाल वर्ण. Red colour. (७) लाल रंग वाली वस्तु. Red thing. (८) वसन्त आदि स्वर. A musical tune. है० १, ६८

राय. पुं० (राजन्) (१) चन्द्र, चन्द्रमा.

Moon. श्रा० २७, हम्मीर० ३; धर्मवि० ३; (२) एक महाग्रह. Name of a great planet. (३) इन्द्र. Indra. (४) क्षत्रिय. Kshatriya. (५) यक्ष. Demi-god. (६) शुचि, पवित्र. Purity. (७) श्रेष्ठ, उत्तम. The best or most excellent. हे० ३, ४६; ५०; (८) इच्छा, अभिलाष. Desire, wish से० १, ६; (९) छन्द-विशेष Name of a metre. पिंग० —वाडियावाडी. स्त्री० (पाटिका-पाटी) चतुरंग सैन्य-श्रम-करण, राजा की सवारी. A procession of a king accompanied by a huge retinue of elephants, chariots, cavalry and infantry. कुमा० कुम० ११६-१२०; सुपा० २२२; —सिट्ठि. पुं० (श्रेष्ठिन्) नगर सेठ. The leading person in a town. भवि०; —सेण. पुं० (सेना) छन्द-विशेष. Name of a metre. पिंग०

रायईश्र. त्रि० (राजकीय) राज-संबन्धी. Political, regal. प्राकृ० ३५.

रायउत्त. पुं० (राजपुत्र) राजपूत, राज-कुमार. Prince, Kshatriya. सुर० ३, १६५;

रायकेर-रायक्क. त्रि० (राजकीय) राज-सम्बन्धी. Political, regal. हे० २, १४८; कुमा० पइ०

रायचंपय. पुं० (राजचम्पक) वृक्ष विशेष, उत्तम चम्पक वृक्ष. The best Champaka tree. श्रा० १२.

रायणी. स्त्री० (राजादनी) खिन्नी, खिरनी का पेड़. A kind of tree पउम० ५३, ७६.

रायधाणी. स्त्री० (राजधानी) राजनगर, राजा का मुख्य नगर. Capital. नाट-चैत० १३२.

रायसेहर. पुं० (राजशेखर) (१) महादेव, शिव. Mahadeo, Shiva. (२) एक राजा. Name of a king. सुपा० ५२६; (३) एक कवि. Name of a poet. कप्पू०

राव. पुं० (राव) (१) रौला, कलकल. Scream, shriek. पाश्र०; (२) पुकार, आवाज़ Sound, cry. सुपा० ३४८; कुमा०

राविश्र. त्रि० (रञ्जित) रंगा हुआ. Coloured. दे० ७, ५.

रासह. पुं०स्त्री० (रासभ) गर्दभ, गदहा. Ass, donkey. पाश्र० प्राप्र० रंभा०

रासाणंदिश्रय. न० (रासानन्दितक) छन्द-विशेष. Name of a metre. अजि० १२.

रासालुद्धय. पुं० (रासालुब्धक) छन्द-विशेष. A particular metre. अजि० १०.

राह. पुं० (राध) (१) वैशाख मास. Month called Vaishakha. (२) वसन्त ऋतु. Spring season. से० १, १३; (३) एक जैन आचार्य. Name of a Jaina Acharya. उप० २८५; सुख०२, १५.

राहश्र-व. पुं० (राघव) (१) रघु-वंश में उत्पन्न. One who is born in the Raghu lineage. उत्तर० २०; (२) श्री रामचन्द्र. An epithet of Shree Rama Chandra. से० १२, २२; १, १३-४७.

राहा. स्त्री० (राधा) (१) वृन्दावन की एक प्रधान गोपी, श्रीकृष्ण की पत्नी. Name of a celebrated Gopi, or cowherd's madam loved by Krishna. वज्जा० १२२, पिंग०; (२) राधावेध में रक्खी जाने वाली पुतली. A idol or doll which is used in place of a target in arrow shooting उप०पृ०१३०; (३) शक्ति-विशेष. A kind of strength. (४) कर्ण का पालन करने वाली माता. Name of the foster-mother of Karna. प्राकृ०४२; — मंडव. पुं० (मंडप) जहां पर राधावेध किया जाय. A place where from

the pupil of an eye of an image is aimed at. सुपा० २६६.

रहिआ-राही. स्त्री० (राधिका) देखो 'राहा' शब्द, Vide 'राहा'. गा०८६; हे० ४, ४४२; प्राकृ० ४२.

राहेअ. पुं० (राधेय) राधा-पुत्र, कर्ण. An epithet of Karna गउड०

रि.अ. (रे) संभाषण सूचक अव्यय. A vocative participle. तंदु०५०-५२ टी

रिउ. त्रि० (ऋजु) (१) सरल, सीधा. Straight. सुपा० २४६; (२) न० विशेष पदार्थ, सामान्य भिन्न वस्तु. (In logic) Individuality (opp. सामान्य) प्रव० २७०;—सुत्त. पुं० (सूत्र) नय विशेष. Name of a Naya Sutra. विशे० २२३१, २६०८

रिउमहण. पुं० (रिपुमथन) राक्षस वंश का एक राजा. Name of a king of the demon family. पउम० ५, २६३.

रिंखण. न० (रिङ्खण) सर्पण, गति, चाल. Crawling, creeping. पउम० २५, १२.

रिंखि. त्रि० (रिङ्खिन्) चलने वाला. Crawling, creeying. पिड० ४७१.

रिंगण. न० (रिङ्गण) चलना, सर्पण. Crawling, creeping प्रव० २.

रिंगिअ. न० (रिङ्गित) (१) रींगना, कच्छप की तरह हाथ के बल चलना. Creeping like a tortoise on hands (२) गुरु वन्दन का एक दोष. A fault in bowing to the preceptor. गुभा० २४.

रिक्ख पुं० (ऋक्ष) भालु, श्वापद-प्राणि-विशेष Bear. हे० २, १६.

रिक्खराज. पुं० (ऋक्षराज) वानर वंश का एक राजा. Name of a king of the Vanar race. पउम० ८, २३४.

रिट्ठ. पुं० (अरिष्ट) (१) अरिष्ट, दुरित. Sin. पइ० पि० १४२; (२) दैत्य-विशेष. Name of a demon. पइ० से० १, २.

रिट्ठमणि. पुं० (रिष्टमणि) श्याम रत्न-विशेष. A particular black jewel. सिरि० ११६०.

रिट्ठा. स्त्री० (रिष्टा) मदिरा, दारू. Liquor, wine. राज०

रिट्ठि. स्त्री० (रिष्टि) (१) खड्ग, तलवार. Sword दे० ७, ६; (२) अशुभ. Inauspicious (३) पुं० रन्ध्र, विवर. Hole. संक्षि० २.

रिण. न० (ऋण) (१) जल, पानी. Water. (२) दुर्ग, किला. Fort. (३) दुर्गभूमि. Strong hold. (४) आवश्यक कार्य, फ़र्ज़. An important deed, duty. (५) कर्म. Deed. हे० १, १४१; माप्र०

रिणिअ. त्रि० (ऋणित) कर्ज़दार, अधमर्ण. Debtor. कुम० ४३६.

रित्थ. न० (रिक्थ) धन, द्रव्य. Wealth, riches. उप० ५२०; पाअ० म० ६०, सुख० ४, ६; महा०

रिद्धि. स्त्री० (ऋद्धि) (१) वृद्धि. Increase, growth. (२) देव विशेष. Name of a god. (३) औषधि-विशेष A kind of medicine. हे०१, १२८; २,४१; पंचा०८; (४) छन्द-विशेष. Name of a metre. पिंग०

रिद्धिसुंदरी. स्त्री० (ऋद्धिसुन्दरी) एक वणिक् कन्या. Name of a Bania's daughter. उप० ७२८, टी.

रिरंसा. स्त्री० (रिरंसा) रमण की चाह, मैथुनेच्छा. Thrilling Lux for a sexual intercourse. अज्ञ० ७६.

रीइ. स्त्री० (रीति) प्रकार, ढंग, पद्धति. Method, manner. 'निच्चं नवनवरीईइ' धर्मवि० ३२, कप्पू०

रीडण. न० (मण्डन) अलंकरण. Decorating, ornamenting. कुमा०

रीण. त्रि० (रीण) (१) क्षरित, स्रुत. Oozed, dripped. (२) पीड़ित. Aflicted. भत्त० २.

रीरिअ. त्रि० (राजित) शोभित. Beautiful. कुमा०

रीरी. स्त्री० (रीरी) धातु विशेष, पीतल. Brass. कुप्र० ११; सुपा १४२.

रुअंती. स्त्री० (रुदती) वल्ली-विशेष. A kind of creeper. संबोध० ४७.

रुअगुत्तम. न० (रुचकोत्तम) कूट-विशेष. Name of a summit. इक०

रुअण. न०(रोदन) रुदन, रोना. Weeping. संबोध० ४.

रुआ. स्त्री० (रुज्) रोग, बीमारी. Disease. उव० धर्मसं० ५६८.

रुआविअ. त्रि० (रोदित) रुलाया हुआ. Caused to weep. गा० ३८६.

रुइ. स्त्री०(रुचि) कान्ति, प्रभा, तेज. Lustre, brilliance. सुर० ७, ४; कुमा०; (२) आसक्ति. Close application to any object. पाम्० १६६; (३) शोभा. Beauty, elegance. (४) बुभुक्षा, खाने की इच्छा. Desire of eating, hunger. (५) गोरोचना. A bright yellow pigment prepared from the urine or bile of a cow. पड्०

रुइअ. त्रि० (रुचित) (१) अभीष्ट, पसंद. Agreeable. सुर० ७, २४३; महा०; (२) पुं० न० विमान विशेष, एक देव विमान. A particular celestial aerial car. देवेन्द्र० १३२.

रुइर. त्रि० (रुचिर) (१) दीप्त, कान्ति-युक्त. Bright, shining, brilliant. तंदू० २०; (२) पुं०न० एक विमानेन्द्रक, देव विमान विशेष. Name of a celestial aerial car. देवेन्द्र० १३१.

रुंचण. न० (रुञ्चन) रुई से कपास को अलग करने की क्रिया. Act of separating cotton-seeds from cotton. पिंड ५८८.

रुंजिय. न० (रवण) शब्द, आवाज़, गर्जन. Sound, cry. स० ४२०.

रुंटिअ. न०(रुत) गुञ्जारव, आवाज. Sound humming of bees. 'रुंटिअं अलिविरुअं' पाअ० कुमा०

रुंड. पुं० न० (रुण्ड) बिना सिर का धड़ कबन्ध. Headless-body, trunk 'पडिया य मुंडरुंडा' कुप्र० १३५; गउड०भवि० सण०

रुंधिअ. त्रि० (रुद्ध) रोका हुआ. Stopped prevented. कुमा०

रुंभय. त्रि० (रोधक) रोकने वाला. Stopper, checker. स० ३८१.

रुंभाविअ. त्रि० (रोधित) रुकवाया हुआ, बंद किया हुआ. Stopped, prevented. आ० २७.

रुंभिअ त्रि० (रुद्ध) रोका हुआ. Stopped. हेका० ६६; सुपा० १२७.

रुक्खसत्थ. न० (वृक्षशास्त्र) वनस्पति-शास्त्र. Vanaspati Shastra pertaining to the agricultural science. स० २११.

रुक्खिम. पुं० स्त्री० (वृक्षत्व) वृक्षपन. Grassy, green. पड्०

रुग्ग. त्रि० (रुग्ण) भग्न, तोड़ा हुआ. Broken, shattered. पाअ० गउड० ५६१.

रुज्ज. न० (रोदन) रुदन, रोना. Weeping. गा० ८४३.

रुज्झिअ. त्रि० (रुद्ध) रोका हुआ. Stopped, prevented. कुमा०

रुद्दु. पुं० (रुष्ट) नरकावास-विशेष. A particular hell. देवेन्द्र० २८.

रुद्द. पुं० (रुद्र) (१) जिन देव, जिन भगवान्. Jindeo. पउम० १०६, १२; (२) अंगविद्या का जानकार पुरुष. A man knowing the science of foretelling good or evil by the movement of limbs. विचार० ४८४.

रुद्दक्ख. पुं० (रुद्राक्ष) वृक्ष-विशेष. A kind of tree. पउम० ५३, ७६.

रुद्दाणी. स्त्री० (रुद्राणी) शिव-पत्नी, दुर्गा. The wife of Rudra, name of parvati. समु० १५४.

रुप्प. न० (रुक्म) (१) काञ्चन, सोना Gold (२) लोहा. Iron. (३) धतूरा. A kind of tree. (४) नागकेसर. Name of a tree of fragrant flowers. प्राम०

रुप्पिणी. स्त्री० (रुक्मिणी) (१) द्वितीय वासुदेव की एक पटरानी. The crowned queen of second Vasudeo. पउम० २०, १८६; (२) एक श्रेष्ठि-पत्नी. Name of a wife of a wealthy man. सुपा० ३३४.

रुवण. न० (रोदन) रोना Weeping उप० ३३५.

रुवणा. स्त्री० (रोवणा) आरोपणा, प्रायश्चित का एक भेद. A kind of expiation. वव० १.

रुसा. स्त्री० (रोष) रोष, गुस्सा. Wrath, rage. कुमा०

रुहण. न० (रोधन) निवारण. Checking, confining वव० १.

रूअ. पुं० (रूप) (१) आकृति, आकार. Form, figure. गा० १३२; (२) त्रि० सदृश, तुल्य. Like, similar. दे० ६, ४६.

रूअग-य. पुं० न० (रूपक) रुपया. A particular coin, rupee. हे० ४,४२२.

रूआमाला. स्त्री० (रूपमाला) छन्द-विशेष. Name of a metre पिंग०

रूढ. त्रि० (रूढ) अगुण, तंदुरुस्त. Healthy. पाअ०

रूढि. स्त्री० (रूढि) परम्परा से आने वाली प्रसिद्धि. Tradition, custom, usage. सुपा० ६१६; कप्पू०

रूप. पुं० (रूप) पशु, जानवर. Animal. मृच्छ० २००.

रूपि. पुं०(रूपिन्) शौनिक, कसाई. Butcher. मृच्छ० २००.

रूप. पुं० न० (रूप) (१) शब्द, नाम. Sound, word. (२) श्लोक. Hymn or verse. (३) नाटक आदि दृश्य काव्य. Drama, play. हे० १, १४२.

रूव. पुं० न० (रूप) Vide. एक, एक की संख्या. The number one, an arithmetical unit. क० गं० ४, ७७-७८-७६-८०-८१.

रूवग. पुं० न० (रूपक) साहित्य प्रसिद्ध एक अलंकार. (In Rhet.) A figurative speech corresponding to the English metayphor, in which the Upmeya is represented as being identical with the Upamena सुर० १, २६, विशे० ६६६ टी.

रूसण. न० (रोषण) (१) रोष, गुस्सा. Wrath, anger. गा० ६७५, हे० ४, ४१८, (२) त्रि० गुस्साखोर, रोष करने वाला. Wrathful, angry. सुख० १, १४, संबोध० ४८.

रूसिअ त्रि० (रुष्ट) रोष-युक्त. Angry, wrathful. सुख० १, १३-१६.

रे. अ० (रे) (१) परिहास. Joking, jesting (२) अधिक्षेप. Insulting. संक्षि०

४७; (३) संभाषण. Conversation. हे० २, २०१; कुमा०; (४) आक्षेप Blame, abuse. सत्ति० ३८, (५) तिरस्कार. Censure, contempt. प्रव० ३८,

रेश्र. पुं० (रेतस्) वीर्य, शुक्र. Semen virile. राज०

रेश्रविश्र. त्रि० (मुक्त) छोड़ा हुआ, त्यक्त. Abandoned, gave up. कुमा० दे० ७, ११.

रेश्रा. स्त्री० (रै) (१) धन. Wealth, riches. (२) सुवर्ण, सोना. Gold. पइ०

रेइश्र. त्रि० (रेचित) रिक्त किया हुआ. Emptied, cleared. से० ७, ३१.

रेभ. पुं० (रेफ) (१) 'र' अक्षर, रकार. The letter. 'र' कुमा०; (२) दुष्ट. Vicious, wicked. (३) अधम, नीच. Vilest, meanest. (४) क्रूर, निर्दयी. Cruel. (५) कृपण. Poor, indigent. हे० १, २३६, पइ०

रेवइय. न० (रेवतिक) एक उद्यान का नाम. Name of a garden. कप्प०

रेवंत. पुं० (रेवन्त) सूर्य का एक पुत्र, देव-विशेष. Name of the sun's son. 'रेवंततणुभवा इव' धर्मवि० १४२; सुपा० ५६.

रेवा. स्त्री० (रेवा) नदी-विशेष, नर्मदा. Name of the river Narmada. गा० ५७८; पाअ० कुमा० प्रासू० ६७.

रेहा. स्त्री० (रेखा) छन्द-विशेष. Name of a metre. पिंग०

रेहा. स्त्री० (राजना) शोभा, दीप्ति. Brilliance, elegance. कप्पू०

रेहिश्र. त्रि० (राजित) शोभित. Adorned, decorated. सुर० १०, १८६.

रेहिर-रेहिल्ल त्रि० (राजितृ) शोभने वाला. Beautiful. सुर० १, ५०; सुपा० ५६, 'नयरे नयरेहिल्ले' उप० ७२८, टी.

रेहिर. त्रि० (रेखावत्) रेखा वाला. Having lines. हे० २, १५६.

रोश्र. पुं० (रोच) रुचि Taste, liking. चेइय० २६०.

रोश्रण. न० (रोदन) रोना, रुदन. Weeping. दे० ५, १०; कुम्र० २३५; २८६.

रोश्रण. पुं० (रोचन) (१) एक दिग्-हस्ति कूट Name of a summit. इक०,(२) न० गोरोचन. A bright yellow pigment prepared from the urine or bile of a cow. गउड०

रोश्रणा. स्त्री० (रोचना) गोरोचन. A bright yellow pigment prepared from the urine or bile of a cow. से० ११, ४५; गउड०

रोश्राविश्र. त्रि०(रोदित) रुलाया हुआ. Caused to weep. गा० ३५७; सुपा० ३१७.

रोइर. त्रि० (रोदितृ) रोने वाला. Weeping. गा० ३८६; पउ०

रोगिश्र. त्रि० (रोगिक) बीमार. Sick, ill. सुपा० ५७६.

रोमंचइश्र-रोमंचिश्र. त्रि० (रोमाञ्चित) पुलकित, जिसके रोम खडे हुए हों. With the hair erect or thrilled with joy or fear. पउम०३, १०४; १०२, २०३; पाअ० भवि०

रोमंथ. पुं० (रोमन्थ) पगुराना, चबी हुई वस्तु का पुनः चबाना. Ruminating, chewing the cud. से० ६, ८७, पाअ० सण०

रोमय. पुं० (रोमज) पक्षि-विशेष, रोम की पंख वाला पक्षी. A kind of bird. जी० २२.

रोमस. त्रि० (रोमश) रोम-युक्त, रोम वाला. Having hairs. दे० ३, ११; पाअ०

रोलंब. पुं० (रोलम्ब) भ्रमर, मधुकर. Bee. दे० ७, २; कुम्र० ५८

रोला. स्त्री॰ (रोला) छन्द-विशेष. A kind of metre. पिंग॰

रोवण. न॰ (रोदन) रोना. Weeping. सुर॰ ६, ७६.

रोवण. न॰(रोपण) वपन, बोना. Planting, sowing. वव॰ १.

रोविर. त्रि॰ (रोपयितृ) बोनेवाला. Planter. हे॰ २, १४५.

रोसविअ. त्रि॰ (रोषित) कोपित, कुपित किया हुआ. Annoyed. पउम॰ ११०, १३.

रोह. पुं॰ (रोध) (१) रुकावट, अटकाव. Stopage, Hinderance. कुप्र॰ १; द्रव्य॰ ४६; (२) कैद. Arresting. पुप्फ॰ १८६.

रोह. पुं॰ (रोधस्) तट, किनारा. Bank, shore. पाअ॰

रोह. पुं॰ (रोह) मरोह, व्रण आदि का सूख जाना. To be healed or cured (of a wound). दे॰ ६, ६५.

रोहग. पुं॰ (रोहक) एक नट कुमार. Name of a son of a dancer. उप॰ पृ॰ २१५.

रोहगुत्त. पुं॰ (रोहगुप्त) (१) एक जैन मुनि. Name of a Jaina saint. कप्प॰; (२) त्रैराशिक मत का प्रवर्तक एक आचार्य. Name of an Acharya. विशे॰ २४५२.

रोहण. न॰ (रोधन) (१) अटकाव. Obstacle, hinderance. आरा॰ ७२; (२) त्रि॰ रोकने वाला. One who prevents or stops. द्रव्य॰ ३४.

रोहण. न॰ (रोहण) (१) चढ़ना, आरोहण. Ascending. सुपा॰ ४३८; कुप्र॰ ३६६; (२) उत्पत्ति. Production. विशे॰ १७५३; (३) पुं॰ पर्वत-विशेष. Name of a mountain. सुपा॰ ३२; कुप्र॰ ६; (४) एक दिग्हस्तिकूट. Name of a summit. इक॰

रोहिअ. त्रि॰ (रोधित) घेरा हुआ. Encompassed, Surrounded. 'रोहियंपाडलिपुरं तेण' धर्मवि॰ ४२; कुप्र॰ ३६६; स॰ ६३५.

रोहिणी. स्त्री॰ (रोहिणी) (१) तप-विशेष. A particular religious austerity पाअ॰; (२) गौ, गैया. Cow. पाअ॰

ल

ल. पुं॰ (ल) मूर्ध-स्थानीय अन्तस्थ व्यञ्जन वर्ण-विशेष, A particular consonant. प्राप्र॰

लंका. स्त्री॰ (लङ्का) नगरी-विशेष, सिंहलद्वीप की राजधानी. Name of the capital and residence of Ravana. से॰ ३, ६२; पउम॰ ४६, १६; कप्पू॰; —लय. त्रि॰ (लय) लंका निवासी. An inhabitant of Lanka. वज्जा॰ १३०.

लंकासुंदरी. स्त्री॰ (लङ्कासुन्दरी) हनूमान की एक पत्नी. A wife of Hanuman. पउम॰ ५२, २१.

लंकासोग. पुं॰ (लङ्काशोक) राक्षस वंश का एक राजा. A king of the Demon-family. पउम॰ ५, २६५.

लंगल. नं॰ (लाङ्गल) हल. Plough. 'लंगलाण सया' धर्मवि॰ २४, हे॰ १, २५६; षड्॰ ८०.

लंगलि. पुं॰ (लाङ्गलिन्) बलभद्र, बलदेव. Baladeo कुमा॰

लंगली. स्त्री॰ (लाङ्गली) वल्ली-विशेष, शारदी-लता. A kind of creeper. कुमा॰

लंगूलि. त्रि॰ (लाङ्गूलिन्) पुच्छ वाला पशु. Animal. कुमा॰

लंघि. त्रि॰ (लङ्घिन्) लंघन करने वाला. One who observes fasts. कप्पू॰

लंचिल्ल. त्रि॰ (लाञ्चिक) घूंसखोर; रिश्वत लेकर काम करने वाला. That receives-bribes. वव॰ १.

लंछुना. स्त्री० (लाञ्छना) चिह्न करना. Signing. उप० ५२२.

लंडुअ. त्रि० (लण्डित) उत्क्षिप्त. Thrown. 'चंदप्पवादलंडुओ विग्गवरंडो' चारु० ३.

लंपड. त्रि० (लम्पट) (१) लोलुप, लालची, लुब्ध. Greedy, covetous. पाअ० सुपा० १०७; ५६६, सुर० ३, १०.

लंपाग. पुं० (लम्पाक) देश विशेष. Name of a country. पउम० ६८, ५६.

लंबअ. न० (लम्बक) ललन्तिका, नाभि पर्यन्त लटकती हुई माला आदि. A long necklace. स्वप्न ६३.

लंबणा. स्त्री० (लम्बना) रज्जु, रस्सी. Rope. स० १०१.

लंबि. त्रि० (लम्बिन्) लटकता हुआ. Hanging down. गउड०

लंबिर. त्रि० (लम्बितृ) लटकने वाला. Hanging. कुमा० गउड०

लंबुअ. त्रि० (लम्बुक) (१) लम्बी लकड़ी के अन्त भाग मे बंधा हुआ मिट्टी का ढेला. A muddy ball tied to the other end of a long stick. (२) भीत में लगा हुआ ईंटों का समूह. A block of bricks set in a wall. मृच्छ० ६.

लंभिअ. त्रि० (लब्ध) प्राप्त. Obtained, acquired. नाट-चैत० १२५.

लक्खग. त्रि० (लक्षक) पहिचानने वाला. Recogniser, knower. पउम० ८२, ८४; कुम्र० २००

लक्खण. पुं० न० (लक्षण) (१) व्याकरण शास्त्र. Grammar. सुपा० १२१; ६५७; (२) व्याकरण आदि का सूत्र. An aphorism of Grammar etc. (३) प्रतिपाद्य, विषय. Subject. हे० २, ३; (४) पुं० सारस पक्षी. Crane. 'लक्खणो' प्राकृ० २२; (५) कारण, हेतु. Cause, reason. दसनि० ४, १४.

लक्खणा. स्त्री० (लक्षणा) (१) शब्द वृत्ति विशेष, शब्द की एक शक्ति जिससे मुख्य अर्थ के बाध होने पर भिन्न भिन्न अर्थ की प्रतीति होती है. An indirect application of a word, one of the qualities of a word which expresses its zeal through its different meanings. दे०१, ३; (२) एक महौषधि. A kind of medicine. ती० ५.

लक्खणा. स्त्री० (लक्ष्मणा) एक अमात्य की स्त्री. Wife of a minister. उप०७२८, टी.

लक्खणिय. त्रि० (लाक्षणिक) (१) लक्षणों का जानकार. One who is acquainted with mark or signs. (२) लक्षण युक्त. Characteristic. सुपा० १२६.

लक्खिअ. त्रि० (लक्षित) जाना हुआ. Known. (२) पहिचाना हुआ. Characterized, marked. (३) देखा हुआ. Observed, beheld. गउड० नाट-रत्ना० १४.

लग्ग. पुं० (लग्न) स्तुति-पाठक. Bard, minstrel. हे० २, ६८.

लग्गण. न० (लगन) संग, सम्बन्ध. Relation. 'वडपायसाहालग्गणेण' सुर० १५,१४; उप० १३४, ५३८.

लग्गणय. पुं० (लग्नक) प्रतिभू, जामिन. Surety, bail. पाअ०

लघिम. पुं० स्त्री० (लघिमन्) (१) लघुता, लाघव. Littleness, lightness. (२) योग की एक सिद्धि. The supernatural power of assuming excessive lightness at will, one of the eight Sidhis. 'लंघिज्ज लघिमगुणओ' कुम्र० २७७; (३) विद्या-विशेष. A kind

of magical skill. पउम० ७, १३६.

लच्छी. स्त्री०(लक्ष्मी) (१) कान्ति. Beauty, Lustre. (२) औषधि विशेष. A kind of medicine. (३) फलिनी वृत्त. A kind of tree. (४) हरिद्रा. Name of turmeric. (५) मुक्ता, मोती. Pearl. (६) रावण की एक पत्नी. A wife of Ravana. पउम०७४,१०; (७) छन्द-विशेष. A kind of metre. पिंग०; (८) एक वणिक् पत्नी. A Bania's wife. उप० ७२८ टी.

लच्छीनिलय. पुं० (लक्ष्मीनिलय) वासुदेव. Vasudeo. पउम० ३७, ३७.

लच्छीमंदिर. न० (लक्ष्मीमन्दिर) नगर-विशेष. Name of a city. सुपा० ६३२.

लच्छीवइ. पुं०(लक्ष्मीपति) लक्ष्मी का स्वामी, श्री कृष्ण. An epithet of Vishnu. प्राकृ० ३०.

लच्छीहर. पुं० (लक्ष्मीधर) (१) वासुदेव. Vasudeo. पउम० ३८, ३४; (२) छन्द-विशेष. Name of a metre. पिंग०,(३) न० नगर-विशेष. Name of a city. इक०

लज्जण-लज्जणय. न० (लज्जन) (१) शरम, लाज. Shame. सा० ८; राज०; (२) त्रि० लज्जा-कारक. Causing shame, shameful. सुपा० २१५; भवि०

लज्जा. स्त्री० (लज्जा) छन्द-विशेष. Name of a metre. पिंग०

लज्जालु-लज्जालुआ-लज्जालुइणी. स्त्री० (लज्जालु) (१) लता विशेष. A kind of creeper. (२) लज्जा वाली स्त्री. A modest or bashful woman. पड्० हे० २, १५६; १७४; सुर० २, १५६; गा० १२७; प्राकृ० ३५.

लज्जालुइर-लज्जालुर. त्रि० (लज्जालु) लज्जा-शील, शरमिंदा. Modest, bashful गा० ४८२; ६१२ अ०

लज्जिर त्रि०(लज्जितृ) लज्जा-शील. Modest, bashful. हे० २, १४५; गा० १५०; कुमा० वज्जा० ८; भवि०

लट्टा. स्त्री० (लट्वा) (१) वृत्त-विशेष. A kind of tree. कुमा०; (२) कुसुम्भ. Safflower. वृह० १; (३) गौरेया, पक्षि विशेष. Sqarrow. (४) भ्रमर, भौंरा. Wasp. (५) वाद्य विशेष. A kind of musical instrument दे० २, ५५.

लड्डुअ-लड्डुग.पुं०(लड्डुक) लड्डू, मोदक. A kind of sweet-meat. गा० ६४१. प्रयौ० ८३, कुप्र०२०६; भवि० पउम० ८४,४; पिंड० ३७७.

लड्डुयार. त्रि० (लड्डुककार) लड्डू बनाने वाला,हलवाई One who makes sweet-balls. कुप्र० २०६.

लढिअ. त्रि० (स्मृत) याद किया हुआ. Remembered, recollected. पाअ०

लण्ह. त्रि० (श्लक्ष्ण) (१) अल्प, थोड़ा. A little. (२) न० लोहा, धातु-विशेष. Iron. हे० २, ७७; प्राकृ० १८.

लत्त. त्रि० (लप्त) उक्त, कथित. Said. सुपा० २३४.

लद्धि स्त्री० (लब्धि) योग्यता. Fitness. —पुलाअ. पुं० (पुलाक) लब्धि-विशेष-संपन्न मुनि. A particular class of saint. संबोध० ३८.

लद्धिय. त्रि० (लब्ध) प्राप्त. Obtained, acquired. वै० ६६.

लद्धिल्ल. त्रि० (लब्धिमत्) लब्धि-युक्त. Strength. पंच० १, ७.

लय. पुं०(लय) (१) श्लेष. An embrace. (२) मन की साम्यावस्था. Mental inactivity. कुमा०; (३) लीनता, तल्लीनता. Sticking, adherence. (४) तिरोभाव.

Disappearance, dissolution. विशे० २६६६.

लयग. न० (लताङ्ग) संख्या-विशेष, चौरासी लाख पूर्व. A particular number. जो० २.

लया. स्त्री० (लता) (१) प्रकार, भेद. Kind. बृह० १; (२) तप-विशेष. Kind of religious austerity. प्रव० २७१; (३) संख्या विशेष, चौरासी लाख लतांग परिमित संख्या. A particular number. जो० २.

ललाम. न० (ललामन्) प्रधान, नायक. President, chief. अभि० ६५.

ललिअंग. पुं० (ललिताङ्ग) एक राज-कुमार. Name of a prince. उप० ६८६ टी.

ललिअय. न० (ललितक) छन्द-विशेष. Name of a metre. अजि० १८.

ललिआ. स्त्री० (ललिता) एक पुरोहित की स्त्री. Name of a priest's wife. उप० ७२८ टी.

लल्लक. पुं० (लल्लक) छठवीं नरक-पृथिवी का एक नरक-स्थान. An abode of the sixth hell. देवेन्द्र० १३.

लव. पुं० (लव) लेश, अल्प, थोड़ा. A bit, a little. पाअ० प्रासू० ६६, ११८, सरण०

लवण. पुं० (लवण) (१) रस विशेष, क्षार रस. A kind of salt. (२) सीता का एक पुत्र, लव. Name of a Sita's son. पउम० ९७, १६; (२) मधुराज का एक पुत्र. A son of Madhuraja. पउम० ५७, २७.

लवणिम. पुं० स्त्री० (लवणिमन्) लावण्य. Beauty, grace. कुमा०

लवल. न० (लवल) पुष्प-विशेष. A kind of flower. कुमा०

लवली. स्त्री० (लवली) लता-विशेष. A kind of creeper. सुपा० ३८१; कुम्र० २४६.

लवित्त. न० (लवित्र) दात्र, घास काटने का एक औज़ार. An instrument for mowing, sickle. दे० १, ८२.

लविर. त्रि० (लपितृ) बोलने वाला. Speaker. सण०

लसिर. त्रि० (लसितृ) (१) श्लिष्ट होने वाला. One who embraces. (२) चमकने वाला, दीप्त. Glittering, shining. से० ८, ४४.

लसुण. न० (लशुन) लहसुन, कन्द-विशेष. Garlic. आ० २०.

लहण. न० (लभन) (१) लाभ, प्राप्ति. Obtaining, acquisition. (२) ग्रहण, स्वीकार. Acceptance आ० १४.

लहर. पुं० (लहर) एक वणिक् पुत्र. Name of a Bania's son. सुपा० ६१७.

लहाविय. त्रि० (लम्भित) प्रापित, प्राप्त कराया हुआ. Caused to obtain. कुम्र० २३२.

लहु-लहुअ. त्रि० (लघु) तुच्छ, निःसार. Small, tiny. (१) श्लाघनीय, प्रशंसनीय. Praiseworthy. से० १२, ५३; (२) मनोहर, सुन्दर. Lovely, handsome, beautiful. हे० २, १२२; (३) न० कृष्णागुरु, सुगन्धि-धूप-द्रव्य विशेष. A kind of Sandal-wood. (४) वीरण-मूल. A kind of fragrant root. हे० २, १२२; (५) स्पर्श विशेष. A kind of touch. अणुजो०; (६) पुं० एक मात्रा वाला अक्षर. A word with a sigle sign. हे० २, १२४.

लाइअ. त्रि० (लागित) लगाया हुआ. Affixed. से० २, २६, वज्जा० ५०.

लाड. पुं० (लाट) देश-विशेष. Name of a country. सुपा० ६५८; कुम्र० २५४; भत्त० ६७ टी, भवि० सण० इक०

लाण. न० (लान) ग्रहण, आदान. Taking, accepting. से० ७, ६०.

लाभ. पुं० (लाभ) सूद, ब्याज. Interest

on money lent. उप० ६४७.

लाभिय-लाभिल्ल. त्रि०(लाभिक) लाभ-युक्त, लाभ वाला. Profitable. कर्म० १७.

लाय. त्रि० (लात) (१) न्यस्त, स्थापित. Established. (२) न० लग्न का एक दोष. A defect of wedding rituals. सुपा० १०८

लाय. पुं० (लाज) (१) आर्द्र तण्डुल. Wet or damp rice. (२) व० भुंजा हुआ नाज, खोई. Parched or fried grain. कप्पू०

लायण. न० (लागन) लगवाना. Causing to affix. गा० ४४८.

लायरण न० (लावण्य) लवणत्व, चारत्व. Saltish, sour. हे० १, १७७; १८०.

लालण. न० (लालन) स्नेह-पूर्वक पालन. Fondling, patting. पउम० २६, ८८

लालय. न० (लालक) लाला, लार. Saliva. दे० ४, १६.

लालिल्ल. त्रि० (लालावत्) लारवाला. Having saliva. सुपा० ४३१.

लाविर. त्रि०(लवितृ) काटने वाला. Cutter. गा० ३४४.

लास. न० (लास्य) (१) नाट्य शास्त्र प्रसिद्ध गेयपद आदि. A part of the Nataka-shastra of Bharata. कुमा०; (२) नृत्य, नाच. Dance. पाअ०; (३) स्त्री का नाच. Dance of a woman. (४) वाद्य, नृत्य और गीत का समुदाय. A dance accompanied with singing and instrumental music हे० २, ६२.

लिअ त्रि०(लिप्त) (१) लीपा हुआ. Anointed, besmeared. गा०४२८; (२) न०लेप. Anointing, besmearing. प्राकृ०७७.

लिआर. पुं०(लृकार) 'लृ' वर्ण Alphabet. लृ. प्राकृ० ६.

लिंगिय. त्रि० (लैङ्गिक) किसी धर्म के वेष को धारण करने वाला साधु, संन्यासी. A monk wearing the dress of a particular religion or creed मोह० १०१.

लिंपाविय. त्रि० (लेपित) लेप कराया हुआ. Caused to smear. कुम० १४०.

लिंपिय. त्रि०(लिप्त) लीपा हुआ. Smeared. कुमा०

लिंब. पुं० (निम्ब) वृक्ष-विशेष, नीम का पेड़. Nim tree. हे० १, २३०, कुमा० स० ३४.

लिक्ख. न० (लेख्य) लेखा, हिसाब. Example(In Arith.) or illustration. 'लिक्खं गणिऊण चिंतए' सिरि० ४१८; सुपा० ४२४.

लिहण. न० (लेखन) (१) लिखना, लेख. Writing. कुम० ३६८; (२) रेखा-करण. Scratching. तंदु० ५०; (३) लिखवाना. Causing to write. सबोध० ३६.

लिहावण. न०(लेखन) लिखवाना. Causing to write. उप० ७२४

लिहाविय. त्रि० (लेखित) लिखवाया हुआ. Caused to write स० ६०.

लीढ. त्रि०(लीढ) (१) चाटा हुआ. Licked, lipped. सुपा०६४१,(२) स्पृष्ट. Touched. कुम० ५; (३) युक्त. Joined, united. प्रव० १२४.

लीला. स्त्री० (लीला) छन्द विशेष. Name of a metre. पिंग०

लीलाइअ. न० (लीलायित) (१) क्रीडा, केलि. Sport, amusement, pleasure. कप्पू०, (२) प्रभाव. Dignity, majesty. 'धम्मस्स लीलाइयं' उप० १०३१ टी.

लीलावई. स्त्री० (लीलावती) (१) विलासवती स्त्री. An amorous or wanton woman. पासु०६१; (२) छन्द-विशेष. Name of a metre. पिंग०

लुअ. त्रि०(लून) काटा हुआ, छिन्न. Cut. हे० ४, २५८; गा० ८; से० ३, ४२; दे० ७, २३; सुर० १३, १७५; सुपा० ५२७.

लुअ. त्रि० (लुप्त) (१) जिसका लोप किया गया हो. Disappeared. (२) न० लोप. Disappearance. प्राकृ० ७७.

लुअंत. त्रि० (लूनवत्) जिसने छेदन किया हो. One who has cut. धात्वा० १५१.

लुंटण. न० (लुण्टन) लूट. Plundering. सुर० २, ४६, कुमा०

लुंटाक त्रि० (लुण्टाक) लूटने वाला, लुटेरा. Robber, plunderer. धर्मवि० १२३.

लुंठग. त्रि० (लुण्ठक) खल, दुर्जन. Wicked. 'उवहसिज्जमाणा लुंठगलोएण' सुख० २, ६.

लुंठिअ. त्रि० (लुण्ठित) बलात्गृहीत, जबरदस्ती से लिया हुआ. Plundered, robbed. पिंग०

लुक्क. त्रि० (निलीन) लुका हुआ, छिपा हुआ. Hidden, concealed. गा० ४६; ५५८; पिंग०

लुक्क त्रि० (रुग्ण) (१) भग्न. Broken, shattered. कुमा०; (२) बीमार, रोगी. Diseased, sick. हे० २, २.

लुक्किअ. त्रि० (तुडित) टूटा हुआ, खण्डित. Broken, shattered. कुमा०

लुक्किअ. त्रि० (निलीन) लुका हुआ, छिपा हुआ. Hidden, concealed. पिंग०

लुट्ट. त्रि० (लुण्टित) लूटा हुआ. Plundered. धर्मवि०७.

लुट्ठ. पुं० (लोष्ट) रोडा, ईंट आदि का टुकडा. Clod, a piece of brick. दे० ७, २६.

लुढिअ. त्रि० (लुठित) लेटा हुआ. Slept. सुपा० ५०३; स० ३६६.

लुणिअ. त्रि० (लून) काटा हुआ. Cut off, severed. धर्मवि० १२६; सिरि० ४०४

लुत्त. त्रि० (लोप्त्र) चोरी का माल. Stolen property, booty, spoilse. आव ६३ टी.

लुलिअ. त्रि० (लुठित) लेटा हुआ. Layi down. सुर० ४, ६८.

लुहण. न० (मार्जन) शुद्धि. Cleansi purifying. कुमा०

लूड. त्रि० (लुण्ट) लूटने वाला. Plund er, robber. हेका० २६०; काप्र० ६१

लूडण. न० (लुण्टन) लूट, चोरी. The स० ४४१.

लूडिअ. त्रि० (लुण्टित) लूटा हुआ. Ro bed, plundered. स० ५३६; पउ ३०, ६२; सुपा० ३०७.

लूण. न० (लवण) लून, नमक. Sa जी० ४.

लूण. न० (लवण) लावण्य, शरीर-कान्ति Beauty, loveliness. सुपा० २६३.

लूरिअ. त्रि० (छिन्न) काटा हुआ. Cu lopped off. कुमा० ६, ८३.

लूसिअ. त्रि० (लूषित) (१) लुण्टित, लु गया. Plundered, robbed. आ० १ (२) उपद्रुत, पीड़ित. Hurt, injure सम्मत्त० १७५. (३) हिंसित. Killed.

लूह. न० (रूक्ष) तप-विशेष, निर्विकृतिक त A kind of religious austerity संबोध० ५८.

लेक्ख. न० (लेख्य) (१) व्यवहार, व्यापा Business. सुपा० ४२४; (२)लेखा, हिसा Account (In arith.) कुप्र० २३

लेडु-लेडुअ. पुं० न० (लेष्टु) रोड़ा, ईंट पत्थ आदि का टुकड़ा. Brick. पाअ० दे० ७,२४

लेवाड. त्रि० (लेपकर्तृ) लेपकारक. Plaster maker. वव० १.

लेसिय. त्रि० (श्लेपित) श्लेप-युक्त. Having contact. स० ७६२.

लेह. पुं० (लेह) अवलेह, भोजन, चखना

चाटना. Food, licking, to taste. पउम० २, २८.

लेह. पुं० (लेख) (१) देव, देवता. Gods. (२) लिपि. Script letters. (३) त्रि० लेख्य, जो लिखा जाय. To be written. हे० २, १८९; (४) लेखक, लिखने वाला Writer. वज्जा० १००, —वाह. त्रि० (वाह) चिट्ठी लेजाने वाला, पत्र वाहक. Messenger, letter-bearer postman. पउम० ३१, १; सुपा० ५१६, —साला. स्त्री० (शाला) पाठशाला. School. उप० ७२८ टी.

लेहण. न०(लेहन) चाटना, आस्वादन. Lambative, Licker. पउम० ३, १०७.

लेहणी. स्त्री० (लेखनी) कलम, लेखनी. Pen. पउम० १६, ५; गा० २४४.

लेहिय. त्रि० (लेखित) लिखवाया हुआ. Caused to write. ती० ७.

लोअ. पुं० (लोक) आलोक, प्रकाश. Light. वज्जा० १०६.

लोअ. पुं० (लोप) अदर्शन, विध्वंस. Disappearance, Destruction. चेइय० ६६१.

लोअणिल्ल. त्रि० (लोचनवत्) आँख वाला. Having eyes सुपा० २००.

लोअप्पवाय. पुं० (लोकप्रवाद) जनश्रुति, कहावत. General rumour, proverb. सुर० २, ४७.

लोआहाणय. न० (लोकाभाणक) कहावत, लोकोक्ति. Proverb, saying भवि०

लोइअ. त्रि० (लोकित) निरीक्षित, दृष्ट. Observed, looked at, inspected. गा० २७१, स० ७१२.

लोगवीर. पुं० (लोकवीर) भगवान् महावीर. Lord Mahavira. उव०

लोट्ठु. पुं० (लोष्ट) रोड़ा, ढेला. Clod, lump of earth. दे० ७, २४.

लोडाविअ. त्रि० (लोटित) घुमाया हुआ. Moved round. गा० ७६६.

लोढिअ. त्रि० (लोठित) लिटाया हुआ, सुलाया हुआ. Caused to sleep. पउम० ६१,६७.

लोण. पुं० (लवण) वृक्ष-विशेष. A kind of tree. पउम० ४२, ७; आ० २०; प्रव० ४.

लोणिय. त्रि० (लावणिक) लवण-युक्त, लवण-सम्बन्धी. Saltish, pertaining to salt. ओघ० ७७६.

लोण्ण. न० (लावण्य) शरीर-कान्ति. Beauty, charm. शकु० ५.

लोत्त. न० (लोप्त्र) चोरी का माल. Stolen propety, booty. स० १७३.

लोमस. त्रि० (लोमश) लोम-युक्त. Hairy, woollen, shaggy. गउड०

लोमहरिस पुं०(लोमहर्ष) नरकावास विशेष. A particular hell. देवेन्द्र० २७.

लोलमज्झ. पुं० (लोलमध्य) नरकावास-विशेष. Name of a hell. ठा० ६ टी.

लोलपच्छ पुं०(लोलपार्श्व) नरक स्थान विशेष. A particular hell देवेन्द्र० ३०.

लोलसिट्ठ. पुं० (लोलशिष्ट) नरकावास-विशेष. A particular hell. ठा० ६ टी.

लोलावत्त. पुं० (लोलावर्त) नरकावास-विशेष. Name of a hell. ठा० ६ टी; देवेन्द्र० ७.

लोलिम. पुं०स्त्री०(लोलत्व) लम्पटता, लोलुपता Drunkenness, debautchery. कुमा०

लोह. त्रि० (लौह) लोहे का, लोह निर्मित. Made of iron. से० १४, २०.

लोहंगिणी. स्त्री० (लोहाङ्गिनी) छन्द-विशेष. A kind of metre. पिंग०

लोहकार. पुं० (लोहकार) लुहार. Blacksmith. कुम० १८८.

लोहजंघ. पुं० (लोहजङ्घ) राजा चण्डप्रद्योत का एक दूत. A messenger of the

king Chand Pradyota. महा०

लोहजंघवण. न० (लोहजङ्घवन) मथुरा के समीप का एक वन. A forest near Muttra. ती० ७.

लोहल. पुं० (लोहल) शब्द-विशेष, अव्यक्त-शब्द. An indistinct word. पइ०

लोहिआमुह. पुं० (लोहितामुख) रत्नप्रभा का एक नरकावास. A hell of Ratna-prabha. स० ८८.

ल्हसण. न० (स्रंसन) खिसकना, पतन. Slipping. सुपा० ५५.

ल्हसाविअ. त्रि० (स्रंसित) खिसकाया हुआ. Caused to slip. कुमा०

ल्हसिअ त्रि० (स्रस्त) खिसक कर गिरा हुआ. Dropped down, slipped off. कुप्र० १८७; वज्जा० ८४.

ल्हादि. स्त्री० (ह्लादि) आह्लाद, प्रमोद, खुशी. Delight, joy. राज०

ल्हाय. पुं० (ह्लाद) आह्लाद, प्रमोद, खुशी. Delight. धर्मसं० २१६.

व

व. पुं० (व) (१) अन्तस्थ व्यञ्जन वर्ण विशेष, जिसका उच्चारण स्थान दन्त और ओष्ठ है. A Particular consonant. प्राप०प्रामा०; (२)पुं० न० वरुण Name of Varuna. से० १, १; २, ११.

वइ. अ० (वै) (१) अवधारण, निश्चय. A particle of affirmation or certainty. विशे० १८००; (२) अनुनय. Entreaty or persuasion. (३) संबोधन. A vocative particle. (४) पाद-पूर्ति. Generally used as explitive. चंड०

वइअ. त्रि० (व्ययित) जिसका व्यय किया गया हो. Expended, spent. 'किमिह दव्वेण वइएणं वहुएणं' सुपा०५७८;७३,४१०.

वइअब्भ. पुं० (वैदर्भ) (१) विदर्भ देश का राजा. A king of Vidarbha. (२) त्रि० विदर्भ देश मे उत्पन्न. Born in Vidarbha. पइ०

वइअर. पुं०(व्यतिकर) प्रसङ्ग, प्रस्ताव. Incident, occurance. सुर०४,१३६;महा०

वइआलिअ. त्रि० (वैतालिक) मंगल स्तुति आदि से राजा को जगाने वाला मागध आदि. Bard, minstrel. हे० १, १५२.

वइआलीअ. पुं० न० (वैतालीय) छन्द-विशेष. Name of a metre. हे० १, १५१

वइएस. त्रि० (वैदेश) विदेश-सम्बन्धी, परदेशी. Belonging to another country, foreign, exotic. पउम० ३३, २४; हे० १, १५१; प्राकृ० ६.

वइएह. पुं० (वैदेह) (१) वणिक्, वैश्य. Bania. (२) शूद्र पुरुष और वैश्य स्त्री से उत्पन्न जातिविशेष. The son of a Sudra by a Bania woman. (३)राजा जनक. The king Janaka. (४) त्रि० देह रहित से सम्बन्ध रखने वाला. One who indulges in the breaking the bonds of a bodily life. (५) मिथिला देश का. Relating to Mithila. हे० १, १५१; प्राकृ० ६.

वइकलिअ. न० (वैकल्य) विकलता. Agitation, flurry, excitement. पाअ०

वइकुंठ. पुं० (वैकुण्ठ) (१) उपेन्द्र, विष्णु. An epithet of Vishnu पाअ० (२) लोक विशेष, विष्णु का धाम. The heaven of Vishnu. उप० १०३१ टी.

वइगरणिय. पुं०(वैकरणिक) राज-कर्मचारी-विशेष. Name of an officer. सुपा०५४८.

वइगुण्ण. न० (वैगुण्य) (१) वैकल्य, अपरिपूर्णता, असंपन्नता. Deficiency, imperfection. धर्मसं० ८८४; (२) विपरीतपन, विपर्यय. Diversity, contrary. राज०

वइजवण. त्रि० (वैजवन) गोत्र-विशेष मे उत्पन्न. Born in a particular family. हे० १,१५१.

वइतुलिय. त्रि० (वैतुलिक) तुल्यता रहित. Devoid of similarity. निसी०चू०११.

वइदिस. पुं० (वैदिश) (१) अवन्ती देश, मालव देश. Malwa. उप० २०२; (२) त्रि० विदिशा सम्बन्धी. Relating to intermediate point of the compass. बृह० ६.

वइदेसिअ. त्रि० (वैदेशिक) विदेशी, परदेशी. Foreign, exotic. संचि०५;कुमा० २८०; सिरि० ३६३; पि०६१.

वइदेही. स्त्री०(वैदेही) (१) राजा जनक की स्त्री, सीता की माता. The mother of Sita. पउम० २६, ७५; (२) जनकात्मजा, सीता. Name of Sita. (३) हरिद्रा, हल्दी. Turmeric. (४) पिप्पली, पीपल. The Pipal tree. (५) वणिक्-स्त्री. Bania's woman. संचि० ५.

वइमेत्त. न०(वाङ्मात्र) निरर्थक वचन. Mere words. धर्मसं० २८४, २८५; ८४४.

वइर. पुं० न० (वज्र) (१) विद्युत्, विजली. Lightening. कुमा०; (२) पुं०कोकिलाच वृत्त. Name of a tree. (३) श्वेत कुशा. A kind of Kusa grass. (४) श्री कृष्ण का एक प्रपौत्र. A grandson of Shree Krishna. (५) न० बालक, शिशु. Child, baby (६) धात्री. Nurse, foster-mother. (७) कांजी. Sour gruel. (८) वज्र पुष्प. The blossom of Sesamum. (९) एक प्रकार का लोहा. A kind of iron. (१०) अभ्र-विशेष. A kind of talc. (११) ज्योतिष-प्रसिद्ध एक योग. A particular of consullation (In astro.). हे०२, १०५.

वइरकंड. न० (वज्रकाण्ड) रत्नप्रभा पृथिवी का एक वज्ररत्न-मय काण्ड. A particular region of the hell Ratanprabha. राज०

वइरजंघ. पुं० (वज्रजङ्घ) पुष्कलावती विजय के लोहार्गल नगर का एक राजा. A king of the city Lohargala of Pushkalavati region. आव०

वइरसिंह. पुं० (वज्रसिंह) एक राजा. Name of a king. काल० पि० ४००.

वइरसेणा. स्त्री० (वज्रसेना) एक दिक्कुमारी देवी. A Dikkumari goddess. इक०

वइरहर. पुं०(वज्रधर) इन्द्र. An epithet of Indra. षड्०

वइरा. स्त्री० (वज्रा) एक जैन मुनि शाखा. A branch of Jaina saints. कप्प०

वइराग. न० (वैराग्य) विरक्ति, उदासीनता. Absence of wordly desires or passions. पउम० २६, २०.

वइरि-वइरिअ. त्रि० (वैरिन्) दुश्मन, रिपु. An enemy. सुर०१,७,काल० प्रासू०१७४.

वइरी. स्त्री० (वज्रा) एक जैन मुनि शाखा. A Branch of Jaina saints. कप्प०

वइरुट्टा. स्त्री० (वैरोट्या) एक विद्या देवी. A goddess of learning. संनि० ६.

वइवाय. पुं० (व्यतिपात) ज्योतिष प्रसिद्ध एक योग. A particular constellation (In astro.). राज०

वइसइअ. त्रि० (वैषयिक) विषय से उत्पन्न, विषय-संबन्धी. Relating to object of sense, sexual, carnal. संचि० ५.

वइसंपायण. पुं० (वैशम्पायन) एक ऋषि जो

व्यास का शिष्य था. Name of a sage pupil of Viyasa. हे० १, १५१; प्राप्र०

वइसम्म. पुं० न० (वैषम्य) विषमता. Uneveness. 'वइसम्मो' संचि० ५; पि० ६१.

वइसवण. पुं० (वैश्रवण) कुवेर. Name of Kubera, the god of wealth. हे० १, १५२; भवि०

वइसस. न० (वैशस) रोमाञ्चकारी पाप-कृत्य. Slaughter, butchery. उप० ५७५.

वइसाल. त्रि० (वैशाल) विशाला में उत्पन्न. Born in Vishala. हे० १, १५१.

वइसाह. पुं० (वैशाख) (१) मन्थन दण्ड. A churning stick. (२)पुं० न० योद्धा का स्थान विशेष. A particular position in shooting. हे०१,१५१; प्राप्र०

वइसिअ. त्रि० (वैशिक) वेष से जीविका उपार्जन करने वाला. One that earns by dress. हे० १, १५२, प्राप्र०

वइसिट्ठ. न०(वैशिष्ट्य) विशिष्टता, भेद. Distinction, peculiarity. धर्मसं० ६६.

वइस्साणर. पुं० (वैश्वानर) (१) वह्नि, अग्नि. An epithet of fire. (२) चित्रक वृक्ष. A kind of tree. (३) सामवेद का अवयव विशेष. A particular part of Samveda. हे० १, १५१.

वईअ. त्रि० (व्यतीत) अतीत, गुज़रा हुआ. Passed elapsed. पउम० २०, २०.

वउ. न० (वपुष्) शरीर, देह. Body. राज०

वंकचूल. पुं० (वङ्कचूल) एक प्रसिद्ध राजकुमार. Name of celebrated prince. धर्मवि० ५२; पडि०

वंकचूलि. पुं० (वङ्कचूलि) एक प्रसिद्ध राज कुमार. Name of a well-known prince. 'तओ गया वंकचूलिणो गेहे' धर्मवि० ५३-५६-६०.

वंकिअ. त्रि० (वक्रित) वांका किया हुआ. Bent, crooked. से० ६,५६.

वंकिम. पुं०स्त्री०(वक्रिमन्) वक्रता, कुटिलता. Crookedness, obstinacy. पि० ७४; हे० ४, ३४४-४०१.

वंगण. न० (व्यङ्गन) क्षत. Wound, scratch. राज०

वंगिय. त्रि० (व्यङ्गित) विकृत शरीर वाला. Having deformed body. राज०

वंच. त्रि०(वञ्च) ठगने वाला, धूर्त. Fraudulent, deceitful. वज्जा०११६;हे०४,४१२.

वंचअ-ग. त्रि० (वञ्चक) ठगने वाला, धूर्त. Fraudulent, deceitful.नाट-मालवि०; श्रा० २८.

वंचण. त्रि० (वञ्चन) ठगने वाला. Fraudulent, crafty. संबोध० ४१.—चण. त्रि० (चण) ठगने में चतुर. Clever in cheating. सम्मत्त० २१७.

वंचणा. स्त्री०(वञ्चना)प्रतारणा. Cheating. उव० का पृ०

वंचिअ. त्रि० (वञ्चित) रहित, वर्जित. Deprived of. गउड०

वंजण. न०(व्यञ्जन)शब्द, पद. Consonant word. सम्म० ३०; सूयनि० ६; पडि०विशे० १७०; (२) कक्षा आदि का बाल. Hair of the waist etc. राज०; (३) प्रकाशन, व्यक्तिकरण. Making clear, indicating. विशे० ४६१.

वंजय. त्रि० (व्यञ्जक) व्यक्त करने वाला. Manifesting, making clear. भास० २३.

वंजर. पुं० (मार्जार) बिलाव. Cat. हे० २, १३२; कुमा०

वंजुलि त्रि० (वञ्जुलिन्) वेतस वृक्ष वाला. Having the 'Vaitru' tree. गउड०

वंटग. पुं० (वण्टक) बांट, विभाग. Part, portion. निसी० चू० १६.

वंठ. त्रि० (वण्ठ) खर्व, वामन. Dwarf. हे० ४, ४४७,

वंत. त्रि०(वान्त) पतित, गिरा हुआ. Fallen, dropped. दस० ३, १ टी.

वंतरिणी. स्त्री०(व्यन्तरी) व्यन्तर जातीया देवी A particular goddess सुपा० ६१३.

वंदअ-ग. त्रि० (वन्दक) वन्दन करने वाला. One that salutes. पउम० ६,४८; १०१, ७३, महा० सुख० १, ३.

वंदारय. पुं० (वृन्दारक) (१) देव, देवता. God पाअ० कुमा०, (२) त्रि० मनोहर. Beautiful, attractive कुमा०, (३) मुख्य, प्रधान. Eminent, excellent हे० १, १३२.

वंदारु. त्रि० (वन्दारु) बन्दन करने वाला. One who salutes, praising. चेइय० ६२१, लहुअ० ४.

वंदावणग. न० (वन्दन) वन्दन, प्रणाम. Salutation, obeisance श्रावक०३७४.

वंफि. त्रि०(वलिन्) (१) लौटने वाला One who wallows. (२) नीचे गिरने वाला, Fallen. कुमा०

वंफिअ त्रि० (काङ्क्षित) अभिलषित. Desired, wished. कुमा०

वंस पुं० (वंश) (१) पृष्ठावयव, पीठ का भाग Back. (२) वर्ग. Class, (३) इक्षु, ऊख. Sugar cane. हे०१, २६०,—इरि. पुं० (गिरि)पर्वत-विशेष. Name of a mountain. पउम० ३६, ४. —रोअणा. स्त्री० (रोचना) वंशलोचन. Bamboo-manna, कप्पू०

वंसिअ त्रि० (वांशिक) वंश वाद्य बजाने वाला. Flute player, piper. हे०१,७०,कुमा०

वंसिअ. त्रि० (व्यंसित) छलित, प्रतारित Cheated, deceived राज०

वंसी. स्त्री० (वांशी) सुरा विशेष. A kind of liquor. बृह० २.

वंसी. स्त्री०(वंशी)वाद्य विशेष, मुरली. Flute, pipe. बृह० २.

वंसी. स्त्री० (वंश) वांस Bamboo —मूल. न० (मूल) वांस की जड. Root of a bamboo. कस०

वक्क न० (वल्क) त्वचा, छाल. The bark of a tree. उप० ८३६.

वक्क. न० (वक्त्र) मुख, मुंह. Mouth.पउम० १११, १७, गा० १६४.

वक्कंत. पुं० न० (अवक्रान्त) प्रथम नरक भूमि का दशवां नरकेन्द्रक-नरकावास. The tenth abode of the first hell. देवेन्द्र० ५.

वक्कलचीरि. पुं० (वल्कलचीरिन्) एक महर्षि, जो राजा प्रसन्नचन्द्र के छोटे भाई थे. Name of a sage, brother of the royal sage called Prasanchandra. कुप्र० २८६.

वक्खाणि. त्रि० (व्याख्यानिन्) व्याख्यान कर्ता. Lecturer. धर्मसं० १२६१.

वक्खाणिय. त्रि० (व्याख्यानित) व्याख्यात. Delivered a lecture, विशे० १०८७.

वक्खाय. त्रि० (व्याख्यात) विवृत, वर्णित. Described. स० १३२,चेइय० ७७१.

वक्खेव. पुं०(व्याक्षेप)(१) व्यग्रता, व्याकुलता. Confusion. उप० १३१ टी, १४०; (२) कार्य-बाहुल्य. Excessive work. सुख० ३, १.

वग्गण. न० (वल्गन) बकवाद. Prattle, chatter. रंभा०

वग्गा. स्त्री० (वल्गा) लगाम. Bridle. उप० ७६८ टी.

वग्गि. त्रि० (वाग्मिन्) (१) प्रशस्त वाक्य. बोलने वाला. Eloquent, oratorical. (२) पुं० बृहस्पति. Name of Brihaspati. प्राप्र० पि० २७७.

वग्गिय. न० (वल्गित) (१) बहु भाषण, बकवाद. Prattling, chatter. सम्मत्त० २२७; (२) बड़ाई की आवाज़. Swaggering, boasting. मोह० ८७; (३) गति, चाल. Motion. सण०

वग्गिर त्रि० (वल्गितृ) (१) खूँख्वार आवाज़ करने वाला. One who creates a gurgling sound. (२) गति-विशेष वाला. Having particular motion. सुर० ११, १७१.

वग्गु. त्रि०(वल्गु) कल, मधुर. Sweet. पाअ०

वग्गुरिय. पुं० (वागुरिक) नर्तक विशेष. A kind of dancer. राज०

वग्गोलिर. त्रि० (रोमन्थयितृ) पगुराने वाला. Ruminator. कुमा०

वग्घ. पुं० (व्याघ्र) (१) रक्त ऐरण्ड का पेड़. The red variety of the castor-oil plant. (२) करञ्ज वृक्ष. A kind of tree. हे० २, ९०.

वचा. स्त्री०(वचा)(१) पृथ्वी, धरती. Earth. से० २, ११; (२) औषधि विशेष, वच. A kind of aromatic root. मृच्छ०१७०.

वच्च. पुं० (वर्चस्) चौथे नरक का चौथा नरकेन्द्रक. The forth abode of the fourth-hell. देवेन्द्र० १०.

वच्चासिअ. त्रि०(व्यत्यासित)उलटा किया हुआ. Reversed, inverted. विशे० ८४३.

वच्छ. पुं० (वत्स) (१) वत्सर, वर्ष. Year. (२) ज्योतिष शास्त्र प्रसिद्ध एक चक्र. A yearly chart or table of astrological calculation. गण० १६; (३) न० गोत्र विशेष. Name of a family.

वच्छतर, पुं० स्त्री० (वत्सतर)(१) क्षुद्र वत्स. Young ox. (२) दमनीय बछड़ा आदि. Weaned calf. प्राकृ० २३.

वच्छराय, पुं० (वत्सराज) एक राजा. Name of a king. ती० १०.

वच्छवाल. पुं० स्त्री० (वत्सपाल) गोप, ग्वाला. Keeper of calves. पाअ०

वच्छसुत्त. न० (वक्षःसूत्र) आभूषण विशेष, वक्ष स्थल में पहनने की संकली. A kind of ornament. भग० ६, ३३ टी.

वच्छा. स्त्री० (वत्सा)(१) एक नगरी. Name of a city. इक०(२)लड़की. Daughter. कप्पू०

वच्छाण. पुं० (उक्षन्) बैल, बलीवर्द. Ox. 'उक्खा वसहा य वच्छाणा.' पाअ०

वच्छिम. पुं० स्त्री० (वृक्षत्व) वृक्षपन. Grassy. षड्०

वच्छोम. न० (वच्छोम) एक नगर, कुन्तल देश की प्राचीन राजधानी. Name of a city. कप्पू०

वज्ज. पुं० (वज्र) (१) विद्याधर वंश का एक राजा. Name a Vidyadhar king. पउम० ५, १६-१७, ८, १३३.

वज्ज. न०.(वर्ज) (१) छोड़कर, बिना, सिवाय. Excluding; except. आ० ६, दे० १७; क० गं० ४, ३४-४३.

वज्जंक. पुं० (वज्राङ्क) विद्याधर वंश का एक राजा. Name of a king of the Vidyadhar family. पउम० ५, १६.

वज्जंकुसी. स्त्री० (वज्राङ्कुशी) एक विद्या देवी. Name of a goddess of learning. संति० ५.

वज्जंधर. पुं० (वज्रन्धर) विद्याधर वंश का एक राजा. Name of a king of the Vidyadhar family. पउम० ५, १६.

वज्जकंठ. पुं० (वज्रकण्ठ) वानर द्वीप का एक राजा. Name of a king of Vanara Dvipa. पउम० ६, ६०.

वज्जक्ख. पुं० (वज्राक्ष) एक विद्याधर वंशीय राजा. Name of a king of the Vidy-

adhar family. पउम० ८, १३२.

वज्जचूड. पुं० (वज्रचूड) विद्याधर वंश का एक राजा. Name of a king of Vidyadhar lineage. पउम० ५, ४६.

वज्जजंघ. पुं० (वज्रजङ्घ) विद्याधर वंशीय एक नरेश. Name of a king of the Vidyadhar race. पउम० ५, १५.

वज्जदत्त. पुं० (वज्रदत्त) (१) विद्याधर वंश का एक राजा. Name of a king of the Vidyadhar family. पउम० ५, १५. (२) एक जैन मुनि. Name of a Jaina saint. पउम० २०, १८.

वज्जधय. पुं० (वज्रध्वज) एक विद्याधर वंशीय राजा. Name of a king of the Vidyadhar family पउम० ५, १५.

वज्जनागरी. स्त्री० (वज्रनागरी) एक जैन मुनि-शाखा. A branch of Jaina saints. कप्प०

वज्जनाभ. पुं० (वज्रनाभ) एक जैन मुनि. Name of a Jaina saint. पउम० २०, १६.

वज्जबाहु. पुं० (वज्रबाहु) एक विद्याधर वंशीय राजा. Name of a king of the Vidyadhar family. पउम० ५, १६.

वज्जमज्झ. पुं० (वज्रमध्य) (१) राक्षस वंश का एक राजा, एक लंकेश. Name of a king of the demon race. पउम० ५, २६३. (२) रावणाधीन एक सामन्त राजा. A tributary prince of Ravana. पउम० ८, १३२.

वज्जर. पुं० (वर्जर) (१) देश-विशेष. Name of a country. (२) त्रि० देश-विशेष में उत्पन्न. Born in that country. स० १३.

वज्जरण. न० (कथन) उक्ति, वचन. Speech. हे० ४, २.

वज्जरिअ. त्रि० (कथित) कहा हुआ, उक्त. Said, told. हे० ४, २, सुर० १, ३२, भवि०

वज्जवेग. पुं० (वज्रवेग) एक विद्याधर का नाम. Name of a Vidyadhar. महा०

वज्जसिंखला. स्त्री० (वज्रशृङ्खला) एक विद्यादेवी. A goddess of learning. संति० ५.

वज्जसुंदर. पुं० (वज्रसुन्दर) विद्याधर वंशमें उत्पन्न एक राजा. Name of a king born in the Vidyadhar family. पउम० ५, १७.

वज्जसुजण्हु. पुं० (वज्रसुजह्नु) विद्याधर वंश का एक राजा. Name of a king of the Vidyadhar race. पउम० ५, १७.

वज्जसेण. पुं० (वज्रसेन) एक जैन मुनि, जो भगवान् ऋषभदेव के पूर्व जन्म में गुरु थे. Name of a Jaina saint who was a spiritual preceptor of Lord Rishabhadeo of the former birth. पउम० २०, १७.

वज्जहर. पुं० (वज्रधर) (१) इन्द्र. An epithet of Indra. से० १५, ४८; उव०; (२) त्रि० वज्र का धारण करने वाला. Thunderbolt bearer. सुपा० ३२४.

वज्जाउह. पुं० (वज्रायुध) (१) इन्द्र. An epithet of Indra. पउम० ३, १३७; ५१, १८; (२) विद्याधर वंश का एक राजा. Name of a king of the Vidyadhar family. पउम० ५, १६.

वज्जाभ. पुं० (वज्राभ) एक विद्याधर वंशीय राजा. A king of the Vidyadhar race. पउम० ५, १६.

वज्जाविय. त्रि० (वादित) बजाया हुआ. Sounded. भवि०

वज्जास. पुं० (वज्राश) एक विद्याधर राजा. Name of a king of the Vidyadhar family. पउम० ५, १७.

वज्जिअ. त्रि० (वादित) बजाया हुआ. Played, sounded. सिरि० ५२५.

वज्जिर. त्रि०(वदितृ) बजने वाला. Sounding. सुर० ११, १७२; सुपा० ४५, ८७; सिरि० १५५; सण०

वज्जोयरी. स्त्री० (वज्रोदरी) विद्या-विशेष. A particular magical skill. पउम० ७, १३८.

वज्झ. त्रि० (वाह्य) (१) सहन करने योग्य. Worthy to be borne. भाग्र० उप० १५० टी; (२) न० अश्व आदि यान. Driving a horse. स० ६०३; —खेड्ड. न० (खेल) कला विशेष, यान की सवारी का इल्म. Art of driving as a horse. स० ६०३.

वट्ट. त्रि० (वृत्त) (१) अतीत, गुजरा हुआ. Passed, gone. (२) मृत. Dead, deceased. (३) संजात, उत्पन्न. Born, produced. (४) अधीन. Dependent. (५) दृढ़. Firm, fixed. (६) पुं० कूर्म, कछुआ Tortoise. हे०२,२९.

वट्ट. पुं० (वर्त) देश-विशेष. Name of a country. सत्त० ६७ टी.

वट्टा. स्त्री० (वार्ता) बात, कथा. Story, tale. कुमा०

वट्टावण. न० (वर्तन) बरताना, कार्य मे लगाना. To engage. उव०

वट्टावय. त्रि० (वर्तक) बरताने वाला, प्रवर्तक. Distributor. उव०

वट्टावय. त्रि० (वर्तक) प्रतिजागरक, शुश्रूषा-कर्ता. Server. वव० २.

वट्टि. स्त्री० (वर्ति) (१) सलाई, आंख में सुरमा लगाने की सली. A small thin stick. (२) शरीर पर किया जाने वाला एक तरह का लेप. Unguent, ointment. (३) लेख, लिखना. Writing. (४) कलम, पींछी. Pen. हे० २, ३०.

वट्टिअ. त्रि० (वर्तित) (१) परिवर्तित. Changed. दे० ५, २७. (२) प्रवर्तित. Commenced, stimulated. भवि०

वट्टुल. त्रि०(वर्तुल) गोल, वृत्ताकार. Circular, gobular. पाअ०; (२) पलाण्डु के समान एक तरह का कन्द-मूल. A kind of bulbons root. हे० २, ३०; प्रारू०

वड. न० (वट) वस्त्र विशेष. A kind of garment. नाया० १, १ टी.

वडनयर. न० (वटनगर) नगर-विशेष. Name of a city. पउम० १०५, ८८.

वडवग्गि. पुं० (वडवाग्नि) बडवानल, समुद्र के भीतर की आग. The submarine fire. गा० ४०३.

वडवद्द. न० (वटपद्र) (१) गुजरात का एक नगर, जो आजकल वडौदा नाम से प्रसिद्ध है. Name of a city which is called Baroda now-a-days. उप० ५१६; (२) एक गोकुल. A particular herd of kine. उप० ५६७ टी.

वडवाणल. पुं० (वडवानल) समुद्र के भीतर की आग, वडवाग्नि. Submarine fire. पि० २४०; श्रा० १६.

वडसावित्ती. स्त्री० (वटसावित्री) एक देवी. A particular goddess. कप्पू०

वडिअ. त्रि० (गृहीत) ग्रहण किया हुआ. Taken, accepted. सुर० ७, १६४.

वडिंस. पुं० (वतंस) (१) मेरु पर्वत. The mount meru. सू० प० टी; (२) एक दिग्हस्ति कूट. A particular summit. इक०,(३) प्रधान, श्रेष्ठ, मुख्य. Excellent, prominent. कप्प० महा०

वडिया. स्त्री० (वृत्तिता) वर्तन. Mode or manner of living. 'भयवंतदंसणवडियाए' स० ६८३.

वडिवस्सश्र. त्रि० (वरिवस्यक) पूजक, पूजा करने वाला. Worshipper. चारु० १.

वडेंस. पुं० (वतंस) शेखर, मुकुट. Crown, crest. नाया० १, १ टी.

वड्ढवश्र. त्रि० (वर्धक) (१) बढ़ाने वाला. Prolonger. (२) बधाई देने वाला. One who brings good news. प्राकृ० ६१.

वड्ढवण. न० (वर्धापन) बधाई, अभ्युदय-निवेदन. Good news. दे० ७, ८७.

वड्ढविश्र. त्रि० (वर्धित-वर्धापित) जिसको बधाई दी गई हो. One who is congratulated. दे०६,७४.

वड्ढि. त्रि० (वर्धिन्) बढ़ने वाला. Increasing. से०१,१.

वड्ढिम. पुं० स्त्री० (वृद्धिमन्) बढ़ाव. Increase, growth. 'पत्ता दिएं वड्ढिमा' प्राकृ० ३३; कप्पू०

वड्ढिय. त्रि० (वर्धित) खण्डित किया हुआ, काटा हुआ Cut. से०१, १.

वढर-वढल पुं० (वठर) (१) मूर्ख छात्र. Foolish pupil. (२) ब्राह्मण पुरुष और वैश्य स्त्री से उत्पन्न संतान, अम्बष्ट. The son of a Brahmana by a Vaishya woman. (३) शठ, धूर्त. Wicked, vile. (४) मन्द, अलस. Dull, stupid. हे० १, २५४; षड्०.

वण. न० (वन.) (१) पानी, जल. Water. पाश्र० वज्जा०८८, (२) निवास. Dwelling. (३) आलय. House हे०३,८८, प्राप्र०;(४) उद्यान, बगीचा. Garden. उप० ६८६ टी, —गय. पुं० (गज) जंगली हाथी. Wild elephant.से० ३,६३;—ग्गि. पुं० (अग्नि) दावानल.Forest conflagration.पाश्र०; —छिंद. त्रि० (च्छिद्) जंगल काटने वाला. Cutter of a forest. कुम० १०४.

वणण. न० (व्यान) बुनना. Weaving. —साला. स्त्री० (शाला) बुनने का कारखाना. A workshop of weaving. दस० १, १ टी०

वणत्थली. स्त्री० (वनस्थली) अरण्य भूमि. Wood, forest-ground. से० ३, ६३.

वणमाला. स्त्री० (वनमाला) एक राज पत्नी. Name of a queen. पउम० ११, १४, (२) रावण की एक पत्नी. A wife of Ravana. पउम० ३६, ३२.

वणय. त्रि० (वनज) वन में उत्पन्न, जंगली. Wild. वज्जा० १२८.

वणय. पुं० (वनक) दूसरी नरक पृथ्वी का एक नरक स्थान. A particular abode of the second hell. देवेन्द्र० ६.

वणराय. पुं० (वनराज) (१) विक्रम की आठवीं शताब्दी का गुजरात का एक प्रसिद्ध राजा. A celebrated king. मोह० १०८; (२) सिंह, केसरी. Lion. चंड०

वणवासी. स्त्री० (वनवासी) नगरी विशेष. Name of a city. राज०

वणालि. स्त्री० (वनालि) वन पंक्ति. Line of forests. गा० ५७६; हे० २, १७७.

वणिश्र. त्रि० (व्रणित) व्रण-युक्त,घाव-वाला. Wounded. गा०४५८; ६४६; पउम०७५, १३.

वणिश्र.पुं०(वनीपक) भिक्षुक, भिखारी. Beggar, mendicant पिंड०४४३.

वणी. स्त्री० (वनी) फली-विशेष, जिससे कपास निकलता है. Cotton pod. राज०

वण्ण. पुं० (वर्ण) (१) प्रशंसा, श्लाघा. Praise. उप० ६०७; (२) ब्राह्मण, वैश्य आदि जाति. Class of men. (३) गुण. Quality. (४) अंगराग. Scented cosmetic, fragrant unguent. (५) सुवर्ण, सोना. Gold. (६) व्रत-विशेष. Religious observance. (७) गीत का

क्रम. The order or arrangement of a subject in a song. (८) चित्र. Picture. हे० १, १७७; प्राप० ; (६) संयम. Restraint. (१०) मोक्ष, मुक्ति. Salvation. (११) न० कुंकुम. A kind of red powder. हे० १, १४२; (१२) पंचम आदि स्वर. A note of the Indian gamut. —सम. न० (सम) गेयकाव्य का एक भेद. A kind of songs. दसनि० २, २३.

वरणण. न० (वर्णन) (१) श्लाघा, प्रशंसा. Praise, commendation. कप्पू०;(२) विवेचन, विवरण, निरूपण. Description, delineation. रयण० ४.

वरणणा. स्त्री० (वर्णना) देखो 'वरणण' शब्द. Vide वरणण. दे० १, २१; सार्ध० ४५.

वरिह. पुं० (वह्नि) (१) अग्नि. Fire. पाअ० महा०;(२) चित्रक वृक्ष. A kind of tree. (३) भिलावां का पेड़. Name of a tree (४) नीबू का पेड़. The lemon plant. हे० २, ७५.

वत्त. न० (वक्त्र) मुख, मुंह. Mouth. हे० १, १८; भवि०

वत्तत्र. पुं० (व्यत्यय) (१) विपर्यय, विपर्यास. Contraryness, inversion. (२) व्यतिक्रम, उल्लंघन. Transgressing, violation. प्राकृ० २१.

उच्चत्थ. त्रि० दृढ़, मजबूत. Strong, Firm. दे० १, ६७.

उच्चदिअ.त्रि० मुषित,चुरायाहुआ. Stolen.पड्०

उच्चप्प. त्रि० आरूढ़, ऊपर बैठा हुआ Mounted, Ascended. दे० १, १००.

उच्चल्ल. त्रि० (१)अध्यासित, आरूढ़. Mounted, elevated. (२) विदारित, छिन्न. Cut, rent.पड्०

उच्चाअ. पुं० आलिंगन, परिरम्भ. Embrace. सुपा० ३३२.

उच्चाइय्य. त्रि० उत्थापित, उठाया हुआ. Lifted up. स० २०६.

उच्चाड. त्रि० विपुल, विशाल. Vast, Expansive. दे० १, ६७.

उच्चाडिर. त्रि० (१) रोकने वाला, निवारण करने वाला. One who Prevents orobstru cts. (२) अफसोस करने वाला, दिलगीर. Sorry. दे० २ १६३.

उच्चार त्रि० विमल, स्वच्छ. Pure, clean. दे० १, ६७

उच्चारिअ. त्रि० गृहीत, उपात्त Accepted, taken. दे० १. ११४

उच्चिडिम त्रि० मर्यादा रहित, निर्लज्ज. Shameless. पाअ०

उच्चिवलय. न० कलुषित जल, मैला पानी. Dirty water. पाअ०

उच्चुंच. त्रि० गर्विष्ट, अभिमानी Arrogant, proud दे० १, ६६

उच्चुग त्रि० अनवस्थित. Unsteady, unsettled. पड्०

उच्चुप्पिअ. त्रि० आरूढ़, ऊपर चढा हुआ Mounted, ascended. दे० १, १००.

उच्चुरण. त्रि० उच्छिष्ट, जूठा Wasted meal. पड्०

उच्चूलउलिअ. न० कुतूहल से शीघ्र २ जाना. Going hastily with wonder. दे० १, १२१

उच्चुल्ल. त्रि० (१) उद्विग्न, खिन्न. Sorry. (२) अधिरूढ, आरूढ. Mounted. ३) भीत, डरा हुआ. Frightened. दे० १, १२७.

उच्चूर. त्रि० नानाविध, बहुविध. Of many kinds, diverse, manifold. गज०

उच्चेल्लर. न० (१) ऊपर भूमि. A barren spot with saline soil. (२)

जघन-स्थानीयकेश. Hair of the buttocks दे० १, १३६.

उच्चेव्व. त्रि० प्रकट, व्यक्त. Open, publish. दे० १, ६७.

उच्चोड पुं० शोषण. Drying up, desiccation. कप्पू० प्राप०

उच्चोल पु० (१) खेद, उद्वेग. Sorrow, grief. (२) नीवी. स्त्री के कटि वस्त्र का नाला. String, tape or band for a woman's petticoat or a similar garment. दे० १, १३१.

उच्छ्र. पुं० (१) आंत का आवरण. Covering of intestines. दे० १, ८५. (२) त्रि० न्यून, हीन Deficient, wanting. पण्ह० २, १.

उच्छंगिअ. त्रि० आगे किया हुआ, आगे रखा हुआ Placed, in front. दे० १, १०७

उच्छंट. पुं० झडप से की हुई चोरी A speedy theft. दे० १, १०१, पाअ०

उच्छट्ट. पुं० चोर, डाकू. Thief. दे० १, १०१.

उच्छडिअ. त्रि० चुराई हुई चीज, चोरी का माल. Stolen things. दे० १. ११२.

उच्छल्लिअ. त्रि० जिसकी छाल काटी गई हो. One whose bark is cut. दे० १, १११.

उच्छविअ. न० शय्या, बिछौना. A Bed. दे० १, १०३.

उच्छायण. त्रि० (अवच्छादन) आच्छादक, ढकने वाला. Covering. स० ३२३.

उच्छाह. पुं० सूत का डोरा. Cotton-thread. दे० १, ६२.

उच्छित्त. त्रि० (१) उत्क्षिप्त, फेंका हुआ. Thrown. (२) विक्षिप्त, पागल. Mad. distracted. दे० १, १२४.

उच्छिरण. त्रि० उच्छिष्ट, जूठा. Wasted meal, Leavings of food. पइ०

उच्छिल्ल. न० छिद्र, विवर. Hole. दे० १, ६५.

उच्छु. पुं० पवन, वायु. Wind, air, दे० १, ८५.

उच्छुअ. न० डरते २ की हुई चोरी. Fearful theft. दे० १, ६५.

उच्छुअरण. न० ईख का खेत. A field of sugar-cane. दे० १, ११७.

उच्छुआर. त्रि० संछन्न. ढका हुआ. Covered, concealed. दे० १, ११५.

उच्छुंडिअ. त्रि० (१) वाण वगैरा से आहत. Wounded by an arrow. (२) अपहृत, छीना हुआ. Snatched away, deprived. of. दे० १, १३५.

उच्छुच्छु. त्रि० दृप्त, अभिमानी. Arrogant, proud. दे० १, ६६.

उच्छुर. त्रि० अविनश्वर, स्थायी. Eternal, perpetual. दे० १, ६०.

उच्छुरण. न० (१) ईख का खेत. A field of sugar-cane. दे० १, ११७.

उच्छूढ. त्रि० आरूढ़, ऊपर बैठा हुआ. Mounted. ascended. पइ०

उच्छेवण. न० घृत, घी. Ghee. दे० १, ११६.

उच्छोला. स्त्री० प्रभूत जल. Much water. उव०

उज्जंगल. न० (१) बलात्कार, जबरद[स्ती] Force. (२) त्रि० दीर्घ, लम्बा. Lo[ng] दे० १, १३५.

उज्जगिर. न० जागरण, निद्रा का अभा[व] Wakefulness, keeping awake. दे० १, ११७; वज्जा० ७४.

उज्जगुज्ज. त्रि० स्वच्छ. निर्मल. Clean clear. दे० १, ११३.

उज्जड. त्रि० उजाड़, वसति-रहित. Barren, uninhabited. दे० १, ९६; गउड०

उज्जणिअ. त्रि० वक्र, टेढा. Crooked, bent. दे० १, १११.

उज्जर. त्रि० (१) मध्य-गत, भीतर का. Being in the middle, central. (२) निर्जरण, क्षय. Destruction. तंदु० ४१.

उज्जल्ला. स्त्री० बलात्कार, जबरदस्ती. Force. दे० १, ९७.

उज्जाडिअ. त्रि० उजाड किया हुआ. Ruined. भवि०

उज्जाणिअ. त्रि० निम्नीकृत, नीचा किया हुआ. Bent, lowered दे० १, ११३.

उज्जाविय. त्रि० विकसित Expanded, opened. सण०

उज्जीरिअ. त्रि० निर्भर्त्सित, अपमानित, तिरस्कृत. Insulted, dishonoured. दे० १, ११२.

उज्जुरिअ. त्रि० (१) क्षीण, नष्ट. Destroyed, ruined. (२) शुष्क, सूखा. Dry. दे० १, ११२.

उज्जोमिआ. स्त्री० रश्मि, किरण. Ray, beam of light. दे० १, ११५

उज्झणिअ. त्रि० (१) विक्रीत, बेचा हुआ. Sold. (२) निम्नीकृत, नीचा किया हुआ. Bent. पड्०

उज्झमण. न० पलायन, भागना. Running away. Elopement दे० १, १०३.

उज्झमाण. त्रि० पलायित, भागा हुआ. Run away. पड्०

उज्झरिअ. त्रि० (१) टेढ़ी नजर से देखा हुआ. Glanced with a side look. (२) विक्षिप्त. Distracted, bewildered. (३) क्षिप्त, फेंका हुआ. Thrown. (४) परित्यक्त, उज्झित. Abandoned, quitted. दे० १, १३३

उज्झल. त्रि० प्रबल, बलिष्ठ. Strong, valorous. पड्०

उज्झलिअ त्रि० (१) प्रक्षिप्त, फेंका हुआ Thrown up. (२) विक्षिप्त. Scattered. पड्०

उज्झस. पुं० उद्योग. प्रयत्न. Exertion, industry दे० १ ९५

उज्झसिअ त्रि० उत्कृष्ट, उत्तम. Excellent, pre-eminent. पड्०

उज्झिखिअ न० (१) वचनीय. लोकापवाद. Censure (२) त्रि० निन्दनीय. Censurable. (३) कथनीय To be said दे० ३, ५५

उज्झिय. त्रि० (१) शुष्क, सूखा हुआ. Dry. (२) निम्नीकृत, नीचा किया हुआ Bent. पड्०

उडव. त्रि० लिप्त, लिपा हुआ. Smeared. पड्०

उडाहिअ. त्रि० उत्क्षिप्त फेंकाहुआ Thrown up. पड्०

उडिअ त्रि० अन्विष्ट, खोजा हुआ Searched, inquired. पड्०

उडिद. पुं० उड़द, माष, धान्य विशेष. A kind of pulse दे० १, ९८.

उडुहिअ. न० (१) विवाहित स्त्रीका कोप Wrath of a married woman. (२) त्रि० उच्छिष्ट, जूठा. Wasted meal, leavings of food. दे० १, १२७.

उड्डु त्रि० कुँआ आदिको खोदने वाला, खनक One who digs wells, etc. दे० १, ८५

उड्डण. पुं० (१) बैल सांड़. Ox. (२) दीर्घ लम्बा. Long दे० १, १२३.

उड्डुस. पुं० खटमल, खटकीरा, उड़िस A bug दे० १, ९६.

उद्धरण त्रि० उच्छिष्ट, जूठा. Wasted meal, leavings of food. दे० १, १०६.

उद्धरिअ. त्रि० अर्दित, विनाशित. Destroyed, ruined. षड्०

उद्धल. पुं० दोनों तरफ की अप्रवृत्ति. Not engaging in both the sides. षड्०

उद्धवअ त्रि० उत्क्षिप्त. फेंका हुआ. thrown or tossedup. दे० १, १०६.

उद्धविअ. त्रि० अर्चित, पूजित. Worshipped, adored. दे० १. १०७.

उद्धाअ. पुं० (१) विषमोन्नत प्रदेश. Elevated and depressed region. (२) समूह. Collection or multitude. (३) त्रि० थका हुआ, श्रान्त. Fatigued, exhausted. दे० १, १२४.

उद्धुंधलिय. त्रि० धुंधलाया हुआ. Smoky. सण०

उद्धुमाय. त्रि० उन्मत्त. Mad. से० ६, ११.

उप्पंक. त्रि० (१) बहु अत्यन्त. Much, Excessive. (२) पुं० पंक, कीचड़ कादा. Mud, mire. (३) उन्नति. Prosperity. दे० १, १३०. (४) समूह, राशि. Collection, multitude. दे० १, १३०; पाअ० गउड० स० ४३७.

उप्पंग. पुं० समूह, राशि. A collection, multitude. गा० ५८५.

उप्पत्त. त्रि० (१) गलित. Melted. (२) विरक्त. Free from passion or worldly attachment षड्०

उप्पल्ल. त्रि० अध्यासित, आरूढ़. Mounted, ascended. षड्०

उप्पाहल. न० उत्कंठा, उत्सुकता. Anxious, desire, eagerness. पाअ०

उप्पिंगलिआ. स्त्री० हाथ का मध्य भाग, करोत्संग. Palm of the hand. दे० १, ११८.

उप्पिंजल. न० (१) सुरत, संभोग. Sexual intercourse. (२) रज, धूली. (३) अपकीर्ति, अपयश. Dust, disgrace, infamy. दे० १, १३५.

उप्पित्थ. त्रि० (१) त्रस्त, भीत. Frightened, alarmed. दे० १, १२६; से० १०, ६१; स० ५७४; पुप्फ० ४४३; गउड० सुर० १२, १६०. (२) कुपित, क्रुद्ध. Wrathful, angry. (३) विधुर, आकुल. Bewildered, confused. दे० १, १२६; पाअ० (४) श्वासयुक्त. Breathing, respiring. राय० ७७ टी.

उप्पीड. पुं० समूह, राशि. Heap. से० ४, ३७; ८, ३.

उप्पील. पुं० (१) संघात, समूह. A collection, multitude. दे० १, १२६; सुपा० ६१; सुर० ३, ११६; वज्जा० ६०; पुप्फ० ७३, धम्म० १२ टी, महा० (२) स्थपुट, विषमोन्नत प्रदेश. An elevated and depressed region. दे० १, १२६.

उप्पेय. न० अभ्यंग, तैलादिकी मालिस. Smearing the body with unctuous or oily substance. वव० १, ६.

उप्पेहड. त्रि० उद्भट, भव्य. Exalted, magnanimous. दे० १, ११६; पाअ० स० ४४६.

उप्फंदोल. त्रि० चल, अस्थिर. Fickle, unsteady. दे० १, १०२.

उप्फाल. पुं० खल, दुर्जन. A wicked man. दे० १, ६०; पाअ०

उप्फुंकिआ. स्त्री. धोबिन, कपडा धोने वाली. Washer-woman. दे० १, ११४.

उप्फुंडिअ. त्रि० आस्तृत, बिछाया हुआ. Spread. दे० १, ११३.

उप्फुण्ण. त्रि० आपूर्ण, भरा हुआ, व्याप्त. Filled, full of. दे० १, ६२, सुर० १, २३३; ३, २१५.

उप्फुन्न. त्रि० स्पृष्ट, छुआ हुआ. Touched. प्रव० १५८ टी.

उप्फेस. पुं० भय, त्रास. Fear, alarm. दे० १, ६४.

उप्फेसण. न० डराना, भयोत्पादन. Terrifying. सुख० ३, १.

उप्फोअ. पुं० उद्‌गम, उदय. Rise, going up. दे० १, ६१

उब्बिंब. त्रि० (१) खिन्न, उद्विग्न. Sorry, grieved. (२) शून्य. Empty. (३) क्रांत. Overcome. (४) प्रकट वेष वाला. Manifestly dressed. (५) भीत, डरा हुआ. Frightened. (६) उद्भट. Exalted, magnanimous. दे० १, १२७, वज्जा० ६२.

उब्बिंबल. न० मैला पानी. Dirty water. दे० १, १११.

उब्बिंबिर. त्रि० खिन्न, उद्विग्न Sorry, grieved. कप्पू०

उब्बुक्क. न० (१) प्रलपित, प्रलाप. Talk, discourse. (२) संकट. A difficulty, danger. (३) बलात्कार. Force दे० १, १२८.

उब्भूर. त्रि० (१) अधिक, ज्यादः Much, excessive. (२) पुं० संघात, समूह. Collection, multitude. (३) स्थपुट, विषमोन्नत-प्रदेश. An elevated and depressed region. दे० १, १२६.

उब्भंत. त्रि० ग्लान, बीमार. Diseased, sick. दे० १, ६५, महा०

उब्भग्ग. त्रि० गुण्ठित, व्याप्त. Surrounded, covered. दे० १, ६५; नाट०

उब्भज्जि. स्त्री० कोद्रव-समूह. A collection of species of grain. राज०

उब्भाअ. त्रि० शान्त, ठंडा. Cold. दे० १, ९६

उब्भालण. न० (१) सूर्प आदि से साफ सुथरा करना, उत्पवन. Cleansing by a winnowing fan. (२) त्रि० अपूर्व, अद्वितीय. Extraordinary, unexampled. दे० १, १०३.

उब्भालिअ. त्रि० सूर्प आदि से साफ किया हुआ, उत्पूत. Cleansed by a winnowing fan. पाअ०

उब्भाविअ. न० सुरत, क्रीडा, संभोग. Sexual intercourse, copulation. दे० १, ११७.

उब्भासुअ. त्रि० शोभाहीन. Devoid of elegance. दे०, ११०.

उब्भुआण. त्रि० (१) उबलता हुआ, अग्नि से तप्त जो दूध वगैरः उछलता है. Boiling. दे० १, १०५, ७, ८१.

उब्भुग्ग. त्रि० चल, अस्थिर. Fickle, unsteady. दे० १०२.

उब्भुत्तिअ. त्रि० उद्दीपित, प्रदीपित. Illuminated. पाअ०

उमाण न० प्रवेश. Entrance. आया० २, १; १, ६

उम्मइय. त्रि० (१) मूढ, मूर्ख. Foolish. दे० १, १०२; (२) पागल, उन्मत्त Mad. गा० ४६८; वज्जा० ४२.

उम्मंड. पुं० (१) हठ. Obstinacy. (२) त्रि० उद्वृत्त. Flowing out, overflowing. दे० १, १२४.

उम्मंथिय. त्रि० दग्ध, जला हुआ. Burnt. वज्जा० ६२.

उम्मच्छ. न० (१) क्रोध, गुस्सा. Wrath, anger. दे० १, १२५; से० ११, १६; २०. (२) त्रि० असंबद्ध Unconnected. (३) प्रकारान्तर से कथित. Said differently. दे० १, १२५.

उम्मच्छविअ. त्रि० उद्भट. Exalted, magnanimous. दे० १, ११६,

उम्मच्छिअ. त्रि० (१) रुषित, रुष्ट. Wrathful, angry. (२) आकुल, व्याकुल. Confused, bewildered. दे०१, १३७

उम्मडा. स्त्री० (१) बलात्कार, जबरदस्ती. Force. दे० १, ६७. (२) निषेध, अस्वीकार. Prohibition. उप० ७२८ टी.

उम्मत्त. पुं० (१) धतूरा, वृक्ष विशेष. The white thorn-apple tree. (२) एरण्ड, वृक्षविशेष.. The castor-oil plant. दे० १, ८६.

उम्मत्तय. न० धतूरे का फल. The white thorn-apple. मोह० २२.

उम्मत्थ. त्रि० अधोमुख, विपरीत. Having the face down-wards. दे० १, ६३.

उम्मर. पुं० देहली, द्वार के नीचे की लकड़ी. The threshold of a door. दे० १, ६५

उम्मरिअ त्रि० उत्खात, उन्मूलित. uprooted. दे० १, १००, पइ०

उम्मल त्रि० स्थान कठिन, घट्ट Thick, bulky, gross. दे० १, ६१.

उम्मल्ल पुं० (१) राजा, नृप King, ruler. (२) मेघ, वारिस. Rains. (३) बलात्कार. Force. (४) त्रि० पीवर, पुष्ट. Stout, fleshy, corpulent. दे० १, १३१

उम्मल्ला स्त्री० तृष्णा. Strong desire, avidity. दे० १, ६४.

उम्माडिय. न० उल्मुक, जलता हुआ काष्ठ Fire-brand, torch. मिरि० ६८०.

उम्मिंठ. त्रि० हस्तिपक-रहित, महावतरहित, निरंकुश. Devoid ofan elephant-driver, unchecked, uncontrolled. सुपा० ३४८, २०३.

उम्मुद्द. त्रि० दृप्त, अभिमानी. Arrogant, proud. दे० १, ६६;पइ०

उम्मेठ. त्रि० देखो 'उम्मिंठ शब्द. Vide 'उम्मिंठ' पउम० ७१, २६; स० ३३२.

उम्हाविअ. न० सुरत, संभोग. Sexual intercourse, coition. दे० १, ११०.

उय्यकिअ. त्रि० इकट्ठा किया हुआ. Collected, gathered. पइ०

उय्यल. त्रि० अध्यासित, आरूढ़. Mounted, ascended. पइ०

उर. न० आरम्भ, प्रारम्भ. Commencement, beginning. दे० १, ८६.

उरत्त. त्रि० खण्डित, विदारित. Broken, cut. दे० १, ६०.

उरत्थय. न० वर्म, बख्तर. Armour. पाअ०

उररि. पुं० बकरा. Goat, an animal. दे० १, ८८.

उरविय. त्रि० (१) आरोपित. Attributed the nature of one thing to another. (२) खण्डित, छिन्न. Broken, cut. पइ०

उराल. त्रि० भयंकर, भीष्म. Fearful. dreadful. सुज्ज० १.

उरितिय. न० तीनलरवाला हार. A necklace of three threads ओव०

उरुपुल्ल. पुं० (१) अपूप, पूआ. A small round cake of flour, meal etc. thicker than ordinary cakes and mixed with sugar

and spices. २ खिचड़ी Mixture of rice and pulse. दे० १, १३४.

उरुमल्ल-उरुमिल्ल-उरुसोल्ल. त्रि० प्रेरित. Impelled, urged. षड्० दे० १, १०८.

उलिअ. त्रि० असंकुचित नजरवाला, स्फार दृष्टि. Far sighted. दे० १, ८८.

उलित्त न० ऊंचा कुँआ. Lofty well. दे० १, ८६.

उलुउंडिअ त्रि० प्रलुठित, विरेचित Purged, evacuated. दे० १, ११६.

उलुओसिअ. त्रि० रोमाञ्चित, पुलकित. With the hair erect षड्०

उलुकसिअ. त्रि० देखो 'ऊलुओसिअ, शब्द. Vide 'उलुओसिअ' दे० १, ११५.

उलुखंड. पुं० उल्मुक, अलात, लूका. A fire-brand, half burnt wood. दे० १, १०७.

उलुग. पुं० (१) उल्लू, पेचक. Owl. (२) देश विशेष. Name of a country. पउम० ६८, ६६.

उलुफुंटिअ. त्रि० (१) विनिपातित, विनाशित Destroyed, ruined (२) प्रशांत. Calm, quiet दे० १, १३८

उलुहंत पुं० काक, कौआ Crow दे० १, १०६.

उलुहलिअ. त्रि० अतृप्त, तृप्तिरहित. Not satisfied or contented. षड्०

उलुहुलअ. त्रि० अवितृप्त, तृप्ति रहित. Not satiated षड्०

उल्ल. न० ऋण, कर्जा Debt. सुपा० ४८६.

उल्लंडिअ. त्रि० बहिष्कृत, बाहर निकाला हुआ Placed out side of, excluded from. पाअ०

उल्लक. त्रि० (१) भग्न, टूटा हुआ. Broken. (२) स्तब्ध Paralysed, stupefied. स० २६४.

उल्लट्ट. त्रि० उल्लुण्ठित, खाली किया हुआ. Emptied. दे० ७, ८१

उल्लद्दिय. त्रि० भाराक्रान्त, जिसपर बोझा लादा गया हो. Loaded. सुर० २, २.

उल्लरय. न० कौडीओं का आभूषण. An ornament made of cowries. दे० १, ११०.

उल्ललिअ. त्रि० शिथिल, ढीला. Loose, relaxed. दे० १, १०४

उल्लिअ. त्रि० (१) चीराहुआ, फाडा हुआ. Torn, rent, cut. उत्त० १६, ६४. (२) उपालब्ध उलहना दियाहुआ Rebuked reproached. सम्मत्त० ५२. (३) उपसर्पित, उपागत Approached, arrived. षड्०

उल्लिंचिय. त्रि० उद्रिक्त, खाली किया हुआ. Emptied. सुपा० ३३.

उल्लिक्क न० दुश्चेष्टित, खराब चेष्टा Bad gesture or motion. षड्०

उल्लिया स्त्री० राधावेध का निशाना. A sign of radhavedhe. स० १६२

उल्लिर. त्रि० गीला Wet, moist. वज्जा० ११२

उल्ली स्त्री० (१) चूल्हा. दे० १, ८७. Large stove. २ दाँत का मैल. Dirt of teeth. महा०

उल्लुअ त्रि० १ पुरस्कृत, आगे किया हुआ. Placed before. (२) रक्त, रंगा हुआ Coloured. षड्० (३) उदय-प्राप्त. Risen. प्राकृ० ७७

उल्लुंटिअ. त्रि० संचूर्णित, टुकडा टुकडा किया हुआ Cut into pieces. दे० १, १०६.

उल्लुक त्रि० त्रुटित, टूटा हुआ Broken, Rent. दे० १, ६२.

उल्लुक्किअ त्रि० त्रोटित, तोडा हुआ. Broken. कुमा०

उल्लुज्झण. न० पुनरुत्थान, कटे हुए हाथ पाँव की फिरसे उत्पत्ति. Re creation, reproduction. उप० ३८१.

उल्लुट्ट. त्रि० मिथ्या, असत्य, झूठ. Wrong, False. दे० १, ८६.

उल्लुरुह. पुं० छोटा शंख. A small conch shell. दे० १, १०५.

उल्लुंडिअ. त्रि० उन्नत, उच्छ्रित. High, lofty, exalted. पड्०

उल्लूढ. त्रि० (१) आरूढ़. Mounted, ascended. दे० १, १००; पड्० (२) अंकुरित. Having sprouts. दे० १, १००; पाअ०

उल्लूरण. न० छेदन, खण्डन. Breaking, cutting. गा० १६६.

उल्लूरिअ. त्रि० विनाशित. Destroyed, ruined. गमि० १०, पाअ०

उल्लूह. त्रि० शुष्क, सूखा. Dry, dried up. ओघ० ४४६ टी

उल्लेव. पुं० हास्य, हंसी. Laughter. दे० १, १०२.

उल्लेहड. त्रि० लम्पट, लुब्ध. Lustful, dissolute. दे० १, १०४; पाअ०

उल्लोक. त्रि० त्रुटित, छिन्न. Broken, cut. पड०

उल्लोल. पुं० (१) शत्रु, दुश्मन. Enemy. दे० १, ६६; (२) कोलाहल. Uproar, bustle. पउम० १६, ३६.

उल्हविय. त्रि० बुझाया हुआ, शान्त किया हुआ. Extinguished, blown out. पउम० २, ६६.

उल्हसिअ. त्रि० उद्भट, उद्धत. Insolent, Impudent. दे० १, ११६.

उवउज्ज. पुं० (१) उपकार. Obligation, kindness, दे० १, १०८; (२) उपकारक. One who obliges or benefits. पड्०

उवएइआ. स्त्री० शराव परोसने का पात्र. A vessel for serving wine. दे० १, ११८.

उवकसिअ. त्रि० (१) संनिहित. Close, approximate. (२) परिसेवित. Served. (३) सर्जित, उत्पादित. Created, produced. दे० १, १३८.

उवजंगल. त्रि० दीर्घ, लम्बा. Long. दे० १, ११६.

उवज्झिय. त्रि० आकारित, बुलाया हुआ. Invited, called. राज०

उवडिअ. त्रि० अवनत, नमा हुआ. Bent down, down-cast. पड्०

उवदीव. न० द्वीपान्तर, अन्यद्वीप. Another island. दे० १, १०६.

उवय. पुं० हाथी को पकड़ने का खड्डा. A ditch for seizing elephants. पाअ०

उवलभत्ता-ग्गा. स्त्री० वलय, कङ्कन. Bracelet. दे० १, १२०

उवललय. न० सुरत, मैथुन. Coition, sexual intercourse. दे० १, ११७.

उवलुअ. त्रि० सलज्ज, लज्जा युक्त. Shameful, abashed. दे० १, १०७.

उवसग्ग. त्रि० मन्द, आलसी. Idle, lazy, dull. दे० १, ११३.

उवसेर. त्रि० रति-योग्य. Worthy for sexual, pleasure दे० १, १०४.

उवह. अ० देखो. See, look. पड्०

उवहत्थिय. त्रि० (१) बनाया हुआ. Made, formed. (२) उत्तेजित. Encouraged. कुमा०

उवहारिआ-उवहारी. स्त्री० दुहने वाली स्त्री. Milkmaid. गा० ७३१; दे० १, १०८.

उवासय. पुं० जैन मुनिओं का निवास

स्थान. An abode of jain saints. उप० १४२ टी.

उवासिय. त्रि० सेवित. Served, attended. पउम० ६८, ४२.

उविश्र. न० (१) शीघ्र, जल्दी. Speed, haste. दे० १, ८६; (२) त्रि० संस्कारित. Seasoned. नाया० १, १.

उव्वट्ट. त्रि० (१) निराग, राग रहित. Devoid of love or affection (२) गलित. Melted. दे० १, १२६.

उव्वर. पुं० घर्म, ताप Heat. दे० १, ८७.

उव्वरिश्र. त्रि० (१) अधिकबचा हुआ अवशिष्ट. Remained much दे० १ १३२, पिंग० गा० ४७४; सुपा० ११, ५३२; ओघ० १३८ आ. (२) अनीप्सित, अनभीष्ट. Not desired or wished. (३) निश्चित. Determined, resolved. (४) अगणित Numberless. (५) न० ताप, गरमी. Heat. दे० १, १३२; (६) त्रि० अतिक्रान्त, उल्लंघित. Transgressed. सुपा० ३६८.

उव्वहण. न० महान् आवेश. Excessive flurry or agitation. दे० १, ११०.

उव्वा. स्त्री० घर्म ताप. Heat. दे० १, ८७.

उव्वाश्र-उव्वाइश्र. त्रि० खिन्न, परिश्रान्त. Fatigued, tired. दे० १, १०२; वृह० १; वव० ४; पाश्र० गा० ७५८; सुपा० ४३६.

उव्वाउल. न० (१) गीत. Song. (२) उपवन, बगीचा. Garden. दे० १, १३४.

उव्वाडुल. न० (१) विपरीत सुरत. Wrong coition. (२) मर्यादा रहित मैथुन. Limitless copulation. दे० १, १३३.

उव्वाढ. त्रि० (१) विस्तीर्ण, विशाल. Vast, extensive. (२) दु:ख रहित. Devoid of unhappiness. दे० १, १२६.

उव्वाह. पुं० घर्म, ताप. Heat. दे० १, ८७.

उव्वाहिश्र. त्रि० उत्क्षिप्त, फेंका हुआ. Thrown up. दे० १, १०६

उव्वाहुल. न० (१) उत्सुकता, उकण्ठा. Anxious desire, eagerness. भवि० दे० १, १३६; (२) त्रि० द्वेष्य. अप्रीतिकर Odious, disagreeable दे० १, १३६.

उव्वाहुलिय. त्रि० उत्सुक, उत्कण्ठित. Eager, anxiously desired. भवि०

उव्विक्क. न० प्रलपित, प्रलाप Talk, discourse. षड्०

उव्विड. त्रि० (१) चकित, भीत. Surprized, amazed. २) क्लान्त, क्लेश युक्त. Fatigued, tired out. षड्०

उव्विडिम त्रि० (१) अधिक प्रमाण वाला. Much, excessive. (२) मर्यादा रहित, निर्लज्ज. Limitless, shameless दे० १, १३४

उव्वि व. त्रि० (१) क्रोध-युक्त Wrathful, angry. षड्० (२) उद्भट वेष वाला. Excellently dressed पाश्र०

उव्वीढ. त्रि० उत्खात, खोदा हुआ. Dug. दे० १, १००.

उव्वुण्ण-न्न. त्रि० (१) उद्विग्न. Grieved, distressed. (२) शून्य. Empty, void दे० १, १२३, (३) उद्भट, उल्वण. Strong, powerful, दे० १, १२३; सुर० ३, २०५.

उव्वेत्ताल. न० अविच्छिन्न चिल्लाना, निरंतर रोदन. Constant weeping. दे० १, १०१.

उसड्ड. त्रि० ऊंचा. High, lofty. राय०

उसणसेण. पुं० बलभद्र. An epithet of balabhadra. दे० १, ११८.

उसलिअ. त्रि० रोमाञ्चित, पुलकित. Having the hairs of the body erect. पड्०

उसीर. न० कमल-दण्ड, विस. The fibrous stalk of a lotus. दे० १, ६४.

उसुअ. पुं० दोष, दूषण. Fault, defect. दे० १, ८६.

उसूलग. पुं० परिखा, शत्रु-सैन्य का नाश करने के लिए ऊपर से आच्छादित गर्त्त विशेष. A ditch or trench round a fort or town. उत्त० ६.

उस्सिंघिय. त्रि० आघ्रात, सूंघा हुआ. Smelt. स० २६०.

उस्सिक्किअ. त्रि० मुक्त, परित्यक्त. released, set free. कुमा०

उहिंजल. पुं० चतुरिन्द्रियजन्तुविशेष. A kind of insect having four senses. सुय० ३६, १४६.

उहिंजलिआ. स्त्री० देखो 'उहिंजल' शब्द. Vide. 'उहिंजल' उत्त० ३६, १४६.

उहुर. त्रि० अवाङ्मुख, अधोमुख. Having the face down-wards. गउड०

ऊ

ऊ. अ० (१) निंदा, गर्हा. Censure. (२) आक्षेप, प्रस्तुत वाक्य के विपरीत अर्थ की आशंका से उसे उलटना. (३) विस्मय. Wonder, surprize. (४) सूचना. Information. हे० २, १६६; पड०

ऊआ. स्त्री० यूका, जूं. Bug. दे० १, १३६.

ऊगिय. त्रि० अलंकृत. Adorned, ornamented. पड्०

ऊढिअय. त्रि० (१) प्रावृत, आच्छादित. Covered. (२) आच्छादन, प्रावरण. cover, lid. पाअ०

ऊणंदिअ. त्रि० आनन्दित, हर्षित. Delighted. दे० १, १४१, पड्०

ऊमिणण. न० प्रोंखणक, चुमना. Receiving a bride or bridegroom or both with an auspicious ceremony. धर्म० २.

ऊमिणिय. त्रि० प्रोञ्छित, जिसने स्नान के बाद शरीर पोंछा हो. Rubbed the body after bathing. स० ७५.

ऊमित्तिअ. न० दोनों पार्श्वों में आघात करना. Beating in both the sides. दे० १, १४२.

ऊर. पुं० (१ ग्राम, गांव. Village. (२) संघ, समूह. Collection, multitude दे० १, १४३.

ऊरणी. स्त्री० मेष, भेड़. Sheep. दे० १, १४०.

ऊरिसंकिअ. त्रि० रुद्ध, रोका हुआ. Prevented, impeded. पड्०

ऊल. पु ० गति-भग. Break in motion. दे० १, १३६.

ऊसअ. न० उपधान, तकिया. Pillow. दे० १, १४०; पड्०

ऊसण. न० गति भग. Break in motion. दे० १, १३६.

ऊसत्थ. पुं० (१) जम्भाई. Gape, yawn. (२) त्रि० आकुल. Confused, Bewildered. दे० १, १४३.

ऊसल. त्रि० पीन, पुष्ट. Stout, fat, fleshy. दे० १, १४०.

ऊसलिअ. त्रि० रोमाञ्चित, पुलकित. With the hair of the body erect. दे० १, १४१; पाअ०

ऊसाअंत. त्रि० खेद होने पर शिथिल. Idle by sorrow or grief. दे० १, १०१.

ऊसाइअ. त्रि० (१) विक्षिप्त. Confused. (२) उत्क्षिप्त. Thrown up. दे० १, १४१.

ऊसार. पुं० गर्त-विशेष. A kind of ditch. दे० १, १४०.

ऊसिक्किअ. त्रि० प्रदीप्त, शोभायमान. Beautiful, handsome. पाअ०

ऊसुंभिअ. न० रोदन-विशेष, गला बैठ जाय ऐसा क्रदन. A kind of lamentation. दे० १, १४२, पड०

ऊसुक्किअ. त्रि० विमुक्त, परित्यक्त. Abandoned, quitted. दे० १, १४२.

ऊसुग. न० मध्यभाग. Middle part. आया० २, १, ८, ६.

ऊसुम्भिअ. त्रि० तकिया किया हुआ. Made a pillow पड्०

ऊसुर. न० ताम्बूल, पान. Betel leaf. दे० २, १७४

ऊहट्ट त्रि० उपहसित. Rediculed, derided. दे० १, १४०.

ए

एक्क. त्रि० स्नेह-पर, प्रेम-तत्पर. Ready to love. दे० १, १४४.

एक्कंग. न० चन्दन, सुगंधि काष्ठ विशेष. Sandalwood. दे० १, १४४

एक्कक्कम. परस्पर, अन्योन्य. Mutual, reciprocal से० ५, ५६.

एक्कघरिल्ल. पुं० देवर, पति का छोटा भाई Husband's younger brother. दे० १, १४६.

एक्कएड पुं० कथक, कथा कहने वाला. Story-teller. दे० १, १४५.

एक्कमुह त्रि० (१) धर्म रहित, विधर्मी. Devoid of religion. (२) दरिद्र निर्धन. Poor, indigent. (३) प्रिय, इष्ट Loved, affectionate. दे० १, १४८

एकल्ल त्रि० प्रबल, बलवान्. Strong, valorous. पड्०

एक्कल्लपुडिंग. न० विरल- बिंदु-वृष्टि, अल्प-बिन्दु वाली बारिस. Slight raining, drizzling. दे० १, १४७

एक्कसरिअं. अ० (१) शीघ्र, तुरन्त. Speedily, (२) संप्रति, आजकल. Now-a-days. दे० २, २१३, पड्०

एक्कसाहिल्ल. त्रि० एक स्थान में रहने वाला. Living in the same place. दे० १, १४६.

एक्कसिंबली. स्त्री० शाल्मली पुष्पों से नूतन फल वाली. A silk cotton tree newly flowered. दे० १, १४६.

एक्कसिरिआ. अ० शीघ्र, जल्दी Speedily, rapidly, quickly. प्राकृ० ८१.

एक्केक्कम. त्रि० परस्पर, अन्योन्य Mutual, reciprocal. दे० १, १४५, पउम० ६८, १५

एणुवासिअ. पुं० भेक, मेढक. He-goat दे० १, १४७.

एत्तण. अ० अधुना, इस समय. At this time, now. प्राकृ० ८०.

एत्तोअ. अ० यहां से लेकर From here. दे० १. १४४.

एमाण त्रि० प्रवेश करता हुआ. Entering. दे० १, १४४.

एमिणिआ. स्त्री० वह स्त्री, जिसके शरीर को किसी देश के रिवाज के अनुसार, सूत के धागे से नाप कर उस धागे को फेंक दिया जाता है A kind of woman measured by a thread. दे० १, १४५.

एरंडइय-एरंडय. पुं० पागल कुत्ता. Mad dog वृह० १.

एराणी. स्त्री० (१) इन्द्राणी. A wife of Indra. (२) इन्द्राणी फल का सेवन करने वाली स्त्री. A woman who observes Indrani vrata. दे० १,१४७.

एल. त्रि० कुशल, निपुण. Skilful, Proficient. दे० १,१४४.

एलविल. त्रि० (१) धनाढ्य, धनी. Wealthy; Rich. (२) पुं० वृष, बैल. Ox. दे० १,१४८; पइ०

एल्ल. त्रि० दरिद्र, निर्धन. Poor; Indigent. दे० १,१७४.

ओ

ओअ. न० वार्ता, कथा, कहानी. Tale; Story. दे० १,१४६.

ओअंक. पुं० गर्जित, गर्जना. Roar. दे० १,१५४.

ओअंदणा. स्त्री०(१) नाश. Destruction; Ruin. (२) जबरदस्ती से छीनना. Snatching away by force. कुमा०

ओअग्गिअ. त्रि० (१) विस्तृत, फैला हुआ. Spread. कुमा० (२) अभिभूत, परिभूत. Defeated. (३) केश वगैरः को एकत्रित करना. Gathering hair etc. दे० १,१७२.

ओअग्घिअ-ओअग्घिअ. त्रि० घ्रात, सूंघा हुआ. Smelt. दे० १,१६२; पइ०

ओअम्मअ. त्रि० अभिभूत, पराभूत. Defeated. पइ०

ओअल्ल. पुं० (१) अपचार, खराब आचरण, अहित आचरण. Improper conduct. पइ० स० ५२१; (२) कम्प, कॉपना. Tremor; Shaking. पइ० दे० १,१६५; (३) गौओं को बाडा. Cow-pen, Cowhouse. (४) त्रि० पर्यस्त, प्रक्षिप्त. Thrown round; Scattered over or about. (५) लम्बमान, लटकता हुआ. Hanging दे० १,१६५; (६)जिसकी आंखें निमीलित होती हों. One whose eyes are shutting. स० १३,४३.

ओअल्लअ. त्रि० विप्रलब्ध, प्रतारित. Cheated; Deceived. पइ०

ओआअ. पुं० (१) ग्रामाधीश, गाँव का स्वामी. Chief of a village. (२) आज्ञा, आदेश. Command; Order. (३) हस्ती वगैरः को पकड़ने का गर्त A ditch to seize elephants. (४) त्रि० अपहृत, छीना हुआ. Snatched away. दे० १,१६६.

ओआअव. पुं० अस्त-समय. Setting time. दे० १,१६२.

ओआल. पुं० छोटा प्रवाह. Small current; Stream. दे० १,१५१.

ओआली. स्त्री० (१) खड्ग का दोष. Defect of a sword. (२) पंक्ति, श्रेणी. Line; Row. दे० १,१६४.

ओआवल. पुं० बालातप, सुबह का सूर्य ताप. Heat of the morning sun. दे० १,१६१.

ओइत्त-ओइत्तण. न० परिधान, वस्त्र. Garment; Cloths. दे० १,१५५.

ओइल्ल. त्रि० आरूढ़. Mounted; Ascended. दे० १,१५८.

ओउल्लिय. त्रि० पुरस्कृत, आगे किया हुआ. Placed before. पइ०

ओंडल. न० केश गुम्फ, केशरचना, धम्मिल्ल. The braided and ornamented

hair of women tied over the head. दे० १,१५०.

ओकणी. स्त्री० यूका, जूं. Bug. दे० १,१५६.

ओकिअ. (१) न० वास, वसन, अवस्थान. Dwelling; Abode. (२) वमन, उल्टी. Ejecting ; Vomiting. दे० १,१५१.

ओक्खंडिअ. त्रि० आक्रान्त. Overcome. दे० १,११२.

ओक्खिएण. त्रि० (१) अवकीर्ण. Scattered. (२) खण्डित, चूर्णित. Pounded. कस० दे० १,१३०; (३) छन्न, ढका हुआ. Covered. (४) पार्श्व में शिथिल. Loose in the sides. दे० १,१३०.

ओग्गाल. पुं० छोटा प्रवाह. Small flow. दे० १,१५१.

ओग्गालिर. त्रि० पगुराने वाला, चबाई हुई वस्तु को पुनः चबाने वाला. Chewing the cud ; Ruminating. कुमा०

ओग्गिअ. त्रि० अभिभूत, पराभूत. Defeated. दे० १, १५८.

ओग्गीअ. पुं० हिम, बर्फ. Snow ; Ice. दे० १,१४६.

ओघसर पुं० (१) घर का जल प्रवाह. Water-flow of the house. (२) खराबी, नुकसान. Injury ; Harm. दे० १,१७०; सुर० २,६६.

ओचुल्ल. न० चुल्हा का एक भाग. A part of a stove. दे० १,१५३.

ओचेल्लर. न० (१) ऊपर भूमि. A barren spot with saline soil. (२) जघन के रोम. Hair of the thigh. दे० १,१३६.

ओच्छंदिअ. त्रि० (१) अपहृत. Carried away. (२) व्यथित, पीड़ित. Afflicted. पइ०

ओच्छत्त. न० दंत-धावन, दतवन. Cleaning teeth and washing the face. दे० १,१५२.

ओच्छिअ. न० केश-विवरण. Spreading hair. दे० १,१५०.

ओच्छोअअ. न० घर की छत के प्रान्त भाग से गिरता पानी. Water dropping from a tile. गा० ६२१

ओज्जर. त्रि० भीरु, डरपोक. Timid; Cowardly. पइ०

ओज्जल्ल. त्रि० बलवान्, प्रबल. Strong ; Powerful. दे० १,१५४.

ओज्जाअ. पुं० गर्जित, गर्जारव. A roar. दे० १,१५४.

ओज्झ. त्रि० मैला, अस्वच्छ, चाखा नहीं वह. Dirty ; Unclean. दे० १,१४८.

ओज्झमण. न० पलायन, भाग जाना. Running away. दे० १,१०३.

ओज्झरी. स्त्री० ओस, आंत का आवरण Cover of entrails. दे० १, १५७.

ओज्झाय. त्रि० दूसरे को प्रेरणा कर हाथसे लिया हुआ. Held by hands by the help of others. दे० १,१५६.

ओडड्ढ. त्रि० अनुरक्त, रागी. Attached or addicted to. दे० १,१५६.

ओड्ढण. न० ओढन, उत्तरीय, चादर. An upper garment. दे० १,१५५.

ओड्ढिगा. स्त्री० ओढ़नी. An upper garment worn by girls. स० २११

ओढण. न० अवगुण्ठन. A veil (for the face.) प्राकृ० २८.

ओणिव्व. पु ० वल्मीक, चींटीओं का खुदा हुआ मिट्टी का ढ़ेर. An ant hill. दे० १,१५१.

ओणीवी. स्त्री० नीवी, कटी सूत्र. A cloth worn by women on waist दे० १,१५०.

ओगुणश्र. त्रि० अभिभूत, पराभूत Defeated. दे० १,१५८.

ओत्थअ. त्रि० अवसन्न, खिन्न. Sunk down; Grieved दे० १,१५१.

ओत्थर पुं० उत्साह. Ardour; Alacrity. दे० १,१५०.

ओत्थरिअ. त्रि० (१) आक्रान्त. Overcome. (२) जो आक्रमण करता हो वह. One who attacks. दे० १,१६६.

ओदंपिअ. त्रि० (१) आक्रान्त. Overcome. (२) नष्ट. Ruined; Destroyed. दे० १,१७१.

ओपल्ल. त्रि० अपदीर्ण, कुण्ठित. Blunt; Dull. नाया० १,१४.

ओप्प. त्रि० मृष्ट, ओप दिया हुआ. Cleansed, Purified. पड्०

ओप्पा. स्त्री० शाण आदि पर मणि वगैरः का घर्षण करना. Rubbing of a precious stone on the touch stone. दे० १,१४८.

ओप्पिअ. त्रि० शाण पर घिसा हुआ. Rubbed on the touch-stone. दे० १,१४८.

ओप्पील. पुं० समूह, जत्था. A collection; A multitude. पाअ०

ओमंथ. त्रि० नत, अधोमुख. Bent; Inclined. पाअ०

ओमस. त्रि० अपसृत, अपगत. Gone; Passed away. पड्०

ओमत्थ. त्रि० नत, अधोमुख. Bent down. पाअ०

ओमत्थिय. त्रि० अधोमुख किया हुआ, नमाया हुआ. Bent down; Inclined ओघ० ३८६.

ओमल्ल. त्रि० घनीभूत, कठिन, जमा हुआ. Congealed. पड्०

ओयड्ढिया-ओयड्ढी. स्त्री० ओढनी, ओढ़ने का वस्त्र, चादर, दुपट्टा. An upper garment worn by girls. सुख० २,३०.

ओयविय. त्रि० परिकर्मित. Caused to decorate or grace. पण्ह० १,४; ओव०

ओर. त्रि० चारु; सुन्दर. Beautiful; Charming. दे० १,१४६.

ओरंपिअ. त्रि० (१) आक्रान्त. Overcome (२) नष्ट. Destroyed; Ruined दे० १,१७१; (३) पतला किया हुआ, छिला हुआ. Scraped; Peeled. पाअ०

ओरत्त. त्रि० (१) गर्विष्ठ, अभिमानी. Arrogant; Proud. (२) कुसुम्भ से रक्त. Red. (३) विदारित, काटा हुआ. Cut; Rent. दे० १, १६५; पाअ०

ओरल्ली. स्त्री० लम्बी और मधुर आवाज. Long and sweet voice. दे० १, १५४; पाअ०

ओरालिय त्रि० पौंछा हुआ, भवि० Rubbed. (२) फैलाया हुआ, प्रसारित. Spread.

ओरिल्ल. पुं० लम्बा काल, दीर्घ काल. A long time. दे० १, १५५.

ओरुंज. न० क्रीड़ा विशेष. A kind of pleasure. दे० १, १५६.

ओलअ. पुं० (१) श्येन पक्षी, बाज पक्षी. A hawk; A falcon. (२) अपलाप, निह्नव. Detraction; Concealment of truth, thoughts, feelings etc. दे० १, १६०.

ओलअणी. स्त्री० नवोढा, दुलहिन. A newly-married woman. दे० १, १६०.

ओलइअ. त्रि० (१) शरीर में सटा हुआ, परिहित. Adhered to the body. दे० १, १६२; पाअ० (२) लगा हुआ. Clung; Stuck. दे० १, १६२.

ओलइणी. स्त्री० प्रिया, स्त्री. A beloved; A wife. दे० १, १६०.

ओलग्ग. त्रि० (१) सेवक, नौकर. A servant. (२) निस्तेज, निर्बल, बलहीन.

Weak; Feeble. दे० १, १६४.

ओलग्गा. स्त्री० सेवा, भक्ति, चाकरी Worship; Adoration. स० ६३१; धम्म० ८ टी.

ओलावअ. पुं० श्येन, बाजपक्षी. A hawk. दे० १, १६०; स० २१३.

ओलिभा. स्त्री० उपदेहिका, दीमक. A white ant; A moth. दे०१५३; गउड०

ओलित्ती. स्त्री० खड्ग आदि का एक दोष. A defect in a sword etc. दे० १,-१५६.

ओलिप्प. न० हास, हाँसी. A joke; A fun. दे० १, १५३.

ओलिप्पती. स्त्री० खड्ग आदि का एक दोष. A defect in a sword etc. दे० १, १५६.

ओली. स्त्री० कुल परिपाटी, कुलाचार A duty or custom peculiar to a family. दे० १, १४८.

ओलुंकी. स्त्री० बालकों की एक प्रकार की क्रीड़ा. A kind of sport of children. दे० १, १५३.

ओलुंपअ. पुं० तापिका हस्त, तवा का हाथा. A handle of a griddle. दे० १, १६३.

ओलुग्ग. त्रि० (१) सेवक, नौकर. A servant. दे० १, १६४; (२) निस्तेज, निर्बल, बलहीन. Powerless; Weak, Feeble. सुर० २, १०२; दे० १, १६४; स० ४१६, ५०४.

ओलुग्गाविय. त्रि० (१) बीमार. Diseased; Sick (२) विरह-पीडित. Suffering from separation. वज्जा ०८६.

ओलुट्ट. त्रि० (१) असंघट-मान Inconsistent. (२) मिथ्या, असत्य. False; Deceitful; Wrong. दे० १,१६४.

ओलेहड. त्रि० (१) अन्यासक्त. Strongly attached or devoted to others. (२) तृष्णा-पर. Very thirsty (३) प्रवृद्ध. Increased; Full-grown. दे० १,१७२.

ओल्ल. पुं० (१) पति, स्वामी. A husband (२) दण्ड-प्रतिनिधि पुरुष, राजपुरुष विशेष. A kind of minister. पिंग०

ओल्लणी. स्त्री० मार्जिता, इलायची, दालचीनी आदि मसाला से संस्कृत दधि. Cardamoms. दे० १,१५४.

ओल्लरण. न० स्वाप, सोना. Sleeping. दे० १ १६३.

ओल्लरिअ. त्रि० सुप्त, सोया हुआ. Slept. दे० १,१६३, सुपा० ३१२.

ओल्ली. स्त्री० पनक, काई. Dirt on the tongue चेइय० ३७३.

ओव. न० हाथी वगैरः को बांधने के लिए किया हुआ गर्त. A ditch to captivate elephants etc. दे० १,१४६.

ओवग्गिअ. त्रि० (१ अभिभूत. Defeated. आक्रान्त. Overcome. से० ६,३०; पाअ० सुर० १३, ४२.

ओवट्टिअ. न० चाटुता, खुशामद. Flattery; Fawning. दे० १,१६२.

ओवड्ढी. स्त्री० ओढ़नी का एक भाग. A part of an upper garment of girls. दे० १,१५१.

ओवर पुं० निकर, समूह. A collection; A multitude. दे० १,१५७.

ओवसर. न० (१) चन्दन, सुगन्धि काष्ट विशेष. Sandalwood. (२) त्रि० रति-योग्य. Fit for pleasure. दे० १,१७३.

ओवाअअ. पुं० आपातप, जल-समूह की गरमी. Warmth of water. षड्०

ओवारि. न० धान भरने का एक जात का लम्बा कोठा, गोदाम. A grainary. राज०

ओवारिअ. त्रि० ढेर किया हुआ, राशीकृत. Heaped. स० ४८७, ४८.

ओविअ. त्रि० (१) आरोपित, अध्यासित. Attributed natures of one thing to another. (२) मुक्त, परित्यक्त. Abandoned Given up. ३) हृत, छीना हुआ. Snatched away, Deprived of. (४) खुशामद Flattery. (५) रुदित, रोदन. Weeping; Lamentation Wailing. दे० १,१६७. (६) विभूषित, शृंगारित. Decorated; Adorned. प्राप्र०

ओसट्ट. त्रि० विकसित, प्रफुल्ल. Blown, Fully opened or expanded. पड्०

ओसडिअ. वि० आकीर्ण, व्याप्त. Crowded; Full of; Abounding in. पड्०

ओसण. न० उद्वेग, खेद. Regret; Sorrow. दे० १,१५५

ओसण्ण. त्रि० त्रुटित, खण्डित. Broken, Cut. दे० १,१५६. पड्०

ओसद्ध. त्रि० पातित, गिराया हुआ. Cast down; Thrown or felled down. पाअ०

ओसरिअ. त्रि० (१) आकीर्ण, व्याप्त. Filled; Overspread with (२) आँख के इशारे से संज्ञित. Marked by signs made by eyes. पड्० (३) अवनत, अधोमुख. Bent down. (४) न० आँख का इशारा. A sign made by eyes. दे० १,१७१.

ओसरिआ. स्त्री० अलिन्दक, बाहर के दरवाजे का प्रकोष्ठ. A terrace before a house-door. दे० १,१६१.

ओसव्विअ. त्रि० (१) शोभा-रहित. Devoid of beauty. (२) न० अवसाद, खेद. Exhaustion; Fatigue. दे० १,१६८.

ओसाअ. पुं० प्रहार की पीडा. Pangs of a hurt. दे० १,१५२.

ओसाअंत. त्रि० (१) जंभाई खाता हुआ, आलसी. Idle. (२) बैठना. Sitting. (३) वेदना युक्त. Pained; Distressed दे० १,१७०.

ओसाअण. त्रि० (१) महीशान, जमीन का मालिक. A landlord. पड्०

ओसाणिहाण. त्रि० विधि पूर्वक अनुष्ठित. Practised religious rites according to rule. दे० १,१६३.

ओसार. पुं० गो-वाट, गो-वाडा. A cow-pen; A cattle-shed. दे० १,१४६.

ओसिअ. त्रि० (१) अबल, बल रहित. Weak; Feeble. दे० १,१५०; (२) अपूर्व, असाधारण. Extraordinary; Wonderful. पड्०

ओसिंघिअ. त्रि० घ्रात, सूंघा हुआ. Smelt. दे० १,१६२; पाअ०

ओसिक्खिअ. न० (१) गति-व्याघात. Stoppage. (२) अरति-निहित. Immersed in anxiety. दे० १,१७३.

ओसित्त. त्रि० उपलिप्त. Smeared. दे० १,१५८.

ओसिरण. न० व्युत्सर्जन, परित्याग. Abandonment; Quitting. पड्०

ओसीअ. त्रि० अधोमुख, अवनत. Bent down. दे० १,१५८.

ओसीस. त्रि० अपवृत्त. Opened; Uncovered. दे० १,१५२.

ओसुंखिअ. त्रि० उत्प्रेक्षित, कल्पित. Fashioned; Formed. दे० १,१६१.

ओसुद्ध. त्रि० (१) विनिपतित. Fallen दे० १,१५७; (२) विनाशित. Destroyed; Ruined. से० १३,२२.

ओहंक. पुं० हास, हाँसी. A joke; A fun. दे० १,१५३.

ओहंस. पुं० (१) चन्दन. Sandalwood (२) जिस पर चन्दन घिसा जाता है वह शिला,

चन्द्रौटा. A stone on which sandal-wood is being rubbed दे० १,१६८.

ओहट्ट. पुं० अवगुण्ठन. A veil (for the face.) (२) नीवी, कटी-वस्त्र. A cloth worn around a woman's waist (३) अपसृत, पीछे हटा हुआ. Receded; Fell back दे० १,१६६; भवि०

ओहट्टिअ. त्रि० दूसरे को दबा कर हाथ मे गृहीत. Procured by force दे० १,१५६

ओहट्ठ पुं० हास, हाँसी. A joke ; A fun. दे० १,१५३.

ओहडणी. स्त्री० अर्गला. A wooden bolt; A latch दे० १,१६०.

ओहत्त. त्रि० अवनत Bent down ; Degenerated, Inclined दे० १,१५६.

ओहरण. न० (१) विनाशन, हिंसा. Killing (२) असंभव अर्थ की संभावना. Probability of impossible objects. दे० १,१७४ (३) अस्त्र, हथियार. A missile ; A weapon. स० ५३१, ६३७; (४) त्रि० आघ्रात. Smelt ; षड्०

ओहरिस त्रि० (१) आघ्रात, सूँघा हुआ. Smelt (२) चन्दन घिसने की शिला, चन्द्रौटा. A stone for rubbing of sandal-wood. दे० १,१६६.

ओहली स्त्री० ओघ, समूह. A heap ; A multitude सुपा० ३६४

ओहसिअ. न० (१) वस्त्र, कपडा. A garment ; An article of dress. (२) त्रि० धूत, कम्पित. Trembled ; Shaken दे० १,१७३.

ओहाइअ. त्रि० अधोमुख. Having the face downwards. दे० १, १५८.

ओहामिय. त्रि० (१) तौलाहुआ. Weighed, पाअ० सुपा० २६६; (२) बंद किया हुआ, स्थगित. Shut. पउम० ४६,६.

ओहार. पुं० (१) द्वीप. An island. (२) अंश, विभाग. A part; A portion. दे० १, १६७.

ओहारइत्तु. त्रि० दूसरे पर मिथ्याभियोग लगाने वाला One who imputes राज०

ओहित्थ. न० (१) विषाद, खेद. Sorrow ; Grief. (२) रभस, वेग. Speed , Velocity (३) विचारित. Thought. दे० १, १६८.

ओहीरिअ. त्रि० (१) उद्गीत. Sung. (२) अवसन्न, खिन्न. Depressed ; Distressed. दे० १, १६३.

ओहुअ त्रि० अभिभूत, पराभूत. Defeated , Absorbed in. दे० १, १५८

ओहुड त्रि० विफल, निष्फल. Fruitless ; Vain , Useless. दे० १, १५७.

ओहुप्पंत. त्रि० जिस पर आक्रमण किया जाता हो वह. One who is being attacked. से० ३, १८.

ओहुर. त्रि० (१) अवनत, अवाङ्मुख. Bent down. गउड० (२) खिन्न, खेद-प्राप्त. Depressed ; Afflicted. (३) स्रस्त, ध्वस्त Destroyed ; Ruined. दे० १, १५७.

ओहुल्ल. त्रि० (१) खिन्न. Depressed ; Afflicted. (२) अवनत, नीचे झुका हुआ. Bent down. भवि०

क

कइअंक-कइअंकसइ. पुं० निकर, समूह. A collection ; A multitude. दे० २, १३.

कइउल्ल. त्रि० थोडा, अल्प. Little ; Scanty. दे० १, २१.

कइल्लबइल्ल. पुं० स्वच्छन्दचारी बैल. An uncontrolled ox दे० २, २५.

कउअ. त्रि० (१) प्रधान, मुख्य. Chief ; Leading , Prominent. (२) चिन्ह, निशान. A sign ; A mark. दे० २,५६.

कउल. न० करीष, गोइठा का चूर्ण. Dry cow-dung, दे० २, ७.

कउह. न० नित्य, सदा, हमेशां. Daily ; Always. दे० २, ५.

कओहुत्त. क्रि० वि० किस तरफ ? Where महा०

कंइ. अ० किससे. By whom. विक० १०२.

कंकण. पुं० चतुरिन्द्रिय जन्तु-विशेष. A kind of living-being having four senses उत्त० ३६, १४७.

कंकसी. स्त्री० कंघी, केश सँवारने का उपकरण. A comb. ती० १५.

कंगणी. स्त्री० वल्ली-विशेष. कॉगनी. A kind of creeper. पन्न० १.

कंचीरय. न० पुष्प विशेष. A kind of flower वज्जा० १०८.

कंछुल्ली. स्त्री० हार, कण्ठाभरण. A necklace. भवि०

कंटउच्चि. त्रि० कण्टक.-प्रोत. Pierced by thorns , Full of thorns. दे० २.१७.

कंटाली. स्त्री० बनस्पति विशेष, कण्टकारिका, भटकटैया The Mexican Poppy, A kind of vegetable दे० २,४.

कंटी. स्त्री० उपकण्ठ, कण्ठिका, पर्वत के नजदीक की भूमि. A ground in the vicinity of a mountain. गउड०

कंठ. पुं० सूकर, सूअर. A boar, A hog (२) मर्यादा, सीमा. Limit ; Boundary. दे० २, ५१.

कंठकंची. स्त्री० (१) वस्त्र वगैरः के अञ्चल में बधो हुई गांठ. A knot in the end of a garment. (२) गले में लटकाई हुई लम्बी नाडि, ग्रन्थि. दे० २,१८.

कंठदीणार. पुं० छिद्र, विवर. A hole ; A cleft. दे० १,२४.

कंठमल्ल. न० (१) ठठरी, मृत शिविका. A bier (२) यान-पात्र, वाहन. A vehicle ; Conveyance of any kind. दे० २,२०.

कंठिअ. पुं० चपरासी, प्रतीहार. A peon ; A patwala. दे० २,१५.

कड. पुं० (१) फेन, कीन. Foam ; Froth. (२) त्रि० दुर्बल Weak ; Feeble. (३) विपन्न, विपत्ति-ग्रस्त. Afflicted ; Distressed दे० २, ५१.

कडपंडवा स्त्री० यवनिका, परदा. A curtain. दे० २, २५.

कंडूर. पुं० बक, बगुला A crane. दे० २, ६.

कंतु पुं० काम, कामदेव Cupid ; God of love दे० २,१.

कंद. त्रि० (१) दृढ़, मजबूत. Fixed ; Firm ; Strong. (२) मत्त, उन्मत्त. Mad (३) न० आस्तरण, आच्छादन A cover ; A lid. दे० २,५१.

कंदल. न० कपाल. Forehead. दे० २,४.

कंदी. स्त्री० मूला, कन्द-विशेष. Radish, A kind of bulbous root. दे० २, १.

कंदोट्ट. न० नीलं कमल. The blue lotus. दे० २, ६ ; प्राप्र० पड्० गा० ६२२ ; उत्तर० ११७; कप्पू० भवि०

कंधार. पुं० स्कन्ध, ग्रीवा का पीछला भाग. A shoulder. उप० पृ० ८६.

कंपड. पुं० पथिक, मुसाफिर. A traveller. दे० २, ७.

कंवर. पुं० विज्ञान. Science. दे० २, १३.

कंसार. पुं० कसार, एक प्रकार की मिठाई A kind of sweet-meat स० १८७.

कंसारी स्त्री० त्रीन्द्रिय क्षुद्र जन्तु की एक जाति. A cricket, A moth. जी० १८.

कक्कस-कक्कसार. पु० दध्योदन, करम्ब. Boiled. rice mixed with curd दे० २, १४.

कक्खड. त्रि० पीन; पुष्ट. Stout Fat; Nourished. दे०२,११; कप्प० आया० भवि०

कक्खडंगी. स्त्री० सखी, सहेली A female friend दे० २, १६.

कक्खल. पुं० देखो 'कक्कस' शब्द. Vide 'कक्कस पड्०

कग्घ.ड. पुं० (१) अपामार्ग, चिरचिरा, लटजीरा. A kind of vegetable. (२) किलाट, दूध की मलाई. Cream of milk दे० २, ४४.

कग्घायल. पुं० किलाट, दूध का विकार, दूध की मलाई. Cream of milk. दे० २, २२.

कचरा. स्त्री० (१) कचरा, कच्चा खरबूजा. An unripe water-melon (२) कचरे को सुखाकर, तलकर और मसाला डाल कर बनाया हुआ खाद्य विशेष, एक प्रकार का आचार. A kind of pickle भवि०

कचवार. पुं० कतवार, कूडा. Dirt; Refuse सूक्त० ४४.

कच्छट्टी. स्त्री० कछौटी, लंगोटी, कछनी. The tuck of a dhotar; A special kind of cloth worn round loins रंभा० टी.

कच्छुर. पुं० पङ्क, कीच, कर्दम. Mud; Mire. दे० २, २.

कच्छादभ. पुं० रोग-विशेष. A kind of disease. सिरि० ११७.

कच्छुट्टिया. स्त्री० कछौटी, लंगोटी. The tuck of a dhotar रंभा०

कच्छुरिअ. त्रि० (१) ईर्षित, जिसकी ईर्ष्या की जाय वह Envied. (२) न० ईर्ष्या. Jealousy, Envy. दे० २, १६.

कच्छोटी. स्त्री० कछौटी, लॅंगोटी. The tuck of a dhotar. रंभा० टि०

कज्जउड. पुं० अनर्थ. A calamity; A misfortune. दे० २, १७.

कज्जव-कज्जवय. पुं० (१) मैला, विष्ठा. Fœces; Ordure; Excrement (२) तृण वग़ैरः का समूह, कूड़ा, कतवार. Dust; Refuse. दे० २, ११; उप० १७६; ५९३, स० २६४; दे० ६, ५६; अणुजो०

कज्झाल. न० सेवाल, एक प्रकार की घास जो जलाशयों में लगती है. Moss, Weeds growing under water. दे० २, ८.

कट्टर. न० खण्ड, अंश, टुकडा. A fragment; A piece अणुत्त०

कट्टारय न० छुरिका, छुरी. A knife. दे० २, ४.

कट्टारी. स्त्री० छुरिका, छुरी. A knife. दे० २,४.

कट्टोरग. पुं० कटोरा, प्याला, पात्र विशेष. A cup निसी चू० १.

कड्डिअ पुं० चपरासी, प्रतीहार. A peon दे० २, १५.

कड. त्रि० (१) क्षीण, दुर्बल. Weak; Feeble (२) मृत, विनष्ट. Dead; Deceased दे० २, ५१.

कडअल्ल. पुं दौवारिक, प्रतीहार. A doorkeeper. दे० २, १५.

कडअल्ली. स्त्री० कण्ठ, गला. The throat. दे० २, १५.

कडइअ. पुं० स्थपति, बढई. A carpenter दे० २, २२.

कडइल्ल. पुं० दौवारिक, प्रतीहार. A door-keeper. दे० २, १५.

कडंत. न० (१) मूली, कन्द विशेष. A kind of bulbous root. (२) मुसल. A pestle. दे० २, ५६.

कडंतर. न० पुराना सूप आदि उपकरण. Household furniture दे० २, १६.

कडंतरिअ. त्रि० दारित, विदारित, विनाशित. Destroyed ; Ruined. दे० २,२०.

कडंभुअ. न० (१) कुम्भग्रीव नामक पात्र विशेष. A kind of vessel (२) वड़े का कण्ठ भाग. The upper part of a pot. दे० २, २०.

कडच्छु. स्त्री० कर्छी, चमची, डोई. A small spoon ; A ladle. दे० २, ७.

कडतला. स्त्री० लोहे का एक प्रकार का हथियार. A kind of steel weapon. दे० २, १६.

कडत्तरिअ. त्रि० देखो 'कडंतरिअ' शब्द. Vide. 'कडंतरिअ' भवि०

कडद्दरिअ. त्रि० (१) छिन्न, काटा हुआ. Cut; Rent. (२) न० छिद्रता. Vices. पड्०

कडप्प. पुं० वस्त्र का एक भाग. A portion of a garment. दे० २, १३.

कडमड. पुं० न० उद्वेग. Sorrow ; Regret. संचि ० ३७.

कडसी. स्त्री० स्मशान, मसाण, A burning place ; A cemetery. दे० २, ६.

कडा. स्त्री० कडी, सिकली, जंजीर की लड़ी. A chain. सुपा० ४१४.

कडार. न० नालिकेर, नरियर. A cocoanut. दे० २, १०.

कडिअ. त्रि० प्रीणित, खुशी किया हुआ. Pleased ; Satisfied. पड्०

कडिखंभ. पुं० (१) कमर पर रखा हुआ हाथ. A hand kept on waist पाय० दे० २, १७; (२) कमर में किया हुआ आघात. A blow on the waist दे० २, १७.

कडिभिल्ल. न० शरीर के एक भाग में होने वाला कुष्ट विशेष. Leprosy on a part of a body. वृह० ३.

कडिल्ल. त्रि० (१) छिद्र रहित, निच्छिद्र. Pious ; Innocent ; Without holes or pores दे० २, ५२; पड्० (२) न० कटी वस्त्र, कमर में पहनने का वस्त्र, धोती वगैरह. A lower garment. A Dhotar etc. दे० २, ५२; पाअ० पड्० सुपा० १२२; कप्पू० भवि० विशे० २६००; (३)वन, जंगल, अटवी. A forest ; A wood. पउम० २, ४५ ; वव० २; दे० २,५२; (४) गहन, निविड़, सान्द्र. Dense ; Thick. उप० १०३१ टी. दे० २, ५२; पड्० (५) आशीर्वाद, आसीस. A blessing ; A benediction. (६) पुं० दौवारिक, प्रतीहार. A door-keeper. (७) विपक्ष, शत्रु, दुश्मन. An enemy. दे० २,५२; पड् (८) उपकरणविशेष. A kind of implement दस० ६.

कडुआल. पुं० (१) घण्टा, घण्ट. A large bell दे० २,५७; (२) छोटी मछली. A small fish. दे० २,५७; पाअ०

कडुयाविय. त्रि० (१) प्रहत, जिस पर प्रहार किया गया हो वह. One who is blown उप० पृ० ६५; (२) व्यथित, पीडित. Afflicted ; Pained. महा० (३) हराया हुआ, पराभूत. Defeated. (४) विपद् में फँसा हुआ. Entangled in a calamity. भवि०

कड्ढिअ. त्रि० बाहर निकाला हुआ. Excluded from; Driven out of सिरि० ६८६.

कढिअ. न० कढी. Curry; An Indian soup. पिड० ६२४.

कढिआ. स्त्री० कढ़ी, भोजन विशेष. Curry; An Indian soup. दे० २,६७.

कणइल्ल. पुं० शुक, तोता. A parrot. दे० २,२१; पड्० पाअ०

कणई. स्त्री० लता, वल्ली. A creeper दे० २,२५; पड्० स० ४१६, पाअ०

कणखल. न० उद्यान विशेष. The name of a garden. सट्ठि० ६ टी०

कणय. पुं० (१) फूलों को इकट्ठा करना, अवचय. Gathering of flowers. (२) बाण, शर. An arrow. पउम० ८,८८; पण्ह० १,१; दे० २,५६, पाअ०

कणयंदी. स्त्री० वृक्ष विशेष, पाउरी, पाढल. A kind of tree. दे० २, ५८.

कणवी. स्त्री० कन्या. A girl. वज्जा० १०८.

कणि. पुं० स्त्री० स्फुरण, स्फूर्ति. Throbbing; Shaking. पाअ०

कणिआरिअ. त्रि० (१) कानी आँख से जो देखा गया हो वह. Seen by a side-glance. (२) न० कानी नजर से देखना. Looking by a side-glance. दे० २,२४.

कणोड्ढिआ. स्त्री० गुञ्जा, घुङ्गची A kind of tree. दे० २,२१.

कणोवअ. न० गरम किया हुआ जल, तेल वगैरः. Warm water, oil etc. दे० २,१६.

कण्णंबाल. न० कान का आभूषण, कुण्डल वगैरः. An ear-ring. दे० २,२३.

कण्णच्छुरी. स्त्री० गृह-गोधा, छिपकली. A lizard. दे० २,१६.

कण्णस्सरिय. त्रि० (१) कानी नजर से देखा हुआ. Looked with half-shut eyes. (२) न० कानी नजर से देखना. Seeing by half-shut eyes. दे० २,२४.

कण्णाआस. न० कान का आभूषण, कुण्डल वगैरह. An ear-ring दे० २,२३.

कण्णाइंधण. न० कान का आभूषण. An ear-ring. दे० २,२३

कण्णास पुं० पर्यस्त, अन्त भाग. Skirt; Edge; Border. दे० २,१४

कण्णोच्छडिआ. स्त्री० दूसरे की बात गुपचुप सुनने वाली स्त्री. A woman hearing another's secrets. दे० २,२२.

कण्णोल्ली स्त्री० (१) चञ्चु, चोंच, पक्षी का ठोंठ A beak; A bill. (२) अवतंस, शेखर, भूषण विशेष. A kind of ornament worn on the head. दे० २,५७

कतवार. पुं० कतवार, कूडा Dirt; Refuse. दे० २,११

कत्त. न० स्त्री. A wife. पड्०

कत्तर. पुं० कतवार, कूडा Dirt; Refuse. सुपा० २३७.

कत्ता. स्त्री० अन्धिका द्यूत की कपर्दिका कौडी. A small shell or cowrie. दे० २, १.

कत्तिवविय त्रि० कृत्रिम, दिखाऊ. Unnatural; Artificial; Fictitious. सूय० १, ४.

कथ. त्रि० (१) मृत. Dead; Deceased. (२) क्षीण, दुर्बल. Weak, Feeble. पड्०

कदुइया. स्त्री० वल्ली-विशेष, कद्दु, लौकी. A kind of creeper. पन्न० १.

कद्दमिअ. पुं० महिष, भैंसा. A buffalo. दे० २, १५.

कन्नारिय. त्रि० विभूषित, अलंकृत. Decorated; Ornamented. भवि०

कन्नोली. स्त्री० 'कण्णोल्ली' देखो 'कण्णोल्ली'

शब्द Vide. 'कप्पोल्ली' पाअ०

कप्परिअ. त्रि० दारित, चीरा हुआ. Torn; Split; Rent. दे० २, २०; वज्जा० ३४; भवि०

कप्फाड. पुं० गुफा, गुहा. A cave, A cavern. पाअ०

कब्वाडभयय. पुं० ठेके पर जमीन खोदने का काम करने वाला मजदूर. A labourer who digs ground by contract. ठा० ४, १.

कमढ. पुं० (१) दही की कलशी. A jar of curds. (२) पिठर, स्थाली. An earthen pot or pan. (३) बलदेव Baladeo. (४) मुख, मुँह. The mouth. दे० २, ५५.

कमणी. स्त्री० निःश्रेणी, सीढ़ी. A staircase; A ladder. दे० २, ८.

कमल. पुं० (१) पिठर, स्थाली. An earthen pot or pan. (२) पटह, ढोल. A drum; A tabor. दे० २, ५४; (३) मुख, मुँह. The mouth. दे० २, ५४; षड्० (४) कलह, झगड़ा. A quarrel; A strife. षड्०

कमला. स्त्री० हरिणी, मृगी. A female deer; A doe. पाअ०

कमिअ. त्रि० उपसर्पित, पास आया हुआ. Approached; Came near. दे० २,३.

कम्मंत. पुं० (१) कर्म-बन्धन का कारण. A cause of Karmic bondage. आया० सूय० २, २; (२) कर्म-स्थान, कारखाना. A manufactory; A workshop. दे० २, ५२.

कम्मवण. न० उपभोग, काम में लाना. Enjoyment, Use; Application. कुमा०

कम्हिअ. पुं० माली, मालाकार. A gardener. दे० २, ८.

कयल. न० अलिंजर, पानी भरने का बड़ा गगरा. A water jar. दे० २, ५.

कयवर. पुं० विष्टा. Foeces; Ordure आच० १.

कयसेहर. पुं० कुकड़ा, मुर्गा. A cock. वज्जा० ७२.

करअडी-री. स्त्री० स्थूल वस्त्र, मोटा कपड़ा. A coarse cloth. दे० २, १६.

करइल्ली. स्त्री० शुष्क वृक्ष, सूखा पेड़. A dry tree. दे० २, १७.

करंक. पुं० (१) भिक्षा-पात्र. A begging bowl. दे० २, ५५; गउड०

(२) अशोक वृक्ष. Name of a tree having red flowers. दे० २, ५५.

करंज पुं० शुष्क त्वक्, सूखी त्वचा. Dry skin. दे० २,८.

करकड. त्रि० कठिन, परुष. Hard; Rough; Stiff. उवा०

करकडी. स्त्री० चिथड़ा, निन्दनीय वस्त्र विशेष, जो प्राचीन काल में वध्य पुरुष को पहनाया जाता था. A kind of garment. विवा० १, २.

करघायल. पुं० किलाट, दूध की मलाई. Cream of milk. दे० २, २२.

करच्छोडिया. स्त्री० ताली, ताल. Clapping of hands. सुख० २, १५.

करट्ट. पुं० अपवित्र अन्न को खाने वाला ब्राह्मण. A Brahman eating unholy corns. मृच्छ० २०७.

करड. पुं० (१) व्याघ्र, शेर. A tiger. (२) त्रि० कबरा, चितकबरा. Variegated; Spotted. दे० २, ५५.

करडा. स्त्री० (१) एक प्रकार का करञ्ज वृक्ष. A kind of tree. (२) पक्षि-विशेष. A kind of bird. (३) भ्रमर, भमरा.

A wasp ; A black bee (४) वाद्य-विशेष. A kind of musical instrument. दे० २, ५५.

करणि. स्त्री० (१) रूप, आकार. A form, A shape. दे० २,७; सुपा० १०५; ४७५; पाश्र० (२) सादृश्य, समानता. Similarity; Likeness. अणुजो० (३) अनुकरण, नकल. Imitation. (४) स्वीकार, अंगीकार. Acceptance. उपा० पृ० ३८५; (५) क्रिया, कर्म Work ; Action. अणुजो० १३७.

करणिल्ल. त्रि० समान, सदृश. Similar ; Like स० ३१२.

करम. त्रि० क्षीण, दुर्बल. Weak ; Feeble. दे० २,६; षड्०

करमरी. स्त्री० हठ-हृत स्त्री, बाँदी. A woman carried by force दे० २, १५; षड्० गा० ५२७; पाश्र०

करयंदी. स्त्री० मल्लिका, वेला का गाछ. A kind of jasmine दे० २, १८.

करविया. स्त्री० पान-पात्र विशेष. A betel-leaf box. सुपा० ४८८.

करसी. स्त्री० देखो 'कडसी' शब्द. Vide. 'कडसी' हे० २, १७४.

कराइणी. स्त्री० शाल्मली वृक्ष, सेमल का पेड़. The silk-cotton tree. दे० २, १८.

कराली. स्त्री० दतवन, दाँत शुद्ध करने का काष्ठ. A tooth-brush. दे० २, १२.

करिश्रा. स्त्री० मदिरापरोसने का पात्र. A vessel for serving liquor. दे० २, १४.

करिमरी. स्त्री० देखो 'करमरी' शब्द. Vide 'करमरी' गा० ५४, ५५.

करिल्ल. न० (१) करैला, तरकारी विशेष. A kind of vegetable of a bitter taste. विशे० २१३; (२) पुं० करीर वृक्ष, करील. Name of a tree.

करेडु. पुं० गिरगिट, सरट. A lizard. दे० २, ५.

करोड. पुं० (१) नालिकेर, नलिएर. A cocoanut tree. (२) काक, कौआ. A crow (३) वृषभ, बैल. A bull. दे० २, ५४.

करोडी. स्त्री० (१) एक प्रकार की चीटी, क्षुद्र-जन्तु-विशेष. A kind of ant. दे० २, ३. (२) मुरदा, शव. A dead body ; A corpse. कुम० १०२.

कलंक. पुं० (१) बाँस, वंश. A bamboo. दे० २. ८, (२) बाँस की बनाई हुई वाड. A hedge made of bamboos. नाया० १, १८.

कलंकवई स्त्री० वृति, वाड, काँटे आदि से परिच्छन्नस्थान-परिधि A fence of thorns. दे० २, २४.

कलंबु. स्त्री० वल्ली-विशेष, नालिका. A kind of creeper. दे० २, ३.

कलम. पुं० चोर, तस्कर. A thief. दे० २, १०; पाश्र० श्राया०

कलमल. पुं० न० (१) मदन-वेदन. Pangs or torments of love. संचि० ४७; (२) कँपन, थरथराहट. Trembling मन० ३३.

कलय पुं० (१) अर्जुन वृक्ष Name of a tree. (२) सोनार, सुवर्णकार. A goldsmith. दे० २, ५४.

कलयंदि. त्रि० (१) प्रसिद्ध, विख्यात. Renowned ; Celebrated ; Famous (२) स्त्री० वृक्ष विशेष, पाढल. A kind of tree. दे० २, ५८.

कलयज्जल. न० श्रोष्ठ-लेप, होट पर लगाया जाता लेप-विशेष. A kind of lip paint. भवि०

कलवू. स्त्री० तुम्बी-पात्र. A gourd vessel. दे० २६२, पइ०

कलह. न० तलवार की म्यान. A scabbard ; A sheath. दे० २,८; पाअ०

कलि. पुं० शत्रु, दुश्मन. An enemy ; A foe. दे० २,२.

कलिअ. पुं० (१) नकुल, न्यौला, नेवला. A weasel; A mongoose.
(२) गर्वित, गर्व-युक्त. Arrogant; Proud. दे० २, ५६.

